इकाई 1 अर्थशास्त्र का अर्थ, प्रकृति और विषय वस्तु

इकाई की रुपरेखा

1.1 प्रस्तावना
1.2 अर्थशास्त्र की परिभाषाएँ
1.2.1 धन सम्बन्धी परिभाषाएँ
1.2.2 धन सम्बन्धी परिभाषा की आलोचना
1.2.3 अर्थशास्त्र की कल्याण सम्बन्धी परिभाषाएँ
1.2.3.1 मार्शल द्वारा प्रतिपादित परिभाषा की विशेषताएँ
1.2.3.2 कल्याण सम्बन्धी परिभाषा की आलोचना
1.2.4 रोब्बिंस द्वारा प्रतिपादित परिभाषा : दुर्लभता
1.2.4.1 रोब्बिंस द्वारा प्रतिपादित परिभाषा की विशेषताएँ
1.2.4.2 रोब्बिंस द्वारा प्रतिपादित परिभाषा की आलोचना
1.2.5 विकास सम्बन्धी परिभाषाएँ
1.3 अर्थशास्त्र की प्रकृति
1.3.1 अर्थशास्त्र की विषय वस्तु
1.3.2 अर्थशास्त्र विज्ञान के रूप में
1.3.3 अर्थशास्त्र कला के रूप में
1.3.4 सकारात्मक व नियामक अर्थशास्त्र
1.3.5 अर्थशास्त्र का क्षेत्र
1.4 सारांश
1.5 शब्दावली
1.6 बोध प्रश्न
1.7 बोध प्रश्नों के उत्तर
1.8 स्वपरख प्रश्न
1.9 सन्दर्भ पुस्तकें

उद्देश्य

इस इकाई के अध्ययन के पश्चात आप इस योग्य हो सकेंगे कि:

- मार्शल द्वारा प्रतिपादित परिभाषा की व्याख्या कर सकें ।
- अर्थशास्त्र की धन सम्बन्धी परिभाषा की व्याख्या कर सकें ।
- अर्थशास्त्र की प्रकृति, क्षेत्र व उपयोगिता का वर्णन कर सकें ।
- अर्थशास्त्र को कला व विज्ञान के रूप में परिभाषित कर सकें ।
- सकारात्मक व नियामक अर्थशास्त्र का वर्णन कर सकें ।

1.1 प्रस्तावना

अर्थशास्त्र की परिभाषा के बारे में अर्थशास्त्री स्वयं एकमत नहीं हैं । कुछ प्रमुख सिद्धान्तों पर आधारित अर्थशास्त्र की परिभाषायें निम्नवत् हैं–

कोलमैन तथा वेल्स के अनुसार 'अर्थशास्त्र व्यक्ति के स्तर पर तथा सम्पूर्ण समाज के स्तर पर आर्थिकीय का अध्ययन है ।

कोलेण्डर के अनुसार 'चुनाव करने की प्रक्रिया सामाजिक परम्प्राओं और समाज की राजनीतिक वास्तविकताओं के दृष्टिगत मानव किस प्रकार अपनी

आवश्यकताओं और इच्छाओं में समन्वय करते हैं, इस प्रक्रिया का अध्ययन ही अर्थशास्त्र है ।'

एक अन्य अर्थशास्त्री मैनक्यू यह मानते हैं कि 'अर्थशास्त्र इस बात का अध्यरयन है कि समाज किस प्रकार अपने सीमित संसाधनों को व्यवस्थित करता है ।'

डेड तथा पार्किन के अनुसार 'अर्थशास्त्र वह समाज विज्ञान है जो व्यक्तियों, व्यवसाय, सरकारों तथा सम्पूर्ण समाज के द्वारा दुर्लभता के सापेक्ष चुनाव करने के अध्ययन से संबंधित है ।'

ग्वाटने, स्ट्रोक, सोबेल और मैक्स्फर्सन ने अर्थशास्त्र को इस प्रकार परिभाषित किया है कि 'यह कई मानव व्यवहार का अध्ययन है जिसमें मानव की निर्णयन क्षमता पर विशेष ध्यान दिया जाता है ।'

इस प्रकार उक्त् विभिन्न् परिभाषाओं से यह स्पष्ट है कि अर्थशास्त्र, अर्थव्यवस्था का, अर्थव्यवस्थ् में जारी समन्वय प्रक्रिया का तथा दुर्लभता के प्रभाव का, चुनाव करने के विज्ञान का तथा मानव व्यवहार का अध्ययन है ।

परिभाषाओं में एकरूपता न होना संभवत इस निष्कर्ष की ओर इंगित करता है कि वास्तव में परिभाषा महत्वपूर्ण नहीं है बल्कि वे तथ्य अधिक महत्वपूर्ण हैं जो इस विषय का आधार हैं । अर्थशास्त्र की भिन्नत–भिन्न परिभाषायें कई रूपों में बहुत से मिलते–जुलते तथ्यों को उद्घाटित करती है और यह भी तथ्य है कि अर्थशास्त्र जैसे व्यापक विषय को किसी परिभाषा या कुछ परिभाषाओं में बांधा नहीं जा सकता । इसी दृष्टि से रिचर्ड लिपसे ने व्यापक रूप से प्रयोग की जाने वाली अपनी पाठ्य पुस्तड 'An Introduction to Positive Economics' (1963) में इस विषय को परिभाषित करने से मना किया और इसके स्थान पर बहुत सी आर्थिक समस्याओं एवं प्रश्नों का उदाहरण दिया जिससे एक व्यापक विषय को किसी एक परिभाषा में बांधकर न रखा जाय । संभवत जैकब वाइनर ने अपने बहुप्रचारित कथन 'अर्थशास्त्र वह है जो अर्थशास्त्री करते हैं में समाहित करने का प्रयास किया है ।

अर्थशास्त्र वास्तव में बहुत व्यापक विषय है और पिछले 200 वर्षों से अधिक के समय में यह और अधिक विकसित हुआ है । अत इस विषय को कुछ शब्दों की परिभाषा में बांधकर रखने का प्रयास उचित नहीं है । प्रसिद्ध अर्थशास्त्री वाइनर का कहना है कि परिभाषाओं की तुलना में अर्थशास्त्र के अन्तर्गत किये जाने वाले कार्य अधिक महत्वनपूर्ण हैं । विषय की परिभाषायें सामान्यतः कुछ शब्दों में इसी बात को प्रस्तुत करने का प्रयास करती हैं कि किस प्रकार अर्थव्यंवस्था की समस्याओं का विश्लेषण किया जाता है ? उस विश्लेषण की विधियां, रीतियां और तकनीकें क्या होती हैं ? दूसरे शब्दों में इसी को इस प्रकार भी कहा जा सकता है कि अर्थशास्त्र वही है जो अर्थशास्त्री करते हैं । समय के साथ विषय के विभिन्न पक्ष उद्घाटित हुए हैं । अतः इसी दृष्टि से परिभाषायें भी बदलती रही हैं ।

1.2 अर्थशास्त्र की परिभाषायें

जैसा कि ऊपर के प्रस्तरों में चर्चा की जा चुकी है, अर्थशास्त्र की परिभाषा किया जाना दुरूह एवं विवादास्पद कार्य है । वर्तमान समय तक विषय की बहुत सी परिभाषायें की जा चुकी हैं और यदि इन सभी का क्रमबद्ध विश्लेषण

किया जाय तो यह पता चलता है कि एक वैज्ञानिक विषय के रूप में अर्थशास्त्र का विकास किसी क्रमबद्ध व्यवस्था के अन्तर्गत नहीं हुआ है बल्कि यह अनियमित सा है । किन्तु अध्ययन की सुविधा की दृष्टि से अर्थशास्त्र के विकास क्रम में परिभाषाओं को निम्न वर्गों में बांटकर समझा जा सकता है–

1. धन केन्द्रित परिभाषायें
2. कल्याण केन्द्रित परिभाषायें
3. दुर्लभता केन्द्रित परिभाषायें
4. विकास केन्द्रित परिभाषायें

1.2.1 धन केन्द्रित परिभाषायें–

विषय के विकास की प्रारम्भिक अवस्था् में पुराने अर्थशास्त्रियों के द्वारा अर्थशास्त्र को राष्ट्रीय धन और आर्थिक विकास से जोडकर देखा गया था तथा विषय का नाम भी अर्थशास्त्र के स्थाथन पर राजनीतिक अर्थशास्त्र रहा । ग्रीस के लेखक जैनोफोन ने चौथी शताब्दी (BCE) में अर्थशास्त्र शब्द का प्रयोग किया था (222 Journal of Economic Perspectives)। उन्होंने अर्थशास्त्र को दैनिन्दन के घरेलू प्रतिबंध की कला के रूप में व्क्त किया और अर्थव्यवस्था के लिए यह प्रयोग आज भी हो रहा है । इस अर्थव्यवस्था के साथ राजनीतिक शब्द लगाने का तात्पर्य यह था कि इस प्रकार इस विधा को राष्ट्रों के स्तर तक विस्ताारित किया जा सके ।

एडम स्मिथ ने तर्क दिया कि राष्ट्र का धन सोने और चांदी से निर्धारित नहीं होता बल्कि उन वस्तुओं और सेवाओं के द्वारा निर्धारित होता है जो देश में अथवा देश से बाहर उत्पन्न् की जाती है और जिन्हें लोगों के उपभोग के लिये प्रयोग किया जाता है अथवा संचित किया जाता है । उन्हों ने यह मान्यता भी प्रस्तुत की कि अर्थव्यवस्था के सफल बाजार विनिमय व्यवस्था में निजी हित एक रचनात्मक शक्ति के रूप में कार्य करता है । जब कोई व्यक्ति बाजार अर्थव्यावस्था में किसी दूसरे व्यक्ति को कुछ मूल्यवान वस्तुयें या सेवायें उपलब्ध कराता है तो उसके अपने हित के रूप में उसकी अपनी आय का उदय होता है । यदि उत्पादन और विनिमय की क्रियाओं को नकारात्मक रूप से प्रभावित करने वाले विधिक प्रावधान हटा दिये जायं तो बाजार की अदृश्य शक्ति मूल्यवान वस्तुओं और सेवाओं को ऐसे क्षेत्रों में लगा देगी जिसकी उत्पापदकता अधिक हो, इस तरह अर्थव्यवस्था को नियोजित और निर्देशित करने वाली किसी केन्द्रित सत्ता की अनुपस्थिति में भी समन्वय व्यवस्था और कुशलता बनी रहती है क्यो्कि बाजार की अदृश्य शक्ति निजी हित की इस अवधारणा के अन्तंर्गत सदैव नियमन करती चलती है । स्मिथ का विश्वास था कि यह प्रक्रिया राष्ट्रों में उत्पादन और उनके धन की कुंजी है ।

एडम स्मिथ ने अपने अध्ययन के प्रयासों को किसी राष्ट्र के विकास, उसकी समृद्धि और धन को निर्धारित करने की दिशा में मोडा । उनकी प्रमुख रूचि उन तथ्यों को विश्लेषित करने की थी जो किसी राष्ट्र के धन को निर्धारित करते हैं अर्थात् उत्पादन के आकार को निश्चित करते हैं । स्मिथ के अनुसार राष्ट्र का धन अधिकतर श्रम शक्ति के द्वारा किये जाने वाले उत्पादन पर निर्भर करता है । उनके अनुसार यह कुल श्रम शक्ति में से उत्पादक शक्ति के अनुपात पर निर्भर करता है । इस दृष्टि से किसी भी राष्ट्र का धन या

उसकी संपदा तब तक नहीं बढ सकती है जब तक उस राष्ट्र के मानव एवं भौतिक संसाधनों का उपयुक्त और प्रभावी प्रयोग सुनिश्चित न किया जाय । इस प्रकार स्मिथ ने समाज के धन के निर्माण और विस्तार को अर्थशास्त्रथ की विषय–वस्तु माना ।

एडम स्मिथ ने इस प्रकार अर्थशास्त्र को 'धन की प्रकृति और कारणों के अनुसंधान' प्रक्रिया माना । एडम स्मिथ के एक अनुयायी J.B.Say ने अर्थशास्त्र को 'धन के उत्पादन और वितरण के व्यवहारिक विज्ञान' के रूप में माना । अमेरिकी अर्थशास्त्री F.A.Waker ने कहा कि ' अर्थशास्त्र ज्ञान का वह समूह है जो धन से संबंधित है ।' इस प्रकार पुराने अर्थशास्त्रियों ने अर्थशास्त्र को उस विषय–वस्तु के रूप में प्रस्तुत किया जिसमें धन का सृजन और विस्तार होता है ।

'धन के विज्ञान' के रूप में अर्थशास्त्र की परिभाषा की कटु आलोचना हुई है । वास्तव में जब यह परिभाषा सामने आई उस समय धर्म और नीति शास्त्र का समाज में अति महत्व था । धन और वैभव संपदा को हेय दि्ष्ट से देखा जाता था, इसी कारण से अर्थशास्त्र को लोगों के बीच बहुत पसंद नहीं किया गया । यह तर्क दिया गया कि अर्थशास्त्रियों ने जीवन के उच्च तर मूल्योंउ की अवहेलना की और वे उन नियमों को बनाने में लगे रहे जो लोगों को और देश को अधिक धनवान बनाते हैं । धन के विज्ञान के रूप में अर्थशास्त्रन को एक निम्न कोटि और निराशाजनक विज्ञान कहकर संदर्भित किया गया । धन केन्द्रित परिभाषाओं की निम्न प्रमुख आलोचनाएं हैं–

1.2.2 'धन केन्द्रित परिभाषाओं की आलोचनाएं'–

1. 7वीं शताब्दी के दूसरे भाग में और 18वीं शताब्दी के कार्लाइल और रस्किन जैसे विद्वानों ने अर्थशास्त्र को एक निराशाजनक विज्ञान अथवा धन का देवता कहकर सम्बोधित किया । उन्होंने यह आरोप लगाया कि अर्थशास्त्री उन नियमों के पीछे दौड़ रहे हैं जो जीवन के उच्चरतर मूल्यों को महत्व नहीं देते बल्कि लोगों को, राजसत्ता को और अधिक धनी बनाने का प्रयास करते हैं । चूंकि अर्थशास्त्रा के अध्यधयन का केन्द्र बिन्दु जीवन के भौतिक संसाधनों की प्राप्ति था, अर्थशास्त्रियों ने धन को इस स्तर तक पहुंचा दिया कि यह वैज्ञानिक अध्यनयन का उद्देश्य हो गया ।
2. पुराने अर्थशास्त्रियों ने भौतिक धन तक केन्द्रित रहकर अर्थशास्त्र की परिभाषा को संकुचित कर दिया। केवल भौतिक धन पर केन्द्रित होने के कारण एडम स्मिथ और पुराने अर्थशास्त्रियों ने अभौतिक धन को अधिक महत्व नहीं दिया ।

   रॅबिन्सि ने इंगित किया कि जो वस्तुएं मांग की तुलना में सीमित होती हैं उनके कारण चुनाव की समस्या पैदा होती है और इसी का अर्थशास्त्र में अध्ययन किया जाना चाहिए । अतः यह तथ्य महत्वहीन है कि वे वस्तुएं भौतिक हैं अथवा अभौतिक । वास्तव में कई ऐसी सेवाएं हैं जो सीमितता की कोटि में आती हैं जैसे अध्यापक, डॉक्टकर, चाटर्ड लेखाकार, गायक इत्यादि की सेवाएं और ये मानव की महत्वंपूर्ण आवश्यकताओं की पूर्ति करती हैं अतः सीधे तौर पर धन से न जुडे

होने पर अर्थशास्त्र में इनका अध्ययन होना चाहिए और ये अर्थशास्त्र की विषयवस्तु हैं । अभौतिक धन पर ध्यान न देकर पुराने अर्थशास्त्रियों ने अनावश्यक रूप से अर्थशास्त्र की विषय वस्तु को संकुचित कर दिया है ।

3. चूंकि पुराने सभी अर्थशास्त्रियों ने अभौतिक चीजों जैसे शिक्षा, स्वास्य्य , अच्छा प्रशासन इत्यादि को अर्थशास्त्रथ की परिधि से बाहर रखा तो वे भौतिक धन की परिभाषा का विस्तार नहीं कर पाए जो आर्थिक विकास के लिये अत्यंत महत्वपूर्ण है । वास्तव में शिक्षा, स्वास्य्य इत्यादि ऐसी सेवाएं हैं जो मानव की उत्पादकता को बढाती हैं और किसी भी राष्ट्र के आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करती है । अतः बिना अभौतिक धन के अध्ययन के अर्थशास्त्रं का अध्ययन अपूर्ण है ।

4. अर्थशास्त्रअ की यह धन केन्द्रित परिभाषा मानव कल्याण के विचार को महत्व नहीं देती है जबकि धन पर बहुत अधिक बल देती है। मानवीय और सामाजिक कल्याण इसमें कोई स्थान नहीं पाते हैं जबकि वास्तविकता यह है कि धन केवल एक साधन है न कि साध्य । वास्तव में मानव और समाज का कल्याण अन्तिम साध्य है ।

एडम स्मिथ और रिकार्डो ने साधनों पर अर्थात् धन पर अनावश्यक बल दिया और जो अन्तिम लक्ष्य था अर्थात् सामाजिक कल्याण उसे महत्व नहीं दिया। इस प्रकार इन लोगों के द्वारा दी गयी अर्थशास्त्र की परिभाषायें अपूर्ण हैं ।

1.2.3 'अर्थशास्त्र की कल्याण केन्द्रित परिभाषायें '

दीर्घ अवधि तक यह विचार महत्वपूर्ण रहा कि अर्थशास्त्र उन मानवीय गतिविधियों पर केन्द्रित है जो धन के इर्द–गिर्द घूमती है किन्तु यह धन उन गतिविधियों के लिए न होकर बल्कि उस भौतिक कल्याण के लिए है जिन्हें यह प्रोत्साहित करता है । वेबराइड ने अर्थशास्त्र को इस प्रकार परिभाषित किया कि यह उन सामान्य पद्धतियों का अध्ययन है जिनसे लोग अपनी भौतिक आवश्यकताओं की पूर्ति करते हैं । कैनन के शब्दों में 'राजनीतिक अर्थशास्त्र का लक्ष्य उन कारणों की व्याख्यां देना है जिन पर मानव मात्र का भौतिक कल्याण आधारित है । '

पिगू एक अन्य महत्वपूर्ण विद्वान हैं जिन्हों ने अर्थशास्त्रय को कल्याएण की विचारधारा की दृष्टि से परिभाषित किया है। पिगू के अनुसार 'हमारे परीक्षण की सीमा उस सामाजिक कल्याण तक सीमित होती है जो प्रत्यक्षतः या अप्रत्यक्षतः धन के पैमाने से नापी जा सकती है।' मार्शल ने अर्थशास्त्र को अग्रांकित प्रकार से परिभाषित किया है। 'राजनीतिक अर्थव्यवस्था अथवा अर्थशास्त्र मानव मात्र के सामान्य जीवन व्यवहार का अध्ययन है।' यह व्यक्ति और समाज के कार्यों के उस भाग का परीक्षण करता है जो अभिन्न रूप से भौतिक कल्याण के साधनों की प्राप्ति एवं उनके प्रयोग से संबंधित है।'

आप ध्यान देंगे कि उक्त सभी परिभाषाओं में एक सामान्य सी बात पाई जा रही है और वह है भौतिक कल्याण । वेबराइड भौतिक आवश्यरकताओं की पूर्ति की बात करते हैं, कैनन भौतिक कल्याण के कारणों की बात कर रहे हैं और मार्शल भौतिक कल्याण के साधनों की बात कर रहे हैं अर्थात् भौतिक

कल्याण का बिन्दु समान रूप से पाया जाता है । अतः इन अर्थशास्त्रियों के अनुसार अर्थशास्त्र के अन्तार्गत उन मानवीय गतिविधियों का अध्ययन किया जाना है जो भौतिक दृष्टि से मानव कल्याण के लिए उचित हैं और यह भी स्वयं सिद्ध है कि धन ही मानव को उन भौतिक संसाधनों की प्राप्ति कराने का साधन है जो उसकी आवश्यतकताओं की पूर्ति करता है और उसके कल्याण का संवर्धन करता है ।

1.2.3.1– मार्शल की परिभाषा के प्रमुख तत्व –

मार्शल इत्यादि अर्थशास्त्रियों के द्वारा दी गयी कल्याण केन्द्रित परिभाषाओं के अन्तंर्गत निम्न बिन्दु महत्वपूर्ण हैं–

1. **मानव कल्याण–** अर्थशास्त्र व्यापक रूप से और प्रायोगिक रूप से मानव का अध्ययन है न कि धन का (जैसे पुराने सभी अर्थशास्त्रियों के द्वारा साबित किया गया था) । अर्थात् सभी धन से अप्रत्यक्ष रूप से संबंधित हैं और वह इस अर्थ में कि यह मानव की क्रियाओं का अध्यंयन करता है अर्थात् उसकी धन कमाने की क्रियायें और धन को व्यंय करने की क्रियायें । इस प्रकार कोई भी बात जो धन के कमाने और धन के व्यय करने से संबंधित है वह आर्थिक क्रिया है । अतः मार्शल के अनुसार अर्थशास्त्र का केन्द्रीय बिन्दु मानव और उसकी धन से संबंधित क्रियायें हैं ।

2. **सामान्य जीवन व्यापार–** मार्शल ने अर्थशास्त्र को सामान्य जीवन व्याापार का अध्ययन कहा । अतः यह केवल मानव मात्र का अध्ययन है पशु पौधों और जीव जन्तुओं का नहीं । इसके अतिरिक्त यह मानव मात्र के जीवन के आर्थिक पक्षों से ही संबंधित है जबकि मानव की और भी बहुत सी गतिविधियां होती हैं । जैसे राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक और आर्थिक और अर्थशास्त्र मानव की सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक गतिविधियों से बिल्कुल संबंधित नहीं है । यह विशुद्ध रूप से मानव की आर्थिक गतिविधियों से ही संबंधित है वास्तव में सामान्य जीवन व्यापार से मार्शल का अर्थ स्पष्ट रूप से इतना ही है कि कैसे एक व्यक्ति अपनी आय कमाता है और कैसे उसे व्यय करता है । अगर अर्थशास्त्र की भाषा में और बहुत विशिष्ट रूप से इस प्रक्रिया की व्याख्या की जाय तो इसमें निम्न बातें आएंगी ।

अ. किस वस्तु का उत्पाभ्दन किया जाय ।

ब. एक निश्चित मूल्य पर कम विक्रय किया जाय अथवा अधिक ।

स. एक निश्चित मूल्य पर अधिक क्रय किया जाय अथवा कम ।

द. एक निश्चित मजदूरी पर किसी कार्य को स्वीकार किया जाय अथवा नहीं इत्यादि ।

अर्थात् उक्त् अथवा इनसे मिलते–जुलते आर्थिक प्रश्न ही अर्थशास्त्र की विषय–वस्तु हैं ।

1.2.3.2 –'कल्याण केन्द्रित परिभाषाओं की आलोचनाएं '–

मार्शल और पिगू इत्यादि के द्वारा दी गयी कल्याण केन्द्रित परिभाषाओं की हाल के वर्षों में कई आधारों पर तीव्र आलोचना हुई है । भौतिक कल्याण के विचार के प्रमुख आलोचक प्रोफेसर लियोनल रॅबिन्सय रहे हैं । आलोचना के कुछ प्रमुख बिन्दु निम्नवत हैं –

1. **भौतिक कल्याण–** रॅबिन्स मानते हैं कि यह उचित नहीं है कि अर्थशास्त्री अपनी सोच को केवल भौतिक कल्याण तक सीमित करें क्योकि अर्थशास्त्र के सिद्धान्तों में वस्तुतः भौतिक और अभौतिक दोनों प्रकार के कल्याण को सम्मिलित किया जाता है ।

2. **अर्थशास्त्र केवल एक सामाजिक विज्ञान हैः–** मार्शल के अनुसार अर्थशास्त्र मानव विज्ञान के स्थाहन पर सामाजिक विज्ञान बनकर रह जाता है। सामाजिक विज्ञान उन्हीा व्याक्तियों की गतिविधियों का अध्यमयन करता है जो समाज के सदस्यय के रूप में रहते हैं जबकि मानव विज्ञान सभी मानवों से जुडी हुई समस्याोओं का अध्ययन करता है, चाहे वे संगठित समुदाय में रह रहे हों अथवा इससे बाहर, यद्यपि मार्शल ने जो वांक्याश प्रयोग किया है उसमें व्यक्ति व समाजिक क्रियायें केवल हैं किन्तु धन के पैमाने से गतिविधियों को मानने के कारण उन्होंने अर्थशास्त्र की विषय–वस्तु को उन लोगों के अध्ययन तक सीमित कर दिया जो समाज में रहते हुए किसी न किसी प्रकार की मुद्रा का प्रयोग करते हैं। व्यापक रूप में समझा जाय तो अर्थशास्त्र के आधारभूत सिद्धान्त सम्पूर्ण मानव मात्र पर लागू होते हैं और इस प्रकार अर्थशास्त्र को एक मानव विज्ञान माना जाना चाहिए न कि सामाजिक विज्ञान।

3. **मार्शल की परिभाषा श्रेणी विभाजक हैः–** इस परिभाषा के अन्तगर्त भिन्न–भिन्न प्रकार की श्रेणियों का निर्माण हो जाता है क्योंकि यह मानव की गतिविधियों को आर्थिक और अनार्थिक, भौतिक तथा अभौतिक जैसी श्रेणियों में विभाजित कर देता है। प्रोफेसर रॉबिन्स कहते हैं कि वास्तविक जीवन में भौतिक व अभौतिक के बीच का अन्तर इतना स्पष्ट नहीं है जितना कि मार्शल के द्वारा मान लिया गया है, न जाने ऐसी कितनी वस्तुएं हैं जो हमारी रोज की आधारभूत आवश्यताओं की पूर्ति करती हैं, किन्तु उन्हें किसी भी अर्थ में भौतिक नहीं कहा जा सकता रॉबिन्स के अनुसार आर्थिक समस्या का जन्म तब होगा जब सीमित साधनों के प्रयोग से कुछ आवश्यकताओं की पूर्ति का प्रयास किया जायेगा और यह समस्या उस व्यरक्ति के लिए भी उत्पन्न होगी जो समाज से बाहर रहता है और मार्शल के विचार के अनुरूप कोई भी आर्थिक क्रय नहीं करता है। अतः अर्थशास्त्र को आर्थिक समस्या का अध्ययन करना चाहिए जो कभी भी और कहीं भी उत्पन्न हो सकती है।

4. **परिमाणात्माक मापन की असम्भव्यताः–** यह भी प्रश्न है कि कल्याण को परिमाणात्मनक रूप से मापा नहीं जा सकता क्योंकि यदि मौद्रिक मूल्य को कल्याण का पैमाना जाय तो यह एक काम चलाउ मापक तो हो सकता है पर संतोषजनक मापक नहीं। दो व्यक्ति एक ही वस्तु को क्रय करते समय समान मूल्य चुकाते हैं किन्तु उन्हें कल्याण की उपयोगिता अलग–अलग प्राप्त होती है क्योंकि तुलनात्मक रूप से गरीब व्यक्ति के लिए किसी अन्य व्यक्ति की तुलना में कल्याण की मात्रा अधिक होगी।

5. **कल्याण स्वयं में अस्पष्ट हैः–** रॉबिन्स ने यह भी स्पष्ट किया कि कल्याण शब्द स्वयं में अस्पष्ट शब्द है। इसकी बहुत नपी–तुली परिभाषा नहीं दी जा सकती वास्तव में यह एक विषयगत अवधारणा है क्योंकि इसका अर्थ अलग–अलग देशों में अलग–अलग समय पर भिन्नं होता है। इसी प्रकार अलग–अलग व्यक्तियों के लिए भी कल्याण शब्दं भिन्न–भिन्न अर्थ रखता है

उदाहरण के लिए नशीले पदार्थों अथवा शराब का उपभोग किसी का कल्याण बढ़ाता है तो किसी दूसरे का घटाता है और इस प्रकार यह कहना यदि असम्भव नहीं तो कठिन अवश्य है कि कौन सी वस्तुअ या सेवा कल्याण में वृद्धि करती है और कौन सी वस्तु या सेवा कल्याण के लिए हानिकारक है । इसी प्रकार रॉबिन्स यह भी कहते हैं कि बहुत सी वस्तुयें या गतिविधियां इस प्रकार की होती है कि वे समाजिक कल्याण के लिए हानिकारक होती हैं जैसे शराब और कुछ नशीली दवायें अच्छा करने के स्थान पर हानि करती हैं इनसे सामाजिक कल्याण बढ़ने के स्थान पर घटता है। जबकि सूक्ष्म अर्थशास्त्र में हम यह अध्ययन करते हैं कि इन वस्तुओं का मूल्य किस प्रकार निर्धारित होता है । इस प्रकार की वस्तुओं का अध्ययन दो ही प्रकार से किया जाता है अर्थात ये वस्तुएं दुलर्भ हैं (सीमित हैं) और ये वस्तुयें भी कुछ व्यक्तियों के लिए उपयुक्त लगती हैं। वास्तव में रॉबिन्स के अनुसार अर्थशास्त्र मानव कल्याण से जुड़ा हुआ विषय नहीं है बल्कि यह प्रत्येक व्यक्ति समाज की महत्वपूर्ण आर्थिक समस्याओं से संबंधित है और सबसे बड़ी समस्या है सीमितता की अथवा दुर्लभता की। उनके मत से अर्थशास्त्र में उन समस्याओं का अध्ययन होता है जो संसाधनों की सीमितता अथवा दुर्लभता के कारण उत्पन्न होती क्यों कि अधिकांश वांछित वस्तुएं और सेवाएं दुर्लभ ही होती हैं।

1.2.4– रॉबिन्स की परिभाषा (सीमितता केन्द्रित):–

वस्तुतः सर्वाधिक समान्य रूप से स्वीकार्य अर्थशास्त्र की परिभाषा लियोनल रॉबिन्स के, 'Essay on the Nature and Significance of Economic Science (1932[1935])', से उत्पन्न होती है जहॉ रॉबिन्स ने कहा कि अर्थशास्त्र वह विज्ञान है 'जो सीमित किन्तु वैज्ञानिक प्रयोगों वाली साध्यों और साधनों के बीच के मानव व्यवहार का सही संबंध है।'

फेटर (1915) और फेयरचाइल्डा फरनिशे तथा बर्क (1926) ने भी इसी विचारधारा का समर्थन किया। बर्क ने अर्थशास्त्र को इस प्रकार चिन्हित किया कि यह 'मानव की अतृप्ता और प्रकृति की कृपणता के बीच सीधा संबंध है और यही अर्थशास्त्र का आधार है। इस प्रकार इन लोगों के विचार रॉबिन्स के विचार के बहुत निकट हैं।

रॉबिन्स की परिभाषा में निम्न प्रमुख तथ्य हैं–

1.2.4.1– रॉबिन्सम की परिभाषा में निम्न प्रमुख तथ्यः–

1. अर्थशास्त्रा एक विज्ञान हैः–

रॉबिन्स के अनुसार अर्थशास्त्र केवल एक समाजिक विज्ञान नहीं बल्कि यह एक मानव विज्ञान है। यह मानव की उस क्रिया पर केन्द्रित है जिसका उदय सीमित संसाधनों से असीमित आवश्यकताओं की पूर्ति के दौरान संसाधनों के आवंटन में किया जाता है। रॉबिन्सं बल देते हैं कि अर्थशास्त्र एक सकारात्मक विज्ञान है अर्थात यह आर्थिक कारकों के बीच कारण परिणाम संबंध की व्याख्या करता है । यह चीजों को उस तरह प्रस्तुत करता है जैसी वे हैं ना कि वैसी जैसी उन्हें होना चाहिए। उदाहरण के लिए सकारात्मक व्यापक अर्थशास्त्र में हम इस बात पर ध्यान देते हैं कि किस प्रकार राष्ट्रीय आय का निर्धारण और वितरण किया जायेगा और इस बात की चिन्ताष नहीं की जाती कि वह वितरण समान है अथवा नहीं अथवा आय के वितरण का क्या आदर्श

स्वरूप होना चाहिए । दूसरी ओर आदर्शात्मक विज्ञान क्या आदर्श होना चाहिए इस पर ध्यान केन्द्रित करता है।

2. **असीमित इच्छाएंः–**

आर्थिक जीवन का आधारभूत तथ्य यह है कि लक्ष्य असीमित रहे अर्थात व्यक्ति की आवश्यकतायें अन्नत हैं । यदि आवश्यकता सीमित अथवा निश्चित होती तो आर्थिक समस्या उत्पन्न नहीं होती । किन्तु असीमित आवश्यकतायें होने के कारण हमें उनके बीच चुनाव करना पड़ता है। हालांकि यह ध्यान देने योग्य है कि सभी आवश्यताओं की तीव्रता एक बराबर नहीं होती कुछ आवश्यकतायें औरों के मुकाबले अधिक तीव्र होती हैं और सत्य भी यही है कि आवश्कयताओं की विभिन्न तीव्रताओं के कारण हमें उनके चुनाव करना पड़ता है।

3. **असीमित साधनः–**

आर्थिक समस्या को जन्म देने वाला एक अन्यभ महत्वपूर्ण कारक यह है कि साधन अथवा संसाधन जिनसे की आवश्यकताओं की पूर्ति हो सकती है इच्छाओं की तुलना में बहुत कम होती है। यदि संसाधन प्रचुर मात्रा में होते और असीमित होते तो सारी आवश्यकतायें स्वतः ही पूरी हो जाती चुनाव करने की समस्यात नहीं रहती और अर्थशास्त्र नाम का वैज्ञानिक भी विषय न होता।

4. **संसाधनों का वैज्ञानिक प्रयोग होनाः–**

रॉबिन्स के अनुसार उपलब्ध संसाधनों को अलग–अलग प्रयोगों में लगाया जा सकता है और इस कारण से समाज को यह चुनना होता है कि किसी संसाधन को किस प्रयोग में लगाया जाय । चूंकि संसाधनों के वैज्ञानिक प्रयोग हैं तो हमें विभिन्न प्रयोगों के बीच चुनाव करना पड़ता है और यह निर्धारण करना होता है कि इन संसाधनों का सर्वोतम प्रयोग क्या होगा। उदाहरण के लिए विद्युत एक संसाधन है इसे कितने ही प्रयोगों में लगाया जा सकता है । आज समाज को यह निर्धारित करना पड़ेगा कि कौन सा प्रयोग अधिक महत्वपूर्ण हैं अर्थात खेत में सिंचाई के लिए अथवा घरों में शीतल वायु प्रदान करने के लिए इत्यादि। अतः हम यह पाते हैं कि रॉबिन्स ने अर्थशास्त्र को एक वैज्ञानिक अध्ययन के रूप मी प्रस्तुत किया है। उन्होंने अर्थशास्त्र को चुनाव का एक विज्ञान बनाया है लेकिन उन्होंने मानव आवश्यकताओं को संतुष्ट करने वाली वस्तुओं और सेवाओं को सम्मिलित करते हुए अर्थशास्त्र की विषय वस्तु को व्यापक स्वरूप प्रदान किया है।

फिर भी रॉबिन्स की परिभाषा में भी कुछ सीमायें है और इस आधार पर इसकी आलोचना भी की जाती है।

1.2.4.2– रॉबिन्स की परिभाषा की आलोचनाः–

रॉबिन्स के विचार को इसी आधार पर आलोचना का सामना करना पड़ा कि इसने अर्थशास्त्र को एक ही साथ बहुत व्यापक और संकुचित दोनों ही स्वरूप प्रदान किये। इसे इस अर्थ में बहुत व्यापक कहा जा सकता है कि इसने अन्य समाज विज्ञानों से अर्थशास्त्र को भिन्न नहीं किया दूसरी ओर इसे बहुत संकुचित इसलिए कहा जाता है कि क्योंकि यह सिद्धान्त पक्ष की ओर बहुत झुका हुआ विचार है और इसमें प्रायौगिक विश्ले षण का महत्व कम हो जाता है। ऐसा लगता है अर्थशास्त्र में से नीतिशास्त्र लिखा गया है।

- रॉबिन्स के विचार को एक ही साथ बहुत व्यापक बहुत संकुचित माना गया है। यह बहुत व्यापक इस अर्थ में है कि सामान्यीकरण की प्रक्रिया में यह अर्थशास्त्र और अन्य समाज विज्ञानों के बीच की विभाजन रेखा को भी समाप्ता कर देता है और विषय का क्षेत्र बहुत व्यापक हो जाता है। दूसरी ओर यह बहुत संकुचित है क्योंकि इसमें व्यापक अर्थशास्त्र के प्रश्न सम्मिलित नहीं है जबकि वास्तविकता यह है कि व्याापक अर्थशास्त्र के प्रश्न आधुनिक युग में बहुत महत्वपूर्ण हो गये हैं। उक्त के अतिरिक्त इसमें आर्थिक विकास का सिद्धान्त भी सम्मिलित नहीं है इन अर्थों में यह बहुत संकुचित है।
- रॉबिन्स ने अर्थशास्त्र को लक्ष्यों के बीच तटस्थ माना है किन्तु बहुत से अर्थशास्त्रियों का यह तर्क है कि यदि अर्थशास्त्र को सामाजिक कल्याण और आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करना है तो इसे लक्ष्यों के बीच की अपनी तटस्था को छोड़ना होगा। अर्थशास्त्र सामाजिक बेहतरी के वाहक के रूप में तभी काम कर सकता है जब ये निर्णय ले सके कि विभिन्न प्रकार के लक्ष्यों की पूर्ति में क्या सही और क्या गलत है। अर्थशास्त्र को लक्ष्यों के प्रति तटस्थत घोषित कर रॉबिन्स ने इस विषय का आदर्शात्मक पक्ष समाप्त कर दिया है।
- रॉबिन्स की परिभाषा के अन्तर्गत व्यापक अर्थशास्त्र के विषय क्षेत्र से बाहर हो जाते हैं वह मूलतः सूक्ष्म अर्थशास्त्र पर ध्यान केन्द्रित करते हैं अर्थात इसमें प्रमुखतः उत्पाद का सिद्धान्त और उत्पादन के साधनों का मूल्य प्रमुख रूप से आते हैं। दूसरी ओर आजकल व्यापक अर्थशास्त्र का महत्व बढ़ गया है क्योंकि इसमें हम उन आर्थिक पक्षों की व्याख्या करते हैं जो सम्पर्ण अर्थव्यवस्था की दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं जैसे राष्ट्रीय आय का निर्धारण एवं वितरण, अर्थव्यवस्था में विस्तार एवं संकुचन, उत्पादन, आय एवं रोजगार के अवसरो के प्रश्न इत्यादि। रॉबिन्स ने, इस प्रकार इन पक्षों पर ध्यान नहीं दिया और उनकी परिभाषा इस अर्थ में व्यापिक नहीं है।
- रॉबिन्स की परिभाषा में आर्थिक विकास का सिद्धान्त सम्मिलित नहीं है क्योंकि उन्होंने किसी एक समय विशेष में उपलब्ध संसाधनों के वितरण की ही व्याख्या की है और इस बात की कोई चर्चा नहीं है कि संसाधनों की सीमितता को कैसे कम किया जा सकता है। आर्थिक विकास के सिद्धान्त में हम यह अध्ययन करते हैं कि संसाधनों की सीमितता को कैसे कम किया जा सकता है अर्थात राष्ट्रीय आय के स्तर को बढ़ाकर और अधिक धन एकत्रित कर संसाधनों की कमी को दूर किया जा सकता है। रॉबिन्स की परिभाषा में यह महत्वपूर्ण पक्ष सम्मिलित नहीं है।
- रॉबिन्स ने बेरोजगारी की समस्यां को बिल्कुल छोड़ दिया है क्योंकि अल्प बेरोजगारी सीमितता की नहीं बल्कि प्रचुरता की समस्या है और इस दृष्टि से अर्थशास्त्र में बेरोजगारी के कारणों का अध्ययन अवश्य होना चाहिए और इसे कम करने के मार्गों पर विचार किया जाना चाहिए।

1.2.5– विकास केन्द्रित परिभाषायें–

बहुत से आधुनिक अर्थशास्त्रियों ने अर्थशास्त्र की परिभाषा को विकास के पक्ष से जोड़ा है यद्यपि रबिन्स के द्वारा प्रस्तुत सीमितता और चुनाव की समस्या का पक्ष प्रयोग किया गया है किन्तु उसके स्तैतिक स्वरूप में सुधार किया गया है।

प्रोफेसर बोल्डिंग कहते हैं कि 03 प्रकार की मानवीय क्रियाओं को आर्थिक क्रियायें कहा जा सकता है, जैसे–उत्पादन, उपभोग और विनिमय। इन क्रियाओं के अध्ययन में मात्राएं अवश्य आती हैं। उदाहरण के लिए वस्तुओं का उत्पादन, मूल्य, मजदूरी, ब्याज और लगान। इन्हें आर्थिक मात्राएं कहा जाता है और अर्थशास्त्र इन आर्थिक मात्राओं का वैज्ञानिक अध्ययन है। आप इस दृष्टि से देखें तो अर्थशास्त्र आर्थिक मात्राओं का वैज्ञानिक अध्ययन है। आर्थिक मात्राओं से संबंधित आंकड़ों का संग्रहण और निर्वचन आर्थिक सांख्यिकी और आर्थिक इतिहास कहलाता है।

प्रोफेसर सैमुलसन के अनुसार आर्थिक विज्ञान की पारम्परिक सीमाओं के बारे में कुछ भी आधारभूत सत्य नहीं है क्योंकि कोई भी व्यवस्था उद्देश्य की दृष्टि से बहुत व्यापक और संकुचित हो सकती है। इसी तरह एक व्यवस्था में प्रयुक्त आंकड़े एक बहुत व्यापक आधार से लिये जा सकते हैं। किसी भी सिद्धान्त की उपयोगिता इस बात पर निर्भर करती है कि संबंधित विश्लेषण में प्रयोग होने वाले घटक प्रमुख होने चाहिए। विशेष रूप से सैमुलसन अर्थशास्त्र कल्याण पर परिभाषित करते हैं, ''यह इस बात का अध्ययन है कि किस प्रकार व्यक्ति और समाज मुद्रा का प्रयोग करें अथवा मुद्रा का प्रयोग किये बिना वैज्ञानिक प्रयोगो वाले सीमित उत्पादक संसाधनों का प्रयोग कर एक निश्चित समय अंतराल में विभिन्न वस्तुओं का उत्पादन करते हैं और किस प्रकार उन्हें वर्तमान और भविष्य के उपभोग के लिए लोगों में और समाज के समूहों में वितरित करते हैं।

इस प्रावेगिक परिभाषा का सबसे महत्वपूर्ण प्रभाव यह है कि यह न केवल विकास केन्द्रित है बल्कि यह अपने क्षेत्र में वस्तु विनिमय व्यवस्था को भी सम्मिलित कर लेती है। चुनाव की समस्या मौद्रिक अर्थव्यवस्था और वस्तुत विनिमय अर्थव्यवस्था दोनों में समान रूप से उत्पन्न होती है और समय तत्व के समावेश से अर्थशास्त्र प्रावेगिक हो जाता है क्योंकि मानवीय आवश्यकतायें निश्चित या स्थिर नहीं होती हैं और समय के साथ यह बदलती रहती हैं। इस दृष्टि से सैमुलसन की परिभाषा चुनाव की समस्या को प्रावेगिक आधार प्रदान करती है। यह परिभाषा सार्वभौमिकता का तथ्य भी रखती है। इस दृष्टि से यह प्रोफेसर रबिन्स की दुर्लभता केन्द्रित परिभाषा के ऊपर एक सुधार है।

- अर्थशास्त्र के संबंध में प्रचलित सामान्य प्रस्तुतीकरण के अन्तर्गत पाठ्य–पुस्तकों में विषय के विकास का क्रम उपयुक्त प्रकार से ही आता गया है अर्थात् अर्थशास्त्र की परिभाषा को 04 वर्गों में बांटकर समझने का प्रयास किया गया है और प्रत्येक की विशेषताएं और आलोचनाएं बतायी गयी हैं। वास्तव में सत्य यह है कि किसी भी विषय की विकास यात्रा के कुछ चरण होते हैं और प्रारम्भिक चरण से लेकर सामान्य रूप से समझी जाने वाली परिपक्वता की स्थिति तक उस विषय के मूलभूत ढांचे में परिवर्तन होते रहते हैं और अंततः उसका एक आधारभूत स्वरूप निर्मित हो जाता है।

ठीक इसी प्रकार अर्थशास्त्र की विकास यात्रा में भी उक्त 04 वर्गीकरण वास्तव में 04 प्रमुख पड़ाव हैं जिनसे होते हुए विषय का वर्तमान स्वरूप आज हमारे सामने उपलब्ध है।

1.3 अर्थशास्त्र की प्रकृति

अर्थशास्त्र की प्रकृति को समझने के लिए निम्न पर विचार किया जाना उचित होगा–

1. अर्थशास्त्र की विषय–वस्तु
2. अर्थशास्त्र एक विज्ञान अथवा एक कला के रूप में
3. अर्थशास्त्र एक सकारात्मक अथवा आदर्शात्मक विज्ञान के रूप में
4. अर्थशास्त्र एक समाज विज्ञान के रूप में
5. अर्थशास्त्र और व्यवहारिक समस्यायें

1.3.1 अर्थशास्त्र की विषय–वस्तु–

अर्थशास्त्रियों ने अर्थशास्त्र की विषय–वस्तु के बारे में भिन्न–भिन्न मत व्यक्त किये हैं सामाजिक परिस्थितियों में बदलाव एवं विकास के साथ ही अर्थशास्त्र की विषय–वस्तु में भी परिवर्तन हुआ है। प्रारम्भ में अर्थशास्त्र के अन्तर्गत धन को प्रमुख विषय–वस्तु माना गया और एडम स्मिथ तथा अन्य पुराने अर्थशास्त्रियों ने अर्थशास्त्र को धन का विज्ञान कहा किन्तु इसके पश्चात् प्रोफेसर एल्फ्रेड मार्शल की अगुवाई में अर्थशास्त्र को कल्याण का विषय कहा गया अर्थात् धन से हटकर कल्याण, अर्थशास्त्र की प्रमुख विषय–वस्तु हो गया। बहुत से अर्थशास्त्रियों ने अर्थशास्त्र को धन और कल्याण दोनों से संबंधित माना। मार्शल ने अर्थशास्त्र की विषय–वस्तु को मानव के द्वारा जीवन के सामान्य व्यापार में उपभोग, उत्पादन, विनिमय और वितरण तक सीमित कर दिया, इसी के साथ मानव को तार्किक प्राणी माना गया और यह मान लिया गया कि वह समसामयिक, सामाजिक, विधिक और संस्थागत ढांचे में कार्य करता है। इस प्रकार अतार्किक व्यक्तियों के व्यवहार को अर्थशास्त्र की विषय–वस्तु से बाहर रखा गया। तार्किक व्यक्तियों में वे सभी लोग सम्मिलित होते हैं जो अपवाद स्वरूप हैं जैसे अत्यधिक कृपण व्यक्ति अथवा नशे में निर्णय लेने लेने वाला व्यक्ति इत्यादि।

आगे चलकर रबिन्स और अन्य आधुनिक अर्थशास्त्रियों ने अर्थशास्त्र को मानव और उसके व्यवहार से जोड़ा। इसमें बहुत से विषय सम्मिलित हुए जैसे उत्पादन और उत्पादकता, बेरोजगारी उद्योगो की प्रास्थिति फर्मो का आकार, एकाधिकार, मजदूरी, लाभ, ब्याज, लगान, कराधान, आयात, निर्यात इत्यादि। रबिन्स ने ऐसे बहुत से उदाहरण दिये और बताया कि बहुत सी मानवीय क्रियायें आर्थिक महत्व रखती हैं किन्तु उनका भौतिक कल्याण से कोई संबंध नहीं है क्योंकि एक ही वस्तु या सेवा एक समय में भौतिक कल्याण में वृद्धि करती है जबकि दूसरे समय और दूसरी परिस्थिति में ऐसा नहीं होता। इसीलिए रबिन्स की मान्यता है कि किसी भी वस्तु या सेवा के आर्थिक महत्व को मूल्य के संबंध में परखा जाना चाहिए । उनका कहना है कि किसी भी वस्तु जिसका कि मूल्य होता है के संबंध में यह आवश्यक नहीं है कि वह वस्तु भौतिक कल्याण में वृद्धि ही करे । केवल महत्वपूर्ण यह है कि यह वस्तु दुर्लभ होनी चाहिए और उसके वैकल्पिक प्रयोग होने चाहिए। इस प्रकार अर्थशास्त्र

धन के उपभोग, उत्पादन, विनिमय, वितरण की तुलना में सीमित संसाधनों के असीमित लक्ष्यों की प्राप्ति की प्रक्रिया से संबंधित है। इस दृष्टि से अर्थशास्त्र की विषय–वस्तु प्रमुखतः परिवारों, फर्मों और प्रशासकीय इकाइयों की आर्थिक समस्या से प्रमुख रूप से संबंधित है।

पूर्व में ही यह बताया जा चुका है कि बोल्डिंग के अनुसार मानव की आर्थिक क्रियायें प्रमुखतः 03 प्रकार की हैं 'उत्पादन, उपभोग और विनिमय'। इनमें से उत्पादन वह प्रक्रिया है जिसके अन्तर्गत व्यक्ति उपलब्ध संसाधनों से उत्पाद का निर्माण करता है और ये वे उत्पाद होते हैं जिनकी लोगो को आवश्यकता है। इन उत्पादों को उस स्थान पर उपलब्ध कराया जाता है जहां इनकी आवश्यकता होती है इसलिए अर्थशास्त्र गतिविधियों की एक लम्बी श्रृंखला होती है जैसे भेड़ की ऊन आस्ट्रेलिया की एक फर्म में उत्पादित की जाती है और वहां से लेकर कपड़े की बुनाई के बाद सिलाई की दुकान तक पहुॅचाने की प्रक्रिया में जितनी भी क्रियायें आती हैं वे सभी क्रियायें अर्थशास्त्र के अन्तर्गत हैं। दूसरी ओर उपभोग मानव के श्रम के प्रयोग से उत्पन्न वस्तुओं के प्रयोग करने से है जैसे कपड़ों का पहनना, यातायात के साधनों का प्रयोग करना, टी0वी0 सेट का प्रयोग करना, किसी भवन का प्रयोग करना इत्यादि। इसी क्रम में आर्थिक विश्लेषण में प्रयुक्त अधिकांश प्रक्रियायें विनिमय से प्रभावित होती हैं क्योंकि सामान्यतः वस्तुओं व सेवाओं को मुद्रा के माध्यम से विनिमय कर प्राप्त किया जाता है और यही मुद्रा कालांतर में अन्य वस्तुओं और सेवाओं के लिए प्रयोग की जाती है। प्रोफेसर बोल्डिंग का कहना है कि विनिमय वस्तुओं और सेवाओं का मौद्रिक विनिमय से ही संबंधित नहीं है बल्कि यह उत्पादन के साधनों के मूल्य का निर्धारण भी करता है तथा बाजार में उपलब्ध वस्तुओं के मूल्य का निर्धारण करता है चूंकि उत्पादन के साधनों के विनिमय और उनके मूल्य निर्धारण का अध्ययन अलग से किया जाता है अतः उत्पादन के साधनों का अध्ययन वितरण के अन्तर्गत आता है। इस प्रकार प्रोफेसर बोल्डिंग के द्वारा बताई गई प्रमुख 03 क्रियाओं में वितरण भी जुड़ जाता है।

किसी वस्तु का क्रय–विक्रय विनिमय कहा जाता है। विनिमय के और भी कई उदाहरण हो सकते हैं जैसे मकानों को किराये पर उठाना, धन उधार दिया जाना और श्रमिकों का मूल्य निर्धारण इत्यादि। जब एक मकान किराये पर उठाया जाता है तो मुद्रा के रूप में प्राप्त राशि के बदले में मकान के प्रयोग की सुविधा दूसरे पक्ष को दी जाती है। जब धन उधार लिया जाता है तो वर्तमान में उपलब्ध धन के सापेक्ष भविष्य के धन को विनिमय किया जाता है और यह एक ज्ञात सत्य है कि भविष्य में चुकाई जाने वाली राशि वर्तमान में उधार ली गयी राशि से अधिक होती है और यह आधिक्य ही ब्याज कहलाता है। इस प्रकार धन के प्रयोग की अवधि के दौरान जो राशि चुकाई जाती है वही ब्याज है इसी प्रकार जब किसी श्रमिक की सेवायें किराये पर ली जाती हैं तो इस प्रक्रिया में भी विनिमय होता है क्योंकि एक ओर श्रमिक का श्रम प्राप्त किया जाता है तो दूसरी ओर उसे भुगतान किया जाता है जिसे मजदूरी कहते हैं।

यदि हम अर्थशास्त्र की विषय–वस्तु को सूक्ष्म स्तर पर परखें तो यह ज्ञात होता है कि समस्त सूक्ष्म अर्थशास्त्र मांग और पूर्ति पर आधारित वस्तुओं के मूल्य निर्धारण की प्रक्रिया के सिद्धान्तों के बारे में है। मांग पक्ष में हम उपभोक्ता के व्यवहार से संबंधित नियमों का अध्ययन करते हैं जबकि पूर्ति पक्ष में उत्पादन के नियम और उत्पादकों के व्यवहार का अध्ययन किया जाता है। बाजार संतुलन का अध्ययन विनिमय के अन्तर्गत किया जाता है इस प्रकार अर्थशास्त्र में उत्पादन, उपभोग तथा वस्तुओं एवं सेवाओं के विनिमय से संबंधित पक्षों का अध्ययन किया जाता है लेकिन केवल इन गतिविधियों का अध्ययन किया जाना ही महत्वपूर्ण नहीं है बल्कि उन मात्राओं का अध्ययन भी किया जाना चाहिए जिन मात्राओं में ये सभी क्रियायें होती हैं अर्थात् उपभोग, उत्पादन और विनिमय की मात्रा या इसका आकार क्या है अर्थशास्त्री केवल उन्हीं मुद्दों तक केन्द्रित नहीं रहते हैं जो वस्तुओं एवं सेवाओं के उत्पादन से संबंधित हैं बल्कि अर्थशास्त्र में रोजगार में लगे लोगों की संख्या, कार्मिकों की मजदूरी, आयात पर शुल्क की दरें और उत्पादों के मूल्य इत्यादि सभी विषयों का अध्ययन किया जाता है इन्हीं को वास्तव में आर्थिक मात्रायें कहा जा सकता है।

अर्थशास्त्र के अन्तर्गत उन संगठनों का भी अध्ययन किया जाता है जो किसी देश की आर्थिक गतिविधियों के अधिकांश भाग को नियंत्रित और निर्देशित करते हैं क्योंकि उपभोग, उत्पादन और विनिमय की आर्थिक क्रियायें व्यक्तियों के द्वारा की जाती हैं पर इस सब प्रक्रिया में व किसी न किसी संगठन से प्रभावित होते हैं अथवा उनसे जुड़े होते हैं। उदाहरण के लिये विनिमय की प्रक्रिया में मण्डी एक संस्था है और इस दृष्टि से मण्डी की गतिविधियों का अध्ययन भी अर्थशास्त्र की विषय–वस्तु में सम्मिलित है ऐसी संस्थाओं के माध्यम से आर्थिक क्रियाओं का बड़ा भाग संचालित और नियंत्रित होता है उक्त के अतिरिक्त सार्वजनिक वित्त भी अर्थशास्त्र के अन्तर्गत सम्मिलित है क्योंकि इसके अन्तर्गत सार्वजनिक प्राधिकारियों की आय और उनके व्यय के विषय आते हैं राज्य के द्वारा उपलब्ध करायी जाने वाली सेवाओं का बहुत विस्तार हो चुका है और इसलिए समुदाय की रक्षा के लिये नियमों का बनाया जाना और लागू किया जाना भी महत्वपूर्ण है। इसी कारण से वर्तमान में राज्य व्यक्तियों के आर्थिक जीवन में नियमित रूप से हस्तक्षेप करता है जिससे लक्षित सामाजिक और आर्थिक उद्देश्य प्राप्त किये जा सकें इस प्रकार अर्थशास्त्र एक समाज विज्ञान है जिसमें विकास और स्थिरता बनाये रखने के लिए सीमित संसाधनों के वितरण पर ध्यान दिया जाता है।

1.3.2– अर्थशास्त्र एक विज्ञान के रूप में–

किसी भी ऐसे विषय को विज्ञान कहते हैं जो ज्ञान का क्रमबद्ध स्वरूप हो अर्थात् इसमें केवल तथ्यों का संकलन नहीं होना चाहिए बल्कि तथ्यों के बीच कारण परिणाम का संबंध भी होना चाहिए । इसमें एकरूपताएं भी होती हैं और कुछ निष्कर्ष रूप सामान्य नियम बनाये जा सकते हैं जिन्हें स्वः स्वीकार्य अर्थात् आर्थिक नियम कहा जा सकता है । इस दृष्टि से देखें तो भौतिकी एक विज्ञान है क्योंकि यह बाह्य जगत की समानताओं का अध्ययन करता है और इसी प्रकार सामाजिक जगत की समस्याओं का अध्ययन करने वाले विषय

मनोविज्ञान को भी विज्ञान कहा जाता है। इस दृष्टि से अर्थशास्त्र को भी एक विज्ञान कहा जा सकता है क्योंकि यह सामान्य जीवन व्यापार में मानवीय क्रियाओं में निहित समानताओं का अध्ययन करता है इस विषय में मानव व्यवहार और आर्थिक उद्देश्य से किये गये मानव व्यवहार के आधार पर सामान्यीकरण किये जाते हैं और ये नियम कहलाते हैं अतः अर्थशास्त्र विज्ञान है क्योंकि यह बिखरे हुए तथ्यों में से समानतायें निकालकर नियमों का निर्माण करता है। प्रोफेसर मार्शल के अनुसार अर्थशास्त्री एक में बहुतों और बहुतों में एक की खोज करने का प्रयास करता है।

यह कहा जाता है कि विज्ञान की अवधारणा सामान्यतया मापन के योग्य होती है और इस दृष्टि से भी अर्थशास्त्र में मानव की उन्हीं क्रियाओं का अध्ययन किया जाता है जिन्हें मुद्रा के पैमाने से मापा जा सकता है किसी भौतिक विज्ञानी के संतुलन के समान ही अर्थशास्त्र में भी मानवीय उद्देश्यों से की गयी क्रियाओं के मापन के लिए मुद्रा का पैमाना उपयोग किया जाता है। इस तरह अन्य सभी समाज विज्ञानों की तरह अर्थशास्त्र अधिक निश्चित है क्योंकि किसी भी अन्य समाज विज्ञान में कोई बाह्य मापक प्रयोग नहीं होता है जो निश्चित परिणात्मक माप प्रस्तुत कर सके।

फिर भी यह याद रखना चाहिये कि आर्थिक दृष्टि से किये गये मानवीय व्यवहार को भी पूर्ण शुद्धता के साथ नहीं मापा जा सकता और इस प्रकार यह कहा जा सकता है कि मापन का कार्य वास्तव में शत–प्रतिशत पूर्ण नहीं होता फिर भी अर्थशास्त्र में बहुत हद तक मापन संभव है और अन्य समाज विज्ञानों की तुलना में यह अधिक शुद्धता से मापन कर सकता है किन्तु भौतिक विज्ञान के समान शुद्ध नहीं हो सकता। इसका प्रमुख कारण यह है कि मानवीय व्यवहार और बाजार की शक्तियां सभी कुछ अनियंत्रित मापन में होती है । यद्यपि मानव एक तर्क युक्त प्राणी है और उसमें किसी भी क्रिया से संबंधित सभी पक्षों पर विचार करने की शक्ति है । लेकिन अन्ततोगत्वा विभिन्न मानवों का व्यवहार एक सामान्य परिणाम दर्शाता है और यही मानव परिणाम किसी नियम का निर्माण करता है और यही कारण है कि आर्थिक नियमों का निर्माण किया जा सकता है । किन्तु कुछ व्यक्ति ऐसे भी होते हैं जो अतार्किक व्यवहार करते हैं । अतः अर्थशास्त्री यह मान लेते हैं कि ऐसे लोगों का एक अच्छा सा समूह है और वे सामान्य नियम को प्रभावित करते हैं और इस प्रकार अर्थशास्त्र के कथन अधिकांश दशाओं में सही होत हैं । किन्तु सबके लिए सही नहीं होते। भौतिक विज्ञानियों के द्वारा बनाये गये नियम सामान्य स्वीकार्यता के नियम है और उनके अन्तर्गत शुद्ध परिणात्मक गणना की जा सकती है। दूसरी ओर अर्थशास्त्र के नियम सीमित किन्तु सामान्य मान्यता रखते हैं क्योंकि अर्थशास्त्र की विषय–वस्तु मानव व्यवहार है जिसका शुद्ध परिणात्मक मापन नहीं किया जा सकता और इसके बारे में कोई स्वःस्वीकार्य नियम नहीं बनाया जा सकता।

मानव में विद्यमान स्वतंत्र इच्छाशक्ति वास्तव में अर्थशास्त्र के नियमों को पूर्ण विज्ञान बनाने से रोकती है और अर्थशास्त्री ऐसे नियमों में शत–प्रतिशत पूर्णता प्राप्त नहीं कर पाते हैं । इसी स्वतंत्र इच्छाशक्ति के कारण यह भविष्यवाणी नहीं की जा सकती कि सभी लोग एक सी परिस्थिति में एक सा

व्यवहार करेंगे । किन्तु यह निश्चित है कि अधिकांश व्यक्ति किसी एक परिस्थिति में एक सा ही व्यवहार करते हैं। इस दृष्टि से स्वतंत्र इच्छाशक्ति होते हुए भी संभवतया के गणितीय नियम के आधार पर मानव की आर्थिक क्रियाओं की भविष्यवाणी की जा सकती है । क्योंकि यह स्थापित तथ्य है कि सामान्यतया लोग तकपूर्ण निर्णय लेते हैं। इस प्रकार मूल्य कम होने पर उपभोक्ता अधिक क्रय करते हैं और उत्पादक मूल्य बढ़ने पर माल अधिक बेचते हैं । इसी तरह से हम मानव की क्रियाओं की भविष्यवाणी करते हैं और सामान्य नियम नियमित करते हैं।

यह भी निर्विवाद रूप से सत्य है कि अर्थशास्त्र की भविष्यवाणियां कई बार गलत सिद्ध होती हैं और इसे अर्थशास्त्र के अवैज्ञानिक स्वरूप के कारण संभव हुआ माना जाता है किन्तु वास्तव में ऐसा नहीं है वास्तविकता यह है कि संबंधित कारको के प्रति हमारी जानकारी अपूर्ण होती है जबकि विषय और उसके स्वरूप में वैज्ञानिक। जीव विज्ञान के नियम बाद की घटनाओं से उत्पन्न नहीं होते बल्कि हो चुकी घटनाओं से उत्पन्न होती हैं । किन्तु इस आधार पर कोई भी यह नहीं कहता कि जीव विज्ञान एक विज्ञान नहीं है व्यापारिक मंदी की स्थिति का बहुत पहले ही अनुमान लगाया जा सकता है जबकि आने वाले तूफान का अनुमान इतनी निश्चितता के नहीं लगाया जा सकता। इसका अर्थ है अर्थशास्त्र की भविष्यवाणियां मौसम विज्ञान की भविष्यवाणियों से अधिक विश्वसनीय होते हैं । अतः अर्थशास्त्री का काम बिल्कुल वही है जो एक प्राकृतिक विज्ञानी का काम है अर्थात् बिना पक्षपात के तर्कों का प्रयोग कर प्राप्त किये गये आंकड़ों के आधार पर घटनाओं से संबंधित सामान्य नियम बनाना । अतः अर्थशास्त्र का यह दावा कि यह विज्ञान है केवल इस आधार पर खारिज नहीं किया जा सकता कि इसमें निश्चितता और भविष्यवाणी की बिल्कुल शुद्ध शक्ति नहीं है।

1.3.3– अर्थशास्त्र एक कला के रूप में–

प्रोफेसर कीन्स के अनुसार व्यवस्थित ज्ञान का प्रयोग एक कला है और कला वस्तुतः निश्चित लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए नियमों की व्यवस्था को प्रयोग करना होता है । इस दृष्टि से अर्थशास्त्र को एक कला कहा जाता है । अर्थशास्त्री अपने सैद्धान्तिक ज्ञान के आधार पर किसी अनुकूलतम परिस्थिति को प्राप्त करने के लिए मार्ग प्रस्तुत करता है । जैसे इसमें सीमान्त उपयोगिता का नियम यह बताता है कि किस प्रकार उपभोक्ता अपनी कुल संतुष्टि को अधिकतम कर सकता है।

उक्त के अतिरिक्त किसी आर्थिक निर्णय को लेने के लिये 03 प्रकार की सूचनाओं की आवश्यकता होती है।

1. निर्णयकर्ता के लिए उपलब्ध विकल्पों की जानकारी।
2. इन विकल्पों का चुनने की दशा में होने वाले परिणामों की जानकारी।
3. वह आधार अथवा नियम जो निर्णयकर्ता को यह बताता है कि किस निर्णय से प्राप्त होने वाले कौन से परिणाम फर्म के लिए बहुत महत्वपूर्ण है ।

उदाहरण के लिये यदि उत्पादक यह जानना चाहता है कि उसे वस्तु की कितनी मात्रा उत्पादित करनी चाहिये तो उसके पास उन सभी संभावित

मात्राओं को उत्पन्न करने के विकल्पों की जानकारी होती है जो संबंधित उद्योग के द्वारा उत्पादित की जा सकती है किसी भी विकल्प को चुनने के परिणामों के रूप में प्रत्येक दशा में 02 जानकारियां उपलब्ध होती हैं। इनमें से एक है उत्पादित करने की लागत और दूसरी है वह आय जो इसे बेचने से प्राप्त होगी। यह भी एक ज्ञात सत्य है कि उत्पादक का लक्ष्य अपने लाभो को जितना संभव हो उतना बढ़ाना होता है। इस आधार पर वह उन विकल्पों की तलाश करता है जो कुल आगम (TR) और कुल लागत (T) को अधिकतम करते हैं जिस बिन्दु पर सीमान्त लागत सीमान्त आगम की बराबर हो जाती है ।वही बिन्दु अधिकतक लाभ का बिन्दु होता है और यह एक आर्थिक नियम है। इस प्रकार यह स्पष्ट है कि नियमों का वस्तुस्थिति रूप से प्रयोग किया जाना कला है और इस दृष्टि से अर्थशास्त्र भी एक कला है । किन्तु यह एक स्थापित तथ्य है कि अर्थशास्त्र मूलतः एक विज्ञान है । अतः निष्कर्ष के रूप में यह कहा जा सकता है कि वास्तव में अर्थशास्त्र एक विज्ञान है किन्तु कला की दृष्टि से अपनाई गई तकनीकी और सिद्धान्तों का भी इसमें व्यापक प्रयोग होता है।

1.3.4– सकारात्मक और आदर्शात्मक अर्थशास्त्र–

अर्थशास्त्र दो प्रकार के प्रश्नों का उत्तर उपलब्ध कराता है और ये दो प्रकार हैं वास्तविक स्थिति और आदर्शात्मक स्थिति। वास्तविक अथवा सकारात्मक अर्थशास्त्र सही या गलत के बारे में कोई निर्णय किये बिना आर्थिक प्रणालियों के व्यवहार की व्याख्या करता है । यह बताता है कि क्या वास्तव में है और ये किस तरह कार्य करता है इसका इस बात से कोई संबंध नहीं है कि क्या होना चाहिए इस प्रकार वास्तविक अर्थशास्त्र में कुछ इस प्रकार के प्रश्न होते हैं कि अकुशल श्रमिकों की मजदूरी किस तरह निर्धारित होती है अथवा यदि कंपनियों पर आयकर हटा दिया जाय तो क्या होगा इत्यादि । इन प्रश्नों के उत्तर वास्तविक या सकारात्मक अर्थशास्त्र की विषय–वस्तु हैं।

दूसरी ओर आर्दशात्मक अर्थशास्त्र आर्थिक व्यवहार के परिणामों पर सोचता है कि वे सही हैं या गलत और इन्हें किस तरह और उत्तम बनाया जा सकता है आर्दशात्मक अर्थशास्त्र में आदर्शात्मक स्थिति के बारे में निर्णय लिया जाता है और भविष्य के लिए सुझाव दिये जाते हैं जिससे आदर्श स्थिति प्राप्त की जा सके । जैसे क्या सरकार को उच्च शिक्षा में आर्थिक सहायता देनी चाहिए या क्या सरकार को उच्च शिक्षा की लागत को नियंत्रित करना चाहिए अथवा चिकित्सा सुरक्षा योजना के अन्तर्गत क्या चिकित्सकीय लाभ उन्हीं वरिष्ठजनों को मिलना चाहिए जिनकी आय एक निश्चित सीमा से अधिक नहीं है अथवा क्या भारत को उन विदेशी वस्तुओं का आयात अनुमत करना चाहिए जो भारत में उत्पादित वस्तुओं से प्रतियोगिता करते हैं अथवा क्या हमें उत्तरा करों को समाप्त कर देना चाहिए आदि इत्यादि । उपर्युक्त सभी प्रश्नों के उत्तर आर्दशात्मक अर्थशास्त्र में आते हैं और चूंकि ये सभी राष्ट्र की नीतियों के निर्धारण में सहायक हैं । अतः आर्दशात्मक अर्थशास्त्र को नीतियों का अर्थशास्त्र भी कहा जाता है।

यह भी सत्य है कि बहुत से आदर्शात्मक प्रश्न सकारात्मक प्रश्नों से अलग नहीं होते हैं बल्कि ये दोनों से एक दूसरे से जुड़े होते हैं । क्योंकि अगर हम यह जानना चाहें कि सरकार ने कौन एक खास कदम उठाना चाहिए तो हमें दो बाते मालूम होनी चाहिए कि क्या सरकार इस कदम को उठा पाएगी और दूसरी यह कि इसके क्या परिणाम होंगे । उदाहरण के लिए यदि हम आयात शुल्क कम करते हैं तो इसका परिणाम यह होगा कि प्रतियोगिता बढ़ेगी और मूल्य नीचे गिरेंगे । इन दोनों पक्षों की बिना जानकारी के वास्तव में कोई भी निर्णय नहीं लिया जा सकता अर्थात् यह स्पष्ट है कि सकारात्मक और आदर्शात्मक दोनों ही पक्ष साथ–साथ चलते हैं। कुछ लोगों का यह तर्क है कि मूल्य विहीन वास्तविक अर्थशास्त्र असंभव है क्योंकि उनका तर्क है कि जब कभी भी आर्थिक नियमों की व्याख्या की जाती है तो राजनीतिक, सैद्धान्तिक और नैतिक विचार अर्थशास्त्रियों को अवश्य ही प्रभावित करते हैं यद्यपि इस तर्क में दम है । लेकिन ये समझना महत्वपूर्ण है कि विश्लेषण दो प्रकार का होता है ।इनमें से एक विशुद्ध आर्थिक विश्लेषण है और दूसरा आर्दशात्मक परिस्थितियों तक पहुँचने की दृष्टि से किया गया विश्लेषण है और इसलिए आर्दशात्मक परिस्थितियों तक पहुँचने के लिए किये गये निर्णयों का आधार वास्तविक अर्थशास्त्र के अध्ययन ही उपलब्ध होता है । इस प्रकार यह स्पष्ट है कि अर्थशास्त्र वास्तव में एक सकारात्मक विज्ञान है किन्तु आर्दशात्मक निर्णय लिये जाने से इसका किसी प्रकार विरोधाभाष नहीं है और कल्याणवादी राज्य की अवधारणा में जब कल्याणकारी निर्णय लिये जाने की बात होती है तो आर्दशात्मक अर्थशास्त्र स्वाभाविक रूप से प्रविष्ट हो जाता है । अतः अर्थशास्त्र यद्यपि कि वास्तविक विज्ञान है किन्तु इसमें आदर्श पर आधारित निर्णय लिये जाते हैं और इस दृष्टि से आर्दशात्मक विज्ञान के रूप में भी यह स्थापित है।

1.3.5– अर्थशास्त्र का क्षेत्र–

अर्थशास्त्र की सीमाएं क्रमशः विस्तारित हो रही हैं । आज यह केवल वह विषय नहीं रह गया है जो केवल उत्पादन और उपभोग के पक्षों की व्याख्या करे बल्कि ना जाने कितने ही पक्ष जैसे पर्यावरण की चिन्तायें, स्वास्थ्य की चिन्तायें, शहरी विकास के प्रश्न और विकास से जुड़े हुये अन्य पक्ष सभी कुछ अर्थशास्त्र में सम्मिलित हो गये हैं । यद्यपि अभी भी बल इसी बात पर है कि किस तरह उपलब्ध संसाधनों का सर्वोत्कृष्ट तरीके से उपयोग किया जाये जिससे कि अधिकतम संतुष्टि प्राप्त हो या लोगों का अधिकतम कल्याण हो और वह भी वहनीय तरीके से। इस पृष्ठभूमि में अर्थशास्त्र की निम्न शाखायें उभरती हैं–

1. **‘सूक्ष्म अर्थशास्त्र’–** यह आधारभूत अर्थशास्त्र है। सूक्ष्म अर्थशास्त्र को अर्थशास्त्र की वह शाखा माना जा सकता है जो व्यक्तिगत इकाइयों के आर्थिक व्यवहार की व्याख्या करती है । यह व्यक्तिगत इकाई एक व्यक्ति हो सकता है एक परिवार हो सकता है या एक फर्म हो सकती है इस प्रकार सूक्ष्म अर्थशास्त्र में सभी इकाइयों के सम्मिलित व्यवहार के स्थान पर एक इकाई के व्यक्तिगत व्यवहार का अध्ययन किया जाता है। सूक्ष्म अर्थशास्त्र को मूल्य और महत्व का सिद्धान्त, परिवार का सिद्धान्त, फर्म का सिद्धान्त अथवा उद्योग का सिद्धान्त

कहा जाता है। अधिकांश उत्पादन और कल्याण के सिद्धान्त सूक्ष्म अर्थशास्त्र की प्रकृति के होते हैं।

2. **'व्यापक अर्थशास्त्र'**— यह अर्थशास्त्र की वह शाखा है जिसमें किसी एक इकाई का नहीं बल्कि सभी इकाइयों के सम्मिलित व्यवहार का अध्ययन किया जाता है । अतः इसे समूहों के अध्ययन का अर्थशास्त्र कहा जाता है । वस्तुतः यह आर्थिक विश्लेषण की वास्तविक स्थिति है इसमें हम यह अध्ययन करते हैं कि किस तरह सूक्ष्म दरों और समूहों में होने वाले परिवर्तनों के परिणामस्वरूप अर्थशास्त्र संतुलन की स्थिति में पहुॅचती है। 1936 में कीन्स की पुस्तक के प्रकाशन के बाद आधुनिक और व्यापक अर्थशास्त्र के विकास को नई दिशा मिली है।

3. **'अन्तर्राष्ट्रीय अर्थशास्त्र'**— जैसे—जैसे आधुनिक जगत में विभिन्न देशों को दूसरे देशों के साथ व्यापार का महत्व स्पष्ट होता गया । वैसे—वैसे अन्तर्राष्ट्रीय अर्थशास्त्र का महत्व बढ़ता गया है । आज के समय में एक देश से दूसरे देश के बीच व्यापार के प्रश्न अन्तर्राष्ट्रीय अर्थशास्त्र की विषय—वस्तु हैं।

4. **'सार्वजनिक वित्त'**— 1930 की महान मंदी के बाद सरकारों ने यह अनुभव किया कि उन्हें आर्थिक विकास के स्थलीकरण के अतिरिक्त धन का पुनः वितरण इत्यादि के लक्ष्यों पर भी ध्यान देना है । तब लोकवित्त या सार्वजनिक वित्त नामक अर्थशास्त्र की नई शाखा का उदय हुआ । लोकवित्त या वित्तीय अर्थशास्त्र के अन्तर्गत अर्थव्यवस्था में सरकार की भूमिका महत्वपूर्ण होती है दूसरी ओर मुक्त व्यवस्था के अन्तर्गत यह माना गया कि सरकारों की कोई भूमिका नहीं है और आर्थिक तंत्र स्वयं अपने को समायोजित कर लेगा । किन्तु अनुभव से यह सिद्ध हुआ है कि ऐसा नहीं है और इसलिए सरकारों को हस्तक्षेप करना ही होगा इस प्रकार लोकवित्त के नाम से अर्थशास्त्र की यह शाखा प्रचलित हुई।

5. **'विकास का अर्थशास्त्र'**— द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद बहुत से देशों को आजादी मिली और अपने कॉलोनी के स्वरूप से मुक्ति मिली । इसमें इन राष्ट्रों के सामने सबसे बड़ा प्रश्न विकास का था । अतः विकास केन्द्रित अर्थशास्त्र की शाखा का उदय हुआ।

6. **'स्वास्थ्य का अर्थशास्त्र'**— मानव विकास की अवधारणा सामने आने पर यह प्रश्न उठा कि किसी भी देश के नागरिकों का स्वास्थ्य एक महत्वपूर्ण कारक है । अतः स्वास्थ्य का अर्थशास्त्र विकसित हुआ । इसी प्रकार अब शिक्षा का अर्थशास्त्र भी विकसित हो चुका है।

7. **'पर्यावरणीय अर्थशास्त्र'**— बिना पर्यावरण का संरक्षण किये प्राकृतिक संसाधनों का नियमित विदोहन विकास की अवधारणा पर प्रश्न चिन्ह लगा देता है । इसलिए पर्यावरणीय अर्थशास्त्र, अर्थशास्त्र की एक महत्वपूर्ण शाखा के रूप में स्थापित हुआ है क्योंकि बिना इसका अध्ययन किये वहनीय विकास संभव नहीं है।

8. **'शहरी एवं ग्रामीण अर्थशास्त्र'**— आर्थिक उपलब्धियों एवं विकास की अवधारणा के साथ जुड़े हुए पक्षों में स्थान का विशेष महत्व है। स्थान को अन्य स्वरूपों के अतिरिक्त शहरी और ग्रामीण इन दो दृष्टियों से भी देखा जाता है

। क्योंकि हमारे समाज में शहरी और ग्रामीण दोनों ही स्तरों को अर्थशास्त्र अलग–अलग होता है। इसी कारण से अर्थशास्त्र में भी ग्रामीण क्षेत्रों व शहरी क्षेत्रों के लिए अलग–अलग योजनायें बनाई जाती हैं । इन्हीं सब पक्षों को ध्यान में रखते हुए धीरे–धीरे अर्थशास्त्रियों ने अर्थशास्त्र की दो शाखायें बनाई जो वर्तमान समय में स्थापित हैं । अर्थात् ग्रामीण अर्थशास्त्र और शहरी अर्थशास्त्र उक्त के अतिरिक्त भौगोलिक असमानताओं को समझने के लिए क्षेत्रीय अर्थशास्त्र पर भी बल दिया जाता है और यह भी अर्थशास्त्र में एक महत्वपूर्ण विषय है।

उपर्युक्त आठ वर्गीकरणों के अतिरिक्त अर्थशास्त्र की कई शाखायें भी हैं जो अर्थशास्त्र के क्षेत्र को व्याख्यायित करती हैं जैसे कल्याणवादी अर्थशास्त्र, मौद्रिक अर्थशास्त्र, ऊर्जा अर्थशास्त्र, यातायात अर्थशास्त्र, जनांकित अर्थशास्त्र, श्रम अर्थशास्त्र, कृषि अर्थशास्त्र, लैंगिक अर्थशास्त्र, ढांचागत संसाधनों का अर्थशास्त्र, नियोजन का अर्थशास्त्र इत्यादि।

उक्त विवरण से यह सिद्ध होता है कि अर्थशास्त्र एक ऐसा विषय है जो समाज के बदलते स्वरूप के साथ विकसित होता रहा है और इसी कारण से इसकी बहुत सी शाखायें स्थापित हो चुकी हैं।

अर्थशास्त्र की उपयोगिता– अर्थशास्त्र एक प्रायोगिक विज्ञान है । इसका मुख्य महत्व इस बात में है कि यह समाज के आर्थिक जीवन में प्रभावी विभिन्न कारको शक्तियों और तत्वों की समझ विकसित करने में सहायक है। इस दृष्टि से अर्थशास्त्र दो प्रकार से उपयोगी है 'अ– ज्ञान की दृष्टि से और ब–व्यावहारिकता अथवा प्रायोगिकता की दृष्टि से।

अ. ज्ञान की दृष्टि से– बहुत से लोग अर्थशास्त्र इसलिए पसन्द करते हैं कि यह ज्ञान की दृष्टि से बहुत ही तार्किक और वैज्ञानिक विषय है । लोगों को अर्थशास्त्र में प्रयुक्त नियमों के प्राकृतिक स्वरूप अर्थात् उनमें निहित कारण–परिणाम संबंधी तत्व समझने में अच्छा लगता है। ऐसे लोगों के लिए यह महत्वपूर्ण नहीं है कि अर्थशास्त्र समाज की कितनी समस्यायें हल करता है बल्कि इन लोगों के लिए अर्थशास्त्र विषय में अर्न्तनिहित तार्किकताओं का अध्ययन ही उत्सुकता पैदा करता है और इसी कारण से वे इसका अध्ययन करना चाहते हैं । इसे कुछ इस प्रकार से भी कहा जा सकता है जैसे कि कुछ लोगों को संगीत सुनने की आदत होती है । वैसे ही यह भी कहा जा सकता है कि कुछ लोगों को अर्थशास्त्र पढ़ने की आदत होती है । ऐसे लोग यह जानने में गम्भीरता से रूचि लेते हैं कि उत्पादन कैसे होता है उपभोक्ता किस तरह प्रतिक्रिया देते हैं अर्थव्यवस्थायें किस तरह विकसित होती हैं आदि इत्यादि । इन विधाओं में रूचि लेने वाले व्यक्ति अर्थशास्त्र के बन जाते हैं और यह पाया गया है कि ऐसे लोगों के द्वारा अर्थशास्त्र के बहुत से सिद्धान्त विकसित किये गये हैं।

ब. प्रायोगिक दृष्टि से–

प्रायोगिक दृष्टि से अर्थशास्त्र विभिन्न व्यक्तियों के लिए उपयोगी है इनमें से कुछ प्रमुख निम्नवत् हैं–

i- व्यापारियों के लिये– व्यापारियों के लिए अर्थशास्त्र स्वाभाविक रूप से महत्वपूर्ण विषय है । क्योंकि उन्हें अपने विषय से संबंधित निर्णयों को लेने के

लिए आर्थिक तकनीकों की आवश्यकता होती है। इसी प्रकार मांग के पुर्वानुमान के आधार पर किसी व्यवसायी को क्या उत्पादित करना है वह यह निर्णय कर पाता है । ऐसे ही अन्य बहुत से निर्णय हैं जो अर्थशास्त्र के सिद्धान्तों से प्रभावित होते हैं और व्यवसायियों की मदद करते हैं जैसे व्यवसाय के स्थान का चुनाव, व्यवसाय का आकार, उत्पाद मिश्रण, उत्पादन के साधनों का मिश्रण, मूल्यन, वितरण आदि इत्यादि। इन सभी के बारे में निर्णय लेने में अर्थशास्त्र की तकनीकें सहायक होती हैं । व्यवसायी को अपनी लागतों को न्यूनतम करते हुए लाभों को अधिकतम करने की प्रक्रिया में उत्पादन के सिद्धान्तों से सहायता मिलती है। इसी प्रकार अर्थशास्त्र के बहुत से निर्दश (Model) जैसे आवंटन निर्दश, सूची निर्दश, रहतिये का निर्दश इत्यादि। व्यवसाय को प्रभावित करने वाले आंतरिक और बाह्य कारकों का ज्ञान भी व्यवसायी के निर्णयों व उसकी योजनाओं को प्रभावित करता है। उक्त विवरण से यह स्पष्ट है कि व्यवसायियों के लिए अर्थशास्त्र बहुत ही उपयोगी विषय है।

ii- नियोजकों के लिए– नियोजन के कार्य में लगे हुए व्यक्तियों के लिए अर्थशास्त्र का ज्ञान प्रमुख है । आर्थिक विकास के लिए नियोजन एक प्रमुख तकनीक है और इस हेतु आर्थिक समस्यायें और आर्थिक तकनीकी का ज्ञान होने पर ही इन समस्याओं से निपटने के मार्ग खोजे जा सकते हैं । अतः नियोजन की प्रक्रिया से जुड़े हुए व्यक्तियों के लिए यह बहुत आवश्यक है कि तद्संबंधी प्रशासनिक व्यवस्थायें करते समय वह सभी आर्थिक सिद्धान्तों और तकनीकों का प्रयोग करें जिससे कि संबंधित कामों का क्रियान्वयन, इनका परीक्षण और प्रगति का मूल्यांकन नियमित रूप से होता रहे और विकास की प्रक्रिया आगे बढ़ती रहे।

iii- प्रशासकों के लिए– आधुनिक युग में प्रशासकों के लिए सामान्य प्रशासन के अतिरिक्त अर्थशास्त्र का ज्ञान बहुत आवश्यक है क्योंकि अधिकांश आर्थिक समस्यायें आर्थिक कारणों से उत्पन्न होती हैं और इन्हें कम करने के निर्णय आर्थिक ज्ञान में विहित तकनीकों पर आधारित होते हैं । उदाहरण के लिये यदि कोई अर्थव्यवस्था मुद्रास्फीति की चपेट में है तो प्रशासक को यह मालूम होना चाहिये कि कौन से मौद्रिक उपाय (नकद जमा अनुपात से बैंक दर इत्यादि) और कौन से वित्तीय उपाय (उदाहरणार्थ सरकारी व्यय को कम करना इत्यादि) । इसके नियंत्रण के लिए तो अन्य भी ऐसी बहुत सी नीतियां हैं जिनमें सामान्य प्रशासक की सक्रिय भागीदारी होती है । किन्तु ये समस्त प्रक्रियायें अर्थशास्त्र के ज्ञान से स्पष्ट होती हैं जैसे रणनीति आर्थिक नीति, औद्योगिक लाइसेंस नीति, आयात–निर्यात नीति इत्यादि प्रशासकों को इनका ज्ञान होने पर ही वे शासन की नीतियों का सही क्रियान्वयन करते हैं।

iv- सामाजिक कार्यकर्ताओं के लिए– सामाजिक कार्यकर्ताओं को भी अर्थशास्त्र का उपयुक्त ज्ञान होने पर वे सही अर्थों में सफल और सही सामाजिक कार्यकर्ता जाने जाते हैं । क्योंकि यह स्थापित सत्य है कि आर्थिक और सामाजिक परिस्थितियां बहुत निकटता से जुड़ी हुई हैं । सामाजिक पिछड़ापन और आर्थिक पिछड़ापन अधिकांशतः साथ–साथ चलते हैं । पिछड़ेपन के कारणों की जानकारी के लिये अर्थशास्त्र का अध्ययन आवश्यक है और इस

प्रकार के ज्ञान को रखने वाला सामाजिक कार्यकर्ता इसे दूरे करने का उपाय सुझा सकता है । सामाजिक समूहों की रूचि के बहुत से विषय अर्थशास्त्र के अन्तर्गत आते हैं । जैसे क्या सरकारों को रक्षा पर अधिक व्यय करना चाहिये अथवा वे कौन से तरीके हैं जिनसे एकाधिकार पर नियंत्रण प्राप्त किया जा सकता है अथवा क्या सार्वजनिक स्वास्थ्य की सुविधायें निःशुल्क उपलब्ध करायी जायं अथवा सरकारों के व्यय का कौन सा स्वरूप अधिकतम रोजगार का सृजन करेगा अथवा किस तरह मुद्रा की स्फीति को नियंत्रित किया जाय अथवा किस तरह संसाधनों का संरक्षण कर विकास सुनिश्चित किया जाय या पिछड़े क्षेत्रों का विकसित करने के लिए स्थान के चुनाव की नीति क्या हो आदि इत्यादि।

उक्तानुसार यह स्पष्ट है कि सामाजिक कार्यकर्ताओं के लिए भी अर्थशास्त्र का ज्ञान हितकर है।

v- **गृहणियां–** गृहणी के लिये अर्थशास्त्र बहुत ही उपयोगी है क्योंकि गृहणी सामान्यतः परिवार के व्यय का प्रबंधन करती हैं और दैनिन्दन आवश्यकता की वस्तुओं का क्रय करने के लिए उसका निर्णय महत्वपूर्ण होता है । वह पारिवारिक आय का इस प्रकार वितरण सुनिश्चित करती है जिससे परिवार की आवश्यकतायें भी पूरी हों और परिवार का अधिकतम कल्याण हो । अतः यदि गृहणी ने अर्थशास्त्र का अध्ययन किया है तो वह बहुत सी परिस्थितियों में उपयुक्त निर्णय लेकर पारिवारिक समस्याओं का समाधान खोज सकती है जैसे किसी फसल के सीजन में कम मूल्य होने पर उस खाद्य सामग्री का अधिकतम भण्डारण कर बाद में बढ़ने वाली कीमतों के प्रभाव से परिवार को बचाना । यद्यपि कि अर्थशास्त्र की गहन तकनीकों का प्रयोग प्रत्यक्ष रूप से नहीं किया जाता है । किन्तु विषय की सामान्य समझ गृहणी को यह विवेक प्रदान करती है कि वह परिवार के कल्याण के लिए सर्वोत्तम निर्णय ले सके।

अतः हम यह पाते हैं कि अर्थशास्त्र जीवन के लगभग प्रत्येक क्षेत्र को स्पर्श करता है और बिना इस विषय का अध्ययन किये कोई भी व्यक्ति न तो अर्थव्यवस्था को समझ सकता है न ही अर्थव्यवस्था की कार्यप्रणाली को समझ सकता है और न ही व्यक्तियों या समूहों के निर्णय को समझ सकता है। यह विषय प्रत्येक देश के द्वारा अनुभव की जारी आर्थिक समस्याओं के संबंध में गहरी समझ प्रदान करता है। सूक्ष्म स्तर पर यह उन प्रश्नों और समस्याओं का उत्तर उपलब्ध कराता है जो व्यापक स्तर पर अर्थशास्त्र की समझ को विकसित करते हैं।

वास्तविकता यह है कि बिना अर्थशास्त्र के ज्ञान के हम अपने जीवन के बहुत से आधारभूत निर्णय तार्किक रूप से नहीं ले सकते हैं । जैसे कौन सा विषय पढ़ा जाय, कौन सी संस्था में अध्ययन किया जाय, नौकरी के लिये कौन सा क्षेत्र सर्वोत्तम है, वेतन से आय होने पर आय को किस तरह निवेशित किया जाय, किस तरह आयकर के प्रावधानों का लाभ उठाया जाय और किस तरह की योजनायें अपनाकर सेवानिवृत्ति के बाद के जीवन को सुखी और निश्चिंत बनाया जाय अर्थात् केवल वह व्यक्ति ही उक्त सभी निर्णय तार्किक रूप से ले सकता है जिसे अर्थशास्त्र की आधारभूत समझ होगी।

उक्त विवरण से यह स्पष्ट होता है कि अर्थशास्त्र कितना महत्वपूर्ण विषय है।

1.4 सारांश

अर्थशास्त्र प्रत्यक्ष रूप से अर्थव्यवस्था का अध्ययन है इसके अन्तर्गत अर्थव्यवस्था में संयोजन की प्रक्रिया, दुर्लभता के प्रभावों का अध्ययन, चुनाव के विज्ञान का अध्ययन और मानव व्यवहार का अध्ययन किया जाता है।

एडम स्मिथ ने अर्थशास्त्र को धन की प्रकृति एवं कारणों की खोज कहकर संबोधित किया किन्तु इस विचार की कालांतर में बहुत आलोचना हुई दूसरी ओर पुराने सभी अर्थशास्त्रियों ने अर्थशास्त्र को भौतिक धन तक सीमित करते हुए अर्थशास्त्र के क्षेत्र को संकुचित कर दिया किन्तु वास्तव में अर्थशास्त्र दुर्लभता की समस्या के कारण उत्पन्न होता है और चुनाव की प्रक्रिया के दौरान मानव व्यवहार का अध्ययन अर्थशास्त्र की विषय–वस्तु है। अर्थशास्त्र को कला एवं विज्ञान दोनों ही कहा जाता है क्योंकि यह दोनों के लिए आवश्यक मानकों को पूरा करता है अर्थशास्त्र का अध्ययन दो रूपों में किया जाता है । अर्थशास्त्र सकारात्मक विज्ञान के रूप में और आदर्शात्मक विज्ञान के रूप में किन्तु वास्तव में अर्थशास्त्र सकारात्मक विज्ञान ही है । क्योंकि जो आदर्श है वह भविष्य की संकल्पना की ओर इंगित करता है । जबकि इस विषय में व्यापत स्थिति का वास्तविक अध्ययन किया जाता है । क्योंकि अर्थशास्त्र में यह निर्णय नहीं दिया जाता कि क्या अच्छा है क्या बुरा जो है उसका अध्ययन किया जाता है । किन्तु यह भी सत्य है कि आदर्शात्मक प्रश्न अर्थशास्त्र की दिशा निर्धारित करते हैं।

अर्थशास्त्र के क्षेत्र में सूक्ष्म अर्थशास्त्र, व्यापक अर्थशास्त्र, अन्तर्राष्ट्रीय अर्थशास्त्र, सार्वजनिक वित्त, विकास का अर्थशास्त्र, स्वास्थ्य का अर्थशास्त्र, पर्यावरण का अर्थशास्त्र, क्षेत्रीय अर्थशास्त्र और ग्रामीण व शहरी अर्थशास्त्र आते हैं।

अर्थशास्त्र एक प्रायोगिक विज्ञान है इसका प्रमुख महत्व इस बात में निहित है कि यह समाज में कार्यरत् आर्थिक शक्तियों के व्यवहार का आधारभूत ज्ञान उपलब्ध कराता है। यह विषय ज्ञान की दृष्टि से और व्यवहारिक दृष्टि से बहुत पक्षों के लिये उपयोगी है । इनमें प्रमुख रूप से व्यवसायी, नीति नियामक, प्रशासनिक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गृहणियां सम्मिलित हैं।

1.5 शब्दावली

वैकल्पिक उपयोग: वैकल्पिक उपयोग से आशय है कि संसाधन वैकल्पिक उपयोग करने में सक्षम हैं ।

जीवन का समान्य व्यवसाय: जीवन के समान्य व्यवसाय से आशय है कि एक व्यक्ति अपनी आय कैसे कमाता है और वह इसे कैसे खर्च करता है ।

सकारात्मक अर्थशास्त्र: बिना कोई निर्णय लिए कि क्या परिणाम अच्छे या बुरे हैं आर्थिक प्रणाली के व्यवहार और संचालन को समझने का प्रयास करता है।

नियामक अर्थशास्त्र: इसमें कार्यवाई की योजना के निर्णय और निर्देश शामिल हैं ।

1.6 बोध प्रश्न

रिक्त स्थान भरें:

(ए) अर्थशास्त्र की आर्थिक कल्याण की परिभाषा .... द्वारा दी गई है।

(बी) .... अर्थशास्त्र को इस प्रकार से परिभाषित करता है कि "वह विज्ञान जो मानव व्यवहार का अध्ययन साध्य और दुर्लभ साधन जिनके वैकल्पिक उपयोग हैं के मध्य संबंध के रूप में करता है।"

(सी) .... को अर्थशास्त्र विश्लेषण की उस शाखा के रूप में परिभाषित किया जा सकता है जो किसी एक विशेष इकाई के व्यवहार का अध्ययन नहीं करता है, बल्कि सभी इकाइयों का एक साथ अध्ययन करता है।

(डी) ....अर्थशास्त्र बिना कोई निर्णय लिए कि क्या परिणाम अच्छे या बुरे हैं, आर्थिक प्रणाली के व्यवहार और संचालन को समझने का प्रयास करता है ।

1.7 बोध प्रश्नों के उत्तर

(ए) अल्फ्रेड मार्शल, (बी) रॉबिंस, (सी) समष्टि अर्थशास्त्र, (डी) सकारात्मक अर्थशास्त्र

1.8 स्वपरख प्रश्न

1. विभिन्न अर्थशास्त्रियों ने एक समय अवधि के दौरान अर्थशास्त्र को कैसे परिभाषित किया है? व्याख्या कीजिए ।
2. अर्थशास्त्र की प्रविधि की व्याख्या कीजिए ।
3. अर्थशास्त्र के लक्ष्यों और क्षेत्र का वर्णन कीजिए।
4. विभिन्न व्यक्तियों के लिए अर्थशास्त्र की उपयोगिता क्या है?

1.9 सन्दर्भ पुस्तकें

1. H.S.Agarwal, Microeconomic Theory', (2008) Seventh Edition, Ane's Student Edition.
2. Hajela, T.N., (2009), Macroeconomic theory', 10th Edition, Ane Book Pvt. Ltd. New Delhi.
3. Deepashree & Vanita Agarwal,'Macroeconomics', Ane Book Pvt Ltd. New Delhi.
4. Errol D'Souza, ' Macroeconomics', (2008), Pearson Education, New Delhi.
5. S.P.Singh, 'Managerial Economics', AITBS, New Delhi.
6. Sampat Mukherjee, Principles of Macroeconomics, (2009), New Central Book Agency, New Delhi.
7. D.D.Tewari & Kartar Singh,'Principles of Microeconomics, (1996), New age publishers, New Delhi.

इकाई 2 अर्थव्यवस्था की आधारभूत समस्याएं

इकाई की रूपरेखा

2.1 प्रस्तावना

2.2 अवसंरचना

2.3 यातायात व्यवस्था

 2.3.1 रेलवे

 2.3.2 सड़क नेटवर्क

 2.3.3 हवाई यातायात

 2.3.4 उर्जा क्षेत्र

 2.3.5 मुख्यक्षेत्र तथा अवसंरचना सेवाओं में वृद्धि

2.4 बेरोजगारी

2.5 शिक्षा का स्तर

2.6 भारत में गरीबी

2.7 क्षेत्रीय विषमता

2.8 धनी और गरीब के बीच बढ़ती खाई

2.9 भुगतान शेष की असंस्थिति

2.10 मुद्रा स्फीति

2.11 सारांश

2.12 शब्दावली

2.13 बोध प्रश्न

2.14 बोध प्रश्नों के उत्तर

2.15 स्वपरख प्रश्न

2.16 सन्दर्भ पुस्तकें

उद्देश्य

इस इकाई के अध्ययन के पश्चात आप इस योग्य हो सकेंगे कि –

- अवसंरचना की समस्या का वर्णन कर सकें।
- बेरोजगारी की समस्या का वर्णन कर सकें।
- अशिक्षा की समस्या का वर्णन कर सकें।
- धनी और गरीब के बीच बढ़ती खाई की समस्या का वर्णन कर सकें।

2.1 प्रस्तावना

सभी अर्थव्यवस्थाएं विकास के चाहे जिस स्तर पर हो, कुछ मूलभूत आर्थिक समस्याओं का सामना करती है, पर समस्याओं की प्रकृति तथा गहनता अलग–अलग स्तर में अलग होती है। उन देशों की आर्थिक समस्याएं जो विकसित स्थिति में हैं, अल्पविकसित देशों से अलग हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था जो विकासशील अवस्था में हैं, स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् विकास पथ पर काफी आगे बढ़ा है, पर एक विचित्र तरह की समस्या से ग्रस्त हैं। पिछले साठ वर्षों मे भारत ने खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल की है, उद्योगों का एक मजबूत आधार स्थापित किया है तथा निवेशकों के लिए एक आकर्षण के केन्द्र कं रूप में उभरा है। अर्थव्यवस्था की मजबूत, आधार देश को संयुक्त

राज्य अमेरिका सब प्राईम सकंट, यूरोपियन संकट तथा ग्रीस के संकट जैसे बड़े आर्थिक संकट को वहन करने में सहायता प्रदान किया। लेकिन साथ हीं साथ भारतीय अर्थव्यवस्था रोगों से मूक्त नहीं है। यह कुछ आधारभूत आर्थिक संकटों से जूझ रहा है। जिसमें शहरों की गलत योजना, अवसंरचना की कमी जो औद्योगिक विकास को बढ़ाते हैं एवं अधि मात्रा में अकुशल तथा अशिक्षित कार्यबल विदेशी मुद्रा पर अत्याधिक निर्भरता, प्रगति तथा विकास के लिए कमजोर राजनैतिक इच्छा शक्ति लालफीता शाही एवं कार्यान्वित सामाजिक कल्याण योजनाएं, धनी एवं गरीब के बीच बढ़ती खाई आदि। निम्नांकित वाक्याशों में देश द्वारा सामना की जा रही समस्याओं की चर्चा की जायेगी।

2.2 अवसंरचना

किसी देश में अवसंरचना की महता, मकान के नींव के समान है। जिस प्रकार नींव मजबूत होने पर मकान भी मजबूत होता है और उसकी उंचाई बढ़ने की उम्मीद रहती है। संरचना में यातायात, कृषि, जल प्रबंधन, दूर संचार, औद्योगिक एवं वाणिज्यिक विकास, उर्जा, पेट्रोलियम तथा प्राकृतिक गैस, घर तथा अन्य घटक जैसे खनन, आपदा प्रबंधन सेवायें और तकनीक संबंधित संरचना शामिल हैं। अपने देश में भूत में संरचनात्मक विकास के लिए अत्यधिक संसाधन के साथ बड़े प्रयास किये है, जिसके परिणामस्वरूपम संरचनत्मक आधार में ठोस विकास हुआ है। लेकिन सही योजना का आभाव एवं संरचनात्मक विकास की योजनाओं का खराब क्रियान्वयन के कारण देशे के संरचनात्मक विकास में संतोषजनक प्रगति नहीं हुई है। विभिन्न प्रकार की संरचना तथा उससे संबंधित समस्याओं का विस्तृत विवरण नीचे दिया जा रहा है।

2.3 यातायात व्यवस्था

यातायात अर्थव्यवस्था की एक महत्वपूर्ण जरूरत हैं। भारत में यातायात क्षेत्र की प्रगति की विशेषताओं को निम्नवत् संक्षेपित किया गया हैः

1. भारत जो 1950 क दशक में रेल प्रधान अर्थव्यवस्था हुआ करती थी, आज सड़क प्रधान अर्थव्यवस्था बन गई है। सड़क यातायात आज कुल अंतरशहरी माल ढुलाई का 60 प्रतिशत से अधिक तथा यात्री यातायात क 80 प्रतिशत से अधिक का योगदान दे रहा है।
2. इसी समयावधि में रेल माल ढुलाई प्रधान यातायात से यात्री यातायात प्रधान बन गया है।

   निम्नांकित वाक्यांश यातायात के विभिन्न तरीके तथा उनकी समस्याओं का विवरण प्रस्तुत कर रहा है।

2.3.1 रेलवे

भारतीय रेल देश में यातायात का एक प्रमुख स्त्रोत हैं, जिसे एशिया का प्रथम तथा दूनिया का दूसरा रेल जाल होने का गौरव प्राप्त है, जो एक प्रबंधन व्यवस्था में है। रूट की लम्बाई के हिसाब से भारतीय रेलवे व्यवस्था दूनिया की चौथी बड़ी व्यवस्था हैं, यू. एस. ए., रूस, तथा चीन ही केवल भारत से आगे हैं। भारतीय रेल का जाल 63,273 किलोमीटर में कार्य करते हुए प्रतिदिन 11,000 रेलगाड़ी संचालित करता है। जिसमें से 7000 यात्री गाड़ियां

13 मिलियन लोगों को उनक गणतव्य तक पंहुचाता है। भारतीय रेल आर्थिक विकास को तेज करने में अहम भूमिका निभाया है तथा आज भी यह अर्थव्यवस्था के विकास के रूप में अहम हिस्सा बना हुआ है। निकट भूत में भारतीय रेल का तेज गति से विकास हुआ है, बहुत अधिक मात्रा में वैसे रेलवे लाईन को बदल दिया गया है जिनका जीवन काल समाप्त हो गया तथा साथ हीं उनके स्थान पर नये विजली लाईन, भाप तथा डीजल इंजन के स्थान पर विद्युत इंजन में बदलना, रेलगाड़ी एवं प्लेटफॉर्म पर यात्री सुविधाओं में वृद्धि, दिल्ली मेट्रो रेल की सुविधा भारतीय रेल व्यवस्था को और भी चमकदार बनाता है। यात्री सूरक्षा पर भी विशेष बल दिया गया है पर भारतीय रेल को दूनिया का सबंसे अच्छा रेलवे व्यवस्था बनने के लिए लम्बी दूरी तय करना है। कुछ चिन्ताजनक समस्याओं में, पुराने रेलवे लाइन, पहियों की खराब स्थिति, बिना टिकट यात्रा, रेलवे हादसा, रेलवे पर नक्सलियों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में आक्रमण, आधूनिक प्रबंधन का आभाव तकनीकी, प्रतिस्थापन की समस्या, रेल लाईन दोहरीकरण की समस्या, रेल में भीड़ की समस्या आदि इनमें से कुछ है।

रेलवे विकास की समस्या

रेलवे की आधारभूत समस्याओं की चर्चा निम्नांकित बिन्दुओं में की जा सकती है:

(i) **अप्रर्याप्त नेटवर्क तथा संरचनात्मक क्षमताः** 1950–51 से 2007–08 की समयाविधि में रेलवे रूट में 18% की तथा रेलवे लाईन में 11% की वृद्धि हुई है, जबकि माल ढूलाई तथा यात्रियों की संख्या में 12% तथा 11% की क्रमशः वृद्धि दर्ज की गई है।

(ii) **गिरती बाजार हिस्सेदारीः** भारतीय रेल सड़क यातायात से कड़ी प्रतिस्पर्धा कर रहा है। रेलवे के स्वेत पत्र के अनुसार रेल यातायात का बाजार में हिस्सेदारी 89%, 1950–51 से घटकर 2007–08 में 30% हो गया है। फिर भी भारी वस्तुओं जैसे, लौह अयस्क, रासायनिक खाद आदि की ढूलाई में अपनी प्रधानता बनाये हुये है। रेलवे प्रतिस्पर्धा प्रशुल्क पर बेहतर सेवा प्रदान करने के लिए केन्द्रीत रणनीति अपनाना होगा।

(iii) **सलीब आर्थिक साहायताः** भारत में माल ढुलाई की दर कम यात्री किराया दर को तिर्यक सहायता प्रदान करती है। यात्री किराया कें दर इतनी कम है कि यात्री गाड़ियों का संचालन में रेलवे को नुकसान उठाना पड़ता है। यानि संचालन में हानि की मात्रा 2008–09 में 13958 करोड़ के बराबर थी। इस हानि की भरपाई के लिए भारतीय रेल माल ढूलाई की दर को बढ़ाता है, जिसके कारण वस्तुओं की कीमतें बढ़ जाती है और अर्थव्यवस्था पर अवस्फीतिक दबाव बनाती है।

(iv) **कोष तथा लागत से अधिक खर्च की समस्याः** नये प्रयोजनाओं को शुरू मरने का सत्त दबाव, ज्यादातर नये रेलवे लाईन बनाने के लिए अत्याधिक कोष की आवश्यकता होती हैं, पर इनमें ज्यादातर प्रयोजनाएं कोष की कमी के कारण आवश्यक समय पर पूरी नहीं होती है जिसके कारण लागत में और वृद्धि होती है और प्रयोजना का वित्तीय प्रबंधन मुश्किल हो जाता है।

(v) **पुरानी तकनीकः** विद्युत तथा डीजल दोनों में ही भारतीय रेल पुरानी तकनीक की समस्या से जूझ रहा है। भारतीय रेल के लिए यह आवश्यक है कि अपने जरूरत के अनुसार तकनीकी का विकास करे जो भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए उपयुक्त हो ना कि बाहर से आयातित तकनीकि पर निर्भर रहे।

भारतीय रेल के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती 19,000 किलो मीटर से ज्यादा उंच घनत्व वाले पटरियों को पूर्णनवा करने की है, जो सभी प्रमुख बंदरगाहों तथा चार महानगरों को जोड़ता है, जो 64000 किलोमीटर दूरी के कुल पटरी में 80% यातायात के दबाव का वहन करता है। इसके अलावा 1,28,000 रेल पूलों में से 11.250 रेलवे पूल को अधिक यातायात दबाव तथा गति को वहन करने लायक बनाना है। अभी हाल मे ही दो समीतियां जो रेलवे के पुर्न उत्थान के लिए अगले पांच वर्ष में 6,60,000 करोड़ निवेश करने की आवश्यकता है। रेलवे सुरक्षा के लिए बनी अनील काकोदकर समिति की संस्तुती है कि अगले पांच वर्ष में 1,00,000 करोड़ निवेश होना चाहिए। रेलवे आधुनिकीकरण के लिए बनी सैम पिदोद्वा पैनल ने इसी समय अन्तराल में निवेश को 5,60,000 करोड़ करने की संस्तुति की है। भारत में रेलवे राष्ट्र जीवन रेखा है तथा यातायात व्यवस्था की रीढ़ है।

2.3.2 सड़क यातायात तन्त्र

रेलवे के बाद भारत में यातायात का दूसरा सबसे महत्वपूर्ण माध्यम सड़क यातायात है। ये देश के लगभग 90 प्रतिशत यात्री यातायात तथा 65 प्रतिशत माल ढूलाई के दबाव का वहन करता है। भारत मे राजमार्गों का घनत्व 0.66 किमी. प्रति 59 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल के बराबर है, जो लगभग संयुक्त राज्य अमेरिका (0.65) के बराबर है। भारतीय राजमार्ग का घनत्व चीन (0.16) तथा ब्राजील (0.20) से अधिक है। जबकि, भारत में सड़क मार्ग यातायात के सबसे पसंदीदा यातायात व्यवस्था हैं, फिर भी इसकी क्षमता समाज के जरूरतों को पूरा करने लायक नहीं है। 1990 के बाद से भारत में सड़क मार्ग की लम्बाई तथा गुणवता में अत्याधिक प्रगति हुआं है। परन्तु अभी भी यह कई तरह की समस्याओं जैसे ज्यादातर राष्ट्रीय राजमार्ग या दो एकल पथ या दोहरी पथ है, जो आवश्यक क्षमता होने चाहिए, से कम है। भारत का लगभग एक चौथाई सड़क राजमार्ग जाम रिकरेंट, गति को 30–40 किमी/घंटा कम काम करता है। भारतीय सड़क मार्ग पर जाम, गाड़ियों की इंधन उपयोग क्षमता को कम कर देता है, गाड़ियों को नुकसान पहुंचाता है साथ हीं पर्यावरण को भी प्रभावित करता है। सड़क यातायात एवं राष्ट्रीय राज मार्ग मंत्रालय के अनुसार लगभग 22 प्रतिशत राष्ट्रीय राजमार्ग या तो एकल पथ/माध्यमिक पथ के हैं जबकि लगभग 53 प्रतिशत दोहरे पथ के तथा लगभग 25 प्रतिशत है तथा उनका रख रखाव अल्प वितीयन के अन्तर्गत है जिसके परिणाम स्वरूप केवल एक–तिहाई रख रखाव की जरूरतों को पूरा किया जा रहा है। इसके कारण सड़कों की स्थिति खराब हो रही है तथा उपभोक्ताओं को अधिक यातायात खर्च वहन करना पड़ रहा है। भारत में सड़क यातायात आठवीं सबसे अधिक सड़क अनिवार्यता दर रखता है। जहां

तक ग्रामीण क्षेत्रों का सड़क मार्ग से संबंध है। भारत का लगभग का लगभग 70 प्रतिशत जनसंख्या ग्रामीण क्षेत्र में निवास करती है। भारत में ग्रामीण सड़क मार्गों का विकास हुआ है, लेकिन आज भी लगभग 40 प्रतिशत भारतीय गांव बारिश के मौसम में अलग–थलग पड़ जाते हैं, क्योंकि वे पक्की सड़कों से जूड़े नहीं हैं। यह समस्या उतर तथा उतर पूर्व के राज्यों में अत्याधिक विकट है, जो देश के प्रमुख आर्थिक केन्द्रों से सही सड़क मार्ग से नहीं जुड़े है। इससे भी महत्वपूर्ण है कि जहां भी सड़क मार्गों का विकास हो रहा है, वह निजि तथा सार्वजनिक साझेदारी मॉडल है, जो निजि क्षेत्र को टोल वसुलने की अनुमति देता है। जो अत्याधिक टोल शुल्क, वसुलते हैं, कुछ तो कार्य शुरू होने के पहले से वसूलना शुरू करते हैं और कुल निवेश तथा लाभ पूरा होने के पश्चात् भी वसूलते रहते हैं।

2.3.3 वायु यातायात तंत्र

रेलवे तथा सड़क यातायात के अलावा, नागरिक उड्डयन भी आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है, विशेषतः आज के वैश्विक संसार में, सरकार द्वारा वायु यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने में 1991 के सुधार के बाद से काफी प्रयास किया गया है। इन्दिरा गांधी हवाई अड्डा का उन्नयन कोलकता तथा चेन्नई हवाई अड्डे का उन्नयन, साथ हीं साथ नये सात्रिक का निर्माण आदि प्रगति पर है। अन्य नॉन मेट्रो 18 हवाई अड्डे विभिन्न उन्नयन कार्य जैसे सात्रिक भवनों का विस्तार एप्रन, टैक्सी के रास्ते और हवाईपूल का निर्माण शुरू किया गया है, वायु यातायात सेवा को बढ़ावा देने के लिए भारतीय विमानपतन् प्राधिकरण ने नया ए.टी.एस. ऑदोमेसन व्यवस्था चेन्नई में शुरू किया है। सरकार ने भारतीय विमानपतन् प्राधिकरण को 378.0 करोड़ रू. का एकमूश्त ग्रांट–इन–एड जी.पी.एस. एडेड जी.ई.ओ. ऑगमेंटेंड नेवीगेशन (GAGAN) प्रायोजना को दिया है। इन्दिरा गांधी हवाई अड्डा दिल्ली को वर्तमान काग्रो टर्मिनल के उन्नयन तथा ग्रीनफील्ड काग्रों टर्मिनल के निर्माण को शुरू किया गया है। मुबंई हवाई अडडे् पर विमानपतन् विकास प्रयोजना के साथ रनवे का उन्नयन 09/27 पूरा हो चुका है। बढ़ते हुए यातायात दबाव को पूरा करने के लिए टर्मिनल भवन का विस्तार तथ एप्रोन के कार्य को बैंगलो हवाई अड्डे पर शुरू किया गया है। सरकार ने सिद्धांतः पूडूचेरी के कारीकाल तथा महाराष्ट्र के श्रीडी में ग्रीनफील्ड हवाई अडड्ा बनाने की अनुमति दे दी है।

भारत में वायु यातायात आज तेजी से बढ़ रहा है, और पिछले सात साल में 18.5% की औसत वृद्धि दर दर्ज किया है। भारतीय विमान पत्तन द्वारा 90.5 मिलियन घरेलू यात्री को जनवरी– नवम्बर 2010 में सूविधा प्रदान की गई, जो जनवरी–नवम्बर 2011 में बढ़कर 108.1 मिलियन हो गया, जो 19.4% की वृद्धि प्रदर्शित करता हैं। भारतीय हवाई अड्डों द्वारा अर्न्तराष्ट्रीय यात्री तथा सामान यातायात के प्रबंधन में जनवरी नवम्बर 2011 में 7.7% की वृद्धि हुई है, जिसमें 33.6 मिलियन यात्री और 1.4 मिलियन मैट्रिक टन काग्रों का परिवहन हुआ है। घरेलू समान ढुलाई जनवरी–नवम्बर 2011 तक 0.75 मैट्रिक टन रहा है, जो पिछले वर्ष के बराबर था।

सारणी 2.1: यातायात क्षेत्र के आंकड़े

मदें	इकाई	2009 के अनुसार
सड़क की लम्बाई	**Km.**	**3,516,452**
मुख्य सड़क	Km.	666,452
खड़ौजा सड़क	%	47.3
पक्का सड़क	%	61
सड़क घनत्व	km/1,000 sq. km.	1115
रेलवे पटरी की लम्बाई	***Km.***	***63,327***
बंदरगाह की संख्या		***199***
बदलने में लगा समय	दिन	3
विमानपत्तन्		***125***
अर्न्तराष्ट्रीय		11

2.3.4 उर्जा क्षेत्र

उर्जा किसी देश के आर्थिक विकास की रीढ़ होती है। किसी देश को कृषि विकास, विनिर्माण क्षेत्र तथा यहां तक सेवा क्षेत्र का विकास भी उर्जा उद्योग की क्षमता पर निर्भर करता है। भारत विश्व में उर्जा सृजन की क्षमता वाला पांचवा सबसे बड़ा देश है, जिसकी स्थापित क्षमता 30 सितम्बर 2009 तक 152 वॉट जौ वैश्वीक उर्जा सृजन का 4 प्रतिशत था। विश्व के चार प्रमुख देश यू. एस. ए., जापान, चीन, रूस वैश्वीक उर्जा सृजन को लगभग आधे का उपयोग करते हैं। भारत में 2008–09 में औसत प्रतिव्यक्ति विद्युत की खपत 704 किलोवॉट प्रतिघंटा अनुमानित की गई है, जबकि वैश्वीक औसत 2300 किलोवाट प्रतिघंटा हैं। इसके अलावा भारत में बिजली कटौती दैनिक प्रकृति है जिससे विकसित स्थान दिल्ली, मुबंई, चेन्नई, बैंगलोर भी अछूते नहीं है। भारत में कोई भी सम्मानित व्यापार या कारखाना के लिए डीजल जेनेरेटर विद्युत कटौती के समय सत्त विद्युत आपूर्ति के लिए अनिवार्य है। कटौती कुछ समय तक हीं सीमित नहीं हैं बल्कि घंटो तक कभी–कभी तो कई घंटों तक कई जगहों पर अंधेरा बना रहता है। औद्योगिक मशीन तथा संगणक के चलाने के अलावा कार्यलय के कार्य हेतु भी वातानुकूलित मशीन की इस प्रचण्ड गर्मी वाले देश में आवश्यक हैं। साथ हीं सेवा उपलब्ध कराने वालों को उर्जा की वैकल्पिक व्यवस्था करना अनिवार्य है।

किसी अच्छे होटल में लोग सबसे पहले जेनेरेटर की उपलब्धता को जांचते हैं, लेकिन यह आवश्यकता भारत में निर्माण तथा क्रियान्वयन लागत में वृद्धि कर देता है। क्योंकि सरकार संरचानत्मक लागत को निवेशकों की तरफ पास कर देती है, जिससे जेनेरेटर लागत सम्मिलित है। कुछ औद्योगिक पार्क तथा शोध पार्क सतत् उर्जा प्रदान करते हैं, जो छोटे कम्पनियों के लिए बड़ा पर्क का काम करती है, क्योंकि इसके रख रखाव पर लागत पर्क के लिए कम्पनी को कुछ प्रिमियम देना होता है। जो बड़े कारखानों के लिए उचित नहीं है। भारत में जेनेरेटर के साथ कैसे कार्य करना है, तथा कारखाने के स्थान पर जेनेरेटर मैकेनिक कैसे उपलब्ध हो भारत में कारखाने या कार्यालय खोलने के लिए आवश्यक है।

भारत सरकार राष्ट्रीय पावर ग्रीड का अन्नयन के लिए प्रतिबंध है। अतंतः मुद्रा केवल कुछ उत्पादन तक सीमित नहीं हैं पर उन्नत प्रबंधन, जो वर्तमान में हाई टेक कारखाना तथा निवास क्षेत्र एक जैसे प्रभावित है।

2.3.5 मुख्यक्षेत्र तथा अवसंरचना सेवाओं में वृद्धि

भारत में मुख्य क्षेत्र के उद्योग तथा संरचात्मक सेवा का विकास संतोषजनक नहीं है। बहुत सारी समस्यायें हैं जो इस क्षेत्र के विकास में बाधा का कार्य कर रहें है। उदाहरण स्वरूप उर्जा क्षेत्र कोयले की अनुपलब्धता, अन्य मुख्य उद्योग एवं उचित मात्रा में उर्जा की अनुपलब्धता से ग्रसित हैं। सारणी 2. 2 मुख्य क्षेत्र में वृद्धि तथा संरचनात्मक सेवा में साल के वृद्वि के आंकड़े प्रस्तुत किये जा रहे हैं।

सारणी 2.2: मुख्य उद्योगों में वृद्धि तथा संरचनात्मक सेवायें (प्रतिशत में)

कम संख्या	क्षेत्र	2007–08	2008–09	2009–10	2010–11	2011–12 (अप्रैल–दिस.)
1.	उर्जा	6.3	2.5	6.8	5.7	9.3
2.	कोयला	6.0	8.2	8.0	0.0	–2.7
3.	विनिर्मित स्टील	6.8	13.2	3.2	9.6	5.7
4.	खाद्य	–8.6	–2.6	13.2	1.0	–0.5
5.	सीमेंट	7.8	7.6	10.1	4.3	5.1
6.	पेट्रोलियम					
	(क) क्रूड तेल	0.4	–1.8	0.5	11.9	1.9
	(ख) रिफाइनरी	6.5	3.0	–0.4	3.0	4.1
	(ग) प्राकृतिक गैस	2.1	1.4	44.8	9.9	–8.8
7.	रेलवे राजस्व, आय, स्त्रोत यातायात	9.0	4.9	6.6	3.8	4.7
8.	महत्वपूर्ण बंदरगाह पर कारगो प्रबंधन	12.0	2.2	5.7	1.6	0.4
9.	नागरिक उड्डयन					
	(क) निर्यात कार्गो पबंधन	7.5	3.4	10.4	13.4	–1.1
	(ख) आयात कार्गो प्रबंधन	19.7	–5.7	7.9	20.6	1.4

	(ग) अंर्तराष्ट्रीय टर्मिनल पर यात्री प्रबंधन	11.9	3.8	5.7	11.5	7.2
	(घ) यात्री घरेलू सिरा का प्रबंधन	20.6	−12.1	14.5	16.1	17.5
10.	दूर संचार					
	सेल फोन कनेक्शन	38.3	80.9	47.3	18.0	−51.0
11.	सड़क उच्च मार्गों का उन्नयन*					
	(क) एन.एच. ए.आई.	164.6	30.9	214	−33.3	8.9
	(ख) एन.एच. (ओ) बी.आर. डी.बी.	12.5	17.3	4.0	−6.8	−36.5

स्त्रोतः सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कियान्वयन मंत्रालय (MOSPI)

* यह दो मार्गों एवं चार में चौड़ीकरण तथा कमजोर सड़क की मरम्मत को समाहित करता है।

नोटः एन.एच.(ओ) अर्थात राष्ट्रीय उच्च मार्ग संगठन और बी.आर.डी.बी. (सीमा सूरक्षा विकास बोर्ड)।

2.4 बेरोजगारी

बेरोजगारी से आशय वे लोग जो काम करने योग्य हैं तथा काम करने को इच्छुक हैं पर बिना रोजगार के हैं। केन्ज के अनुसार, विकसित अर्थव्यवस्थाओं में बेरोजगारी का कारण प्रभावी मांग का न होना है, जबकि भारत जैसे विकासशील देशों में इसका कारण विल्कुल अलग है। विकासशील देशों में बेरोजगारी और महंगाई एक साथ चलती है। नीचे के सारणी में प्रतिशत के रूप में आंकडें पिछले नौ साल में भारतीय युवाओं की बेरोजगारी के आंकड़े प्रदर्शित कर रहें हैं:

सारणी में दिये गये आंकड़े अमेरिका के केन्द्रीय खूफिया विभाग के वेबसाईट से लिया गया है। यह आंकड़े सूचित करते हैं कि भारत में बेरोजगारी की समस्या हमेशा से संकंटपूर्ण रहा है। जो 10 प्रतिशत के बरीब पूरे साल रहता है। 2009 तथा 2010 में बेरोजगारी और भी नाजूक हो गई क्योंकि यह 10 प्रतिशत से उपर चला गया था।

वर्ष	बेरोजगार युवा का प्रतिशत
2002	8.8
2003	9.5
2004	9.2
2005	8.9

2006	7.8
2007	7.2
2008	6.8
2009	10.7
2010	10.8

स्त्रोतः सी.आई.ए. विश्व फैक्टबूक

श्रम ब्यूरो के सर्वेक्षण के अनुसार 2010 में कुल बेरोजगार युवाओं की संख्या 40 मिलियन था। पुरूषों की बेरोजगारी 8 प्रतिशत तथा महिला युवतियों की बेरोजगारी 14.6 प्रतिशत विद्यमान है। मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) जा जो सरकार प्रत्येक वर्ष 100 दिन की रोजगार देने की गारंटी के साथ बेरोजगार युवाओं के लिये बनाया गया है। यह ऐक्ट बेरोजगारी की समस्या को दूर करने में विशेष कर ग्रामीण क्षेत्र में अच्छा काम कर रहा है। इसके अलावा इसने ग्रामीण क्षेत्र से शहरी क्षेत्र की ओर पलायन पर भी अंकुश लगाया है।

2.5 शिक्षा का स्तर

सामाज के विकास के स्तर को मापने का सबसे महत्वपूर्ण मापक शिक्षा की दर है। जनगणना की परिभाषा के अनुसार सात साल या उसके उपर का कोई व्यक्ति जो किसी भी भाषा में पढ़ना व लिखना जानता है, भारत में शिक्षित माना जाता है। भारत मे शिक्षा दर का कम होना, बेरोजगारी का एक मूख्य कारण माना जाता है। सामाज में शिक्षा का स्तर बढ़ाने के लिए सरकार ने कुछ साल पहले दो योजना 'मध्याह्न भोजन योजना' तथा सर्व शिक्षा अभियान लाई। इस दो योजनाओं के अलावा भारत सरकार ने अनेक अन्य उपाय किये हैं शिक्षा के स्तर को बढ़ाने के लिए दोनों ग्रामीण क्षेत्र तथा शहरी क्षेत्र में किया है। राज्य सरकारों को यह निर्देशित किया गया है कि ग्रामीण क्षेत्र में जहां गरीबों की संख्या अधिक हैं, वैसे जिलों में शिक्षा के स्तर को बढ़ाना सुनिश्चित किया जाय।

2011 के जनगणना के अनुसार भारत में शिक्षा का स्तर में लगभग 9% की वृद्धि हुई है। यह 2001 में 65.38% से बढ़कर 2011 में 74.04% हो गया है, जो पिछले 10 वर्ष में 9% की वृद्धि दर्शा रहा है। जिसमें पुरूष साक्षरता दर 82.14% और महिला साक्षरता दर 65.46% है। 93.9% साक्षरता दर के साथ केरल सबसे शीर्ष पर है, जबकि लक्ष्यद्वीप और मिजोरम 92.3% तथा 91.06% के साथ क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर है। बिहार 63.08% साक्षरता दर के साथ भारत में सबसे निचले पायदान पर है।

पिछले दस साल में भारत के साक्षरता दर में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है। नीचे के सारणी में राज्यों की साक्षरता दर को श्रेणीबद्व किया गया है।

सारणी 2.3 भारत में राज्यों की साक्षरता दर की श्रेणी

क्रम संख्या	राज्य/ केन्द्रशासित राज्य	साक्षरता दर (जनगणना 2011)	पुरूष साक्षरता दर (जनगणना 2011)	महिला साक्षरता दर (जनगणना 2011)

1	अण्डमान निकोबार द्वीप समूह	86.3%	90.1%	81.8%
2	आंध्र प्रदेश	67.7%	75.6%	59.7%
3	अरूणाचल प्रदेश	67.0%	73.7%	59.6%
4	असम	73.2%	78.8%	67.3%
5	बिहार	63.8%	73.5%	53.3%
6	चण्डीगढ़	86.4%	90.5%	81.4%
7	छतीसगढ़	71.0%	81.5%	60.6%
8	दादर नगर हवेली	77.7%	86.5%	65.9%
9	दमन और द्वीव	87.1%	91.5%	79.6%
10	दिल्ली	86.3%	91.0%	80.9%
11	गोवा	87.4%	92.8%	81.8%
12	गुजरात	79.3%	87.2%	70.7%
13	हरियाणा	76.6%	85.4%	66.8%
14	हिमाचल प्रदेश	83.8%	90.8%	76.6%
15	जम्मू और कश्मीर	68.7%	78.3%	58.0%
16	झारखण्ड	67.6%	78.5%	56.2%
17	कर्नाटक	75.6%	82.8%	68.1%
18	केरल	93.9%	96.0%	92.0%
19	लक्ष्यद्वीप	92.3%	96.1%	88.2%
20	मध्य प्रदेश	70.6%	80.5%	60.0%
21	महाराष्ट्र	82.9%	89.8%	75.5%
22	मणिपूर	79.8%	86.5%	73.2%
23	मेघालय	75.5%	77.2%	73.8%
24	मिजोरम	91.6%	93.7%	89.4%
25	नागालैंड	80.1%	83.3%	76.7%
26	उड़िसा	73.5%	82.4%	64.4%
27	पूडुचेरी	86.5%	92.1%	81.2%
28	पंजाब	76.7%	81.5%	71.3%

29	राजस्थान	67.1%	80.5%	52.7%
30	सिक्किम	82.2%	87.3%	76.4%
31	तमिलनाडू	80.3%	86.8%	73.9%
32	त्रिपूरा	87.8%	92.2%	83.1%
33	उतर प्रदेश	69.7%	79.2%	59.3%
34	उतराखण्ड	79.6%	88.3%	70.7%
35	पश्चिम बंगाल	77.1%	82.7%	71.2%
-	भारत	74.04%	82.14%	65.46%

स्त्रोतः भारत की जनगणना, 2011

2.6 भारत में गरीबी

गरीबी एक ऐसा सामाजिक परिघटना/तथ्य हैं जिसमें सामाज के कुछ लोगों के पास इतना भी संसाधन नहीं होता है कि वे अपनी आधारभूत जरूरतों को पूरा कर सकें। गरीबी विकसित देशों मे भी विद्यमान है पर यह समस्या अल्प विकसित तथा विकासशील देशों में अधि विकट हैं। विभिन्न प्राधिकरणों में गरीबी को अलग–2 तरीके से परिभाषित किये हैं। न्यूनतम आवश्यकता और प्रभावी उपभोग मांग पर टास्क फोर्स के अनुसार गरीबी को प्रतिव्यक्ति कैलोरी खपत क अनुसार किया गया है। इस टास्क फोर्स के अनुसार, कोई व्यक्ति जो शहरी क्षेत्र में 2400 कैलोरी तथा ग्रामीण क्षेत्र में 2100 प्राप्त करने में प्राप्त करने में असफल हैं, उसी गरीब कहेगें। भारतीय योजना आयोग के अनुसार व्यक्ति जो 28.65 रूपये शहरी क्षेत्र में तथा 22.42 रू. ग्रामीण क्षेत्र में अर्जित करता है, तो वह गरीब नहीं हैं। भारतीय योजना आयोग के अनुसार भारत में 2009–10 में 34.47 करोड़ लोग जो 29.8 प्रतिशत जनसंख्या के बराबर, गरीबी रेखा नीचे हैं। गरीबी रेखा के नीचे रह रहे, उंची जनसंख्या का अनुपात चिन्ता का प्रश्न हैं। पर इनके साथ कुछ नाजूक आयाम जुड़े हैं। एक बहुत हीं कष्टदायी स्थिति है कि उतर पूर्व भारतीय राज्यों असम, मेघालय, मणिपूर, मिजोरम तथा नागालैंड में गरीबी बढ़ी है। यहां तक बड़े राज्य बिहार, छतीसगढ़ और उतर प्रदेश में भी गरीबी अनुपात में एक मामूली कमी आयी है, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्र में। हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, उड़िसा, सिक्किम, तमिलनाडू, कर्नाटक तथा उतराखण्ड में गरीबी में 10 प्रतिशत की कमी देखी गई है।

बिहार जैसे राज्य जहां गरीबी दर 53.5 प्रतिशत, छतीसगढ़ 48.7 प्रतिशत, मणिपूर 47.1 प्रतिशत, झारखण्ड 39.1 प्रतिशत, असम 37.9 प्रतिशत और उतर प्रदेश 37.7 प्रतिशत सबसे अधिक प्रभावित है। ग्रामीण सामाजिक समूहों में सबसे अधि गरीबी अनुसूचित जन जाति 47.4 प्रतिशत, उसके बाद अनुसूचित जाति 42.3 प्रतिशत, अन्य पिछड़ी जाति 31.9 प्रतिशत तथा अन्य वर्ग में 33.8 प्रतिशत दर्ज की गई है।

बिहार तथा छतीसगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग दो तिहाई अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की आबादी गरीब है, जबकि मणिपुर, उड़िसा, उतर प्रदेश 50 प्रतिशत से अधिक लोग गरीबी रेखा के नीचे है।

शहरी क्षेत्र में 34.1 प्रतिशत अनुसूचित जाति, 30.4 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति और 24.3 प्रतिशत अन्य पिछड़ी जाति के लोग गरीबी की श्रेणी में है जबकि अन्य वर्ग के 20.9 प्रतिशत गरीबी रेखा के नीचे हैं।

2.7 क्षेत्रीय विषमताएं

भारत में एक क्षेत्रीय द्वैत पाया जाता है। ऐसी स्थिति हमेशा खतरा उत्पन्न करती है जब एक क्षेत्र दूसरे से तेजी से विकास करता है। यह राष्ट्रीय अखण्डता के लिए खतरा उत्पन्न करता है तथा सबसे बड़ी सामाजिक–राजनैतिक समस्या के रूप में देखी जाती है। यह क्षेत्रीय विषमता कही जाती है। राज्य की आय की वृद्धि दर तथा प्रतिव्यक्ति आय अन्तर काफी अधिक है। एक तरफ जहां पंजाब और महाराष्ट्र जैसे धनी राज्य हैं, जिनकी प्रतिव्यक्ति आय वर्तमान मूल्य पर 19000 रू. अधिक है, वहीं दूसरी तरफ बिहार, जहां प्रतिव्यक्ति आय क्रमशः 4700 रू. और 6800 रू. है। गुजरात, महाराष्ट्र और आंध्रप्रदेश जैसे पिश्चिमी और दक्षिणी राज्य में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश अन्य राज्य से अधिक है, तथा तकनीकी रूप से ये राज्य अन्य राज्यों से अधिक विकसित है। सभी क्षेत्र में क्षेत्रीय विषमता हैं, जैस महाराष्ट्र, तमिलनाडू जैस औद्योगिक रूप से विकसित राज्य कुल और औद्योगिक निर्गत में 44 प्रतिशत योगदान करते है जबकि इनकी शहरी जनसंख्या 39 प्रतिशत और 34 प्रतिशत क्रमशः है। जबकि, असम जैसा गरीब राज्य में शहरी जनसंख्या 9 प्रतिशत मात्र है। केरल में शिशू मृत्यु दर 12 प्रति एक हजार जीवित बच्चे हैं जबकि उड़िसा में 96 प्रति एक हजार जीवित बच्चे है।

2.8 धनी और गरीब के बीच बढ़ती खाई

समाज में गरीब और अमीर वर्ग के बीच खाई काफी चौड़ी है। यह आय तथा धन वितरण में समानता कहीं जाती है। विशेषज्ञों के अनुसार उपर आय समूह के 10 प्रतिशत लोगों का राष्ट्रीय उत्पाद में 45 प्रतिशत का योगदान है, जबकि नीचे आय समूह के 10 प्रतिशत लोगों का राष्ट्रीय उत्पाद में 1.9 प्रतिशत का योगदान है। यहां तक की पंचवर्षीय योजनाओं का लाभ भी समाज के धनी वर्ग को जाता है, औद्योगिकीकरण तथा कृषि विकास छोटे व 'सीमान्त किसानों' के बजाय बड़े किसानो तथा पूंजी पतियों को अधिक फायदा हुआ है। यहां तक की आर्थिक सहायता का लाभ भी बड़े किसानो के पास जाता है, क्योंकि उनके पास बड़े खेत होते हैं। जिससे वे नये तकनीकी को अपना सकते हैं। जबकि 77 प्रतिशत किसान छोटे तथा मझौले हैं। ग्रामीण क्षेत्र में धनी और गरीब के बीच खाई और चौड़ी होती जा रही है। सामाज के उपरी वर्ग के पास कुल सम्पति का 80 प्रतिशत है, जबकि सामाज के निचले वर्ग के पास मात्रा 2 प्रतिशत सम्पति है।

2.9 भुगतान शेष का असंतुलन

भुगतान शेष किसी देश द्वारा किये गये आयात तथा निर्यात का लेखा जोखा है। भारत के संदर्भ में भुगतान शेष हमेशा घाटे का रहा है। हमारा विश्व

व्यापार में निर्यात में हिस्सेदारी केवल 1 प्रतिशत है जबकि आयात प्रत्येक वर्ष लगातार बढ़ रहा है। भुगतान शेष का असंतुलन हमारी अर्थव्यवस्था के कई समस्याओं का कारण है। निर्यात को बढ़ाने की आवश्यकता है जिससे भुगतान शेष संतुलन में रह सके।

2.10 मुद्रा स्फीति

वस्तुओं और सेवाओं के मूल्य में लगातार वृद्धि मुद्रास्फीति कहलाती है। भारतीय अर्थव्यवस्था सदैव मुद्रा स्फीति से प्रभावित रही है, कभी–कभी यह कम चिंताजनक होती है लेकिन अधिकतर समय यह ज्यादा चिंताजनक होती है। मुद्रा स्फीति की उच्च दर ने केवल आम जनता के दो जून की रोटी जुटाने में समस्या पैदा करती है बल्कि यह देश के आर्थिक विकास की दर में भी बाधक होती है। मुद्रा स्फीति का मुख्य कारण मुद्रा पूर्ति में वृद्धि के साथ–साथ घाटे की वित व्यवस्था की तकनीक और भुगतान शेष का असंतुलन हैं। वर्तमान में भारतीय अर्थव्यवस्था डालर की तुलना में रूपये के लगातार गिरते हुए मूल्यस्तर की गंभीर समस्या से जूझ रहीं है। कच्चे तेल के बढ़ते हुए मूल्य भी अन्य कारक के रूप में है जो मुद्रा स्फीति की वृद्धि में मुख्य भूमिका निभा रहे है।

यदि हम अपने देश के सम्पूर्ण आर्थिक विकास के स्तर को देखें तो विश्व बैंक द्वारा जारी मानव विकास सूचकांक रिर्पोट के अनुसार भारत का 127वां (कुल 177 देशों में) स्थान है। भारतीय अर्थव्यवस्था एक विकासशील अर्थव्यवस्था है जिसमें लोगों पिछड़ापन कृषि की निम्न उत्पादकता, निम्न जीवन स्तर, कमजोर औद्योगिक क्षेत्र और आधारभूत संरचना की कमी तथा सामाजिक समस्याओं जैसे गरीबी, असमानता, भ्रष्टाचार, असमता, उत्पादन में कमी, जल का अभाव, बिजली का अभाव, साफ–सफाई की खराब स्थिति आदि विकास को बुरी तरह प्रभावित कर रहे हैं।

भारतीय अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से कृषि आधारित अर्थव्यवस्था हैं, जहां लगभग 40 प्रतिशत लोग कृषि पर निर्भर है, जबकि अमेरिका, कनाडा, इंग्लैंड आदि देशों में केवल उसे 4 प्रतिशत लोग हीं कृषि व्यवसाय में लगे हुए है। कृषि प्राकृतिक कारकों पर निर्भर है, सिंचाई एवं अन्य पुरातन तकनीक कृषि में प्रयुक्त होती है। साख का अभाव, भण्डारण अक्षमता और अक्षम परिवहन तंत्र आर्थिक विकास को बुरी तरह प्रभावित कर रहे हैं।

29 प्रतिशत लोग खराब चिकित्सकीय सुविधा और आधारभूत संरचना की वजह से गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे हैं। यद्यपि पिछले कुछ वर्षों में भारत में संस्थागत साख में वृद्धि हुई है, लेकिन ग्रामीण भारत में अभी भी व्यवस्थित वितीय संस्थाओं से साख की आवश्यकताओं की पूर्ति में कठिनाईयां पाई जा रहीं है। ग्रामीण भारत में अभी भी लोग अपनी वितीय आवश्यकताओं के लिए साहूकारों पर निर्भर हे जो बहुत ज्यादा व्याजदर वसूल करते हैं।

2.11 सारांश

भारत अनेक प्रकार की आर्थिक समस्याओं से ग्रसित है। पिछले 60 वर्षों से ज्यादा के व्यवस्थित प्रयासों ने भारत में एक मजबूत अर्थव्यवस्था के आधार तैयार करने में सफलता पाई है, परन्तु अभी भी इसे काफी आगे तक

जाना है। भारतीय रेलवे भीड़ग्रस्त, सुरक्षा मानक से कम है। रेल के अन्दर तथा प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध यात्री सेवायें लोगों को परेशान करती है। उड्डयन उद्योग (वायु यातायात) डमाडोल स्थिति में हैं, उदाहरण के लिए एयर इंडिया और किंगफिशर अपन अस्तित्व के लिए संर्घष कर रही है। सड़क विकास की कार्ययोजना में अभाव के वजह से सड़क परिवहन समस्याओं से ग्रसित है। सड़कों का संकरा होना, अक्षम यातायात प्रबंधन यातायात में जाम की समस्या को हमेशा बढ़ावा देता है। भारत में राष्ट्रीय राजमार्गों पर वाहनों की औसत गति 30 से 40 किलोमीटर प्रतिघंटा की हैं। इन सबके अतिरिक्त तीव्र मुद्रा स्फीति की दर, बेरोजगारी की उच्च दर गरीबी, गरीब और अमीर के बीच बढ़ता हुआ अन्तर, कमजोर औद्योगिक आधार, आवश्यक वस्तुओं की कमी आदि, देश के आर्थिक विकास में सबसे बड़े बाधक हैं।

उपरोक्त समस्याओं से निपटने के लिए भारत को एक मजबूत राजनीतिक मतैक्य की आवश्यकता है।

2.12 शब्दावली

- **अवसंरचनाः** से आशय समाज या उद्यम के संचालन के लिए आवश्यक बुनियादी भौतिक और संगठनात्मक ढांचे और सुविधाओं से हैं।
- **बेरोजगारीः** से आशय वे लोग जो काम करने योग्य हैं तथा काम करने को इच्छुक हैं पर बिना रोजगार के हैं।
- **गरीबीः** एक ऐसी सामाजिक परिघटना हैं जिसमें सामाज के कुछ लोगों के पास इतना भी संसाधन नहीं होता है कि वे अपनी आधारभूत जरूरतों को पूरा कर सकें।
- **भुगतान शेषः** किसी देश द्वारा किये गये आयात तथा निर्यात का लेखा जोखा है।
- **मुद्रास्फीति** : वस्तुओं और सेवाओं के मूल्य में लगातार वृद्धि।

2.13 बोध प्रश्न

(A) खाली जगह को भरें

1. भारतीय रेल की एक दिन में ––––––––––– गाड़ियां चलती हैं।
2. भारत सरकार चाहती है कि वह 2012 तक विजली की उपलब्धता का लक्ष्य –––––––––––– इकाई प्रतिव्यक्ति है।
3. भारत में दो मार्ग वाले सड़क मात्र –––––––––––– प्रतिशत हैं।
4. भारत में वायु परिवहन का औसत वृद्धि दर पिछले सात सालों में –––––––– है।
5. भारत मे सड़क परिवहन विश्व में सबसे अधिक –––––––– सड़क दूर्घटना के लिए जिम्मेदार है।

(B) सत्य या असत्य

1. विश्व रेलवे नेटवर्क में भारतीय रेल दूसरे नम्बर पर है।
2. जेनेरेटर के द्वारा उद्योंगों में बिजली की आपूर्ति करना एक आवश्यकता है।

3. लोक व निजी साझेदारी भारत में संरचनात्मक विकास के लिए एक मात्र रास्ता है।
4. भारत में 29 प्रतिशत लोग गरीबी रेखा के नीचे रहते हैं।
5. भारत मे 2011 की जनगणना के अनुसार 74.04 प्रतिशत साक्षरता दर है।
6. भारत में श्रम सर्वेक्षण ब्यूरो के अनुसार 2010 के अंत में बेरोजगार यूवा की संख्या 60 मिलियन था।
7. बिहार मे गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले लोगों का प्रतिशत 67 प्रतिशत था।

2.14 बोध प्रश्नों के उत्तर

(A)

1. 11,000, 2. 1000, 3. 53, 4. 18.5 प्रतिशत, 5. 8वां

(B)

1. असत्य, 2. सत्य, 3. असत्य, 4. सत्य, 5. सत्य, 6. असत्य, 7. असत्य।

2.15 स्वपरख प्रश्न

1. भारत में सरंचना की स्थिति का आलोचनात्मक मूल्यांकन करें।
2. ''भारत में सभी समस्याओं की जड़ गरीबी और निम्न साक्षरता दर है'' इस कथन पर अपनी प्रतिक्रिया दें।
3. भारतीय सामाज के विभिन्न आधार भूत समस्याओं पर एक निबंध लिखें।
4. क्षेत्रीय विषमता से आप क्या समझते हैं? इसके कारणों की चर्चा कीजिए तथा इसे दूर करने के उपाय सुझाईए।

2.16 सन्दर्भ पुस्तकें

1. Edward Shaprio, Macroeconomic Analysis (1960).
2. Keynes, J. M., General Theory of Employment, Interest and Money, (1936).
3. Norman, P. Keiser, Macro-Economics, (1960).
4. Desai, Ashok, V., Technology Absorption in Indian Industry, New Delhi, Wiley Eastern, 1998.
5. Indian Economic Review (Delhi School of economics).
6. Lall, Sanjaya, Technology Development and Export Performance in LDCs: Leading Engineering and Chemical Firms in India, Review of World Economics, Vol. 122(1), pp. 80, 1996.
7. Economic Survey, Govt. of India.
8. Planning Commission, Govt. of India.

*****

इकाई 3 मांग विश्लेषण

इकाई की रूपरेखा

3.1 प्रस्तावना
3.2 मांग का अर्थ
3.3 मांग का नियम
3.4 मांग फलन
3.5 बाजार मांग
3.6 मांग के प्रकार
3.7 बाजार मांग के कारक
3.8 सारांश
3.9 शब्दावली
3.10 बोध प्रश्न
3.11 बोध प्रश्नों के उत्तर
3.12 स्वपरख प्रश्न
3.13 सन्दर्भ पुस्तकें

उद्देश्य

इस इकाई के अध्ययन के पश्चात आप इस योग्य हो सकेंगे कि –

- मांग के अर्थ का वर्णन कर सकें।
- मांग के नियम एवं मांग फलन की व्याख्या कर सकें।
- मांग के प्रकार एवं बाजार मांग के घटकों की व्याख्या कर सकें।

3.1 प्रस्तावना

यदि सभी व्यक्तिगत उपभोक्ताओं के मांग को एकीकृत किया जाय, तब हम किसी वस्तु की बाजार मांग प्राप्त कर सकते हैं। दूसरे शब्दों में, बाजार में प्रत्येक कीमत पर मांगी गई वस्तुओं की मात्रा उस कीमत पर सभी व्यक्तिगत उपभोक्ताओं का योग है। व्यवासाय के नीति –निर्धारण में बाजार मांग विश्लेषण का अति महत्वपूर्ण/निर्णायक भूमिका है। एक वस्तु के मात्रा या परिमाण से सम्बन्धित वर्तमान एवं भविष्य में मांग की सूचना फर्म के लिए आवश्यक होते हैं जिसके आधार पर भविष्य में उत्पादन, स्टॉक की व्यवस्था, विज्ञापन योजना को बनाने तथा उत्पाद को बेचने के लिए जगह को निर्धारित करने में सहायक हो सके। बाजार मांग का विश्लेषण, फर्म के व्यवसाय कार्यकारी या अधिकारी को आन्तरिक मूद्दें सुलझाने हेतु राह प्रसस्त कराता है, जैसेः

1. मांग को निर्धारित करने वाले कौन–कौन से कारक हैं?
2. विभिन्न कारकों द्वारा मांग को किस हद तक प्रभावित करती है?
3. विक्री को किस तरह से प्रोत्साहित किया जा सकता है?
4. इस उत्पाद के विज्ञापन व्यय की लोच क्या है?

इस अध्याय में हम बाजार मांग का अर्थ, मांग के प्रकार, मांग के घटक एवं उसके माप, मांग फलन तथा मांग की लोच की चर्चा करेंगें।

3.2 मांग का अर्थ

अर्थशास्त्र में 'मांग' शब्द का प्रयोग विशेष अर्थ में प्रयोग किया जाता है। स्टोनियर एवं हेग के अनुसार, 'अर्थशास्त्र में मांग का अर्थ मांगी गई वस्तु का, प्रर्याप्त मुद्रा द्वारा भुगतान के लिये पीछा करना है।'' क्रयशक्ति के न होने पर मांग प्रभावी नहीं होता है। एक क्षण के लिए, बहुत सारे लोग यथासंभव एक बड़ा आधूनिक घर, एक ब्रांडेड नई कार, एवं एक ग्रीष्मकालीन कोलाज़ पसन्द करते हैं। लेकिन उनके पास इन वस्तुओं के लिए प्रभावी मांग नहीं है। इस क्रम में उन्हें इन वस्तुओं की मांग होनी चाहिए, उनमें इसके लिए राशि भुगतान या खरीदने की क्षमता एवं इच्छा होना आवश्यक है। अतः अर्थशास्त्र में 'प्रभावी मांग' का विशेष अर्थ है। मांग प्रदर्शित करता है कि कोई व्यक्ति किसी वस्तु को खरीदने की इच्छा रखता है और उसके लिए विभिन्न कीमतों को चुकाने के लिए तैयार हैं। बेनहम राईट कहते हैं, 'किसी वस्तु की मांग, दिये गये कीमत पर उसकी मात्रा है जिसे प्रति इकाई समय पर उस कीमत पर खरीदना चाहेगें या चाहते हैं।' मांग का अर्थ सदैव एक दिये गये कीमत पर मांग से है, इस शब्द का कोई सार्थकता नहीं रह जाती है यदि इसमें से कीमत न हो तो।

मांग की विशेषताएं

मांग के चार प्रमुख विशेषताएं निम्नलिखित हैः

1. **कीमतः** मांग सदैव एक समय पर की जाती है। यदि हम कहते हैं कि बाजार में 1000 मोटर वाहन की मांग है, तब इस प्रकार के कथन का कोई अर्थ नहीं है। व्यक्ति को जिस वस्तु को खरीदने के लिए तैयार है उसके कीमत एवं मात्रा दोनों को बताना आवश्यक है।
2. **समयः** मांग का निश्चित अर्थ है प्रति इकाई समय अर्थात् प्रति माह, प्रति सप्ताह या प्रति दिन मांग से है।
3. **बाजारः** मांग के अध्ययन में, बाजार निश्चित रूप से पाई जाती है। बाजार उन विन्दुओं या केन्द्रों का समुच्च है जहां क्रेता एवं विक्रेता एक दूसरे के सम्पर्क में आते हैं। इसके लिए किसी निश्चित भौगोलिक सीमा का होना आवश्यक नहीं है।
4. **मात्राः** मांग सदैव हीं एक मात्रा के रूप में होती है जिसे व्यक्ति खरीदने को इच्छूक होता है। यह एक कोई अनुमान सन्निकटीकरण नहीं है बल्कि इसे संख्या में व्यक्त किया जाता है।

3.3 मांग का नियम

सामान्यतया कहा जाता है, लोगों द्वारा एक वस्तु की निश्चित मात्रा को खरीदने की इच्छा एवं क्षमता उसके कीमत के साथ परिवर्तित होती है। कम कीमत पर, लोग अधिक वस्तुओं को खरीद सकते हैं, जबकि कीमत अधिक होने पर कम हीं वस्तु खरीद पाते हैं। वास्तव में, मांग का नियम कहता है कि एक उत्पाद की मात्रा के मांग का कीमत के साथ विपरीत परिवर्तन होता है। और अधिक संक्षेप में हम कह सकते हैं, कम कीमत पर अधिक प्रभावी मांग, या अधिक कीमत होने पर, कम प्रभावी मांग। इस नियम का पालन करते हुए विक्रेता वस्तुओं की कीमत ज्यादा अधिक नहीं कर सकते क्योंकि अधिक कीमत

होने पर वस्तुओं की मांग की मात्रा घट जायेगी। वे किसी वस्तु के अधिक मात्रा को बेचने के लिए कोशिश करते हैं कि वस्तु की कीमत निश्चित रूप से कम हीं होना चाहिए।

मांग के नियम का सामान्यीकरण किया जाता है जिसके कुछ अपवाद भी हैं। मुख्यतः, दो ऐसी स्थितियां हैं, जहां यह नियम सही साबित नहीं होते हैं, लेकिन वे अपवाद हैं। यदि एक वस्तु के कीमत में कमी होती है, और यह उम्मीद की जाती है कि आगे भी घटती रहेगी, क्रेता यह सोचकर साथ रहते हैं कि जब तक कीमत बिल्कुल नीचे तक पहुंच जाय, ताकि यह अपने संभावित न्यूनतम कीमत हो जाय। यह तथ्य विशेषकर डीलर एवं पूर्वाग्रही व्यक्ति के स्थिति में हीं सत्य हो सकता है, लेकिन यह उपभोक्ताओं की स्थिति में भी कुछ हद तक सत्य हो सकता है। लेकिन, जब कीमत अपने न्यूनतम स्तर तक पहुंचने पर वे लोग उच्च कीमत के तुलना में अधिक वस्तुओं को खरीदेगें, ताकि नियम के सामान्य सिद्धान्त लागू हो, यहां तक इस स्थिति में भी। दूसरा अपवाद प्रत्यक्ष रूप से सिद्धान्त के साथ चलते रहती है। कुछ ऐसी भी वस्तुएं हैं जैसे हीरा, जिसे लोग अधिक कीमत पर खरीदते है जिससे कि इसको रखने वाले व्यक्ति की प्रतिष्ठा सामाज में उंची मानी जाय। गले में बड़ा सा हीरे का हार या अंगुली में हीरे की अंगुठी का पहनना, उस व्यक्ति को बाकि लोगों से भिन्न एवं अधिक सपन्न व्यक्ति के रूप में प्रदर्शित या प्रस्तुत करते हैं। यदि हीरे ज्यादा मंहगें न रहें तो निर्धन व्यक्ति भी इसे प्रचुर मात्रा में खरीद सकते है, तब यह ज्यादा प्रतिष्ठा की वस्तु नहीं रह जायेगी और इसे पसन्द करने वाले लोगों की संख्या भी कम हो जायेगी। ऐसे बहुत सारे वस्तुएं पाई जाती हैं, जिन वस्तुओं पर मांग का नियम का सामान्यीकरण निश्चित रूप से लागू होते हैं।

अल्फ्रेड मार्शल ने मांग के नियम को निम्न रूप से परिभाषित किया हैः ''अधिक मात्राएं बेची जाती है, कम कीमत पर जिसका प्रस्ताव इस क्रम में किया जाता है कि क्रेता इसे प्राप्त कर सके; या दूसरे शब्दों में, वस्तु की मांगी गई मात्रा में वृद्धि कीमत में कमी के साथ होती है, और कीमत में बढ़ने के साथ कम होती है।'' मार्शल इसे मांग के सामान्य नियम के रूप समझते हैं। इसे उचित रूप से तैयार करना होगा ताकि अर्थशास्त्र के अन्य नियमों की तरह स्पष्ट रूप से जाना या समझा जा सके, मांग का नियम तभी लागू होगें जब केवल अन्य बातें सदैव स्थिर रहें या अपरिवर्तित रहें। इस मान्यता को 'अन्य बातें समान रहे' मान्यता के नाम से जानते हैं।

3.4 मांग फलन

किसी वस्तु के मांग फलन को, दिये गये बाजार के समय अवधि में, मांगी गई विभिन्न मात्रा एवं उसके मात्रा को निर्धारित करने वाले कारकों के बीच, सम्बन्ध के रूप में परिभाषित किया जा सकता है। सामान्यतया, वस्तु की मांग को निर्धारित करने वाले कारक निम्नलिखित हैंः

1. वस्तु की कीमत,
2. उपभोक्ता की आय,
3. उपभोक्ता की रूचि, और
4. अन्य वस्तुओं की कीमत

अतः, सामान्य रूप में, एक वस्तु की मांग फलन निम्न रूप में लिखा जा सकता हैः

$D_x = f(P_x, P, Y, T)$

D_x = X वस्तु की प्रति इकाई समय पर मांग की मात्रा,

P_x = X वस्तु की कीमत,

P = अन्य वस्तु की औसत कीमत,

Y = उपभोक्ता की आय,

T = उपभोक्ता की रूचि।

एक विशुद्ध मांग फलन वो होता है, जो प्रत्येक कारकों के परिवर्तन पर उपभोक्ता के प्रतिक्रिया को प्रदर्शित करता है। अन्य वस्तुओं की कीमतों, उपभोक्ता की आय एवं रूचि को स्थिर मान लेने पर मांग फलन का हमें एक निम्नलिखित सरल रूप प्राप्त होता हैः

$D_x = f(P_x)$

मांग फलन बताता है कि वस्तु X की मांग केवल या सिर्फ इसकी अपनी कीमत P_x का एक फलन है।

लेकिन, जब अन्य कारक स्थिर न हो या जब अर्थव्यवस्था में एक समय अवधि में परविर्तन हो, तब इन सभी परिवर्तनों को स्वीकारने के लिए प्रवैगिक मांग फलन का प्रयोग किया जा सकता है। अर्थमिति वह विषय है जो आर्थिक एवं सांख्यिकी सिद्धान्त का परिशुद्ध आर्थिक सम्बन्धों को मापने के उद्देश्य से जोड़कर अध्ययन करता है। आर्थिक सिद्धान्तों के आधार पर गणितीय मॉडलों का व्युत्पन्न किया जाता है। इन गणितीय मॉडलों में प्रयोग की गई प्राचलों के मूल्यों का आंकलन एकत्रित आनुभविक सांख्यिकीय आंकड़े से सांख्यिकीय विधि एवं तकनीकों का प्रयोग करके किया जाता है।

सामान्यतया मांग फलन कीमत एवं आय कि शून्य कोटि की सजातीय फलन होती है अर्थात् यदि सभी कीमतों एवं आय में परिवर्तन एक हीं अनुपात में हो, तब मांगी गई मात्रा में भी अपरिवर्तित रहती है।

यदि आय, अन्य वस्तुओं की कीमत, उपभोक्ता की रूचि एवं अन्य स्वतंत्र चर स्थिर रहे, तब मांग फलन एक सरल रूप में होती है, $D_x = f(P_x)$। मांग फलन के इस रूप में मांगी गई मात्रा एवं कीमत में परिवर्तन एकस्वर में परिवर्तन तो होते हैं, साथ हीं मांग वक्र विपरीत सम्बन्ध सम्बन्ध को प्रस्तुत करते हैं।

3.5 बाजार मांग

बाजार मांग किसी कीमत पर सभी व्यक्तिगत मांगी गई मात्राओं का उस कीमत पर योग को प्रदर्शित करता है। किसी वस्तु के लिए बाजार मांग, सभी व्यक्तिगत उपभोक्ताओं का क्षैतिज योग होता है। दूसरे शब्दों में, बाजार में प्रत्येक कीमत पर मांगी गई वस्तुओं की मात्रा, प्रत्येक कीमत पर सभी व्यक्तिगत उपभोक्ताओं के मांगी गई मात्रा का योग है। व्यक्तिगत मांग, एक व्यक्ति द्वारा किसी दिये गये कीमत पर प्रति इकाई समय में मांगी गई मात्रा

का संकेत देता है। एक उत्पाद के लिए व्यक्तिगत मांग का समग्र हीं, उस उत्पाद के मांग का बाजार मांग कहलाता हैं। प्रत्येक व्यक्तिगत उपभोक्ताओं के मांग को जोड़कर बाजार मांग प्राप्त किया जा सकता है और व्यक्तिगत मांग वक्र के समग्र से बाजार मांग वक्र व्युत्पन्न किया जा सकता है। बाजार मांग वक्र व्युत्पन्न करने के लिए व्यक्तिगत मांग वक्र को क्षैतिज रूप से जोड़ कर प्राप्त किया जा सकता है। इन सामान्य मांग वक्रों की ऋणात्मक ढ़ाल, कीमत एवं मांगी गई मात्रा के बीच में विपरीत सम्बन्ध को प्रदर्शित करता है।

माना कि किसी क्षेत्र विशेष में तीन उपभोक्ता A, B और C है। सारणी 3.1 में विभिन्न कीमतों पर मांगी गई मात्रा को प्रदर्शित किया गया है। बाजार मांग अनुसूची को ज्ञात करने के लिए हम सभी व्यक्तिगत मांग अनुसूची का योग करके निकाल सकते हैं।

सारणी 3.1: उपभोक्ता A, B, C के लिए व्यक्तिग मांग अनुसूची

प्रति इकाई कीमत	मांगी गई मात्रा			बाजार मांग
	उपभोक्ता A	**उपभोक्ता B**	**उपभोक्ता C**	
10	4	3	2	9
8	5	6	3	14
5	6	7	5	18



चित्र 3.1'क' व्यक्तिगत मांग वक्र

चित्र 3.1 'ख' बाजार मांग वक्र

चित्र 3.1 'ख' व्यक्तिगत मांग वक्र के योगात्मक वक्र को बाजार मांग वक्र के रूप में प्रदर्शित करता है।

एक प्रतिनिधि उपभोक्ता मांग अनुसूची ज्ञात करने का दूसरा तरीका है कि कुल उपभोक्ताओं के द्वारा मांगी गई वस्तुओं की मात्रा को, विभिन्न कीमतों से गुणा करके प्राप्त किया जा सकती है।

तीसरी विधि है कि उपभोक्ताओं का तीन समूह बनाकर–एक धनी, दूसरा मध्यम आय एवं तीसरा निर्धन। इसके बाद प्रत्येक समूह के लिए प्रतिनिधि उपभोक्ता के लिये व्यक्तिगत मांग अनुसूची तैयार करते हैं। तब संगत उपभोक्ता कीं संख्या को विभिन्न कीमतों पर मांगी गई मात्रा से गुणा करके ज्ञात किया जा सकता है। हम तीन अनुसूची ज्ञात करते हैं– प्रत्येक समूह के लिए एक अनुसूची। अब तीनों अनुसूचियों को क्षैतिज रूप से जोड़कर ज्ञात करते हैं। इस प्रकार, हम एक बाजार मांग अनुसूची प्राप्त करते हैं।

3.6 मांग के प्रकार

प्रबन्धकीय निर्णय लेने के लिए एक अर्थपूर्ण बाजार मांग विश्लेषण को पूरा करने हेतु प्रत्येक अर्थव्यवस्था में वस्तुओं एवं सेवाओं के संख्याओं का सावधानी पूर्वक वर्गीकरण करना महत्वपूर्ण है। एक व्यवसायी फर्म की नीति निर्धारण के लिए मांग के बारे में प्रत्येक स्तर पर समग्र मांग की सुस्पष्ट समझ होना आवश्यक है। यहां हम मांग के प्रमुख प्रकारों की विवेचना करेगें जिसका व्यवसाय के नीति–निर्धारण में महत्वपूर्ण भूमिका होता है।

1. फर्म के उत्पाद एवं उद्योग के उत्पाद के लिए मांग

एक फर्म के मांग वक्र की बनावट एवं आकार विभिन्न बाजार संरचनाओं में अलग–अलग होते हैं।

विशूद्ध प्रतियोगी फर्म में व्यक्तिगत मांग वक्र पूर्ण लोचदार होती है। पूर्ण प्रतियोगी बाजार सजातीय उत्पाद/वस्तु, एवं बड़े पैमाने पर विक्रेता की मान्यता को स्वीकारता है। एक व्यक्तिगत फर्म में, बहुत से प्रस्ताव के बावजूद बाजार में किसी वस्तु की कुल मात्रा का बहुत कम भाग पाया जाता है। अतः यह कीमत को प्रभावित नहीं कर सकती है। फर्मे यहां कीमत स्वीकारक होते हैं। बाजार कीमत, बाजार पूर्ति एवं मांग फलन के द्वारा निर्धारित होती है तथा इस कीमत पर फर्म एक वस्तु की कितनी भी मात्रा बेच सकती है।

एकाधिकरी बाजार में एक फर्म उद्योग भी होता है। अतः एक फर्म की मांग, एक उद्योग की मांग होती है। एकाधिकारी हीं अपने उत्पाद की कीमत निर्धारित करता है, जो बाजार मांग वक्र के नीचे गिरते हुए ढ़ाल वाले वक्र के आधार पर होती है। यह इंगित करता है कि एकाधिकारी वस्तुओं की अधिक मात्रा को बेचने के लिए कीमतों में कमी कर सकते हैं।

एकाधिकारिक प्रतियोगी बाजार में, व्यक्तिग फर्म का मांग वक्र सामान्य बाजार मांग वक्र की भांति नीचे गिरती हुई होती है। उत्पादों में विभिन्नता या अन्तर होने के कारण फर्म को कुछ हद तक कीमत को निर्धारित करने की स्वतंत्रता होती है। प्रत्येक फर्म के अपने उपभोक्ता होते हैं, जिनका इन उत्पादों के प्रति विशेष पसन्दगी या प्राथमिकता होती है।

अल्पाधिकारी बाजार में, फर्मों के मांग वक्र के बहुत से प्रकारों का सूझाव दिया जाता है। अल्पाधिकारी बाजार के फर्मों के मांग वक्र के सन्दर्भ में बड़ी अनिश्चितता की स्थिति पाई जाती है, क्योंकि फर्मों के समूह के अन्तर्गत,

अन्तर–आश्रित प्रतियोगिता होने के साथ हीं किसी एक निर्णय के सापेक्ष प्रतिक्रिया की अनिश्चितता पाई जाती है।

2. व्यक्तिगत एवं बाजार मांग

एक वस्तु के लिए किसी व्यक्तिगत क्रेता द्वारा की गई मांग को व्यक्तिग मांग कहते हैं, जबकि एक बाजार में एक वस्तु की मांग सभी व्यक्तिगत क्रेताओं द्वारा एक साथ की गई मांग को हीं बाजार मांग कहते हैं। खण्ड 3.2.1 में इसके उदाहरण दिये गये हैं, जिसमें व्यक्तिगत एवं बाजार मांग को प्रर्याप्त रूप से व्याख्या किया गया है।

3. टिकाउ एवं गैर–टिकाउ की मांग

दोनों उपभोक्ता एवं उत्पादक वस्तुओं को आगे टिकाउ एवं गैर–टिकाउ वस्तुओं में वर्गीकृत किया जाता है। टिकाउ वस्तुएं वे होती हैं जिसकी उपयोगिता या उपयोग केवल एक बार प्रयोग करने पर समाप्त नहीं होती है, बल्कि कुछ समय तक इसका प्रयोग किया जा सकता है। इनका प्रयोग लगातार एक समय अवधि तक बार–बार किया जाता हो। टिकाउ वस्तुएं आंशिक रूप से नयी मांग एवं आंशिक रूप से पूरीनी मांग को संतुष्ट करती है। ऐसी वस्तुएं गैर–टिकाउ वस्तुओं की तुलना में ज्यादा महंगी होती है तथा इनकी मांग पहले या अभी एवं बाद के परिघाटनाओं के परिप्रेक्ष्य पर आधारित होती है, जो बाजार की वर्तमान एवं भविष्य की संभावित शर्तो के अनुसार कीमत तय की जाती है।

टिकाउ वस्तुएं उपभोक्ता के साथ–साथ उत्पादक प्रकार की हो सकती है। टिकाउ उपभोक्ता वस्तुओं के अन्तर्गत मोटर कार, स्कूटर, लकड़ियों के सामान, घर, कपड़े, जूत्ते, कपड़े धोने की मशीन इत्यादि। टिकाउ उत्पादक वस्तुओं के अन्तर्गत भवन जैसे मद, कार्यालय के फर्नीचर एवं स्थावर द्रव्य, प्लांट एवं मशीनरी इत्यादि को सम्मिलित किया जाता है। इन वस्तुओं को सामान्यतया 'अचल परिसम्पति' कहते हैं।

गैर–टिकाउ वस्तुएं वे वस्तुएं हैं जो एक बार या कुछ समय प्रयोग के उपरान्त नष्ट या कमजोर हो जाते हैं। इनका प्रयोग या उपभोग केवल एक बार या एक उपयोग के बाद समाप्त हो जाती है। गैर टिकाउ वस्तुओं को भी गैर–टिकाउ उपभोक्ता वस्तुएं एवं गैर–टिकाउ उत्पादक वस्तुओं में वर्गीकृत किया जा सकता है। पहले वर्ग में सभी खाद्य, पेय एवं साबून, रसोई ईंधन, सौन्दर्य सामग्री, प्रकाश, दूध, मछली, अण्डा, कागज का कप, एवं प्लेट आदि आते हैं। कच्चे पदार्थ, ईंधन एवं शक्ति, तैयारयुक्त सामग्री एवं पैकिंग पदार्थ आदि, दूसरे यानि उत्पादक गैर–टिकाउ वस्तु वाले श्रेणी में आते हैं।

4. स्वतः मांग एवं व्युत्पन्न मांग

वह मांग जो उपभोक्ता के अपने प्राकृतिक इच्छा या व्यक्ति के मानवीय इच्छा को प्रत्यक्ष या स्वतः संतुष्ट करें, स्वतः मांग कहलाता है। स्वतः मांग किसी अन्य वस्तु से प्रतिबन्धित नहीं होती है। यह किसी अन्य वस्तु के मांग से बिल्कूल स्वतंत्र होती है। खाद्य पदार्थ, कपड़े, आवास, साबून, दंतमंजन, टैप रिकोर्डर, टी.वी. सेट आदि वस्तुओं की मांग एक स्वतः मांग है। सभी उत्पादक वस्तुओं की मांग व्युत्पन्न मांग है, जैसे कि वे उभोक्ता या उत्पादक वस्तुओं का उत्पादन करते हैं। फिर भी, शायद हीं कोई वैसी वस्तुएं होगी जिनकी मांग

अन्य मांगों से पूर्णतः स्वतंत्र हो। लेकिन निर्भरता की यह कोटि एक वस्तु से दूसरे वस्तु तक विस्तृत रूप से परिवर्तित होती रहती है। स्वतः मांग में वृद्धि, 'प्रदर्शन प्रभाव' या उपभोक्ता की आय में वृद्धि, जनसंख्या में वृद्धि एवं नये वस्तुओं के विज्ञापन के कारण हो सकती है। दूसरी तरफ वस्तुओं की मांग जो किसी अन्य वस्तुओं की मांग पर निर्भर रहती है, व्युत्पन्न मांग कहलाती है। ये वस्तुएं वे होती हैं जिनका प्रयोग कच्चे माल या दूसरे वस्तु के उत्पादन में आगत के रूप में प्रयोग किया जाता है। उदाहरण के लिए, पैंकिंग किये जाने वाली सामग्री की मांग, पैकेट वाली वस्तुओं की मांग पर निर्भर करेगी जिसके पैंकिंग के लिए इन वस्तुओं का प्रयोग किया जाता है। साबून बनाने के लिए सब्जी तेल की मांग साबून की मांग पर निर्भर करेगा जिसको बनाने के लिए इसका प्रयोग किया जाता है। किसी यंत्र की मांग, उसके द्वारा उत्पादित वस्तुओं की मांग पर निर्भर करती है। सम्पूरक या प्रतिस्थापन वस्तुओं की मांग भी एक व्युत्पन्न मांग है। उदाहरण के लिए, ऑटोमोबाईल के लिए पेट्रोल की मांग सम्पूरक मांग तथा एक कुर्सी की मांग एक मेज के लिए सम्पूरक मांग है। मक्खन की मांग ब्रेड के लिए सम्पूरक मांग है; कोट के लिए मैट्रेस की मांग, चाय के लिए चीनी की मांग सम्पूरक मांग को प्रदर्शित करता है। इसलिए व्युत्पन्न मांग में वृद्धि या कमी, इससे सम्बन्धित 'जनक/मूल' वस्तुओं की मांग में वृद्धि या कमी पर निर्भर करता है।

5. बाजार खण्ड की मांग एवं सम्पूर्ण बाजार मांग

यदि बाजार भौगोलिक विस्तार, उत्पाद प्रयोग, वितरण माध्यम, उपभोक्ता की संख्या या उत्पादों की विविधता, एवं यदि इसके अतिरिक्त कोई और अन्तर के कारण उत्पाद की कीमत, लाभ का अन्तर, प्रतियोगिता, मौसमी प्रतिमान या चक्रीय अतिसंवेदनशीलता महत्वपूर्ण हो, तब यह आवश्यक होता है कि बाजार बेहतर व अर्थपूर्ण विश्लेषण के लिए बाजार के किसी विशेष भाग/खण्ड का अलग से अध्ययन किया जाय। एक विशेष बाजार का मांग किसी विशिष्ट वस्तुओं के मांग से सम्बन्धित होता है जबकि कुल मांग सम्पूर्ण बाजार खण्ड के मांग को धोतित करता है।

6. अल्पकालिक एवं दीर्घकालिक मांग

उन वस्तुओं की मांग जो एक लघु अवधि के अन्तर्गत की जाती है उस लघु या अल्पकालिक मांग कहते हैं। इस वर्ग में फैशन उपभोक्ता वस्तुएं, मौसमी स्वभाव की वस्तुएं, निकृष्ट प्रतिस्थापन वस्तुएं आदि सम्मिलित किये जाते हैं। इसके विपरीत, सामान्य वस्तुओं की मांग लम्बे समय तक की जाती है। पाजामा, जूता, टाई आदि वस्तुओं की मांग लम्बे अवधि के लिए किया जाता है। छाता, बरसाती, गोंद, जूते, शीतल पेय, आईस क्रीम आदि मौसमी स्वभाव की वस्तुएं है। कुछ वैसी वस्तुएं हैं जिनकी मांग एकदम अल्प समय के लिये की जाती है। उदाहरण के लिए, नये वर्ष के ग्रीटिंग्स कार्ड, दिवाली के अवसर पर मोमबत्ती एवं पटाखे आदि भी मौसमी स्वभाव के हैं परन्तु अति लघु समय के लिए मांग किये जाते हैं। विद्युतीय पंखे, उनी कपड़े आदि ऐसे मौसमी स्वभाव की वस्तुएं हैं जिनका प्रयोग किसी मौसम विशेष में प्रयोग किये जाते हैं लेकिन वे सभी टिकाउ वस्तुएं हैं।

मांग जो लम्बे समय अवधि के लिए किये जाते हैं उसे दीर्घकालीक मांग कहते हैं। ज्यादातर सामान्य वस्तुएं दीर्घकालिक मांग वाली वस्तुएं होती है। दीर्घकालिक आय, बेहतर प्रतिस्थापन की उपलब्धता, बिक्री प्रोत्साहन, उपभोक्ता साख सुविधा आदि कारक हैं जो दीर्घ कालिक मांग को निर्धारित एवं प्रभावित करते हैं। दूसरी तरफ वस्तु की अपनी कीमत, प्रतिस्थापन वस्तु की कीमत, प्रचलित प्रायोज्य आय, समय समायोजन एवं विज्ञापन काफी हद तक दीर्घकालीन मांग को प्रभावित करता है। उत्पादकों के नये उत्पाद को स्थापित करने एवं नये उद्यमी के लिए उत्पाद की चयन, कीमत नीति में एवं विज्ञापन व्यय के निर्धारण तथा फेजिंग करने में अल्पकालिक एवं दीर्घकालिक मांग के अवधारणाएं काफी उपयोगी होती है।

7. उपभोक्ता वस्तु एवं उत्पादक वस्तु

उपभोक्ता वस्तुएं एवं सेवाएं वे वस्तुएं है जिनका प्रयोग मानव द्वारा अन्तिम रूप से उपभोग के लिए प्रयोग किया जाता है। इसमें कपड़े, आवासीय घर, दवाईयां, डॉक्टर की सेवाएं, वकीलों की सेवायें, मोची की सेवाएं आदि को सम्मिलित किया जाता हैं। दूसरी तरफ उत्पादक वस्तुएं वे वस्तुएं है जिनका प्रयोग किसी दूसरे वस्तु के उत्पादन के लिए किया जाता है। इसके अतंर्गत प्लॉन्ट एवं यंत्र, उद्योग भवन, व्यवसायी कर्मचारियों की सेवायें, कच्चे माल आदि आते हैं। फिर भी, इनमें अन्तर करना मनमाने ढंग से किये जाते हैं। एक हीं वस्तु उपभोक्ता वस्तु एवं उत्पादक वस्तु हो सकती है फर्क सिर्फ उसके प्रयोग करने के तरीके में है। उदाहरण के लिए, एक उपभोक्ता के ड्रांईग कक्ष में रखे गये सोफा सेट उभोक्ता वस्तु है, जबकि व्यवसायी के स्वागत कक्ष में रखे गये सोफा एक उत्पादक के लिए उत्पादक वस्तु है। फिर भी अन्तर करना उचित मांग विश्लेषण के लिए उपयोगी है। जबकि उपभोक्ता वस्तुओं की मांग उपभोक्ता की आय पर निर्भर करता है, लेकिन उत्पादक वस्तुओं की मांग उसकी उत्पादन स्तर में परिर्वतन पर निर्भर करता है।

8. नई मांग बनाम प्रतिस्थापन मांग

कभी–कभी कुछ समय के लिए नई मांग एवं प्रतिस्थापन मांग में अन्तर स्पष्ट करना आवश्यक हो जाता है। जब कोई नये यंत्र खरीदे या संस्थापित किये जाते हैं तो इसे नई मांग कहते हैं, वजाय कि जब उस मशीन को मरम्मत एवं उसके कुछ भाग या सहायक को प्रतिस्थपित किया जाय।

3.7 बाजार मांग के घटक/कारक

मांग एक बहुकारक फलन है। इसका अर्थ है कि एक वस्तु की मांग बहुत से चरों/कारकों द्वारा निर्धारित होता है। बाजार मांग को निर्धारित करने के लिए वस्तु की कीमत स्वयं, सम्बन्धित वस्तुओं की कीमत, उपभोक्ता की आय एंव रुचि महत्वपूर्ण कारक/घटक हैं। वस्तु की कीमत में परिवर्तन के परिणाम को एक हीं मांग वक्र में एक बिन्दु से दूसरे बिन्दु तक गतिमान के रुप में प्रदर्शित किया जा सकता है, जबकि अन्य कारकों में परिवर्तन के प्रभाव को मांग वक्र के प्रतिस्थापन या विस्थापन के रुप में प्रदर्शित किया जा सकता है। अतः इन कारकों को खिसकने/प्रतिस्थापन कारक कहते हैं। मांग वक्र को खिसकने या प्रतिस्थापित कारकों को स्थिर या अपरिवर्तित मानकर बनाया जाता है। इसके बावजूद, मांग बहुत से अन्य कारकों से भी प्रभावित होते हैं,

जैसे आय का वितरण, कुल जनसंख्या एवं इसका संघटन, सम्पति, साख उपलब्धता, स्टॉक एवं आदतें आदि। अन्तिम दो कारक वर्तमान व्यवहार को पूर्व के अनुसार प्रभावित होने की अनुमति प्रदान करता है, अतः मांग विश्लेषण प्रवैगिक स्वरुप का है।

1. **वस्तु की कीमत**

वस्तु की मांग उसके कीमत के साथ विपरीत रुप में परिववर्तित होती है। यदि X वस्तु की कीमत में वृद्धि होती है, तो उस वस्तु की मांग कम/घट जाती है और विलोमशः। एक वस्तु के क्रेता को दो प्रकारों में वर्गीकृत किया जाता हैः सीमान्त एवं अन्तरा–सीमान्त क्रेता। अन्तरा–सीमान्त क्रेता वे हैं जो किसी वस्तु के लिए अपने उपभोग को बढ़ाते या घटाते हैं लेकिन उस वस्तु के उपभोग को नहीं छोड़ते न हीं नई वस्तु का उपभोग करते हैं भले हीं अन्य कारकों या कीमतों में परिवर्तन हो। सीमान्त क्रेता वे हैं जो कीमत में कमी होने पर एक वस्तु का उपभोग प्रारम्भ करते हैं जबकि कीमत में वृद्धि होने पर उस वस्तु के उपभोग को बन्द कर देते हैं। अन्तरा–सीमान्त क्रेता के व्यवहार को आय प्रभाव एवं प्रतिस्थापन प्रभाव के मदद से आसानी से वर्णन किया जा सकता है।

जैसे हीं एक वस्तु की कीमत घटती है, अन्य सम्बन्धित वस्तु की कीमत परिवर्तित नहीं होती है, तब यह वस्तु अपेक्षाकृ सस्ती होती है और इसलिए, इस वस्तु की मांग बढ़ जाती है। अतः प्रतिस्थापन प्रभाव सदैव ऋणात्मक होता है। एक वस्तु के कीमत में कमी होती है, अन्य चीजें स्थिर रहती हैं, उपभोक्ता की वास्तविक आय में वृद्धि होती है फलतः उस वस्तु की अधिक मात्रा खरीदते हैं। इसका परिणाम होता है कि उपभोक्ता की श्रेष्ठ वस्तु की मांग में वृद्धि होता है और निकृष्ट वस्तु की मांग घट जाती है। इस प्रकार, कीमत में परिवर्तन का आय प्रभाव श्रेष्ठ वस्तु के लिए ऋणात्मक तथा निकृष्ट वस्तु के लिए धनात्मक होती है। चूंकि कीमत में परिवर्तन आय प्रभाव एवं प्रतिस्थापन प्रभाव दोनों को बढ़ाता है, इन दोनों प्रभाव हीं कीमत प्रभाव को मापते हैं। श्रेष्ठ वस्तु के लिए दोनो प्रतिस्थापन एवं आय प्रभाव धनात्मक या एक हीं दिशा में होते हैं, जबकि निकृष्ट वस्तु कि स्थिति में दोनों विपरीत दिशा में कार्य करते हैं।

2. **सम्बन्धि वस्तु की कीमत**

एक वस्तु की मांग को सम्बन्धित वस्तु की कीमतें भी प्रभावित करती है। सम्बन्धित वस्तुएं प्रतिस्थापन या सम्पूरक वस्तएं हो सकती है।

(a) **प्रतिस्थापनः** प्रतिस्थापन वस्तुएं वे होते हैं जो एक दूसरे के स्थान पर प्रतिस्थापित/प्रयोग किये जाते हैं। प्रतिस्थापित वस्तुओं की कीमत एवं वस्तुओं की संख्या (अर्थात प्रतियोगी वस्तुएं) भी वस्तु की मांग को निर्धारित करता है। जब प्रतिस्थापन वस्तुओं की कीमत उंच्ची होगी तब इस वस्तु की मांग अधिक होती है साथ हीं लोग प्रतिस्थापन वस्तुओं को खरीदना छोड़ देते हैं। किसी वस्तु के कीमत में कमी होने का अर्थ है कि उसके प्रतिस्थापन्न वस्तुओं की मांग में कमी हुई है। वस्तु को प्रतिस्थापन्न होने के लिए, दोनों वस्तुओं को एक तरह का या समरुप होना आवश्यक नहीं है। समरुप वस्तुएं पूर्ण प्रतिस्थापन्न वस्तुएं

कहलाती हैं। जापान की मोटर कार अमेरिका की मोटर कार के समरूप नहीं होते हैं। फिर भी, सभी में कुछ सामान्य लक्षण होगें जैसे, चार पहिये, लोगों को ढोने की क्षमता और गैसोलिन के मदद से चलना आदि। इस प्रकार, एक देश के कार के कीमत में महत्वपूर्ण कीमत से यह अनुमान किया जा सकता है कि दूसरे देश के कार के मांग भी प्रभावित होगें। घर में बने भोजन का प्रतिस्थापन भोजन रेस्टोरेंट का स्वदिष्ट भोजन हो सकता है, एवं नई दिल्ली से मुम्बई हवाई जहाज से जाना रेल के द्वारा जाने या रेल का प्रयोग करने का एक अच्छा प्रतिस्थापन्न है।

(b) **सम्पूरक वस्तुएंः** सम्पूरक वस्तुएं वे होते हैं जिनका उपभोग एक साथ किया जाता है, जैसे, मोटर कार एवं पेट्रोल, जूत्ते एवं पॉलिस, फिश एवं चिप। सम्पूरक वस्तुओं के कीमत अधिक होते हैं तब इसका कम/कुछ हीं मात्राएं खरीदते हैं एवं अतः इस वस्तु की मांग कम हो जायेगी। यदि आप अधिक चिट्ठियां लिखेंगें उतना हीं अधिक स्टम्प एवं स्टेशनरी की मांग करेंगें, और जैसे हीं अधिक ई–मेल भेजेंगें आपको अधिक इंटरनेट उपागमन की आवश्यकता होगी। हवाई उड़ानों के बीच कीमत प्रतियोगिता की स्थिति है जब यात्रा करना अधिक सस्ता वा कम खर्चीला होता है, टैक्सी सेवा की अधिक मांग होती है एवं हवाई यात्रा से यात्री गमन बढ़ जाता है। जब दो वस्तुएं सम्पूरक हों तब एक वस्तु के कीमत में कमी का परिणाम होता है कि दूसरे वस्तु की मांग बढ़ जाती है, यद्यपि इसके कीमत में कोई गिरावट न हो फिरभी तथा इसके विपरीत भी।

किसी दिये गये वस्तु के एक हीं समय में कई सारे सम्भावित प्रतिस्थापन एवं सम्पूरक वस्तु हो सकते हैं जो कीमत में एक हीं परिवर्तन होने पर एक साथ उपभोक्ता के कई वस्तुओं के मांग को प्रभावित कर सकते हैं; इन उत्पादों में से कुछ वस्तुओं के मांग में वृद्धि हो सकती है तो कुछ वस्तुओं के मांग में कमी हो सकती है। उदाहरण के लिए, अब हम सीडी में बहुत सारे आंकड़ें एवं सूचनायें एकत्र कर सकते हैं जिसे एक व्यक्तिगत संगणक द्वारा अध्ययन किया जा सकता है। जैसे हीं सीडी एवं सीडी हार्डवेयर के दाम अधिक से अधिक घटेगें, मुद्रित शब्द कोशों की मांग घट जायेगी।

3. उपभोक्ता की आय

आय एक उपभोक्ता की क्रय शक्ति को निर्धारित करती है एवं इसलिए, एक उत्पाद के मांग को निर्धारित करने वाला यह एक आधारभूत कारक है। वे लोग जिनकी व्यक्तिगत प्रायोज्य आय अधिक है वे कम व्यक्तिगत प्रायोज्य आय वालों की तुलना में अधिक वस्तुओं एवं सेवाओं की मांग करेंगें। स्वयं वस्तु की कीमत, सम्बन्धित वस्तुओं की कीमत लघु अवधि में महत्वपूर्ण/सार्थक होते हैं, जबकि आय किसी वस्तु की मांग के लिए अल्प काल एवं दीर्घकाल दोनों हीं अवधियों में सार्थक भूमिका निभाता है। आय वस्तु के मांग के निर्धारक तत्व के रुप में आय तथा वस्तुओं के स्वभाव से सम्बन्धित बातों पर परिवर्तन निर्भर करता है। अतः व्यवसाय अधिकारी को जिस वस्तु के

बारे में वे बात कर रहे हैं उनके स्वभाव एवं उपभोक्ता के आय के बीच सम्बन्धों से भलिभांति परिचित होने चाहिए।

आय–मांग सम्बन्ध के उद्देश्य से उपभोक्ता वस्तुओं एवं सेवाओं को चार श्रेणी/वर्ग/प्रवर्ग में वर्गीकृत करते हैंः

1. आवश्यक उपभोक्ता वस्तुएं,
2. सामान्य वस्तुएं,
3. निकृष्ट या घटिया वस्तुएं एवं
4. विलासिता की वस्तुएं।

आय में विचलन या परिवर्तन के साथ इन वस्तुओं के मांग में होने वाले प्रभाव की चर्चा नीचे संक्षेप में की गई हैः

a. **आवश्यक वस्तुएंः** आवश्यक वस्तुएं वे वस्तुएं एवं सेवाएं हैं जिनका उपभोग समाज के सभी व्यक्तियों द्वारा किया जाता है। वे सब 'अधारभूत आवश्यकता' के मद या चीजें होती हैं जैसे, न्यूनतम कपड़े, आवास, खाद्यान्न आनाज, नमक, सब्जी तेल, दियासलाई, रसोई ईंधन, इत्यादि। आवश्यक वस्तुओं की मांग में वृद्धि, उपभोक्ता के आय में वृद्धि के साथ होती है परन्तु केवल एक निश्चित सीमा तक जहां कि आधारभूत आवश्यकताएं पूरी होती है। उस विन्दू के बाद इस श्रेणी के गुणवत्ता एवं अच्छी वस्तुओं पर व्यय में वृद्धि होती है। चित्र 3.2 में आवश्यक उपभोक्ता वस्तुओं एवं आय के बीच सम्बन्ध को प्रदर्शित किया गया है। वक्र B दर्शाता है कि एक उपभोक्ता की आवश्यक वस्तुओं की मांग तब तक बढ़ती है जब तक कि उसकी आय OY_2 तक हो जाय। इसके आगे यह संतृप्ति कि ओर अग्रसर होती है।

b. **सामान्य वस्तुएंः** वे वस्तुएं एवं सेवाएं जिसकी मांग आय में जब वृद्धि होती है तब वृद्धि होती है तथा जब आय में कमी होती है तब मांग में भी कमी होती है तब ऐसी वस्तुएं सामान्य वस्तुएं कहलाती है। सिनेमा का टिकट, रेस्टोरेन्ट को भोजन, टेलीफोन कॉल एवं शर्ट ये सभी सामान्य वस्तुएं है। वक्र C, चित्र 3.2 में सामान्य वस्तुओं की आय–मांग सम्बन्ध को प्रदर्शित करता है।



चित्र 3.2: आय–मांग सम्बन्ध वक्र

c. **निकृष्ट वस्तुएंः** एक निकृष्ट वस्तु वह है जिसकी मांग कम होती है जब उपभोक्ता की आय बढ़ती है। निकृष्ट वस्तु की स्थिति में यह ऋणात्मक आय प्रभाव होती है। जैसे हीं उपभोक्ता की आय में वृद्धि होती है वह यात्रा के लिए बस के बजाय टैक्सी से यात्रा करने के नाम से जाने जाते हैं; बीड़ी के जगह सिगरेट पीना ज्यादा पसन्द करता है; रसोई के लिए किरोसीन तेल के बजाय रसोई गैस का प्रयोग करते हैं, बाजरा के स्थान पर गेहूं एवं चावल के तरफ विस्थापित हो जाते हैं। निकृष्ट वस्तुओं की मांग में वृद्धि केवल एक निश्चित आय के स्तर तक वृद्धि होती है, इसके आगे मांग का यह स्तर आय में वृद्धि होने पर घटती है। चित्र 3.2 में वक्र A, आय में वृद्धि होने पर निकृष्ट वस्तुओं की मांग के व्यवहार को प्रदर्शित करता है।

d. **सम्मान या प्रतिष्ठा या विलाशिता की वस्तुः** कोई उत्पाद जिसकी मांग की आय–लोच एक से अधिक होता है तो उसे विलासिता की वस्तु कहते हैं। जैसे हीं उपभोक्ता की आय में वृद्धि होती है वह आनुपातिक रुप से आय से अधिक व्यय ऐसे वस्तुओं पर की जाती है। अन्तर के रुप में, उत्पाद जिसकी आय लोच इकाई से कम हो तो वह एक आवश्यक वस्तु होती है। विलासिता की वस्तु, उपभोक्ता के आय में वृद्धि किये बिना हीं, उसकी खुशी एवं प्रतिष्ठा में वृद्धि करती है। उदाहरण क लिए, विलाशितावाली मोटर कार, पांच सितारा होटल में ठहरना व आवास, प्रथम श्रेणी वातानुकुलित रेल से यात्रा, उच्च श्रेणी में हवाई यात्रा, कीमती गहने आदि विलासिता के वस्तु की श्रेणी में रखा जा सकता है। एक विशिष्ट श्रेणी के विलाशिता वस्तु वे प्रतिष्ठित वस्तुएं हैं जैसे पुराकालीन एवं विरल पेटिंग को रखना, हीरे की गुलमेख एवं घड़ी, प्रतिष्ठित विद्यालय, भवन की तड़क–भड़क सजावट आदि। ऐसे वस्तुओं की मांग आय के एक स्तर के नीचे शून्य या नहीं होती है, जैसें हीं आय उस स्तर तक पहुंचते है कि वो विलाशिता की वस्तु के परिधि में प्रवेश कर लेते हैं और उपभोग में अधिका से अधिक वृद्धि होती है जैसे –2 आय में वृद्धि होती जाती है। प्रतिष्ठित एवं विलाशिता की वस्तुओं को उत्पादित करने वाले उत्पादक इन वस्तुओं के मांग को निर्धारित करते समय समाज के धनी वर्ग के आय में परिवर्तन को भी ध्यान में रखते हैं। वक्र D, विलाशिता वस्तुओं के मांग का वर्णन करता है।

4. **उपभोक्ता की रुचि एवं अधिमान**

किसी दिये गये कीमत पर खरीदे जाने वाली वस्तु, सामान्यतया एक उत्पाद के लिए लोगों के रुचि या अधिमान में परिवर्तन किसी दूसरे वस्तु की मांगी गई मात्रा में परिवर्तन लायेगी। लोग अपने पसन्द की वस्तु का तालाश करते हैं फिर इस वस्तु की मांग करते हैं। रुचि विज्ञापन, फैशन, दसूरे उपभोक्ता को देखने या अवलोकन से, स्वास्थ्य को ध्यान में रखने एवं इससे पूर्व के अवसर पर उपभोग की गई अनुभव से प्रभावित लोगों की रुचि तथा वस्तुओं एवं सेवाओं की अधिमान से प्रभावित होती है।

5. **उपभोक्ता की सूचनाएं**

एक वस्तु से सम्बन्धित सूचनाओं में परिवर्तन भी मांग वक्र के प्रतिस्थापन का मूख्य कारण हो सकता है। उदाहरण के लिए, जब लोग धुम्रपान के खतरे को समझ व जान लेगें तब सिगरेट की मांग भी कम हो जायेगी। इसी प्रकार, कोलेस्ट्रोल का प्रभाव, गाय व भैंस की मांस को घटाने तथा चिकेन एवं शाकाहारी भोजन में वृद्धि ला सकती है।

6. **विज्ञापन व्यय**

विज्ञापन व्यय का वस्तु की मांग के साथ धनात्मक संबंध है। जैसे–जैसे विज्ञापन व्यय बढ़ता है, विक्री की मात्रा भी बढ़ती है। विज्ञापन का उद्देश्य है कि वस्तु के उपभोक्ता को वस्तु की अस्तित्व एवं उसके उपयोग के बारे में सूचना प्रदान करना, बाजार में उपलब्ध अन्य प्रतियोगी उत्पादों अन्तर बताना, अन्य प्रतियोगी उत्पादों को पसन्द करने वाले उपभोक्ताओं को भी प्रभावित करना एवं उपभोग के नये प्रतिमान तय करना है। यदि अन्य बातें स्थिर रहें, तब विज्ञापन व्यय में कुल वृद्धि, बिक्री की मात्रा में भी वृद्धि लाता है। संकेत के रुप में, विज्ञापन व्यय एवं बिक्री की मात्रा को निम्न तरीके से व्यक्त किया जा सकता हैः

$$S = f(AD)$$

दोनों कारकों के बीच के सम्बन्ध को, ग्राफ के माध्यम से नीचे चित्र 3.3 प्रस्तुत किया गया हैः



चित्र 3.3ः विज्ञापन व्यय एवं बिक्री के बीच संबंध

7. **उपभोक्ता की प्रत्याशाएं**

उपभोक्ता की भविष्य में वस्तुओं की कीमत बढ़ने या घटने की प्रत्याशाएं भी वस्तु की मांग को प्रभावित करता है। यदि लोग अपेक्षा करते हैं कि कीमत बढ़ने वाली है तो वह कीमत में वृद्धि होने से पहले हीं इसको खरीद लेते हैं। इसके विपरीत, यदि लोग आशा करते हैं कि कीमत कम होगी, तब वे कम वस्तु खरीदेगें तथा कीमत कम होने का इन्तजार करेगें। हम अक्सर देखते हैं कि लोग भविष्य में वस्तुओं के कीमत में परिवर्तन की अपेक्षा करते हैं। ''हम कीमत बढ़ने से पूर्व वस्तुओं की अधिक मात्रा खरीदकर बेहतर स्थिति में होगें'' या ''हम वस्तु की खरीद की इच्छा को उसकी कीमत के गिरने तक इन्तजार

करें'' आदि, अब या तब वस्तुओं के खरीदने के सामान्य कारण हो सकते हैं या विभिन्न वस्तुओं के खरीदने के इरादा को स्थगित करना है। सामान्यतया, भविष्य के बारे में प्रत्याशा या अनुमान लगाना कठिन है, लेकिन कभी–कभी उपभोक्ता अच्छी तरह से अनुमान लगाने में सफल होते हैं कि कब वस्तु की कीमत वृद्धि होगी या कमी होगी, और उसी के अनुसार प्रतिक्रिया करने के लिए तैयार रहते हैं। इस प्रकार, मांग बढ़ेती है यदि लोग अपेक्षा करते हैं कि भविष्य में वस्तु की कीमत में वृद्धि होगी, एवं मांग में कमी होती है यदि लोग उम्मीद करते हैं कि भविष्य में वस्तु की कीमत में कमी आयेगी।

8. प्रदर्शन प्रभाव

सम्पन्न लोग, अक्सर बाजार में जैसे हीं नई वस्तु या पाई जाने वाली वस्तु की नई मॉडल आती है वे इसे खरीदना पसन्द करते क्योंकि या तो यह उसकी वास्तविक आवश्यकता है या फिर उनके पास इसे खरीदने की प्रर्यापत क्रयशक्ति है। कुछ लोग इन वस्तुओं, बिना वास्तविक आवश्यकता के भी खरीदते है। वे इन वस्तुओं को खरीदते हैं क्योंकि वे अपने आप को सम्पन्न लोग के बराबर प्रदर्शित करना चाहते हैं। इन कारणों से ऐसे वस्तुओं के खरीद में वृद्धि को 'प्रदर्शन प्रभाव या 'बैण्ड–वॉगन–प्रभाव' के नाम से जानते हैं। इन कारकों का मांग पर धनात्मक प्रभाव होता है। सामान्यतया, सम्पन्न लोग उन वस्तुओं एवं सेवाओं को खरीदना या उपभोग करना कम या बन्द कर देते हैं जिनका उपभोग या उपयोग साधारण या सामान्य लोग करते हैं। इस कारक का एक वस्तु के मांग पर ऋणात्मक प्रभाव होता है और इसे 'स्नॉब या अभिमानी या दंभी–प्रभाव' के नाम से जानते हैं।

9. उपभोक्ता–साख सुविधा

साख पर बिक्री एवं आसान साख में बिक्री, जैसे किस्तों का विस्तार, किस्तों की अधिक संख्या एवं न्यूनतम भुगतान आदि भी फर्म के उत्पाद के मांग को काफी हद तक प्रभावित करता है। उपभोक्ता की साख उपलब्धता, मांग वक्र को दायें ओर प्रतिस्थापित कर सकती है जो मांग में वृद्धि को प्रदर्शित करती है। यदि प्रतियोगी उत्पादक साख के रुप में विशेष छूट प्रदान करें, तब फर्म की मांग घटेगी एवं मांग वक्र बायीं ओर प्रतिस्थापित हो जायेगी।

10. देश की जनसंख्या

कुल जनसंख्या, लिंगानुपात, आयू–संयोजन या व्यवसाय संरचना आदि में परिवर्तन वस्तु की मांग में परिवर्तन लायेगी। उदाहरण के लिए, जब बच्चे जन्म लेते हैं, तब दूध की मांग, दूध से बनी वस्तुओं की मांग में वृद्धि होगी। फिर, प्रतिवर्ष, विद्यायलय जाने वाले बच्चों की संख्या में वृद्धि होगी, महाविद्यालय जाने वाले छात्रों की संख्या में वृद्धि होगी आदि, और अधिक विद्यालय पोशाक, किताबों आदि की मांग बढ़ती है इसके बावजूद की इनके कीमत में कोई कमी नहीं होती है।

11. राष्ट्रीय आय का वितरण

एक देश की राष्ट्रीय आय का स्तर एवं वितरण प्रतिमान भी एक वस्तु के बाजार मांग को निर्धारित करती है। अधिक राष्ट्रीय आय होने पर अधिक धनी व्यक्ति सामान्य वस्तुओं एवं सेवाओं की मांग करते हैं। अधिक सामान

तरीके से राष्ट्रीय आय का वितरण आवश्यक वस्तुओं के मांग में वृद्धि लाता है और अन्य प्रकार के सम्बन्धित वस्तुओं के मांग में कमी आती है।

12. मांग फलन

एक फलन वह है जो चर एवं उसके कारकों के बीच सम्बन्ध को प्रदर्शित करता है। एक मांग फलन, वस्तु या सेवा तथा इसको प्रभावित करने वाले कारक या चर जैसे इसकी कीमत, प्रतिस्थापन एवं सम्पूरक वस्तु की कीमत, उपभोक्ता की आय, साख सुविधा, विज्ञापन व्यय आदि के निर्भरता सम्बन्ध को बताता है। मांगी गई मात्रा आश्रित चर और घटक कारक स्वतंत्र चर है। प्रत्येक स्वतंत्र चर का आश्रित चर पर प्रभाव को सांख्यिकीय तरीके से प्राक्कलित किया जा सकता है।

हम मांग फलन के साधारण या सामान्य स्थिति को लेगें। माना कि कीमत को छोड़कर मांग को प्रभावित करने वाले कारक घटक स्थिर है। यह अल्पकालिक मांग फलन की स्थिति है, जहां एक वस्तु की मांगी गई मात्रा कीमत के साथ परिवर्तित होती है। इस मांग फलन को संकेत के रुप में निम्न तरीके से लिखा जा सकता है:

$$D_x = f(P_x) \qquad (3.1)$$

D_x = X वस्तु की प्रति इकाई समय पर मांग की मात्रा,

P_x = X वस्तु की कीमत,

इस मांग फलन में D_x आश्रित चर है तथा P_x स्वतंत्र चर है।

स्वतंत्र चर हीं आश्रित चर में परिवर्तन का कारण है। यदि हम आश्रित चरों एवं स्वतंत्र चरों के बीच सम्बन्ध को मात्रात्मक रुप से जानने में सक्षम हैं, तब मांग फलन के स्वरुप निम्न तरह का हो सकता है:

$$D_x = a - bP_x \qquad (3.2)$$

जहां,

a = a एक अचर राशि है जो शून्य कीमत पर अधिकतम मांग की मात्रा को प्रदर्शित करता है।

b = b कीमत में परिवर्तन के फलस्वरुप मांगी गई मात्रा में परिवर्तन ($\Delta D/\Delta P$) है। यह अनुपात भी सदैव स्थिर है।

यदि हम a एवं b के मूल्य को ज्ञात करने में सक्षम हैं, तब हम एक मांग अनुसूची तैयार कर सकते हैं जो विभिन्न कीमत स्तर पर मांगी गई मात्रा को प्रदर्शित करेगें।

जब मांगी गई मात्रा एवं कीमत के बीच सम्बन्ध का परिणाम रैखिक वक्र हो, तब मांग फलन रैखिक मांग फलन कहलाता है। मांग फलन से, कीमत को आसानी से ज्ञात किया जा सकता है। जब मांग वक्र के साथ–साथ ढ़ाल भी परिवर्तित होते जाते हैं तब ऐसे फलन को गैर–रैखिक फलन कहते हैं। गैर–रेखीय मांग फलन एक घातीय फलन के रुप में होते हैं।

अल्प काल में, वस्तु की कीमत के अतिरिक्त अन्य सभी कारक स्थिर रहते हैं। तथापि, दीर्घ काल में, अन्य कारकों में भी परिवर्तन होते हैं। दीर्घ काल में, उत्पादों की मांग इसके सभी कारकों के संयुक्त प्रभाव पर निर्भर करता है जो एक साथ संचालित होते हैं। इसलिए, एक उत्पाद के दीर्घ काल

मांग को प्राक्कलित करने के हेतु, इसके सभी सम्बन्धित कारकों को भी सम्मिलित किया जाता है। इस प्रकार के फलन को बहु–चर या प्रवैगिक मांग फलन कहते हैं। ऐसे मांग फलन बताते हैं कि एक वस्तु की मांग की मात्रा (D_x) इसके कीमत, सम्बन्धित वस्तुओं की कीमतें, उपभोक्ता की आय, विज्ञापन व्यय, उपभोक्ता की रुचि आदि पर निर्भर करता है। इस बहु–चर फलन, को संकेत के रुप में निम्नलिखित तरीके से व्यक्त किया जा सकता हैः

$$D_x = f(P_x, Y, P_s, P_c, A, T) \quad \ldots(3.3)$$

जहां,

Y = उपभोक्ता की आय

Ps = प्रतिस्थापन वस्तु की कीमत

Pc = सम्पूरक वस्तुओं की कीमत

A= विज्ञापन व्यय

T = उपभोक्ता की रुचि

यदि सभी स्वतंत्र चरों को असानी से मात्रा में व्यक्त किया जा सकता है, और इनके बीच सम्बन्ध रैखिक हो, तब मांग फलन को पुनः निम्न रुप से लिख सकते हैं,

$$D_x = a + bP_x + cY + dPs + gPc + hA + jT \quad \ldots(3.4)$$

जहां,

'a' एक अचर राशि है जो शून्य कीमत पर अधिकतम मांग की मात्रा को प्रदर्शित करता है।

b, c, d, g, h और j मांगी गई मात्रा X एवं सम्बन्धित स्वतंत्र चरों को गुणांक को प्रदर्शित करते हैं। अन्य स्वतंत्र चरें जैसे देश की जनसंख्या, उपभोक्ता की प्रत्याशाएं भी सम्मिलित किये जा सकते हैं।

3.8 सारांश

यदि सभी व्यक्तिगत उपभोक्ताओं का योगफल किया जाय, तब हम एक उत्पाद के बाजार मांग प्राप्त करते हैं। बाजार मांग का विश्लषण व्यवसाय के नीति निर्धारण में निर्णायक भूमिका अदा करती है। क्या कारक है कि मांग निर्धारित हाती है? बाजार मांग किसी कीमत पर व्यक्तिगत मात्राओं की मांग का योग है। व्यक्तिगत मांग, एक व्यक्ति द्वारा किसी दिये गये कीमत पर प्रति इकाई समय में मांगी गई मात्रा का संकेत देता है। एक उत्पाद के लिए व्यक्तिगत मांग का समग्र हीं उस उत्पाद का बाजार मांग कहलाता हैं।

मांग एक बहु–चर फलन है। इसका अर्थ है कि एक वस्तु की मांग बहुत सारे चरों से निर्धारि होते हैं। एक वस्तु की मांग अपने कीमत से विपरीत दिशा में परिवर्तित होती है। सम्बन्धित वस्तुओं की कीमत भी वस्तुओं की मांग को प्रभावित करते हैं। सम्बन्धित वस्तुएं प्रतिस्थापन्न वस्तु या सम्पूरक वस्तु हो सकती है। प्रतिस्थापन्न वस्तुएं वे हैं जो एक दूसरे के स्थान पर प्रतिस्थापित होती है। प्रतिस्थापन्न वस्तुओं की संख्या एवं कीमत (अर्थात् प्रतियोगी वस्तुएं) भी वस्तु की मांग को निर्धारित करती है।

एक उत्पाद से संबन्धित सूचनाएं भी मांग वक्र के प्रतिस्थापित या विस्थापित का कारण है।

एक फलन वह है जो चरों एवं उसके निर्धारक तत्वों के बीच सम्बन्ध का वर्णन करता है। एक मांग फलन, वस्तु या सेवा तथा इसको प्रभावित करने वाले कारक या चर जैसे इसकी कीमत, प्रतिस्थापन एवं सम्पूरक वस्तु की कीमत, उपभोक्ता की आय, साख सुविधा, विज्ञापन व्यय आदि के निर्भरता सम्बन्ध को बताता है।

इस प्रकार, इस इकाई में, हम इसका अर्थ, इसकी विशेषताएं जिसमें कीमत, समय बाजार एवं मात्रा की चर्चा की। हमने मांग के नियम एवं इसके अपवाद, मांग फलन, बाजार मांग और बाजार मांग के प्रकार का वर्णन किया है। बाजार मांग फर्म के उत्पाद एवं उद्योगों के उत्पाद के मांग, व्यक्तिगत एवं बाजार मांग, टिकाउ एवं गैर–टिकाउ वस्तुओं की मांग, स्वतः मांग एवं व्यूत्पन्न मांग, बाजार खण्ड के द्वारा मांग और कुल मांग, अल्प–कालिक एवं दीर्घ कालिक मांगं, उपभोक्ता वस्तुओं की मांग तथा उत्पादक वस्तुओं की मांग, नई मांग बनाम बनाम प्रतिस्थापित मांग को भी सम्मिलित करता है। मांग के कारकों के बारें में भी चित्रण किया गया है।

3.9 शब्दावली

मांगः किसी वस्तु की मांग, दिये गये कीमत पर इसकी मात्रा, जो प्रति इकाई समय पर उस कीमत खरीदी जाती है।

मांग का नियमः मांग का नियम बताता है कि कम कीमत होने पर, अधिक प्रभावी मांग, या, अधिक कीमत पर कम प्रभावी मांग होते हैं।

मांग फलनः दिये गये समय अवधि में दिये गये बाजार में मांग की विभिन्न मात्राओं एवं उसको निर्धारित करने वाले तत्वों या कारकों के बीच के सम्बन्ध का व्यक्त करता है।

बाजार मांगः एक उत्पाद के लिए व्यक्तिगत मांग का समग्र हीं उस उत्पाद का बाजार मांग कहलाता हैं।

टिकाउ वस्तुएंः टिकाउ वस्तुएं वे होती हैं जिसकी उपयोगिता या उपयोग केवल एक बार प्रयोग करने पर समाप्त नहीं होती है बल्कि कुछ समय तक के लिए प्रयोग की जा सकती है।

प्रतिस्थापन्नः प्रतिस्थापन्न वस्तुएं वे हैं जो एक दूसरे के स्थान पर प्रतिस्थापित होती है।

सम्पूरक वस्तुएंः सम्पूरक वस्तुएं वे होती हैं जिसका उपभोग साथ–साथ की जाती है, जैसे– कार एवं पेट्रोल, जूत्ता एवं पॉलिस आदि।

सामान्य वस्तुएंः वे वस्तुएं जिसकी मांग में वृद्धि आय में वृद्धि होने पर होती है तथा आय में कमी होने पर मांग में भी कमी होती है, सामान्य वस्तु कहलाती है।

निकृष्ट वस्तुएंः निकृष्ट वस्तुएं वे होती हैं जिसकी मांग आय में वृद्धि होने पर वस्तु की मांग में कमी आती है।

प्रदर्शन–प्रभावः कुछ लोग इन वस्तुओं, बिना वास्तविक आवश्यकता के भी खरीदते है। वे इन वस्तुओं को खरीदते हैं क्योंकि वे अपने आप को सम्पन्न

लोग के बराबर प्रदर्शित करना चाहते हैं। इन कारणों से ऐसे वस्तुओं के खरीद में वृद्धि को 'प्रदर्शन प्रभाव या 'बैण्ड–वॉगन–प्रभाव' के नाम से जानते हैं।

3.10 बोध प्रश्न

रिक्त स्थानों को भरें

(a) एक विशिष्ट वस्तु एवं सेवाएं जिसे एक उपभोक्ता या उपभोक्ताओं का समूह दिये गये कीमत पर खरीदना चाहे तो वह ——————— कहलाता है।

(b) ————————— बताता है कि उच्च कीमत पर, कम वस्तुओं की मांग करते हैं।

(c) ————————— वे हैं जिनकी मांग कमी होती है जबकि उपभोक्ता की आय में वृद्धि होता हो।

(d) कार के साथ पेट्रोल एवं जूत्ते के साथ पॉलिस ————————— वस्तुएं कहलाते हैं

3.11 बोध प्रश्नों के उत्तर

(a) मांग, (b) मांग का नियम, (c) निकृष्ट वस्तएं (d) सम्पूरक वस्तुएं।

3.12 स्वपरख प्रश्न

1. मांग वक्र का ढ़ाल सदैव नीचे दाहिनी ओर क्यों होता है? किस स्थिति में मांग वक्र का ढ़ाल उपर दाहिनी ओर की होती है?
2. उस स्थिति का विश्लेषण करें जिसमें कीमत में कमी होने के कारण मांग में भी कमी आती है।
3. वर्णन करें कि कैसे वस्तु की मांग को प्रभावित होती हैं:
   (i) दूसरे संबंधित वस्तु की कीमत में परिवर्तन हाने पर एवं
   (ii) उपभोक्ता के आय में परिवर्तन हाने पर।
4. मांग फलन क्या है? मांग के नियम का वर्णन इसके अपवाद के साथ करें।
5. मांग के घटकों का वर्णन करें।

3.13 सन्दर्भ पुस्तकें

8. H.S.Agarwal, Microeconomic Theory', (2008) Seventh Edition, Ane's Student Edition.
9. Hajela, T.N., (2009), Macroeconomic theory', 10th Edition, Ane Book Pvt. Ltd. New Delhi.
10. Deepashree & Vanita Agarwal,'Macroeconomics', Ane Book Pvt Ltd. New Delhi.
11. Errol D'Souza, ' Macroeconomics', (2008), Pearson Education, New Delhi.
12. S.P.Singh, 'Managerial Economics', AITBS, New Delhi.
13. Sampat Mukherjee, Principles of Macroeconomics, (2009), New Central Book Agency, New Delhi.
14. D.D.Tewari & Kartar Singh,'Principles of Microeconomics, (1996), New age publishers, New Delhi.

*****

इकाई 4 मांग की लोच

इकाई की रूपरेखा

4.1 प्रस्तावना
4.1.1 मांग की लोच अवधारणा का महत्व
4.2 मांग की कीमत लोच
4.2.1 चाप लोच
4.2.2 रेखीय मांग वक्र पर बिन्दु लोच
4.3 गैर रेखीय मांग वक्र के विभिन्न बिन्दुओं पर कीमत लोच
4.4 कीमत लोच एवं कुल आगम
4.5 कीमत लोच एवं सीमान्त आगम
4.6 मांग की कीमत लोच के निर्धारक तत्व
4.7 मांग की आड़ी लोच
4.8 मांग की आय लोच
4.8.1 आय संवेदनषीलता
4.9 बिक्री की विज्ञापन लोच
4.10 विज्ञापन लोच के निर्धारक तत्व
4.11 प्रत्याशित मूल्य लोच
4.12 पूर्ति की लोच
4.13 पूर्ति की कीमत लोच
4.14 पूर्ति की कीमत लोच को प्रभावित करने वाले तत्व
4.15 मांग और पूर्ति की कीमत लोच के उपयोगी अनुप्रयोग
4.16 सारांश
4.17 शब्दावली
4.18 बोध प्रश्न
4.19 बोध प्रश्नों के उत्तर
4.20 स्वपरख प्रश्न
4.21 सन्दर्भ

उद्देश्य

इस इकाई के अध्ययन के पश्चात आप इस योग्य हो सकेंगे कि –

- मांग की लोच को परिभाषित कर सकें।
- मांग की लोच का वर्गीकरण बता सकें ।
- मांग की कीमत लोच के निर्धारक तत्वों का वर्णन कर सकें।
- मांग की आय लोच के निर्धारक तत्वों को स्पष्ट कर सकें।
- मांग की लोच के महत्व को स्पष्ट कर सकें।

4.1 प्रस्तावना

मांग का नियम, किसी वस्तु के मूल्य में होने वाले परिवर्तन के प्रत्युत्तर में मांग में होने वाली कमी अथवा वृद्धि की व्याख्या करता है। उपभोक्ता मूल्य में होने वाले परिवर्तन के परिणामस्वरूप वस्तु की मात्रा कम अथवा अधिक खरीदते हैं। यदि किसी वस्तु के मूल्य में कमी होती है, उसकी मांग बढ़ जाती

है। इसी प्रकार यदि किसी वस्तु की कीमत में वृद्धि होती है, तब उसकी मांग कम हो जाती है। मांग के नियम का यह सरोकार नहीं है कि मूल्य में कितने परिवर्तन के उत्तर में मांग में कितना परिवर्तन होता है। मूल्य परिवर्तन के कारण मांग में होने वाले परिवर्तन के मात्रात्मक पहलू का अध्ययन मांग की लोच के सिद्धान्त के अन्तर्गत किया जाता है। किसी वस्तु की कीमत मे परिवर्तन के फलस्वरूप उसकी मांग में जो परिवर्तन होता है, उसको मांग की लोच अथवा मूल्य सापेक्षता कहा जाता है। दूसरे शब्दों मे, मांग की लोच किसी वस्तु की कीमत में हुए परिवर्तन एवं उसकी मांग में हुये परिवर्तन का अनुपात है। इस इकाई में, मांग के लोच को मापने की विविध रीतियों के विषय में बताया गया है और मांग की लोच की विभिन्न अवधारणाओं को समझाया गया है।इसमें सम्मिलित हैं–(अ)कीमत लोच (ब) आय लोच (स) आड़ी लोच (द) विज्ञापन लोच एवम् (य) मूल्य सम्भाव्य लोच।

4.1.1 मांग की लोच अवधारणा का महत्व (Importance of Elasticity of Demand)

(A) सैद्धान्तिक महत्व

अर्थशास्त्र में मांग की लोच के सैद्धान्तिक एवं व्यवहारिक दोनों महत्व हैं। मूल्य की सापेक्षता का विचार अर्थशास्त्र के अनेक सिद्धान्तों की व्याख्या करने के लिये विश्लेशण साधन के रूप में प्रयुक्त होता है। मूल्य निर्धारण के सिद्धान्त में मांग की लोच का अत्यधिक महत्व है, विशेशकर अपूर्ण प्रतियोगिता और एकाधिकार अवस्था में इसकी उपयोगिता और भी अधिक है। मांग की लोच से यह तय किया जाता है कि मूल्य विभेद कब लाभदायक होगा। साथ ही, एकाधिकारी शक्ति के अंष को मापने मे यह सहायक है। वस्तुओं के वर्गीकरण, यथा– स्थानापन्न वस्तुयें, पूरक वस्तुओं, में मांग की लोच का आधार लिया जाता है। उत्पादन शुल्क अथवा दूसरे अप्रत्यक्ष करों के सन्दर्भ में मांग की लोच का उपयोग किया जाता है। अर्थशास्त्री कीन्स के अनुसार मार्शल के योगदान में सर्वाधिक महत्वपूर्ण है– मांग की लोच के विचार की प्रस्तुति।

(B) व्यवहारिक महत्व

(i) **कराधान नीति के लिये उपयोगी** –मांग की लोच अवधारणा राजकीय वित्त के क्षेत्र में अतिशय महत्वपूर्ण है। वित्त मन्त्री जब किसी वस्तु पर कर लगाने का निर्णय लेते हैं, तब यह बात अनिवार्य रूप से देखी जाती है कि वस्तु की मांग लोचपूर्ण है अथवा बेलोच है। यदि मांग बेलोच है अथवा कम लोचदार है, कर में वृद्धि करके राजस्व अर्जन किया जा सकता है। यदि वस्तु की मांग लोचदार है, तब कर बढ़ाने से राजस्व में वृद्धि नहीं होगी। अपितु, मांग में कमी आ जायेगी और राजस्व में भी गिरावट होगी।

(ii) **एकाधिकारी द्वारा मूल्य विभेद**–एकाधिकारी को जब यह ज्ञात होता है कि उसके उत्पाद की मांग बेलोच है, तब वह तुरन्त वस्तु के मूल्य को बढ़ाकर अपने लाभ को अधिकतम करने का

प्रयास करेगा। इसके विपरीत, जब एकाधिकारी को ज्ञात हो कि उसकी वस्तु की मांग लोचदार है, तब वह कीमत को कम करके अपनी बिक्री बढ़ाकर अपने लाभ को अधिकतम करेगा। इस से स्पष्ट है कि एकाधिकारी के लिये मांग की लोच का सिद्धान्त बहुत उपयोगी होता है।

(iii) **संयुक्त पूर्ति में मूल्य विभेद के लिये उपयोगी**—कुछ संयुक्त उत्पाद ऐसे होते हैं जिनकी लागत का पृथक—पृथक निर्धारण संभव नहीं होता है। इस प्रकार के संयुक्त उत्पादों के मूल्य का निर्धारण मांग की लोच के आधार पर किया जाता है। रेलवे द्वारा विविध किराया दरों को तय करने में मांग की लोच के नियम का आधार लिया जाता है।

(iv) **व्यवसायियों के लिये उपयोगिता**—मांग लोच अवधारणा का उपयोग व्यापारियों द्वारा खूब किया जाता है। यदि माल की मांग लोचदार है, तब व्यापारी बिक्री को बढ़ाकर लाभ कमायेंगे। यदि वस्तु की मांग बेलोच है, तब वे वस्तु की कीमत बढ़ाकर लाभार्जन करेंगे।

(v) **श्रम संघों के लिये सहायक**—ऐसे उद्योग जिनमें वस्तुओं की मांग बेलोच हो, वहां पर श्रम संघ अधिक मजदूरी की मांग करके अपनी शर्तें मनवाने में सफल हो सकते हैं। इसके विपरीत, जिन उद्योगों के उत्पादन की मांग अपेक्षाकृत लोचदार है, वहां श्रम संघ मजदूरी में वृद्धि के लिये दबाव बनाने में कामयाब नहीं हो सकते।

(vi) **अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार में उपयोगी**— मांग की लोच के आधार पर ही दो देशों के मध्य व्यापार की शर्तें तय होती हैं।

(vii) **विदेशी विनिमय दर निर्धारण**—विदेशी विनिमय दर किसी देश के आयात और निर्यात के लोचपूर्ण अथवा बेलोच होने पर निर्भर करती है।

(viii) **उत्पादकों के लिये मार्गदर्शक**—मांग की लोच का विचार उत्पादकों के लिय मार्गदर्शक का कार्य करता है। विशेष रूप से, विज्ञापन व्यय के निर्धारण के लिये मांग की लोच की परीक्षा की जाती है। यदि किसी वस्तु की मांग लोचपूर्ण है, तब उत्पाद को बिक्री बढ़ाने के लिये विज्ञापन पर अधिक व्यय करने की आवश्यकता होगी।

(ix) **कारक मूल्य निर्धारण** (factor pricing) में उपयोगी—मांग की लोच अवधारणा का उपयोग कारक मूल्य निर्धारण में होता है। उत्पादन के ऐसे साधन जिनकी मांग बेलोच होती है, वे बाजार में अधिक मूल्य वसूल कर सकते हैं, उनकी तुलना में जिनकी मांग लोचदार हो। मांग की लोच का सिद्धान्त कारक मूल्य निर्धारण में होने वाले परिवर्तनों की व्याख्या करता है। राशिपातन करते समय एकाधिकारी मांग की मूल्य सापेक्षता का ध्यान रखता है।

मांग की लोच के वर्गीकरण का वर्णन आगे किया गया है:

(अ) मांग की कीमत लोच

(ब) मांग की आय लोच

(स) मांग की आड़ी लोच

(द) मांग की विज्ञापन लोच

(य) मांग की मूल्य प्रत्याशा लोच

4.2 मांग की कीमत लोच

अर्थशास्त्र में अधिकांश, मांग की कीमत लोच का ही अध्ययन किया जाता है। मांग की लोच का अर्थ, मांग की कीमत लोच से ही लिया जाता है, जब तक कि कोई अन्यथा उल्लेख न किया गया हो। मांग की कीमत लोच किसी वस्तु की कीमत के परिवर्तन का उस वस्तु की मांग की मात्रा पर कितना प्रभाव पड़ रहा है, उसको मापती है। यह दो चरों में होने वाले सापेक्ष परिवर्तन का अनुपात है जिसमें मांगी गई मात्रा आश्रित चर है जबकि मूल्य स्वतन्त्र चर है। मांग की कीमत लोच के लिये गणितीय सूत्र का प्रयोग किया जाता है। मांग की कीमत लोच को e_p संकेताक्षर से व्यक्त किया जाता है। मांगी गई मात्रा में सापेक्ष परिवर्तन को मूल्य में हुये सापेक्ष परिवर्तन से भाग देकर मांग की कीमत लोच ज्ञात की जाती है।

$$e_p = \frac{\text{relative change in quantity demanded}}{\text{relative change in price}} \qquad 4.1$$

इसी प्रकार, मांग की कीमत लोच को प्रतिशत रूप में भी व्यक्त किया जाता है। इसके लिये मांगी गई मात्रा में परिवर्तन प्रतिशत को मूल्य में हुए परिवर्तन प्रतिशत से भाग दिया जाता है। सूत्र रूप में इसे इस तरह व्यक्त किया जाता है–

$$e_p = \frac{\text{Percentage change in quantity demanded}}{\text{Percentage change in price}} \qquad 4.2$$

यदि प्रतिशत ज्ञात हों, मांग की कीमत लोच की गणना सरलता से की जा सकती । मांग की लोच के गुणांक की भी गणना की जाती है, यह स्वतन्त्र संख्या होती है क्योंकि इसका सम्बन्ध माप की इकाईयों से नहीं होता। मांग की कीमत लोच गुणांक ज्ञात करने के लिये निम्न सूत्र प्रयुक्त होता है–

$$e_p = \frac{\Delta Q}{Q} \cdot \frac{P}{\Delta P} \qquad 4.3$$

जहाँ

Q मात्रा है

P मूल्य है

$\Delta Q/Q$ मांग की गई मात्रा में सापेक्ष परिवर्तन

$\Delta P/P$ मूल्य में सापेक्ष परिवर्तन

यह ध्यान देने योग्य है कि मांग की लोच के सूत्र में भिन्न से पूर्व प्रायः ऋण चिन्ह (minus sign) लगाया जाता है ताकि मांग की लोच के गुणांक का मूल्य धनात्मक ही प्राप्त हो।

मांग की लोच की माप मांग वक्र पर दो नियत बिन्दुओं पर हो सकती है जिसे चाप लोच (arc elasticity) कहा जाता है। इसी प्रकार, मांग की लोच किसी एक बिन्दु पर की जा सकती है जिसे बिन्दु लोच (point elasticity) कहा जाता है।

4.2.1 चाप लोच **(arc elasticity)**

मांग वक्र पर कोई दो बिन्दु लेने पर चाप बनता है। बाउमोल के शब्दों में, 'मांग वक्र पर एक परिमित खण्ड में मूल्य परिवर्तन के प्रति औसत प्रतिक्रिया की माप को चाप लोच कहा जाता है।' मांग वक्र पर दो निश्चित बिन्दुओं पर मांग की लोच की माप को चाप लोच कहा जाता है। निम्न सूत्र की सहायता से मांग की लोच गुणांक की गणना की जा सकती है–

$$e_p = \frac{\Delta Q}{Q} \cdot \frac{P}{\Delta P} \qquad 4.4$$



Fig. 4.1 Linear Demand Curve

उदाहरण के लिए, रेखाचित्र 4.1 में मांग की लोच मापने के लिये मांग वक्र पर दो बिन्दु R एवम् S चुने। बिन्दु R कीमत 40 रुपये है और बिन्दु S पर 20 रुपये है, इस प्रकार कीमत में 20 रुपये की कमी आई है। इस कमी के प्रत्युत्तर में मांग में 30 इकाईयों की वृद्धि दर्ज हुई है, बिन्दु R पर मांग 40 इकाई है, जबकि बिन्दु S पर 70 इकाई है। सूत्र में संकेताक्षरों के मूल्य रखने पर–

$$e_p = \frac{-30}{20} \cdot \frac{20}{20} \qquad 4.4$$

इसका अर्थ यह है कि वस्तु के मूल्य में 1 प्रतिशत की कमी के परिणामस्वरूप, वस्तु की मांग में 1.5 प्रतिशत की वृद्धि होती है।

मांग की चाप लोच के मापांकन, निर्वचन और उपयोग में, व्यवसाय प्रबन्धकों को बहुत सावधानी रखनी होती है क्योंकि परिवर्तन की भिन्न दिशा में लोच गुणांक भिन्न हो सकता है। उदाहरण में, बिन्दु आर से बिन्दु एस की ओर गिरावट में लोच गुणांक की गणना की गई है। यदि लोच गुणांक की गणना बिन्दु एस से बिन्दु आर की ओर बढ़ोत्तरी की दिशा में की जाये, तब गुणांक भिन्न आयेगा। कीमत के 20 रुपये से 40 रुपये होने पर और मांग के 70 इकाई से 40 इकाई होने पर, मांग की लोच गुणांक 42 प्राप्त होगा। इसका अभिप्राय यह है कि कीमत में 1 प्रतिशत की वृद्धि होने पर मांग में 42 प्रतिशत की कमी होगी। इस प्रकार लोच गुणांक मूल्य परिवर्तन की दिशा से प्रभावित

होता है। अतः चाप विधि से लोच मापते समय मूल्य में परिवर्तन की दिशा का ध्यान रखा जाना चाहिए।

इस कठिनाई के समाधान के लिये औसत कीमत और मात्रा को लिया जाता है। अतः चाप के मध्य बिन्दु पर लोच की माप की जाती है। तब, यह सूत्र इस प्रकार होता है–

$$\frac{\Delta Q}{½(Q_1+Q_2)} \Big/ \frac{\Delta P}{½(P_1+P_2)} \qquad 4.5$$

सूत्र से विदित है कि कीमत और मांग की मात्रा के औसत मूल्य लेने के कारण लोच गुणांक अपरिवर्तित रहता है, चाहे कीमत बढ़ रही हो अथवा कम हो रही हो।

4.2.2 रेखीय मांग वक्र पर बिन्दु लोच

मूल्य में होने वाले अति सूक्ष्म परिवर्तन के उत्तर में मांग में होने वाले अति सूक्ष्म सापेक्ष परिवर्तन के अनुपात को बिन्दु लोच कहा जाता है। यदि मूल्य में परिवर्तन को सूक्ष्म से सूक्ष्म कर दिया जाये और यह एक बिन्दु तक सीमित हो जाये, तब मांग में होने वाला परिवर्तन भी अत्यन्त सूक्ष्म होगा। मूल्य में हुए सूक्ष्म परिवर्तन के फलस्वरूप, मांग में होने वाले सापेक्ष सूक्ष्म परिवर्तन के अनुपात को बिन्दु लोच का नाम दिया जाता है। मूल्य में आनुपातिक सूक्ष्म परिवर्तन के कारण होने वाले मांग में हुए आनुपातिक परिवर्तन को बिन्दु लोच के रूप में परिभाषित किया जाता है। रेखा चित्र 4.2 में मांग वक्र के किसी बिन्दु पर लोच मापने का तरीका दर्शाया गया है:



Fig.4.2 Point Elasticity

मांग वक्र पर एक बिन्दु R ले लिया, इस बिन्दु पर मांग की लोच मापने के लिये निम्न सूत्र का उपयोग किया जायेगा।

$$e_p = \frac{\Delta Q}{Q} \cdot \frac{P}{\Delta P} \qquad 4.6$$

मांग वक्र के नियत बिन्दु पर कीमत–मात्रा अनुपात और मांग रेखा पर इनके परस्पर ढाल का गुणनफल बिन्दु लोच होता है। मांग रेखा का ढाल होता है = RQ/QD और मांग रेखा के ढाल का व्युत्क्रम होता है=QD/RQ

$$e_p = \partial Q/\partial P = QD/RQ \qquad 4.7$$

At point R, price P = RQ and Q = OQ

$$e_p = RQ/OQ . QD/RQ = QD/OQ \quad 4.8$$

यदि QD और OQ का मान उपलब्ध हो, तब बिन्दु R पर मांग के लोच की गणना की जा सकती है।

4.3 गैर रेखीय मांग वक्र के बिन्दुओं पर कीमत लोच

रेखीय मांग वक्र पर बिन्दु लोच मापने की रीति को गैर–रेखीय मांग वक्र पर बिन्दु लोच मापने के लिये उपयोग नहीं किया जा सकता। गैर–रेखीय मांग वक्र पर बिन्दु लोच ज्ञात करने के लिये चयनित बिन्दु पर स्पज्या (tangent) खींची जाती है और इसे रेखीय मांग वक्र पर लाया जाता है। रेखा चित्र 4.3 में गैर–रेखीय मांग वक्र के बिन्दु 'आर' पर मांग की लोच ज्ञात करने का तरीका स्पष्ट किया गया है।



Fig.4.3 Point elasticity on a non-linear demand curve

सर्वप्रथम, बिन्दु R को स्पर्श करते हुए एक स्पज्या (tangent) खींची। मांग वक्र DD और स्पज्या दोनों एक ही बिन्दु से गुजरते हैं। इसलिए, इन दोनों का ढाल समान होगा। अतः मांग वक्र के बिन्दु R और स्पज्या के बिन्दु R पर मांग की लोच समान होगी। अब, रेखीय मांग वक्र पर मांग की लोच मापने के लिये प्रयुक्त सूत्र का उपयोग किया जा सकता है क्योंकि गैर–रेखीय मांग वक्र को रेखीय मांग वक्र में परिवर्तित किया जा चुका है।

4.4 कीमत लोच और कुल आगम (Price elasticity and total Revenue)

लोच एक महत्वपूर्ण उपयोग यह है कि इससे पता लगाया जाता है कि मूल्य वृद्धि से कुल आगम में वृद्धि होगी अथवा कमी आयेगी। व्यवसाय प्रबन्धन का सरोकार होता है कि उन्हें मालूम हो जाये कि कीमत में बढ़ोत्तरी करना फायदेमन्द होगा अथवा मांग में कमी का कारण बनेगा।

मूल्य और मात्रा के गुणनफल को कुल आगम(TR = P.Q) कहा जाता है। यदि हमें मांग की लोच का ज्ञान हो, तब हम यह बता सकते हैं कि मूल्य में परिवर्तन का कुल आगम पर क्या प्रभाव होगा:

(1) यदि मांग अधिक लोचपूर्ण है ($e_p > 1$) तब, कीमत में कमी होने पर कुल आगम में वृद्धि होगी।

(2) यदि मांग पूर्णतया बेलोच है ($e_p = 0$) तब, मूल्य वृद्धि होने पर मांग में कोई कमी नहीं आयेगी।

(3) यदि मांग कम लोचदार है ($e_p < 1$) तब, कीमत में कमी होने पर कुल आगम में गिरावट आती है। मूल्य में वृद्धि होने पर कुल आगम में वृद्धि होती है।

(4) यदि मांग इकाई लोचदार (unitary elastic demand : $e_p = 1$) होती है, तब मूल्य कम होने पर मांग बढ़ती है और मूल्य अधिक होने पर मांग कम होती है। मूल्य में कमी अथवा वृद्धि के अनुपात में ही मांग में वृद्धि अथवा कमी होती है। अतः कुल आगम अप्रभावित रहता है।

कुल आगम और सीमान्त आगम के मांग की लोच के साथ सम्बन्ध को समझने के लिये निम्नलिखित समीकरणों की सहायता ली जाती है–

$TR = P.Q$ 4.9

The marginal revenue (MR) is the derivative of the TR function

$MR = \Delta (TR)/ \Delta Q = \Delta (PQ)/\Delta Q$ 4.10

Or

$MR = P + Q.\Delta P/DQ$ 4.11

If the demand curve is linear its equation is

$Q = b_0 – b_1 P$ 4.12

Solving for P

$P = a_0 - a_1Q$ 4.13

Where

$a_0 = b_0/b_1$

and $a_1 = 1/b_1$

Substituting P in the total revenue function we find

$TR = Pq = a_0Q - a_1Q^2$ 4.14

The MR is then

$MR = \Delta (TR)/\Delta Q = a_0 – 2a_1Q$ … (3.18)

रेखाचित्र 4.4 के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि जब मांग वक्र गिरता है, कुल आगम शुरू में बढ़ता है, अधिकतम हो जाता है, बाद में कम होना प्रारम्भ हो जाता है। कुल आगम वक्र के आकार को समझने के लिये सीमान्त आगम, मूल्य और लोच के सम्बन्ध का उपयोग किया जा सकता है।

कुल आगम वक्र अपने अधिकतम स्तर पर पहुंच जाता है, जहां $e_p=1$ क्योंकि अपने ढाल के इस बिन्दु पर सीमान्त आगम शून्य होता है।

$$MR = P\ (1 – 1/1) = 0$$

यदि $e_p > 1$, तब कुल आगम वक्र का ढाल धनात्मक होता है । यह बढ़ता जाता है जब तक कि अधिकतम स्तर तक नहीं पहुंच जाता। यदि $e_p<1$, तब कुल आगम वक्र का ढाल ऋणात्मक होता है और यह ह्रासमान रहता है।



Fig 4.4 Price elasticity and total revenue

निष्कर्ष रूप में, कहा जा सकता है–

(1) यदि $e_p<1$,मांग बेलोचदार है, तब कीमत में वृद्धि होने पर कुल आगम में वृद्धि होती है। मूल्य में कमी होने पर कुल आगम में कमी होती है।

(2) यदि $e_p> 1$,मांग लोचदार है, तब कीमत में वृद्धि होने पर कुल आगम में कमी होगी और मूल्य में कमी होने पर कुल आगम में वृद्धि होगी।

(3) यदि $e_p =1$,मांग की लोच इकाई के बराबर है, तब कीमत में परिवर्तन होने पर कुल आगम पर कोई प्रभाव नहीं होगा क्योंकि सीमान्त आगम शून्य पर पंहुच चुका है।

4.5 कीमत लोच एवं सीमान्त आगम

मांग वक्र एवं सीमान्त आगम वक्र यह दर्शाते हैं कि मांग कहां पर लोचदार है, कहां पर इकाई सापेक्ष लोच है, कहां पर मांग बेलोच है। यह स्पष्ट है कि कीमत के निचले स्तर पर मांग कम लोचदार होती है। यह रेखीय वक्र की विशेषता है क्योंकि वक्र रेखीय है इसलिए dQ/dPस्थिर (constant) होगा। अतः च्ध्फ के मान से मांग की लोच का निर्धारण होता है। लेकिन, कीमत में कमी होती है, तब P/Q में भी कमी होती है। फलस्वरूप, कीमत लोच का निरपेक्ष मान कम हो जाता है और मांग लोचदार हो जाती है।



Fig 4.5 Price Elasticity and Marginal Revenue

रेखाचित्र 4.5 से स्पष्ट है कि सीमान्त आगम वक्र मात्रा अक्षांश को जिस बिन्दु पर काटता है, इकाई लोच बिन्दु उसके ठीक सामने पड़ता है। मांग की लोच इकाई सापेक्ष वहां होगी जिस बिन्दु पर सीमान्त आगम शून्य होगा। इकाई लोच का आशय यह है कि मूल्य में 1 प्रतिशत की वृद्धि होने पर मांग की मात्रा में 1 प्रतिशत की कमी होगी। अतः मांग में परिवर्तन मूल्य में परिवर्तन के विपरीत दिशा में उसी अनुपात में होगा। परिणामस्वरूप, कुल आगम में कोई परिवर्तन नहीं होगा क्योंकि सीमान्त आगम यहां शून्य होता है।

मांग लोचदार होने पर सीमान्त आगम धनात्मक होता है। मांग बेलोच होने पर सीमान्त आगम ऋणात्मक होता है। यह उल्लेखनीय है कि गैर–रेखीय मांग वक्र के मामले में भी मांग लोच और सीमान्त आगम में यही सम्बन्ध कायम रहता है। सीमान्त आगम जिस बिन्दु पर शून्य होता है, वही बिन्दु मांग वक्र को लोचपूर्ण और बेलोचदार दो भागों में बांटता है।

लम्बरूप मांग वक्र के मामले में, मूल्य में परिवर्तन का प्रभाव मांग पर नहीं पड़ता है क्योंकि $dQ/dP = 0$ और कीमत लोच भी शून्य है। क्षैतिज मांग वक्र के मामले में, मूल्य में परिवर्तन के प्रत्युत्तर में मांग में अत्यधिक परिवर्तन देखने को मिलता है। मूल्य में थोड़ा–सा परिवर्तन भी मांग में अत्यधिक परिवर्तन कर सकता है क्योंकि मांग में अपरिमित लोच है। क्षैतिज मांग वक्र का अर्थ है कि मांग में अपरिमित लोच है। अपरिमित लोचपूर्ण और अपरिमित बेलोच मांग वक्र वास्तविक जीवन में दुर्लभ परिस्थितियां हैं, किन्तु आर्थिक विश्लेषण की दृष्टि से इन्हें समझना उपयोगी होता है।

4.6 कीमत लोच के निर्धारक घटक/ तत्व (Determinants of Price Elasticity)

मांग को प्रभावित करने वाले अनेक घटक हैं। मांग को प्रभावित करने वाले कारकों को ही मांग की लोच को प्रभावित करने वाले तत्व माना जाता है। इनमें प्रमुख रूप से सम्मिलित हैं– स्थानापन्न, वस्तु की प्रकृति, क्रेता के बजट में वस्तु का स्थान, समयावधि, वस्तु की संख्या एवं उपयोग।

(1) **स्थानापन्न**–यदि किसी वस्तु के कई उपयुक्त स्थानापन्न सुलभ हों, तब इस बात की पूरी सम्भावना है कि इस वस्तु की मांग लोचपूर्ण होगी। ऐसी वस्तु जिसके अच्छे स्थानापन्न उपलब्ध हों उसकी मांग अधिक लोचपूर्ण होगी क्योंकि स्थानापन्न प्रभाव इस तरह की वस्तुओं के मामले में बहुत ज्यादा होता है। यदि कीमत में वृद्धि होती है, उपभोक्ता इस वस्तु का उपभोग कम कर देंगे और स्थानापन्न वस्तुओं का उपयोग बढ़ा देंगे। इसके विपरीत, यदि वस्तु की कीमत में कमी होती है, उपभोक्ता स्थानापन्न वस्तुओं को छोड़कर इस वस्तु का उपभोग बढ़ा देंगे। इस प्रकार स्पष्ट है कि ऐसी वस्तु जिसके निकट स्थानापन्न मौजूद हों, उसकी मांग अधिक लोचदार होती है। यदि कोई वस्तु ऐसी है जिसका पूर्ण स्थानापन्न उपलब्ध है, तब इसकी मांग भी पूर्णतया लोचदार अथवा अपरमित लोचदार होगी। इस कारण से किसी वस्तु की एक ब्राण्ड की मांग समूची वस्तु की मांग की तुलना में अधिक होगी। दूसरे शब्दों में, एक फर्म के मांग वक्र में मांग की लोच की तुलना में समग्र उद्योग के मांग वक्र में मांग की लोच कम होगी।

(2) **वस्तु की प्रकृति**–वस्तु प्रकृति का उसकी मांग लोच पर बहुत प्रभाव होता है, उदाहरण के लिये, जैसे अनिवार्यतायें– खाद्य पदार्थ और प्रतिष्ठापरक वस्तुएं, इनकी मांग बेलोच होती है। विलासिता वस्तुएं एवं आरामदायक वस्तुओं की मांग लोचपूर्ण होती है।

(3) **क्रेता के बजट में वस्तु का स्थान**–उपभोक्ता के बजट में किसी वस्तु को कितनी प्रमुखता दी गई है, इस बात का प्रभाव वस्तु की मांग लोच पर पड़ता है। बजट में प्रमुखता का अर्थ है – कुल व्यय में एकल वस्तु का अंश। ऐसी बहुत–सी वस्तुएं हैं जिन पर किसी परिवार में एक सप्ताह में बहुत छोटी राशि व्यय होती है, जैसे– साबुन, नमक, माचिस, स्याही जैसी वस्तुएं। पारिवारिक बजट में इन वस्तुओं का प्रतिषत अंष अत्यधिक कम होता है। इन वस्तुओं की मांग अत्यधिक बेलोच होती है, किन्तु पूर्णतया बेलोच नहीं होती। यह आय प्रभाव के परिमाण के कारण होता है।

किसी वस्तु की कीमत में वृद्धि होने पर हम उस वस्तु के उपभोग में कमी लाने को प्रेरित होंगे जिस पर आय का अधिक हिस्सा खर्च होता हो। आय का जितना बड़ा हिस्सा किसी वस्तु पर खर्च होता होगा, वस्तु की मांग उतनी ही अधिक लोचपूर्ण होगी। इस प्रकार, नमक की कीमत मांग लोच बहुत कम होती है। इसका एक कारण है कि इसका कोई निकट स्थानापन्न नहीं है, दूसरा कारण है कि नमक पर कुल आय का बहुत छोटा हिस्सा व्यय होता है। यदि नमक की कीमत में वृद्धि होती है, तब भी इस पर होने वाले व्यय का अंश कुल आय में बहुत छोटा ही रहेगा और हमें इस भार को वहन करने में बहुत कम कष्ट होगा। यहां, मूल्य वृद्धि का आय प्रभाव बहुत कम होगा। इसके विपरीत, पारिवारिक बजट के किसी प्रमुख मद की कीमत में यदि वृद्धि होती है, तब आय प्रभाव अधिक होगा। आवास ऋण पर ब्याज दर में वृद्धि इसका एक उदाहरण है। आवास ऋण पर ब्याज दर में बढ़ोत्तरी होने पर, उपभोक्ता छोटा मकान लेने को विवश होंगे अथवा किराये के मकान में रहना ही स्वीकार करेंगे। यहां मांग पर आय प्रभाव अधिक होगा।

4. **समयावधि**– किसी वस्तु के मूल्य में वृद्धि होने पर, उपभोक्ताओं को इस बात में समय लग सकता है कि वे अपने उपभोग व्यवहार में समायोजन करें और विकल्प तलाषें। मूल्य वृद्धि के बाद जितना ज्यादा समय होगा, मांग की लोच उतनी ही अधिक होगी। दिसम्बर 1973 से जून 1974 के बीच कच्चे तेल के मूल्य में चार गुना तक वृद्धि हुई। इस कारण, पेट्रोल और सेन्ट्रल हीटिंग ऑयल की कीमतों में वृद्धि हुई। अगले कुछ महीनों में तेल उत्पादों की मांग में बहुत मामूली–सी गिरावट देखी गई। मांग अत्यधिक बेलोच थी। मोटर मालिकों के पास ईंधन के लिये कोई दूसरा विकल्प नहीं था जिसको वे अपना पाते। उन्होंने अपनी यात्राओं में कुछ कमी की और कारों को किफायती ढंग से चलाने के प्रयास किये। इसीप्रकार, तेल आधारित सेन्ट्रल हीटिंग में भी अचानक वायलर्स में गैस अथवा कोयले का उपयोग नहीं किया जा सकता था। बस, वे हीटिंग को कुछ कम करके थोड़ी बचत कर सकते थे। लम्बे समय तक जब तेल की ऊंची कीमतें स्थिर हो गईं, कारों के लिये कम तेल की खपत वाले इंजन विकसित हुए। बहुत लोगों ने छोटी कार का विकल्प अपना लिया। इसी प्रकार, सेन्ट्रल हीटिंग के लिये गैस अथवा कोयले के बायलर प्रयोग होने लगे।

अपने ईंधन के बिल को कम करने के लिये व्यक्तियों ने घर के इन्सुलेशन पर खर्चा किया। इस तरह, दीर्घकाल में मांग काफी लोचदार हो गई।

(5) **बहु–उपयोगी वस्तु** – कुछ वस्तुएं ऐसी हैं जिनके कई उपयोग सम्भव होते हैं, इनकी मांग अधिक लोचदार होती है। यदि कोई वस्तु ऐसी है जिसके सीमित उपयोग हैं, उसकी मांग बेलोच होगी। कोई ऐसी वस्तु है जिसके कई उपयोग होते हैं, अगर इसकी कीमत बढ़ जाती है, तब उपभोक्ता इसका उपयोग सीमित कर देंगे और इसे केवल अधिक आवश्यक काम में ही प्रयोग करेंगे। दूसरी ओर, बहु–उपयोगी वस्तु की कीमत अगर कम हो जाती है, तब इसका उपभोग बढ़ जायेगा क्योंकि कम महत्व के प्रयोजनों के लिये भी इस प्रयोग किया जायेगा। अतः किसी वस्तु के जितने ज्यादा विविध उपयोग होंगे उसकी मांग में लोचशीलता उतनी अधिक होगी। बहु–उपयोगी वस्तुओं में एक उदाहरण है–दूध। दूध कई प्रकार की दूसरी वस्तुएं बनाने के काम भी आता है, जैसे– दही, पनीर, मिठाई, आइस क्रीम, क्रीम, घी। इसकी मांग काफी लोचदार होगी। दूध की कीमत बढ़ने पर, इसका उपयोग कम कर दिया जायेगा। तब, इसका प्रयोग केवल उच्च प्राथमिकता वाले विकल्पों पर होगा। दूसरी ओर, दूध की कीमत कम हो जाने पर, इसका उपयोग निम्न प्राथमिकता वाले उद्देश्यों के लिये भी प्रारम्भ हो जायेगा। फलस्वरूप, दूध की मांग बढ़ जायेगी।

मांग की लोच के विषय में विचार करते समय, सभी निर्धारक तत्वों को शामिल किया जाना जरूरी है, तभी सही निर्णय तक पहुंचा जा सकता है। मांग को प्रभावित करने वाले घटक परस्पर एक–दूसरे के प्रभाव को बढ़ा सकते हैं अथवा कोई घटक दूसरे के प्रभाव को समाप्त भी कर सकता है। कोई वस्तु हो सकती है जिसके विविध उपयोग होते हैं, किन्तु उसका कोई निकट स्थानापन्न न हो। इसीप्रकार, कोई वस्तु हो सकती है जिसके अच्छे स्थानापन्न उपलब्ध हों, किन्तु उपभोक्ता के बजट में इसका स्थान महत्वपूर्ण न हो।

मांग की लोच का सिद्धान्त मूल्य निर्धारण में बहुत उपयोग में आता है। मांग की लोच के नियम का सर्वाधिक महत्व मूल्य निर्धारण के क्षेत्र में है।

4.7 मांग की आड़ी लोच (Cross Elasticity of Demand)

किसी वस्तु की मांग दूसरी वस्तुओं और सेवाओं के मूल्य से भी प्रभावित होती है। मांग की आड़ी लोच में दूसरी वस्तुओं के मूल्य में परिवर्तन के उत्तर में किसी वस्तु की मांग में परिवर्तन का माप किया जाता है। किसी दूसरी वस्तु के मूल्य में एक प्रतिशत परिवर्तन के उत्तर में इस वस्तु की मांग में जितने प्रतिशत परिवर्तन होता है उसे मांग की आड़ी लोच कहा जाता है।

$$e_c = \frac{\%\Delta Q_x}{\%\Delta P_y} \qquad 4.15$$

आड़ी लोच का उपयोग वस्तुओं के मध्य सम्बन्ध समझने के लिये किया जाता है।यदि आड़ी लोच शून्य से अधिक है, Y वस्तु के मूल्य में वृद्धि के कारण X वस्तु की मांग में वृद्धि होती है। तब, यह कहा जायेगा कि X एवं Y उत्पाद एक दूसरे के स्थानापन्न हैं। यदि आड़ी लोच शून्य से कम है, तब इसका अर्थ है कि ये वस्तुएं परस्पर पूरक वस्तुएं हैं। वस्तु Y के मूल्य में वृद्धि होने पर, वस्तु X की मांग में कमी आती है। X की मांग में कमी होने पर Y की मांग

में भी कमी होती है। ब्रेड एवं बटर, कार एवं टायर, कम्प्यूटर एवं कम्प्यूटर प्रोग्राम आदि पूरक वस्तुओं के युग्म हैं।

यदि दो वस्तुएं स्थानापन्न हैं, तब मांग की लोच गुणांक धनात्मक होगा क्योंकि एक वस्तु की कीमत में परिवर्तन और दूसरी वस्तु की मांग में परिवर्तन एक ही दिशा में होगा। पूरक वस्तुओं के मामले में मांग की लोच गुणांक ऋणात्मक होगा क्योंकि एक वस्तु की कीमत में परिवर्तन के उत्तर में दूसरी वस्तु की मांग में विपरीत दिशा में परिवर्तन होगा। यह नियम अपनी मान्यताओं पर आधारित है, यदि अन्य बातें समान रहें, जैसे– वस्तु के प्रति उपभोक्ता की रूचि, उपभोक्ता की आय, दूसरी वस्तु के मूल्य में कोई परिवर्तन न हो।

कई कम्पनियां प्रतियोगी वस्तुओं का उत्पादन करती हैं। यदि किसी कम्पनी के उत्पाद परस्पर सम्बद्ध होते हैं, तब एक वस्तु के मूल्य का प्रभाव दूसरी वस्तु की मांग पर होता है। जिलेट कम्पनी रेजर बनाती है और रेजर ब्लेड भी बनाती है। अगर जिलेट रेजर की कीमत में कमी करती है, तब इसका प्रभाव रेजर ब्लेड की बिक्री पर होगा। इसी प्रकार, फोर्ड कम्पनी कई प्रतिस्पर्धी ऑटोमोबाइल्स बनाती है।

दो वस्तुएं एक दूसरे के लिये जितने निकट स्थानापन्न होंगी, आड़ी लोच गुणांक उतना ही अधिक होगा। निकट स्थानापन्न वस्तुओं के मामले में मांग की आड़ी लोच अधिक होती है, इसके विपरीत निम्न स्थानापन्न वस्तुओं की मांग की आड़ी लोच कम होती है।

सामान्यतया, किसी वस्तु के मूल्य में वृद्धि के कारण उसके स्थानापन्न वस्तुओं की मांग में वृद्धि होती है। दूसरी ओर, किसी वस्तु के मूल्य में वृद्धि होने पर उसकी पूरक वस्तुओं में कमी आती है।

4.8 मांग की आय लोच (Income Elasticity of Demand)

आय में होने वाले परिवर्तन के कारण मांग में जो परिवर्तन होते हैं, इस परिवर्तनशीलता को मांग की आय लोच कहा जाता है। आय लोच का नियम भी अपनी मान्यताओं पर आधारित है, यदि अन्य बातें समान रहें– उपभोक्ता की रूचि में परिवर्तन न हो, वस्तु की कीमत स्थिर रहे, दूसरी वस्तुओं के मूल्य में भी परिवर्तन न हो। मांग की आय लोच की गणना के लिये नीचे दिया गया सूत्र प्रयोग किया जाता है।

$$e_y = \frac{\text{Percentage change in quantity demanded}}{\text{Percentage change in quantity demanded}}$$

or

$$e_y = \frac{\text{Relative change in quantity demanded}}{\text{Relative change in the incomes of the buyers}}$$

$$e_y = \frac{\Delta Q}{Q} \Big/ \frac{\Delta Y}{Y} = \frac{Y}{Q} \cdot \frac{\Delta Q}{\Delta Y} \qquad 4.16$$

जहाँ,

e_y से आशय आय लोच का गुणांक

Y से आशय आय

कीमत लोच सदैव ऋणात्मक होती है, जबकि आय लोच सदैव धनात्मक होती है, निम्न कोटि वस्तुएं इसका अपवाद हैं। आय और वस्तु की मांग में धनात्मक सम्बन्ध होता है। निम्न कोटि वस्तुओं के सम्बन्ध में, मांग की आय लोच ऋणात्मक होती है क्योंकि आय बढ़ने पर उपभोक्ता निम्न कोटि वस्तुओं को छोड़कर उच्च कोटि वस्तुओं का उपभोग करने लगता है।

वस्तुओं की प्रकृति के अनुरूप, आय लोच की मात्रा कम अथवा अधिक होती है–

(1) सामान्य वस्तुओं के मामले में आय लोच धनात्मक होती है।

(2) अनिवार्यताओं के मामले में आय लोच इकाई से कम होती है। इसका अर्थ यह है कि आय में वृद्धि होने पर वस्तु की मांग में आनुपातिक रूप से कम वृद्धि होती है। अनिवार्य वस्तुएं जैसे –साबुन, नमक, माचिस, अखबार आदि की मांग की आय लोच कम होती है।

(3) आरामदायक वस्तुओं के मामले में, आय लोच गुणांक इकाई के बराबर होता है। इसका अर्थ यह है कि आय में वृद्धि के उत्तर में मांग में अनुपातिक रूप से वृद्धि होती है।

(4) विलासिता वस्तुओं के मामले में, आय लोच इकाई से अधिक होती है। इसका आशय यह है कि आय में वृद्धि होने पर मांग में अनुपात से अधिक वृद्धि होती है। आभूषण और वाहन आदि विलासिता वस्तुओं के समूह में आते हैं।

मांग की आय लोच का उपयोग व्यापार के महत्वपूर्ण निर्णयों में होता है, इनके उदाहरण इस प्रकार हैं–

(1) आय लोच की धारणा दीर्घकालिक उत्पादन नियोजन और प्रबन्धन में उपयोगी होती है। व्यवसाय चक्रों के दौरान इसकी प्रासंगिकता और भी बढ़ जाती है।

(2) मांग के पूर्वानुमान लगाने में आय लोच का उपयोग किया जाता है। आय में वृद्धि दर ज्ञात होने पर, उसके लिये विविध स्तरों पर मांग का पूर्वानुमान किया जा सकता है।

4.8.1 आय संवेदनशीलता (Income Sensitivity)

मांग की आय लोच में, आय की वृद्धि होने पर यह देखा जाता है कि वस्तु की मांग में कितनी वृद्धि हुई। इसमें वस्तु के भौतिक उपभोग में हुई वृद्धि को संज्ञान में लिया जाता है। यदि वस्तु की मात्रा के स्थान पर वस्तु पर किये जाने वाले व्यय पर ध्यान दिया जाये, तब यह अवधारणा आय संवेदनशीलता कही जाती है। वस्तु पर किये जाने वाले व्यय में प्रतिशत परिवर्तन को आय में होने वाले प्रतिशत परिवर्तन से भाग देने पर आय संवेदशीलता को ज्ञात किया जाता है। आय संवेदनशीलता ज्ञात करने के लिये निम्न सूत्र का उपयोग किया जाता है–

$$Y_s = \frac{\text{Percentage change in expenditures}}{\text{Percentage change in income}}$$

$$Y_s = \frac{\Delta R / R}{\Delta Y / Y} \qquad 4.17$$

जहाँ

Y_{es} आय संवेदनशीलता का मापन

ΔR उपभोक्ता व्यय में बदलाव का मापन

ΔY आय में परिवर्तन का मापन

मान लीजिए, आय में 10 प्रतिशत वृद्धि होने पर, व्यय में 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई। ऐसी स्थिति में इस वस्तु की आय संवेदनशीलता 1.2 कही जायेगी।

4.9 बिक्री की विज्ञापन लोच (Advertisement Elasticty of Sales)

विज्ञापन बिक्री को बढ़ाने में सहायक होता है। विक्रय के विविध स्तरों पर, विज्ञापन का प्रभाव समान रूप से नहीं पड़ता। अनुकूलतम विज्ञापन स्तर तय करने में विज्ञापन लोच की धारणा बहुत उपयोगी रहती है। प्रतिस्पर्धी फर्मों द्वारा किये जाने वाले विज्ञापन के सन्दर्भ में विज्ञापन लोच का विचार और भी अधिक प्रासंगिक हो जाता है। विज्ञापन में प्रतिशत परिवर्तन के उत्तर में मांग में जो प्रतिषत परिवर्तन होता है, उसे विज्ञापन लोच कहा जाता है। विज्ञापन को व्यय के रूप में मापा जाता है। विज्ञापन लोच मापने के लिये निम्न सूत्र का उपयोग किया जाता है–

$$e_A = \frac{\Delta S}{\Delta A} \cdot \frac{A}{S}$$

जहाँ

S = बिक्री

ΔS= बिक्री में वृद्धि

A = प्रारंभिक विज्ञापन परिव्यय

ΔA = बढ़ा विज्ञापन परिव्यय

विज्ञापन लोच शून्य से अपरिमित के बीच होती है। यदि मांग की लोच शून्य है, तब विज्ञापन व्यय बढ़ाने पर बिक्री में कोई परिवर्तन नहीं होगा। विज्ञापन लोच गुणांक शून्य से अधिक और एक से de(e_A>0<1) होने पर, विज्ञापन व्यय में वृद्धि के अनुपात की तुलना में बिक्री में आनुपातिक वृद्धि कम होगी। विज्ञापन गुणांक 1 होने का अर्थ यह है कि विज्ञापन में वृद्धि के अनुपात में ही बिक्री में वृद्धि होगी। विज्ञापन गुणांक इकाई से अधिक ($e_A > 1$) होने पर, विज्ञापन में होने वाली वृद्धि की तुलना में बिक्री में अनुपातिक आधार पर वृद्धि अधिक होगी।

4.10 विज्ञापन लोच के निर्धारक तत्व (Determinants of Advertisement Elasticity)

(1) **बिक्री का स्तर**– बिक्री की विज्ञापन लोच, विशेषकर बाजार में आई नई वस्तुओं के मामले में इकाई से अधिक होती है। विज्ञापन में वृद्धि की तुलना में अनुपातिक रूप से बिक्री में अधिक वृद्धि होती है। जैसे–जैसे बिक्री बढ़ती है, लोचशीलता में कमी आने लगती है। अब, उत्पाद के नए ग्राहक

बनाने के लिये विज्ञापन दिया जाता है। इसलिए, मांग में विज्ञापन की तुलना में आनुपातिक वृद्धि कम होती है।

(2) **प्रतियोगी विज्ञापन** –मांग की विज्ञापन लोच फर्म द्वारा किए गए विज्ञापन व्यय पर निर्भर करती है, किन्तु साथ–साथ दूसरी प्रतिस्पर्धी फर्मों द्वारा किए जा रहे विज्ञापन से भी प्रभावित होती है।

(3) **विगत विज्ञापन का संचयी प्रभाव**–प्रारम्भिक अवस्था में, विज्ञापन का प्रभाव उतना नहीं हो पाता जितना बाद की अवस्था में होता है। बाद में, पिछले विज्ञापन के संचित प्रभाव का लाभ मिलने लगता है। इसप्रकार, शुरू में विज्ञापन लोच कम होती है। बाद में, एक समयावधि के बाद विज्ञापन लोच में वृद्धि होती है।

किसी उत्पाद की मांग की विज्ञापन लोच का प्रभावित करने वाले कुछ अन्य घटक हैं –उत्पाद की कीमत में परिवर्तन, उपभोक्ता की आय में परिवर्तन, स्थानापन्न वस्तुओं की संख्या में बदलाव, स्थानापन्न वस्तुओं के मूल्य में कमी अथवा वृद्धि।

4.11 प्रत्याशित मूल्य लोच (Elasticity of Price Expectations)

लोगों द्वारा किसी वस्तु का प्रत्याशित मूल्य भी उस वस्तु की मांग को प्रभावित करता है। अर्थशास्त्री जे0आर0 हिक्स ने 1939 में प्रत्याशित मूल्य लोच की अवधारणा प्रस्तुत की। प्रत्याशित मूल्य लोच को इस प्रकार परिभाषित किया जा सकता है–'भविष्य के प्रत्याशित मूल्य और वर्तमान मूल्य में सापेक्ष परिवर्तन के अनुपात को प्रत्याशित मूल्य लोच कहा जाता है'।

$$e_x = \frac{\text{relative change in expected future prices}}{\text{relative change in current prices}}$$

जहाँ,

$$e_x = \frac{\Delta P_f / P_f}{\Delta Pc / P_c} = \frac{\Delta P_f}{\Delta P_c} \cdot \frac{P_c}{P_f}$$

P_c वर्तमान मूल्य

P_f भविष्य की कीमतें

$e_x > 1$ क्रेता आशा करते हैं कि भविष्य के प्रतिशत मूल्य में वर्तमान की तुलना में अधिक वृद्धि होगी।

$e_x = 1$ क्रेता उम्मीद करते हैं कि भविष्य के मूल्य वर्तमान मूल्य के आधार पर समान प्रतिशत से बढ़ेंगे।

$e_x < 1$ क्रेता आशा करते हैं कि भविष्य के प्रतिशत मूल्य में वर्तमान की तुलना में कम वृद्धि होगी।

$e_x = 0$ क्रेता अनुमान करते हैं कि वर्तमान मूल्यों का भविष्य के मूल्यों पर कोई प्रभाव नहीं होगा।

$e_x < 0$ क्रेता उम्मीद करते हैं कि भविष्य के प्रतिशत मूल्य में वर्तमान की तुलना में कमी होगी।

मूल्य नीति के निर्धारण मे मूल्य प्रत्याशा लोच अवधारणा बहुत उपयोगी होती है।

4.12 पूर्ति की लोच (Elasticity of Supply)

वस्तु की पूर्ति की मात्रा में क्या परिवर्तन होता है, जब उसके निर्धारकों में परिवर्तन होता है। इस परिवर्तन की माप को पूर्ति की लोच कहा जाता है।

4.13 पूर्ति की मूल्य/कीमत लोच (Price Elasticity of Supply)

वस्तु के मूल्य में परिवर्तन के उत्तर में वस्तु की पूर्ति पर जो प्रभाव पड़ता है, उसकी माप को वस्तु की पूर्ति मूल्य लोच कहा जाता है। दूसरे शब्दों में, पूर्ति की कीमत लोच में, कीमत में परिवर्तन और पूर्ति की गई मात्रा में परिवर्तन के सम्बन्ध की माप की जाती है। यदि पूर्ति लोचपूर्ण है, तब उत्पादक बिना लागत बढ़े और बिना कोई समय लगाये उत्पादन बढ़ा सकते हैं। इसके विपरीत, यदि पूर्ति बेलोच है, तब दिए गए समय में उत्पादन में वृद्धि करना मुश्किल होगा।

पूर्ति की कीमत लोच का सूत्र इस प्रकार है–

आपूर्ति मात्रा में प्रतिशत परिवर्तन / मूल्य में प्रतिशत परिवर्तन

यदि Pes > 1,rc, पूर्ति लोचदार है।

यदि Pes < 1, तब, पूर्ति बेलोच है।

यदि Pes = 0, तब, पूर्ति पूर्णतया बेलोच है।

यदि Pes = infinity, तब, पूर्ति पूर्णतया लोचदार है।

4.14 पूर्ति की कीमत लोच को प्रभावित करने वाले घटक (Determinants of Price Elasticity of Supply)

(1) **अतिरिक्त उत्पादन क्षमता**– यदि अतिरिक्त उत्पादन क्षमता पर्याप्त हो, तब लागत में वृद्धि के बिना पूर्ति को बढ़ाया जा सकता है। मांग के अनुरूप पूर्ति को बढ़ाया जा सकता है। मन्दी के समय में, प्रायः वस्तुओं और सेवाओं की पूर्ति लोचूपर्ण होती है। ऐसे समय में, अतिरिक्त श्रम और पूंजी संसाधन उपलब्ध होते हैं, जैसे ही अर्थव्यवस्था में सुधार होता है इन साधनों का उपयोग किया जाने लगता है।

(2) **तैयार एवं कच्चे माल का स्टॉक**–यदि तैयार माल और कच्चे माल का स्टॉक अधिक रहता है, तब आपूर्तिकर्ता मांग के अनुरूप आपूर्ति बढ़ा सकते हैं। ऐसी स्थिति में पूर्ति लोचपूर्ण होगी। इसके विपरीत यदि स्टॉक कम रहता है, तब पूर्ति बेलोच होगी और मांग के अनुरूप पूर्ति में वृद्धि नहीं की जा सकेगी जब तक कि स्टॉक में कमी को पूरा नहीं किया जाता।

(3) **पूंजी एवं श्रम की गतिशीलता**– यदि किसी व्यवसाय में पूंजी एवं श्रम गतिशील हैं, तब वहां पूर्ति लोचपूर्ण होगी। इसके विपरीत यदि किसी उद्योग में पूंजी और श्रम में गतिशीलता कम है, तब वहां वस्तुओं की पूर्ति में लोच कम होगा।

(4) **उत्पादन प्रक्रिया में लगने वाला समय**– एक फर्म को उत्पादन स्तर के समायोजन में जितना ज्यादा समय लगता है, वस्तु की पूर्ति कीमत लोच उतनी अधिक होती है। कृषि बाजार के मामले में, अल्पकालिक पूर्ति स्थिर होती है और इसका निर्धारण बीज बोते समय कई माह पहले हो चुका होता है जिसका प्रभाव समग्र उत्पादन पर पड़ता है।

विभिन्न कीमत लोच वाले पूर्ति वक्रों के रेखा चित्र आगे दिये गए हैं–



चित्र 4.6 पूर्ति की लोच

अ–रेखीय पूर्ति वक्र

गैर–रेखीय पूर्ति वक्र के विभिन्न बिन्दुओं पर, पूर्ति की कीमत लोच अलग–अलग होती है।

4.15 मांग और पूर्ति की कीमत लोच के विविध उपयोगी अनुप्रयोग

मांग और पूर्ति के सन्दर्भ में कीमत के प्रति उपभोक्ता और उत्पादक की प्रतिक्रिया महत्वपूर्ण होती है। लोच से यह तय होता है कि कीमत और उत्पादन में किस प्रकार के बदलाव होंगे। यदि सरकार मूल्य निर्धारण प्रक्रिया में हस्तक्षेप करना चाहती है, तब सरकारी नीति निर्धारण के समय लोच के कारण होने वाले प्रभावों को विशेष रूप से ध्यान में रखा जाता है।

कुछ महत्वपूर्ण विषय जिनमें मांग और पूर्ति के लोच का सन्दर्भ अवश्य लिया जाता है, इस प्रकार हैं–

- **कराधान**–बाजार में अप्रत्यक्ष करों और अनुदान का मांग और उत्पादन स्तर पर प्रभाव, उदाहरण के लिए सड़क पर भीड़ नियन्त्रित करने में कन्जेशन शुल्क (congestion charge) की प्रभावशीलता; सिगरेट पर अधिक कर लगाने का तम्बाकू उत्पादों की मांग पर प्रभाव और अन्य अनुषंगी बाह्य प्रभाव।
- **विनिमय दर में परिवर्तन**– निर्यात एवं आयात के लिये मांग पर, विनिमय दर में परिवर्तन होने के कारण पड़ने वाले प्रभाव।
- **बाजार में एकाधिकारी शक्ति का फायदा उठाना**–फर्म बाजार में अपने एकाधिकार की स्थिति का लाभ उठाने के लिये कीमत में कितनी बढ़ोत्तरी कर सकती है और उपभोक्ता की बचत को उत्पादक की बचत में परिवर्तित कर सकती है और अतिरिक्त लाभ कमा सकती है।
- **बाजार में सरकार का हस्तक्षेप**– सरकार द्वारा बाजार मे न्यूनतम मूल्य अथवा अधिकतम मूल्य (price ceiling) घोषित करने के प्रभाव।

मांग और पूर्ति की लोच मूल्य निर्धारण प्रक्रिया में दुर्लभ वस्तु अथवा सेवा की राशनिंग के उपाय के तौर पर भी काम करती है। वस्तु के विविध प्रतियोगी उपयोगों से भी यह प्रभावित होती है। बाजार में ऊंचे मूल्य के प्रति उत्पादक के सम्भावित व्यवहार को समझने में मांग और पूर्ति की लोच उपयोगी होती है।

4.16 सारांश

कीमत में प्रतिशत परिवर्तन और वस्तु की मांगी गई मात्रा में प्रतिशत परिवर्तन के अनुपात को मांग की लोच कहा जाता है। वस्तु की कीमत में परिवर्तन के उत्तर में वस्तु की मांग में होने वाले परिवर्तन की माप को मांग की कीमत लोच के रूप परिभाषित किया जाता है। चाप लोच मांग वक्र द्वारा मूल्य परिवर्तन के प्रति मांग में औसत अनुक्रियाशीलता (responsiveness) की अभिव्यक्ति है। मूल्य में बहुत छोटे से आनुपातिक परिवर्तन के उत्तर में मांगी गई मात्रा में आनुपातिक परिवर्तन को मांग की बिन्दु लोच कहा जाता है।

सामान्यतया, बाजार मांग के निर्धारकों में मांग की कीमत लोच के निर्धारक घटकों को सर्वाधिक महत्वपूर्ण माना जाता है। कीमत लोच के निर्धारक घटकों में षामिल हैं– स्थानापन्न, वस्तु की प्रकृति, उपभोक्ता के बजट में वस्तु का स्थान, समयावधि, बहु–उपयोगी वस्तु। मांग की आड़ी लोच –किसी दूसरी वस्तु के मूल्य में 1 प्रतिशत परिवर्तन पर एक वस्तु की मांग में परिवर्तन प्रतिशत को मांग की आड़ी लोच कहा जाता है।

4.17 शब्दावली

मांग की लोच : कीमत में परिवर्तन के परिणामस्वरूप खरीदी गई मात्रा के आनुपातिक परिवर्तन में कीमत के आनुपातिक परिवर्तन से भाग देने पर प्राप्त होती है।

मांग की कीमत लोच : कीमत में होने वाले वाले परिवर्तन पर प्रतिक्रियास्वरूप मांग में होने वाले परिवर्तन की माप है।

चाप लोचः मांग वक्र के दो बिन्दुओं के बीच के भाग के लिये मांग की लोच मालूम की जाये, तब इसे मांग की चाप लोच कहते हैं।

बिन्दु लोचः मांग की लोच की माप किसी एक विशिष्ट बिन्दु पर की जाती है। कीमत में होने वाले सूक्ष्म परिवर्तनों से वस्तु की मांग पर पड़ने वाले प्रभावों को मापा जाता है।

मांग की आड़ी लोचः एक वस्तु की मांग की मात्रा और दूसरी वस्तु की कीमत में परिवर्तन का पारस्परिक सम्बन्ध मांग की आड़ी लोच द्वारा मापा जा सकता है।

4.18 बोध प्रश्न

रिक्त स्थान भरिएः

(अ) घटिया वस्तुओं की आय लोच ....होती है।

(ब) स्थानापन्न वस्तुओं में मांग की लोच ....होती है।

(स) विलासिता की वस्तुओं की मांग लोच..............................होती है।

कौन सा कथन सत्य हैः

(अ) वस्तु का गुण मांग की लोच पर प्रभाव नहीं डालता।

(ब) समाज में धन का वितरण असमान होने पर मांग की लोच बेलोच होती है।

(स) धनी लोगों के लिये मांग की लोच बेलोच होती है।

4.19 बोध प्रश्नों के उत्तर

रिक्त स्थान

(अ) ऋणात्मक (ब) धनात्मक (स) अत्यधिक

कथन सत्य/असत्य

(अ) असत्य (ब) सत्य (स) सत्य

4.20 स्वपरख प्रश्न

1. मांग की कीमत लोच अवधारणा को स्पष्ट कीजिए। आप मांग की कीमत लोच को किस प्रकार मापेंगे?
2. परिभाषित कीजिए एवं अन्तर बताइए:
   (अ) चाप लोच एवं बिन्दु लोच
   (ब) कीमत लोच एवं आड़ी लोच
   (स) आय लोच एवं कीमत लोच
3. मांग की आय लोच से आप क्या समझते हैं? व्यवसाय प्रबन्धकों के लिये आय लोच की व्यवहारिक उपयोगिता पर प्रकाश डालिए।
4. मांग की आड़ी लोच के सिद्धान्त को समझाइए। आड़ी लोच मापने की विधि लिखिए।
5. निम्नलिखित में किस वस्तु की मांग सर्वाधिक बेलोच होगी और क्यों?
   (अ) साबुन
   (ब) नमक
   (स) आइस क्रीम
   (द) अखबार

4.21 सन्दर्भ पुस्तकें

1. Watson, Donald S., Price Theory and its Uses, Houghton Mifflin, Boston, Price Theory in Action, Houghton Mifflin, Boston.
2. Baumol, William J. Economic Theory and Operations Analysis, Prentice Hall of India Pvt. Ltd., New Delhi.2000.
3. Ferguson, C.E Microeconomics Theory, Richard D. Irwin, Home Wood. III.
4. George J. Stigler, The Theory of Price, 3rd ed. Macmillan, New York, 1966.
5. Spencer, Milton H., Managerial Economics, Richard D. Irwin, Home-wood, Ill.

इकाई 5 उदासीनता वक्र–विश्लेषण

इकाई की रूपरेखा

5.1 प्रस्तावना

5.2 उदासीनता वक्र से ऑशय

5.3 उदासीनता मानचित्र

5.4 उदासीनता वक्र विश्लेषण की मान्यताएं

5.5 प्रतिस्थापना की सीमांत दर

5.6 उदासीनता वक्र के गुण

5.7 बजट रेखा अथवा मूल्य रेखा

5.8 उपभोक्ता साम्य (संतुलन)

5.9 उपभोक्ता अधिक्य

5.10 सारांश

5.11 शब्दावली

5.12 बोध प्रश्न

5.13 बोध प्रश्नों के उत्तर

5.14 स्वपरख प्रश्न

5.15 सन्दर्भ पुस्तकें

उद्देश्य

इस इकाई के अध्ययन के पश्चात आप इस योग्य हो सकेंगे कि –

- उदासीनता वक्र के अर्थ की व्याख्या कर सकें।
- प्रतिस्थापन की सीमांत दर की व्याख्या कर सकें।
- उदासीनता वक्र की मान्यताओँ का वर्णन कर सकें।
- उदासीनता वक्र के गुणों का वर्णन कर सकें।
- उदासीनता–वक्र विश्लेषण के अनुप्रयोगों को जान सकें ।

5.1 प्रस्तावना

हिक्स एवँ स्लन ने उदासीनता वक्र का वास्तविक वर्णन किया। 1934 में J. R. Hicks (जे.आर. हिक्स) एवं R. G. D. Allan (आर. जी. डी एलन) ने एक लेख मूल्य सिद्धाँत की पुर्नसंरचना इकनोमिका में लिखा जिसमें उदासीनता वक्र विश्लेषण को प्रस्तुत किया। उदासीनता वक्र विश्लेषण का सबसे बड़ा गुण यह है, कि यह उपयेगिता के क्रमिक (क्रमवाचक) मापन को नीत करती है।

5.2 उदासीनता – वक्र का ऑशय

एक उदासीनता वक्र दो उत्पाद, एक (अकेला) उपभोक्ता दशा का परीक्षण करता है। उदासीनता वक्र दो उत्पादों (वस्तुओं) से उत्पादकता के संतुलित स्तर को निरूपित करता है या इस मान्यता से निष्काषित (लिया गया/प्राप्त) है, कि दो वस्तुओं के समस्त संभव संयोजनों हेतु कुल संतुष्टि समान रहती है इसलिए एक उदासीन वक्र पर स्थित उपभोक्ता संयोजनों के प्रति उदासीन रहता है।

5.3 उदासीनता – मानचित्र

एक उदासीन वक्र समान उपयोगिता प्रदान करने वाले x एवं y दो वस्तुओं के विभित्र संयोजनों को प्रदर्शित करता है, किन्तु विभित्र उदासीनता वक्र उपयेगिता के विभित्र स्तर को दर्शता है। उदाहरणर्थ – L_3 उदासीनता वक्र (निम्न ग्राफ/रेखा चित्र में वर्णित) L_2 अथवा L_1 की उपेक्षा अधिक उपयोगिता स्तर को दिखाता है। अर्थशास्त्री मानते है, कि व्यक्ति उच्यतम (अधिकतम) संभव उपयोगिता स्तर को प्राप्त करना चाहते है (I_3, I_2, से श्रेष्ठतर है जो कि I_1, से श्रेष्ठतर है।)

इस उदासीनता मानचित्र में अनंत उदासीन वक्र है तथा प्रत्येक व्यक्ति का उदासीनता मान चित्र उस व्यक्ति हेतु उवितीय है।

चित्र 5.1 एक उदासीनता मानचित्र को प्रदर्शित करता है



Fig. 5·1 Indifference Map

चित्र 5.1 उदासीनता मानचित्र

इस प्रकार एक उदासीनता मानचित्र समस्त उदासीनता वक्र को दर्शाते हैं, जो ग्राहकों/ उपयोग कर्ताओं के पसंद (वरीयता) का श्रेणी अंकन करते हैं। उदासीनता वक्र पर स्थित वस्तुओं का संयोजन समान संतुष्टि को उत्पन्न करता (प्रदान करता/उपजता/देता) है। उच्च उदासीनता वक्र पर स्थित वस्तुओं का संयोजन उच्च (अधिक) संतुष्टि अस्तर प्रदान करता है तथा वरीयता प्राप्त करता है निम्न उदासीनता वक्र पर स्थित वस्तुओं का संयोजन नियम उपयोगिता प्रदान करता है।

5.4 उदासीनता वक्र विश्लेषण की मान्यताएं

उदासीनता वक्र विश्लेषण निम्नलिखित प्रमुख मान्यताओं पर आधारित है वह

1. <u>समस्त आय उपभोग पर व्यय होती है।</u>

विभिन्न उत्पादों / वस्तुओं और सेवाओं के मूल्य तथा उपभोक्ता की स्थिर (निश्चित) आए उपभोक्ता के बजट व्यवरोध है। बजट अवरोध के अंतर्गत यह माना जाता है, कि उपभोक्ता अपनी संपूर्ण आय अधिकतम संतुष्टि प्राप्त करने के अपने उद्देश्य पर व्यय करता है।

2. <u>पसंदगी (वरीयता) के पैमाने को अव्यक्त किया जा सकता हैं,</u>

प्रत्येक ग्राहक/उपभोक्ता एक क्रमवाचक वरीयता (पसंदगी) पैमाना (मापक) रखता है, जो उसे किन्ही दो या अधिक वस्तुओं की तुलना करने को समर्थ बनाता है तथा यह निर्णय करने में सक्षम करता है, कि दो दिए गए

वस्तुओं के संयोजन Q1 Q2 के संयोजनद्ध को वरीयता प्रदान की जाती चाहिए अथवा नहीं अथवा या किसी अन्य संयोजन के समान ही वरीयता प्रदान किए जाने वाला होना चाहिए। प्राकृतिक रूप से वह संकेत कर सकता है जबकि वह ग्राहक दो विशेष संयोजनों (वस्तुओं के संयोजन) के मध्य वह उदासीन हो। इस संदर्भ में उदासीनता का आशय इस निर्णय से नहीं है। यह सरल रुप से यह बताता है, कि उपभोक्ता ने दोनों उत्पाद संयोजनों को सामान श्रेणीक्रम आवंटित किया है। अतः उपभोक्ता का स्वाद (चयन, इक्ठ्ठा) वर्ग एवं उदासीनता के विचारों के साथ वर्णित किया जा सकता है। यदि वह दो उत्पादों अथवा वस्तुओं के संयोजनों में से चयन कर सकता है, वह एक को दूसरे पर सदैव वरीयता प्रदान करता है, अथवा वह उदासीन रहता है इसलिए एकमात्र मान्यता यह है कि उपभोक्ता या तो वरीयता प्रदान करता है (पसंद करता है) अथवा उदासीन रहता है।

3. बाजार के विषय में पूर्ण जानकारी (ज्ञान)

उदासीनता – वक्र विश्लेषण में यह माना जाता है, कि उपभोक्ता अपने उपभोग निर्णय से संबंधित समस्त विषयों का पूर्ण ज्ञान रखता है। उदाहरणार्थ वह बाजार में उपलब्ध वस्तुओं एवं सेवाओं की संपूर्ण सीमा/क्षेत्र (प्रकार) का पूर्ण ज्ञान रखता है। वह अपनी इच्छाओं को संतुष्टि प्रदान करने की प्रत्येक वस्तु की तकनीकी क्षमता को भी जानता है। वह विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं के मूल्यों की भी जानकारी रखता है।

4. वस्तुओं के संयोजन के प्रति सरिता (पसंदगी)

उदासीनता–वक्र विश्लेषण इस मान्यता पर आधारित है कि एक समय विशेष पर, (तथा उपयोगिता विश्लेषण द्वारा कथित/निष्कासित) उपभोक्ता किसी एक वस्तु के प्रति रुचि नहीं रखता वरन् वह उत्पादन एवं सेवाओं के संयोजन के प्रति रुचि रखता है वह एक संयोजन विषय से प्राप्त संतुष्टि/संतोष कि दूसरे संयोजन द्वारा प्राप्त संतुष्टि से तुलना करने में सक्षम होता है।

5. विवेक पूर्ण व्यवहार

विश्लेषण यह मान्यता रखता है कि उपभोक्ता विवेक पूर्ण व्यवहार करता है या वर्णित करता है कि यदि एक उपभोक्ता वस्तुओं के एक संयोजन को दूसरे संयोजन पर वरीयता प्रदान करता है तो वह अन्य समय पर दूसरे संयोजनों को कभी भी पहले संयोजन परिवर्तन नहीं प्रदान करेगा वह अपने व्यवहार में स्थिर रहता है।

6. प्रतिस्थापना की आसमान सीमांत दर

यह माना गया है कि दूसरे उत्पाद वस्तु के लिए एक उत्पाद वस्तु के प्रतिस्थापन की सीमांत दर सदैव घटती हुई घट रही होती है

5.5 प्रतिस्थापन की सीमांत दर

डॉक्टर जे. आर. हिक्स एवं प्रोफेसर आर. जी.डी. एलन ने हसामान सीमांत उपयोगिता का स्थान लेने के लिए प्रतिस्थापन की सीमांत दर का सिद्धांत प्रतिपादित (प्रस्तुत किया) किया। हिक्स एवं एलन का मत है कि यह अनावश्यक है कि किसी उत्पाद (वस्तु) की उपयोगिता का मापन किया जाये।

उदाहरणार्थ दो वस्तुएं x व y है, जो एक दूसरे की पूर्ण प्रतिस्थापित (स्थापना पत्र) नहीं है । उपभोक्ता वस्तु X को y के लिए विनमय करने को तैयार है। वस्तुओं की एक इकाई के लिए y वस्तु की कितनी इकाई देनी चाहिए जिनसे की संतोष (संतुष्टि) स्तर वही (समान) बनाए रहे।

y के लिए X की प्रत्यय स्थापना की सीमांत दर m r s xy को y की उच्च मात्रा जोकि उपभोक्ता X की एक अतिरिक्त इकाई को प्राप्त करने हेतु त्यागने (देन) की इच्छा रखता है तथा फिर भी सामान उदासीनता वक्र में बना रहता है। अन्य शब्दों में y के लिए X की प्रतिस्थापना की सीमांत दर y की उन इकाइयों की मात्रा का मापन करता है जो x इकाई को प्राप्त करने हेतु त्याग की जानी चाहिए जिससे की संतुष्टी का समान (स्थिर) स्तर बना रहे।

प्रतिस्थापन की सीमांत दर को इस प्रकार भी पर परिभाषित किया जा सकता है, उपभोक्ता द्वारा समान ढंग से (समान रूप से, एक ही प्रकार से) मूल्यित अथवा वरीयता प्राप्त दो वस्तुओं की छोटी इकाइयों के मध्य का विनिमय अनुपात

MRS (प्रतिस्थापन की सीमांत दर को को) सूत्र के रूप में इस प्रकार व्यक्त किया जा सकता है,

$$M R S xy = Y / X$$

यहां पर यह ध्यान देना है कि प्रतिस्थापन की सीमांत दर (MRS) बाजार विनिमय दर के विपरीत उपभोक्ता की व्यक्तिगत विनिमय दर है।

MRS के सिद्धांत को निम्नलिखित अनुसूचित की सहायता से सरलता से वर्णित किया जा सकता है,

प्रतिस्थापन की सीमांत दर

संयोजन	X वस्तु (उत्पाद)	y वस्तु (उत्पाद)	y के लिये x की प्रतिस्थापन की सीमांत दर
1	1	13	—
2	2	9	4:1
3	3	6	3:1
4	4	4	2:1
5	5	3	1:1

उपरोक्त सारणी में वस्तु x एवं y के समस्त पाँचो और संयोजन उपभोक्ता को सामान संतुष्टि प्रदान कर रहे है। यदि वह प्रथम संयोजन को चुनता है तो वह X की तथा y की 13 इकाई प्राप्त करता है। द्वितीय संयोजन में वह x की एक और (अधिक) इकाई प्राप्त करता है। तथा y की चार इकाई प्राप्त त्यागने (देने) को तैयार है जिससे कि समान संतुष्टि अस्तर बना रहे। इसलिए MRSs प्रतिस्थापन की सीमांत दर 4:1 हैं तृतीय संयोजन में उपभोक्ता X की एक और इकाई प्राप्त करने हेतु Y की केवल तीन इकाई त्यागने का इच्छुक हैं। इस दशा में MRSs (प्रतिस्थापन की सीमांत दर) 3:1 है। इसी प्रकार जब

उपभोक्ता चौथे संयोजन से पांचवें संयोजन की ओर बढ़ता है तो Y के लिए X की प्रतिस्थापन की सीमांत दर घटकर गिरकर 1:1 रह जाती है। या प्रतिस्थापन की हवामान गिरती हुई सीमांत दर को दर्शाता है।

<u>प्रतिस्थापन की असमान गिरती हुई सीमांत दर</u>

उपरोक्त अनुसूचित में हमने देखा कि जैसे जैसे उपभोक्ता प्रथम संयोजन से पंचम संयोजन की ओर बढ़ता है वह वस्तु के लिए एक वस्तु के प्रतिस्थापन की सीमांत दर गिरती है कम होना जाती है अन्य शब्दों में जैसे–जैसे उपभोक्ता एक्स वाई वस्तु की अधिक इकाई रख लेता है वैसे वैसे वह y की न्यूनतम इकाई छोड़ने को तैयार होता है उदाहरणार्थ द्वितीय संयोजन में x वस्तु की एक और इकाई हेतु y वस्तु की 4 इकाइयां त्यागने को तैयार है, जबकि पाँचवें संयोजन में वह x की और इकाई प्राप्त करने हेतु y की केवल 1 इकाई देने को तैयार होता है। यह व्यवहार गिरती हुयी (ह्रासमान प्रतिस्थापन की सीमॉत दर) MRS को दर्शाता है तथा फिर भी (तथापि) समान संतुष्टि स्तर प्राप्त किये रहना (बने रहना) प्रतिस्थापन की गिरती हुई (ह्रासमान) सीमांत दर कहलाता है।



Fig.5.2

चित्रं संख्या – 5.2

चित्र 5.2 (उपरोक्त) उपभोक्ता जैसे – जैसे नीचे, संयोजन 1 से संयोजन 2 की और बढ़ता है वह x की एक अतिरिक्त इकाई प्राप्त करने हेतु डेल्टा (Δx) y वस्तु की (ΔY) 4 इकाई देने को तैयार होता है जैसे जैसे उपभोक्ता संयोजन 2 3 4 से नीचे सकता है (ΔY) की दिशा विमा छोटी होती जाती है जबकि Δx की दिशा उतनी ही बनी रहती है या दर्शाता है कि जैसे जैसे उपभोक्ता का x वस्तु का स्कंद (स्टॉक/ मात्रा) बढ़ता है उसके Y वस्तु के स्टॉक्स का मात्रा घटती जाती हैं। अतः अब वह x की एक अतिरिक्त इकाई प्राप्त करने हेतु y की कम (अल्प) इकाई देना चाहता है। अन्य शब्दों में जैसे ही उपभोक्ता वस्तु X की अधिक इकाई तथा y वस्तु की कम (अल्प) इकाई रखता है, y वस्तु के लिए x की प्रतिस्थापन की सीमांत दर गिरती है। वह एक वस्तु की दूसरी वस्तु के लिए तपृणात्मक एवं असमान प्रतिस्थापन दर को दर्शाता है।

5.6 उदासीनता –वक्र के गुण

1. **उदासीनता वक्र दायें ओर नीचे की ओर झुकता (गिरता है) है,**

उदासीनता वक्र के नकारात्मक ढाल (झुकाव) से ऑशय यह है, कि प्रत्येक उदासीनता वक्र बायें से दायें नीचे की ओ गिरता है (जैसा कि चित्र संख्या 5 में दिखाया गया है) 1 नकारात्मक ढलान (ढाल) यह बताता है, कि यदि उपभोक्ता संतुष्टिका समान स्तर बनाये रहना चाहता है तो एक वस्तु को स्कंध (स्टाक) में वृद्धि करनें हेतु उस अन्य (दुसरी) वस्तु की कुछ इकाइयों का त्याग करना होगा।



Fig.5.3(a)



Fig.5.3 (b)



5.3 (c)



5.3 (d)

कल्पना कीजिये कि उदासीनता वक्र एक श्रैतिज रेखा है, (चित्र 5.3) (बी) में प्रदर्शित) यह स्थिति बताती है, कि जैसे – जैसे उपभोक्ता A बिन्दु B की ओर बढ़ता है, वृद्धि (बढ़ता) होती है।

उदासीनता वक्र को बायें से दायें झुका हुआ (ढाल लेता हुआ/गिरता हुआ) होना चाहिये । इसका अर्थ यह है कि उदासीनता –वक्र ऋणात्मक ढलान रखता है।

यह नीचे की ओर इसलिए गिरता (झुकता है) क्यों कि जैसे – जैसे उपभोक्ता X वस्तु का उपयोग करता है, उसे संतुष्टि का सामानस्तर बनाए रखने हेतु y वस्तु की कुछ इकाइयों का त्याग करना होगा।



Fig.5.4

चित्र 5.4 समान उदासीनता वक्र पर बिंदु b व a द्वारा दो वस्तुओं चावल एवं गेहूं के दो संयंत्रों को दर्शाता है। उपभोक्ता बिंदु a एवं b के प्रति उदासीन है । अतः वह समान संतुलित स्तर को निरूपित करते हैं। उदासीनता वक्र के बिंदु a उपभोक्ता चावल कि OE इकाईयों तथा गेहूं की OD इकाइयों से संतुष्ट है। वह उदासीनता वक्र के बिंदु b पर चावल की OF इकाइयों एवं गेहूं की OK इकाइयों से समान रुप से संतुष्ट है। यह केवल एक त्रपृणात्मक (नकारात्मक) ढाल वक्र पर ही संभव है, जहां विभिन्न बिंदु X एवं y वस्तुओं के विभित्र संयोजनों को निरूपित कर रहे है जो कि उपभोक्ता को उदासीन बनाने हेतु सामान संतुष्ट अस्तर को प्रदर्शित कर रहे हैं।

2. <u>उदासीनता वक्र एक दूसरे को प्रतिच्छेदित (काटते) नहीं करते हैं</u>

उदासीनता वक्र की परिभाषा एवं मान्यताएं दी गई है। उदासीनता वक्र एक दूसरे को प्रतीक्षेत नहीं करते क्योंकि स्पर्श बिंदु पर उच्च वर्क उतना ही अधिक देना जितना दो वस्तुओं निम्न उदासीनता वक्र पर दी है। चित्र में दो उदासीनता वक्र बिंदु B पर एक दूसरे को काटते दिखाई दे रहे हैं। बिंदु b.एवं F द्वारा निरुपित संयोजन उपभोक्ता को सामान संतुष्टि प्रदान करते हैं, क्योंकि दोनों सामान उदासीनता वक्र IC_2 पर स्थित है। इसी प्रकार बिन्दु B एवं E के द्वारा प्रदर्शित संयोजनों उपभोक्ता तथा को सामान संतुष्टि प्रदान करते हैं, क्योंकि वह समान उदासीनता – वक्र IC_1 पर स्थित होते हैं।

यदि संयोजनों F संयोजन B संतुष्टि के पदों में बराबर है, तथा संयोजन E संतुष्टि में संयोजन B के बराबर है तब इस दशा में संयोजन F संतुष्टि के पदों में संयोजन E के बराबर होगा या निरर्थक एवं असंभव है। अतः यह कहा जा सकता है कि उदासीनता वक्र एक दूसरे को प्रतिच्छेदित नहीं करते हैं।

3. <u>उदासीनता – वक्र आरंभ (उत्पत्ति /मूल्य) पर उत्तल होते हैं;</u>

यह उदासीनता वक्र का एक प्रमुख (महत्वपूर्ण) गुण है। ये मूल पर उत्तल होते हैं। उत्तलता बताती है, कि जैसे हम वक्त के साथ साथ (एक और से दूसरी ओर) बाएं से नीचे की ओर दाएं को बढ़ते हैं उदासीनता वक्र घटता जाता है। यह यह भी वर्णित करता है, कि जैसे जैसे उपभोक्ता एक वस्तु को दूसरी वस्तु से प्रतिस्थापित करता है वस्तुओं की प्रतिस्थापना की सीमांत दर उदासीनता वक्र के एक ओर से दूसरी ओर साथ – साथ घटती (गिरती जाती) जाती है।

वक्र का ऊपरी छोर y वस्तु की अधिक मात्रा तथा सापेक्षिक रूप से X की अल्प (कम) मात्रा को दर्शाता है। यदि उपभोक्ता X प्राप्त करता है, तो वह समान संतुष्टि स्तर बनाए रखने हेतु y की अधिक मात्रा त्यागने को तैयार (नीचे की भांति) है। किंतु नीचे निम्न छोड़कर (वक्र के नियम छोर पर) y की सपेक्षिक रूप से अल्प–मात्रा है एवं X की अधिक मात्रा है। अगर उपभोक्ता नीचे की ओर आता है, तो वह x_2 को y की अल्प मात्रा के बदले में प्राप्त करता है, उपभोक्ता Y_2 को सामान संतुष्टि अस्तर पर बनाएं रहने हेतु Y_2 को त्याग करेगा। इस प्रकार उदासीनता वक्र की उत्तल आकृति X को प्राप्त करने हेतु y को त्यागने की उपभोक्ता की भावना में अंतर को परावर्तित करता है। यह इस पर निर्भर करता है, कि कितने X एवं y उपभोक्ता द्वारा उपयोग में लाए जा चुके हैं। इस चित्र 5.5 में उपभोक्ता x से B, C, D की ओर आगे बढ़ता है, y वस्तु को लिए x को प्रतिस्थापित (स्थापनापत्र) करने की इच्छा गिरती (कम होती जाती) है। इसका अर्थ यह है, कि जैसे जैसे X वस्तु की मात्रा समान मात्रा में बढ़ती है, y छोटे (अल्प) मात्रा में गिरता है। y के लिए X की प्रतिस्थापन की सीमांत दर x वस्तु की एक सीमांत इकाई को प्राप्त करने के लिए y को त्यागने की इच्छा है IC (उदासीनता) वक्र का ढाल ऋणात्मक होता है। यह आरंभ (उत्पत्ति) पर उत्तल होता है।



Fig.5.6

4. **उदासीनता – वक्र उच्च संतुष्टि स्तर को दर्शाता है,**

कुछ उदासीनता वक्र जो एक अन्य उदासीनता वक्र के ऊपर दाएं और स्थित होता है उचित संतुष्टि अस्तर को दर्शाता है तथा निम्न उदासीनता वक्र पर स्थित संयोजन निम्न संतुष्टि को उत्पन्न करता (उपजता) है। अन्य शब्दों में एक ग्राहक निम्नलिखित उदासीनता वक्र पर स्थित संयोजन को इन वस्तुओं के संयोजन को वरीयता प्रदान करेगा जो की उदासीनता वक्र पर स्थित हो।



Fig.5.7

चित्र संख्या 5.7 में उदासीनता वक्र Ic^1, Ic^2 तथा Ic^3 है जो विभिन्न संतुष्टि अस्तर को निरूपित करते हैं। उदासीनता वक्र Ic^3 संतुष्टि की अधिक मात्रा को दर्शाता है तथा यह Ic^2 एवं Ic^1 की अपेक्षा दोनों वस्तुओं की अधिक मात्रा रखता है तथा IC^1 ($IC^3 > IC^2 > IC^1$ होते है।

5. **उदासीनता वक्र क्षैतिज अथवा उर्ध्व रेखा को स्पर्श नहीं करते ,**

उदासीनता वक्र की एक अन्य मूलभूत मान्यता यह है कि उपभोक्ता विभिन्न वस्तुओं के संयोजनों को क्रय करते हैं वह एक वस्तु नहीं क्रय करते हैं इस दशा में उदासीनता वक्र एक पक्ष को स्पर्श करेगा यह उदासीनता वक्र के मूलभूत सिद्धांत का उल्लंघन करता है।



Fig.5.8



Fig.5.9

चित्र संख्या 5.8 दर्शाता है की उदासीनता वक्र IC Y अक्ष को c बिंदु पर तथा x को E बिंदु पर स्पर्श करता है। C बिंदु पर उपभोक्ता चावल की oc मात्रा तथा गेहूं की कोई मात्रा नहीं क्रय करता है, इस प्रकार E बिंदु पर वह गेहूं की OE मात्रा तथा चावल की कोई मात्रा नहीं खरीदता है। इस प्रकार के (ये) उदासीनता वक्र हमारी मूलभूत मान्यताओं के विरूद्ध है। हमारी मूलभूत मान्यता यह है, कि उपभोक्ता दो वस्तुये संयोजन में क्रय करता है ।

5.7 बजट रेखा अथवा मूल्य रेखा

उदासीनता – मानचित्र मॅहज दो बिंदुओं के विविध संयोजन के अल्पकालीन श्रेणी अल्पकालिक खेड़ी को प्रदान करता है महज उदासीनता वक्र के स्थान पर उपभोक्ता वस्तुओं (उत्पादों) के बंडल (गुच्छे/ समूह) को क्रय

करने में असमर्थ होता है। उदासीनता वक्र उपभोक्ता से या नहीं पूछता कि कौन सा संयोजन उसके पैसे के लिए उसे अधिकतम और अधिक संतुष्टि प्रदान करेगी । उपभोक्ता व्यवहार के अध्ययन एवं पूर्ण भविष्यवाणी हेतु उपभोक्ता के सुप्रसिद्ध वरीयता पद्धति प्रणाली विधि के अतिरिक्त उपभोक्ता की आय एवं वस्तुओं के मूल्य आवश्यक महत्वपूर्ण सूचनाएं है उपभोक्ता संतुलन को जानने हेतु बजट रेखा की संकल्पना (सिद्धांत) को समझना आवश्यक है।

''एक बजट रेखा अथवा मूल्य रेखा दो वस्तुओं के विभिन्न संयोजन को निरूपित करती है जिने एक निर्देशित मौद्रिक आय तथा वस्तुओं की मानी गई कीमत (माने ,मान लीजिए गए मूल्य) पर क्रय किया जा सकता है।



Fig.5.10

चित्र 5.10 में AF रेखा वस्तुओं के विविध (विभित्र) संयोजनों को दर्शाती है, जो उपभोक्ता क्रय कर सकता है। इस लाइन (रेखा) को बजट रेखा (बजट लाइन) कहा जाता है । बजट रेखा बिस्किट एवं कॉफी के 6 संभावित (सम्भाव्य/संभव) संयोजनों को दर्शाती है जो उपभोक्ता साप्ताहिक रूप से (एक सप्ताह में) क्रय कर सकता है। इन संयोजनों को बिंदु a b c d e और f द्वारा इंगित किया गया है। बिन्दु ˙ इंगित करता है, कि यदि संपूर्ण रू 100 की आए बिस्कुट पर खर्च की जाए तो 10 इकाई बिस्किट को क्रय किया जा सकता है। इसी प्रकार बिंदु f दर्शाता है, कि यदि पूरे रु 100 कॉफी पर व्यय किये जाये तो 5 इकाई कॉफी क्रय की जा सकती है। अर्थात रु 100 खर्च करने पर एक सप्ताह में 10 इकाई बिस्किट अथवा 5 इकाई कॉफी क्रय की जा सकती है। बजट रेखा AF चाय एवं बिस्किट के उन समस्त संयोजनों को इंगित करती है, जो उपभोक्ता दिए गए मूल्यो एवं आय पर क्रय कर सकता है। उस दशा में जब एक उपभोक्ता अपनी बजट रेखा के अंतर्गत (भीतर) यथा G पर वस्तुओं के संयोजन को क्रय करना चाहता है, तब यह रू 100 (प्रति सप्ताह) से न्यून (अल्प / कम) व्यय (लागत/ परिव्यय/ खर्च) को सम्मिलित करती है। बजट रेखा के बाहर (परे/पार) के किसी बिंदु यथा h हेतु उपभोक्ता की साप्ताहिक आय रू100 से अधिक होना आवश्यक है।

बजट रेखा की ढाल इंगित करती है, कि कॉफी की एक और इकाई को क्रय करने हेतु उपभोक्ता को बिस्किट की कितनी इकाइयां त्यागनी होगी। उदाहरणार्थ बजट रेखा के बिंदु B पर ढाल (झुकाव/ढलान) पर $\Delta Y / \Delta x$

अथवा बिस्किट की 2 इकाई = काफी की 1 इकाई। यह संकेत करता है, कि B से C की ओर प्रचलन (बढ़ना) में कॉफी की 1 अतिरिक्त इकाई को प्राप्त करने हेतु बिस्किट की 2 इकाइयों का त्याग सम्मिलित है। क्योंकि (चूँकि) बजट रेखा सीधी है, तो बजट रेखा के साथ साथ बजट रेखा के एक ओर से दूसरी ओर ढाल सभी बिंदुओं पर स्थिर, बिस्किट की 2 इकाई = 1 प्रति इकाई कॉफी की मात्रा है।

बजट रेखा में स्थांतरण (परिवर्तन /खिसकना)

मूल्य रेखा का निर्धारण उपभोक्ता की आय तथा वस्तुओं के बाजार में मूल्य के द्वारा होता है। यदि उपभोक्ता की आय अथवा वस्तुओं के मूल्य में कोई परिवर्तन होता है, तो मूल्य रेखा इन दो साधनों (घटकों) के विनिमय की प्रतिक्रिया में परिवर्तित होता है।

1. **उपभोक्ता की आय में परिवर्तन**

जब उपभोक्ता की आय में परिवर्तन होता है, तो वस्तु के मूल्य वही (समान) रहते हैं, मूल्य रेखा मूल्य स्थिति से खिसकती (परिवर्तित) है। आय में वृद्धि के साथ यह ऊपर की ओर अथवा समाँतर स्थिति में दाएं हाथ की ओर खिसकता है। आय स्तर में गिरावट होने पर वस्तुओं का मूल्य अपरिवर्तित रहता है, मूल्य रेखा मूल स्थिति से बाएं ओर खिसकती है। अधिक आय के साथ उपभोक्ता पहले की अपेक्षा दोनों वस्तुओं की अधिक मात्रा क्रय कर सकता है, किंतु दूसरे वस्तु के पदों में एक वस्तु की लागत वही (समान) रहती है। चित्र 5.11 आय में वृद्धि के फलस्वरूप बजट रेखा के ऊपर की ओर परिवर्तन को दिखाता है। फलतः बजट रेखा L' M' से L_2 M_2 को खिसकती है। उपभोक्ता वस्तु A एवं B को और अधिक क्रय करने में सक्षम होता है।



Commodity B
Increase in consumer's income prices remaining the same
Fig.5.11

2. **मूल्य में परिवर्तन**

आइए अब विचार करें की एक वस्तु के मूल्य में परिवर्तन होता है। इस दशा में उपभोक्ता की आय एवं अन्य (दूसरी) वस्तु का मूल्य स्थिर रहता है। जब वस्तु A (एक वस्तु) के मूल्य में गिरावट आती है, तो उपभोक्ता उसी वस्तु की, पूर्व की अपेक्षा, अधिक मात्रायें खरीदता है। मूल्य में परिवर्तन बजट रेखा के बिंदु L पर चक्रण (घूमने) का कारण होता है।



Change in Price of commodity A only with given income
Fig.5.12

यह और सपाट हो जाता है तथा एक नई बजट रेखा (Lm’ से Lm_2) देता है। सपाट बजट रेखा से आशय यह है, कि क्षैतिज अक्ष पर ˙ वस्तु का सापेक्षिक मूल्य कम होता है। यदि a वस्तु के क्रय पर अधिक राशि खर्च की जाती है तब उपभोक्ता a वस्तु की अधिक मात्रा om_2 खरीद सकता है।

5.8 उपभोक्ता साम्य (संतुलन)

एक उपभोक्ता साम्यावस्था (संतुलन) की अवस्था में तब होता है जब वह अपने सीमित मौद्रिक आय एवं वस्तुओं एवं सेवाओं के निर्दिष्ट (दिए गए) मूल्य पर अपनी संतुष्टि को अधिकतम करता है।

जहाँ पर उदासीनता वक्र का ढाल तथा बजट व्यवरोध का ढाल बराबर होते है वहीं पर उपभोक्ता संतुलन (साम्य) होता (प्राप्त होता) है। गणितीय रूप से यह वहाँ होता है जहाँ $MRS=P_2/P_1$ । यह साम्य (संतुलन) बिंदु होता हैं क्योंकि इस बिंदु दूर (आगे) बढ़ने का कोई कारण नहीं होता है। प्रतिस्थापन की सीमांत दर को सीमांत लाभ अनुपात के रूप में भी माना (विचारित) किया जा सकता है, जो प्रत्येक वस्तु हमारे उपभोक्ता को प्रदान करती है। इसलिए इस निश्चय में साम्य (संतुलन) में दो वस्तुओं के लिए सीमांत– लाभ को उनके सीमांत–लागत के बराबर करना सम्मिलित होता है।



Fig.5.13

चित्र 5.13 द्वारा उपभोक्ता सामने संतुलन को दर्शाया गया है, यदि साम्यावस्था (संतुलन) है तो उसे जानने (प्राप्त करने हेतु) हेतु हम देखना चाहते है, कि यदि वहां कोई एक बिंदु है जो सदैव अन्य बिंदुओं पर वरीयता प्राप्त करता है। हम किसी एक विशिष्ट बिंदु से आरंभ कर सकते हैं। हम जो चुनते हैं वह महत्वपूर्ण नहीं है। बातों (चीजों) को सफल बनाने हेतु हम यह मान ले हैं, कि हमारा उपभोक्ता अपनी समस्या इन दो वस्तुओं पर खर्च (व्यय) करता है। B बिंदु से प्रारंभ करते हैं। जो बजट–व्यवराध के सबसे ऊपर (शिखर) पर है। हमारे उपरोक्त विमर्श पर आधारित हम जानते हैं, कि बिंदु A एवं बिंदु B उस उपभोक्ता को समान संतुष्टि स्तर प्रदान करते हैं। इस प्रकार उपभोक्ता A एवं

B बिन्दु के मध्य उदासीन है। उपभोक्ता संतुलन (साम्य) वस्तुओं एवं सेवाओं की उस मात्रा से संबंधित है जो कि उपभोक्ता बाजार में उस वस्तु के मूल्य पर अपने निर्धारित आय के द्वारा खरीद (क्रय) कर सकता है। उपभोक्ता का लक्ष्य (उद्देश्य) अपनी मौद्धिक आय से अधिकतम संतुष्टि प्राप्त करना होता है। दिए हुए (दिये गये) मूल्य–रेखा एवं उदासीनता वक्र पर उपभोक्ता उस बिंदु पर संतुलन (साम्यावस्था) में कहा जा सकता है, जहां मूल्य–रेखा सर्वाधिक प्राप्त करने योग्य उदासीनता वक्र को नीचे से स्पर्श करती (स्पर्शज्या) है। इस प्रकार उदासीनता–वर्क विश्लेषण के अंतर्गत उपभोक्ता साम्य (संतुलन) हेतु निम्नलिखित शर्तें (दशाएं) अवश्य पूर्ण की जानी चाहिए।

1. दी गई (निर्दिष्ट) मूल्य–रेखा उदासीनता वक्र की र्स्पशज्या (स्पर्शी) होनी चाहिए अथवा y वस्तु हेतु x वस्तु की प्रतिस्थापन की सीमाँत दर, दो वस्तुओं के मूल्य अनुपात के बराबर होनी चाहिए,

$$MRS_{xy} = P_x / P_y$$

2.1 द्वितिय क्रम दशा (शर्तें) यह है, की उदासीनता वक्र स्पर्शी बिंदु पर आरंभ से (उत्पत्ति /प्रारंभ) उत्तल होना चाहिए ।

आय प्रभाव

उपभोक्ता संतुलन (साम्य) विश्लेषण पूर्व में विचारित (मान लेती) कर लेती है , कि x एवं y वस्तुओं के मूल्य तथा उपभोक्ता की आय स्थिर रहती है। अब हम परीक्षण करेंगे कि उपभोक्ता की क्रय करने का व्यवहार किस प्रकार का होता है जबकि उसकी आए परिवर्तित होती है। आय एक अति महत्वपूर्ण व प्रमुख घटक जो वस्तुओं की खरीद (क्रय) को प्रभावित करता है । यदि वस्तुओं के मूल्य उपभोक्ताओं की पसंद, रुचि, स्थिर रहती है (अपरिवर्तित) तथा उपभोक्ता की आय में परिवर्तन होता है यह उपभोक्ता की मांग को प्रत्यक्षता प्रभावित करेगा ।

उपभोक्ता की आय में वृद्धि मूल्य रेखा (बजट रेखा) को दाई ओर ऊपर की ओर खिसकाती है तथा उपभोक्ता सामान्यता (संतुलन) के उच्च बिंदु को प्राप्त करता है । इसी प्रकार आय में कमी (घटोत्तरी) मूल्य रेखा को नीचे की ओर बायें खिसकाती है तथा उपभोक्ता संतुलन के निम्न बिंदुओं को प्राप्त करता है । उपभोक्ता की आय में होने वाले इन परिवर्तनों को उपभोक्ता की बजट रेखा में समाँतर ऊपर की ओर अथवा नीचे की ओर खिसकाव द्वारा अभिव्यक्त (निश्चित/प्रदर्शित) किया गया है। जैसे–जैसे आय परिवर्तित होती है, एक नवीन साम्यतस्ता (संतुलन अवस्था) स्थापित होती है ,तथा उपभोक्ता एक साम्य बिंदु से दूसरे साम्य बिंदु की ओर अग्रसर (बढ़ता) होता है।ये हलचल उपभोग टोकरी में होने वाले उतार–चढ़ाव को दर्शाते है। इसे आय प्रभाव के नाम से जाना जाता है।

आय प्रभाव को निम्नलिखित रेखा चित्र के माध्यम से वर्णित किया जा सकता है,



चित्र संख्या 5.14 आय उपभोग वक्र

चित्र 5.14 में x ox के साथ साथ (एक और से दूसरी ओर) तथा y oy के साथ साथ मापा गया है। जब मूल्य रेखा बजट रेखा bb होती है, उपभोक्ता k बिंदु पर संतुलन (साम्यावस्था) में होता है, जहां यह उदासीनता वक्र पब को स्पर्श करता है। उपभोक्ता x की os मात्रा तथा y की on मात्रा खरीदता है । अब हम मानते हैं, (कल्पना करते हैं)कि उपभोक्ता की आय बढ गयी है, तथा नवीन मूल्य रेखा cc है, जो दाएं ओर सामान रुचि (फैशन) में खिसकता है। उपभोक्ता L बिंदु के एक स्तर पर साम्यावस्था (संतुलन) में होता है, जो कि इसका संतुलन बिंदु होता है। यदि आय में आगे और वृद्धि होती है, तो नई मूल्य रेखा dd होगी तथा उपभोक्ता T बिंदु पर संतुलन अवस्था में होगा तथा अब वह x की oz मात्रा तथा y की oe मात्रा खरीदेगा।

यदि इन साम्य बिंदुओं (संतुलन बिंदुओं) K,L,T को एक साथ उत्पत्ति (आरंभ बिंदु) से गुजरने वाली बिंदुओं से अंकित रेखा द्वारा दर्शाया जाता है तो हम एक वक्र पाते हैं जिसे आए उपभोग वक्र (icc) कहते हैं। आय उपभोग वक्र वस्तु स्थल में बिंदु स्थान (बिंदु स्थान) है जो स्थिर मुद्दा मूल्यों के लिए विभिन्न मुद्दों स्तरों के साथ संयुक्त (संबंध) संतुलित वस्तु गठरी (बंडल) को दर्शाता है। सामान्य वस्तुओं की दशा में आए प्रभाव घनात्मक होती है।

आय उपभोग वक्र एवं वस्तु की प्रकृति

आय में परिवर्तन का प्रभाव विभिन्न प्रकार की वस्तुओं पर भिन्न भिन्न होता है। यह धनात्मक ऋणात्मक अथवा उदासीन (तटस्थ) हो सकता है । वास्तव में प्रभाव धनात्मक होगा अथवा ऋणात्मक यह वस्तु तय (निर्धारित) करता है। सामान्य (साधारण) वस्तुओं की दशा में आय प्रभाव धनात्मक तथा निम्न कोटि की वस्तुओं की दशा में आय प्रभाव ऋणात्मक होता है।

निम्न कोटि की वस्तुएं वह वस्तुएं होती हैं, जिनकी मांग आए के व्युत्क्रमानुपाती होती है, अर्थात आए में विभिन्न वृद्धि होने पर इन वस्तुओं की मांग घट जाती है तथा आय में कमी होने पर इन वस्तुओं की मांग बढ़ जाती है। चित्र 5.15 निम्न कोटि की वस्तुओं की दशा में आए प्रभाव को स्पष्टतः प्रदर्शित करता है। चित्र 5.15 (a) मे X एक निम्न कोटि की वस्तु है, इसका उपयोग उपभोक्ता की आय बढ़ने पर घट रहा है। इसी प्रकार चित्र 5.16 में y एक निम्न कोटि

की वस्तु है तथा उपभोक्ता की आय बढ़ने के साथ ही इसका उपयोग घटता है।



चित्र संख्या 5.15



चित्र संख्या 5.16

इस प्रकार वस्तु के उपयोग पर धनात्मक अथवा ऋणात्मक प्रभाव यह निर्धारित करता है, कि वस्तु सामान्य कोटि की है अथवा निम्नकोटि कि यदि आय प्रभाव धनात्मक है तो वस्तु सामान्य कोटि की है तथा यदि यह नकारात्मक वर्णात्मक है तो वस्तु निम्न कोटि की मानी जाएगी। इस प्रकार आय उपभोग वक्र वस्तु की प्रकृति के आधार पर विभिन्न आकृति ले सकता है।

मूल्य प्रभाव

अब हम वस्तु के मूल्य में परिवर्तन पर उपभोक्ताओं की प्रतिक्रिया पर विमर्श करेंगे जबकि उनकी आय, पसंद, रुचि तथा अन्य वस्तुओं के मूल्य अपरिवर्तित रहते हैं। किसी वस्तुओं के मूल्य में परिवर्तन महज उपभोक्ताओं को वस्तु की अधिकाय अल्प मात्रा खरीदने को ही प्रेरित नहीं करते क्योंकि सापेक्षिक मूल्य परिवर्तित हो गए हैं, वरन् यह मूल्य में परिवर्तन के आय प्रभाव के द्वारा वस्तु की मांग को प्रभावित करते हैं। जब किसी वस्तु का मूल्य परिवर्तित होता है तो बजट रेखा का ढाल कर सकता कि सकता बढ़ता है। उपभोक्ता के संतुलन में भी व्यवधान होता है। एक विवेकपूर्ण उपभोक्ता अपनी संतुष्टि को अधिकतम करने के उद्देश्य से अपने उपभोग टोकरी (डलिया) को समायोजित करने का प्रयास करता है, जब एक वस्तु का मूल्य परिवर्तित होता है, उपभोक्ता अपने क्रयों के प्रति सावधान/सतर्क रहता है। वस्तु के मूल्य में

हुए परिवर्तनों के कारण वस्तु की मांग में आए परिवर्तन को मूल्य–प्रभाव कहा जाता है।

मूल्य–प्रभाव को किसी वस्तु के मूल्य में हुए परिवर्तन के कारण उसके उपयोग की मात्रा में आए परिवर्तन के रूप में भी परिभाषित किया जा सकता है। वस्तुतः यह सापेक्षिक मूल्य सरचना होती है जो मांग को प्रभावित करती है। एक वस्तु के मूल्य में परिवर्तन के प्रभाव के सर्वेक्षण के क्रम में (के लिए) हम अपने दो–वस्तु प्रतिमान को लेते हैं (साथ रखते) तथा उपभोक्ता की आए पसंद रुचि तथा अन्य वस्तु y के मूल्य को अपरिवर्तित (स्थिर) रखते हैं। चित्र संख्या 5.17 वस्तु के मूल्य के प्रति उपभोक्ता की प्रतिक्रिया (अनुक्रियाशीलता) को दर्शाता है। यह क्षैतिज अक्ष x पर दृश्यमान है तथा इसका परिणाम ही परिवर्तन दो वस्तुओं को पोटली के रूप में दृश्यमान है।



Fig.5.17 Price Consumption Curve

चित्र संख्या 5.17 में AB प्रारंभिक बजट रेखा है। यह माना कि लिया जाता है (कल्पना की गयी) है, कि X वस्तु के मूल्य गिर रहे हैं तथा उपभोक्ता की आय एवं y वस्तु के मूल्य अपरिवर्तित है। अब इस दशा में मूल्य रेखा नई स्थिति AC को प्राप्त करती है, तथा सम्मान बिंदु (संतुलन बिंदु) P से U को स्थांतरित परित्यक्ता होता है।

अब उपभोक्ता X वस्तु की OT मात्रा क्रय करता है। (मांगी गई मात्रा OE से OT तक बढ़ती है (तथा y वस्तु की OZ मात्रा क्रय करता है। X के मूल्य में उत्तर (और परिवर्तन /आगे परिवर्तन) गिरावट होने पर उपभोक्ता बिंदु S पर संतुलन समाज (साम्ययावस्था) में होता है जहां बजट रेखा AD उच्च उदासीनता वक्र ACB कि स्पर्शज्या है। अब वह X की OF मात्रा तथा ल की OR मात्रा–क्रय करता है।

X के मूल्य में परिवर्तन (गिरावट) के कारण X की खरीदी गई मात्रा में परिवर्तन (OE से OF) को मूल्य–प्रभाव कहा जाता है।

साधारण (सामान्य) वस्तु के उपभोग की दशा में मूल्य–प्रभाव ऋणात्मक होता है। यदि हम साम्य बिंदुओं PUSs को संयुग्मित करते हैं तो हम मूल्य – उपभोग वक्र (PCC),उपभोक्ता का X वस्तु के लिए, प्राप्त करते हैं। मूल्य उपभोग वक्र वस्तु क्षेत्र में बिंदुओं का स्थल (ठिकाना) है, जो मूल्य अनुपात में हुए विचलनों के फलस्वरुप प्राप्त साम्य (संतुलन) वस्तु पोटली तथा मौद्रिक आय की अपरिवर्तित स्थिति को दर्शाती है । इस प्रकार मूल्य उपभोग वक्र

(PCC) X वस्तु के मूल्य में परिवर्तन के कारण उपभोग टोकरी में परिवर्तन को दर्शाता है। X की उपभोग मात्रा बढ़ती है, जिसके कारण y पहले घटता है तत्पश्चात बढ़ता है । मूल्य उपभोग वक्र उपभोक्ता द्वारा X के प्रत्येक मूल्य पर क्रय की गई मात्रा को इंगित करता है। इस प्रकार वक्र इन सूचनाओं को समाहित करता है जिनके द्वारा (जिनसे /जिनके द्वारा) उपभोक्ता के मांग वक्र को व्युत्पतित किया जा सकता है ।

X वस्तु के गिफॅन वस्तु होने की दशा में मूल्य प्रभाव

गिफॅन वस्तु निम्न कोटि की वस्तुओं का एक विशेष प्रकार है।जब किसी वस्तु के मूल्य गिरने पर उसकी मांग में गिरावट (कमी) होती है तो ऐसी वस्तुओं को गिफॅन वस्तु कहा जाता है। कभी कभार यह होता है, कि वस्तु के मूल्य में गिरावट के कारण उसकी मांग की मात्रा में गिरावट (कमी) लाती है। उपभोक्ता, अपनी मुद्रा, जो उनसे अन्य वस्तुओं की अधिक मात्रा को क्रय करने में की गयी कमी से बचायी है, को व्यय करता है। गिफॅन वस्तुओं के मूल्य में गिरावट, उपभोक्ता की आय में बढ़ोत्तरी (वृद्धि) के सामान प्रभाव रखती है। वस्तु के मूल्य में गिरावट होने पर उसकी कम मात्रा माँगने का उपभोक्ता का यह विशेष प्रकार का व्यवहार गिफॅन विरोधभास से (गिफॅन पैराडाक्स) कहलाता है।

चित्र 5.18 में गिफॅन गुड X के उपभोग पर मूल्य प्रभाव का वर्णन करता है।



Fig.5.18

चित्र 5.18 में उपभोक्ता e बिंदु पर संतुलन (साम्य अवस्था) में है जहां बजट रेखा a ab उदासीनता वक्र ic_1 की स्पर्शज्या है। उपभोक्ता गिफॅन गुड X की वग$_1$ मात्रा तथा वस्तु y की oy_1 मात्रा क्रय करता है। जब X वस्तु के मूल्य में कमी होती है, तथा y वस्तु के मूल्य में कोई परिवर्तन नहीं होता है, तो बजट रेखा ab' उर्ध्व (ऊपर की) की ओर दिखती है। उपभोक्ता e' बिंदु पर संतुलन (साम्य) में होता है, जहां बजट रेखा b' उदासीनता वक्र ic_2 की र्स्पशी (र्स्पशज्या) है। नवीन संतुलन स्थिति में, उपभोक्ता गिफॅन गुड (वस्तु) की केवल OX_2 इकाइयों को तथा y वस्तु की oy_2 इकाइयों का क्रय करता है। हम पाते हैं, कि गिफॅन वस्तु x के मूल्य में गिरावट से इसकी क्रय की गयी मात्रा ox_1 से ox_2 को गिरती है, तथा y की माँगी गयी मात्रा oy_1 से बढ़कर oy_2 होती है। गिफॅन गुड़ (वस्तु) के उपभोग पर मूल्य प्रभाव धनात्मक होता है।
यदि वह PCC के पश्चगामी वंकन द्वारा इंगित है, x गिफॅन गुड़ है।

मूल्य प्रभाव का आय एवं प्रतिस्थापन प्रभावों में पृथवकरण हिक्स बनाम स्लॅस्की

जैसा कि पूर्व में विमर्शित है, वस्तु <u>x</u> के मूल्य में कमी इसकी माँग की मात्रा में वृद्धि करती है। हालाँकि माँगी गयी मात्रा में कुल वृद्धि मूल्यों में दिए गए परिवर्तन के प्रतिस्थापन एवं आय प्रभाव के संयुक्त क्रिया का परिणाम होती है।

इसलिए (अतः)

किसी आगत के नियोजन के किसी स्तर के लिये, उस आगत की प्रत्येक इकाई के सीमांत उत्पाद का योग नियोजन स्तर पर उस आगत के कुल उत्पाद को प्रदान (देना) करता है। इस प्रकार सीमांत उत्पाद तथा औसत उत्पाद वक्र व्युत्क्रम श्न्श आकार के होते है। सीमांत उत्पाद वक्र, औसत उत्पाद वक्र को, औसत उत्पाद वक्र के उच्चतम बिन्दु के ऊपर से काटता है।

7.7 शब्दावली

वृद्धिमान पैमाने के प्रतिफल '– यदि उत्पादन के आगतों में किये गये परिवर्तनों के अनुपात की तुलना में अधिक अनुपात का उत्पादन प्राप्त होता है तो यह वृद्धिमान पैमाने का प्रतिफल कहा जाता है।

<u>सम–उत्पाद :–</u> उत्पादन–फलन का ज्यामितीय निरूपण।

7.8 बोध प्रश्न

1. सत्य या असत्य

अ– उत्पादन–सिद्धान्त केवल अल्पकाल में आगत–निर्गत सम्बन्ध का अध्ययन करता है।

ब– एक सम–उत्पाद आर्थिक क्षेत्र में ऋणात्मक ढ़लान रखता है।

स– आगतों में निश्चित अनुपात में परिवर्तन जब उसी क्रम में (सुसंगत अनुपता में) उत्पादन में अनुपातिक वृद्धि करता है तो यह ह्रासमान पैमाने के प्रतिफल को प्रदर्शित करता है।

द– पैमाने के प्रतिफल साधनों की अविभाजनीयता के कारण बढ़ते है।

2. वाक्यांश को पूरा कीजिये

अ– परिवर्तनशील अनुपतों के नियम के सम्पूर्ण विकास में .... अवस्थाये समाहित होती है।

ब– दो सम–उत्पाद एक दूसरे को प्रतिच्छेदित .... करते है।

स– जैसे–जैसे फर्म का आकार बढ़ता है, आन्तरिक मितव्ययिता, आन्तरिक अमितव्ययिता से .... होती है।

द– जब व्यावसायिक इकाई विस्तरित होती है, पैमाने के प्रतिफल . ...

7.9 बोध प्रश्नों के उत्तर

1. (अ) गलत, (ब) सत्य, (स) गलत, (द) सत्य
2. (अ) तीन, (ब) नहीं की जा सकती (स) प्रतिभारित (प्रति–संतुलित), (द) बढ़ती है।

7.10 स्वपरख प्रश्न

1. ह्रासमान सीमांत उत्पाद नियम क्या है?
2. परिवर्तनशील अनुपातों का नियमा क्या है?
3. उत्पादन–फलन स्थिर पैमाने के प्रतिफल को कब संतुष्ट करता है?
4. ह्रासमान सीमांत प्रतिफल नियम का वर्णन कीजिये तथा इस सिद्धांत का एक उदाहरण दीजिये।
5. ''पैमाने की मितव्ययिता आन्तरिक अथवा बाह्य हो सकती है, ये तकनीकी प्रबन्धकीय, वित्तीय अथवा जोखिम–वहन करने वाली हो सकती है।'' टिप्पणी कीजिये।
6. पैमाने के प्रतिफल के नियमों पर विस्तृत टिप्पणी लिखिये।

7.11 सन्दर्भ पुस्तकें

1. Yogesh Maheshwari, Managerial Economics, Prentice Hall of India, New Delhi.
2. D.N. Dwivedi, Managerial Economics, Vikas Publishing House Pvt. Ltd., New Delhi.
3. T.R. Jain, O.P. Khanna and Virsen, Micro Economics and Indian Economy, V.K. Publishers, New Delhi.
4. H.L. Ahuja, Advanced Economic Theory, S. Chand & Co. Ltd., New Delhi.
5. Atmanand, Managerial Economics, Excel Books, Delhi.
6. R.L. Varshney and K.L. Maheshwari, Managerial Economics, Sultan Chand & Sons, New Delhi.

इकाई 8 लागत के सिद्धाँत

इकाई की रूपरेखा

8.1 प्रस्तावना
8.2 लागत–संकल्पनाऐं
8.2.1 लेखाँकन लागत संकल्पनाएँ
8.2.1 विश्लेषणात्मक लागत संकल्पनायें
8.3 लागत सि़द्धाँत : लागत – उत्पादन सम्बन्ध
8.3.1 अल्पकाल में लागतें
8.3.2 दीर्घकालिक लागतें
8.4 दो संयत्रों के मध्य उत्पादन (निर्गत) का वितरण
8.5 पैमाने की मितव्ययितायें एवँ अमितव्ययितायें
8.5.1 पैमाने की अमितव्ययितायें
8.5.2 पैमाने की अमितव्ययितायें
8.6 सम–विच्छेद विश्लेषण
8.7 साराँश
8.8 शब्दावली
8.9 बोध प्रश्न
8.10 बोध प्रश्नों के उत्तर
8.11 स्वपरख प्रश्न
8.12 सन्दर्भ पुस्तकें

उद्‌देश्य

इस इकाई के अध्ययन के पश्चात आप इस योग्य हो सकेंगे कि –

- लेखाँकन उद्देश्यों (अभिप्रायों) के लिये उपयोगी लागत संकल्पनाओं (सिद्धाँतो) तथा आर्थिक विश्लेषण में प्रयुक्त विश्लेषणात्मक लागत–संकल्पनाओं को परिभाषित कर सकें।
- अल्पकालीन एवँ दीर्घकालीन ढाँचे में लागत – उत्पादन सम्बन्ध के विश्लेषण कर सकें।
- पैमाने की अमितव्ययिता एवँ अनमितव्ययिता का वर्णन कर सकें।
- सम – विच्छेद विश्लेषण का वर्णन कर सकें।

8.1 प्रस्तावना

पूर्ण प्रतिर्स्पधात्मक उधोगो मे फर्म (FIRM) तीन विशिष्ट निर्णयों को लेती है :–

क अपूर्ति हेतु कितना उत्पादन

ख कौन सी उत्पादन प्रौद्योगिकी प्रयोग की जाये ?

ग कितने ऑगत की माँग करें ?

ये समस्त निर्णय गैर–प्रतिर्स्पद्धात्मक उद्योगों में भी लिये जाते हैं। क्योकि पूर्ण प्रतियोगी (प्रतिर्स्पद्धी) बाजार में फर्म आगॅत एवँ निर्गत बाजार में मूल्य पर आधारित होते है। अधिकाँश निर्णय मूल्य पर आधारित होते है जिस पर फर्म का कोई नियॅत्रण नहीं होता है। लागत फलन व्युत्पत्तित फलन होते

हैं। ये उत्पादन फलन से व्युत्पत्रित होते है जो उत्पादन लागत पर केंद्रित होता है। लागत की गणना करने हेतु फर्म को दो बातें जानना आवश्यक है : ऑगतों की मात्रा एवँ संयोजन यह इनके ऑगतो की लागत जानने हेतु आवश्यक है । इस इकाई में आप लागत–संकल्पनाओं (सिद्धांतो) अल्पकाल एवँ दीर्घकाल में लागतो दो फर्मो के मध्य उत्पादन का नियत (आवँटन/निर्धारण) तथा पैमाने की मितव्ययिता एवँ अमितव्ययिता सम–विच्छेद विश्लेषण के बारे मे अध्ययन करेगें।

8.2 लागत सिद्धाँत (संकल्पनायें)

लागत के कई उपयोगी सिद्धाँत हैं। व्यावसयिक परिचालन तथा निर्णयों के लिये व्यवहारिक (उपयोगी) लागत सिद्धाँतो को उनकी प्रकृति एवँ अभिप्राय के आधार दो परच्छादित (अति आच्छादित) वर्गो के अंतर्गत समूहिक किया जा सकता हैं,

क लेखाँकन उद्देश्यों (अभिप्रयों) हेतु उपयोगी लागत संकल्पनायें (सिद्धाँत)
,

ख व्यावसायिक कार्यो (गतिविधियों) के आर्थिक विश्लेषण मे प्रयुक्त विश्लेषणात्मक लागत सिद्धाँत ।

8.2.1 लेखाँकन लागत सिद्धाँत (संकल्पनाएँ)

1. <u>अवसर लागत एवँ वास्तविक लागत –</u>

अवसर लागत उस अवसर के मूल्य का मापन करते है जो एक कार्य – योजना के चयन (पसंद) के फलस्वरूप वैकल्पिक कार्य – योजना का त्याग करना (छोड़ देने) आवश्यक होता है।

सामान्य रूप में एक कार्य – योजना का चयन जो अन्य सुविधाओं अथवा संसाधनों को छोड़ना जो अन्य प्रकार से अन्य उद्देश्यों हेतु उपयोग किये जासके अवसर लागत कहलाता है।

यह उस लाभ से मापा जाता है जो त्याग किये गये संसाधनों को अपनाने (प्रयुक्त करने) से प्राप्त होते है। उदाहरर्णथ कालेज की शिक्षा प्राप्त करने की अवसर लागत वह होती है, जो व्यक्ति पूर्णकालिक कार्य (सेवा रोजगार) कर के प्राप्त कर सकता, होती है।

फर्म द्वारा व्यय की गयी (वहन की गयी) वास्तविक लागतें वह हाती है , जो फर्म द्वारा श्रम सामग्री, संयत्र, भवन, मशीनरी, उपकरण, यात्रा, एवँ परिवहन, विज्ञापन इत्यादि हेतु भुगतान की जाती हैं। इन्हें वास्तविक लागते भी कहते है। लेखा पुस्तकों में समस्त व्यवहारिक अभिप्रायों हेतु अभिलेखित कुल मौखिक व्यय वास्तविक लागतें होती है।

2. <u>स्पष्ट (व्यक्त) लागतें, एवँ अप्रत्यक्ष (अस्पष्ट/अंतर्निहित) लागतें।</u>

आर्थिक लागतों को दो भागों में वर्गीकृत किया जा सकता है। स्पष्ट व्यक्त/बहि) लागतें, एवँ अप्रत्यक्ष (अस्पष्ट/आँतरिक/अव्यक्त लागतें)

स्पष्ट लागतों वे लागते होती हैं, जो फर्म द्वारा वाह्य साधनो को लेने पर (किराये पर लागतें पर/खरीदने पर) खर्च/भुगतान की जाती है अर्थात फर्म जब फर्म के बाहर से घटकों (उत्पादन के साधनों) को खरीदने पर भुगतान के रूप में खर्च (व्यय) करती है तो इन लागतों को व्यक्त/स्पष्ट लागतें कहा जाता है।

अव्यक्त (अप्रत्यक्ष/अस्पष्ट) लागते वह होती है, जो उद्यमी के स्वयं के समय व पैसे (मुद्रा/पूँजी) के सर्वश्रेष्ठ वैकल्पिक प्रयोग के द्वारा उत्पादित की जा सकने वाली वस्तु विशेष (विशेष उत्पाद) के उत्पादन में लगने वाली राशियों के बराबर होती है। अर्थात उद्यमी की पूँजी एवँ समय द्वारा जो वस्तु उत्पादित होती उसको उत्पादित करने में लगी राशि ही बर्ति (अव्यय/अस्पष्ट लागत) लागत कहलाती है।

व्यक्त/स्पष्ट(प्रत्यक्ष) लागतों तथा अप्रत्यक्ष लागतों में मात्र एक अंतर किराये पर (बाहर से संसाधानों) संसाधनों को प्राप्त करने में व्यय तथा स्व स्वामित संसाधनों पर कृत व्यय है।

3. <u>व्यावसायिक लागतें एवँ सम्पूर्ण लागतें</u>

किसी फर्म की व्यावसायिक लागतें, साधारण लेखाँकन पद्धति द्वारा आगणित (गणना की गयी) कुल मौखिक व्ययों को ही कहा जाता है। इन व्ययों में संयत्र एवं मशीनरी की पुस्तक लागतों पर भारित हास के साथ फर्म द्वारा भुगतान किये गये समस्त भुगतान एवं सांविदिक दायित्वों (आनुबंधिक दायित्वों) को सम्मिलित किया जाता है।

सम्पूर्ण (पूर्ण) लागत में व्यावसायिक लागतें, अवसर लागतें तथा सामान्य लाभ सम्मिलित होते है। फर्म की अवसर लागत में फर्म के स्वामी द्वारा निवेशित निधि पर ब्याज तथा उद्यमी की श्रम– सेंवाओं के मूल्य, यदि फर्म में कार्य करता है और व्यावसायिक व्ययों के रूप में कोई वेतन न ले रहा हो, सम्मिलित होते है,।

4. <u>तुरंत देय लागत एवं पुस्तकीय लागत</u>

तुरंत देय लागत (खर्चे) वे लागतें होती है, जिनका वाह्य व्यक्तियों (जिनसे साधन प्राप्त किये गये तथा फर्म के बाहर के है) को शीघ्र (त्वरित) भुगतान किया जाना होता है, इसके विपरीत पुस्तक लागतें वे लागते है होती है, जिनके लिये चालू नकद व्यय की (खर्च की) आवश्यकता नहीं होती है। उदाहरणार्थ कर्मचारियों को दिये गये वेतन एवं मजदूरी तुरंत देय लागते (खर्चे) है, जबकि स्वामी – प्रबधक का स्वयँ को वेतन यदि नही भुगतान किया गया है, (स्वामी – प्रबंधक ने भुगतान प्राप्त नही किया है तो) पुस्तक लागत है। तुरंत देय लागतों को स्पष्ट (प्रत्यक्ष/व्यक्त) लागते तथा इसी प्रकार पुस्तक लागतों को अस्पष्ट (अप्रत्क्ष/अव्यत्त) लागत कहा जाता है। पुस्तक लागतों को तुरंत देय लागतों में, संपत्तियों के विक्रय तथा उन्हों क्रेताओं को पट्टे देकर परिवर्तित किया जा सकता है।

5. <u>आर्थिक लागत एवँ सामान्य लाभ</u>

वस्तु के उत्पादन में आर्थिक लागतें उन समस्त भुगतानों से संदर्भित (सम्बधित) है, जो फर्म द्वारा उस वस्तु के उत्पादन हेतु नियोजित समस्त साधनों के लिये किये जाते हैं। उत्पादन के साधनों (घटकों) में फर्म द्वारा स्वामित (फर्म के स्वंय के संसाधन) तथा बाहर से प्राप्त, दोनो संसाधन सम्मिलित होते हैं। सामान्य लाभ, लाभ नहीं वरन आर्थिक लागत की एक मद (प्रकार) हैं। विशेष रूप में यह उद्यमी के समय की अवसर लागत होती है। यह उतना ही लाभ होता है जो यह सुनिश्चित करने हेतु संतोषजनक होता है, कि फर्म व्यवसाय में रह सके।

8.2.2 विश्लेसणात्मक लागत संकल्पनायें (सिद्धाँत)

1. परिर्तनशील एवं स्थिर लागते

परिर्तनशील एवं स्थिर लागते, लागत की वे मदें है, जो मात्रा में परिवर्तनशील के अनुपात में, प्रत्यक्ष रूप से परिवर्तित होती है। स्थिर लागत, मात्रा में परिवर्तन के साथ बिल्कुल (कदापि) नहीं परिवर्तित होती है। भवन पर ह्रास, सम्पत्ति होती है।

भवन पर ह्रास, सम्पत्ति कर, पर्यवेक्षक का वेतन, इत्यादि स्थिर लागतें है। ये लागतें समय के साथ बढ़ती है, न कि इकाई (उत्पादन) की मात्रा में वृद्धि होने से।

2. कुल औसत एवँ सीमाँत लागतें

कुल लागतों में साधनो को प्राप्त करने हेतु किये गये भुगतान एवँ तथा किसी उत्पाद विशेष की उत्पत्ति करने अथवा प्राप्त करने में स्वामी के उत्पादन के साधनो की प्राप्ति में नकद प्रभार जो प्रयुक्त हुये हो को सम्मिलित किया जाता है।

औसत लागत प्रति इकाई लागत है, जो कुल लागत को, कुल – उत्पदित मात्रा से विभाजित कर के प्राप्त होती है

औसत लागात = कुल लागत /उत्पादन (कुल मात्रा)

सीमाँत लागत वह लगत होती है, जो एक अतिरिक्त इकाई के उत्पादन में आती है।

सीमाँत लागत = एक अतिरिक्त इकाई उत्पादन की लागत/एक अतिरिक्त इकाई का उत्पादन

3. अल्पकालीन एवँ दीर्घकालिक लागतें,

अल्पकाल से अभिप्राय उस अवधि से है, जिसमें कम से कम एक उत्पादन घटक की आपूर्ति स्थिर रखी जाती है। दो स्थिर घटक संयत्र एवँ उपकरण है। दीर्घकाल में उत्पादन के समस्त साधन (ऑगत) परिवर्तनशील होते है। अल्पकाल एवँ दीर्घकाल किसी कैलेंडर वर्ष की निश्चित इकाई से सम्बन्धित नही है, वरन समयावधि वर्गीकरण के अनुसार (सुसंगत क्रम/रूप में) दीर्घकाल एवँ अल्पकाल लागतें होती है। अल्पकालीन लागत वह लागत होती है जो उत्पादन की मात्रा में परिवर्तन के साथ परिवर्तित होती रहती है, जबकि संयत्र एवँ पूँजी समान/स्थिर (अपरिवर्तित) रहती है, जबकि दीर्घकालीन लागत वह लागत होती है, जो उत्पादन के साथ तब परिवर्तित होती है जब उत्पादन के समस्त आगत (घटक), संयत्र एवँ उपकरण भी, परिवर्तित होते है। दीर्घकाल परिवर्तनशील संयत्र आकार मान्यता पर आधारित है, तथा यह वास्तव में विभित्र संयत्र आकारों के अल्पकालीन लागत व्ययों को समाहित करता है। ऐसा इसलिये क्योंकि दीर्घकाल में समस्त लागते परिवर्तनशील होती है। संयत्र वर्तमान में तो (स्थिर निश्चित) हो सकते है, कितु भविष्य में संभावित विकल्पों के अंतर्गत इसके आकार को किसी ऐच्छिक – स्तर तक लगाने का निर्णय लिया जा सकता है।

4. ऐतिहासिक एवँ प्रतिस्थापनीय लागतें

किसी सम्पति की ऐतिहासिक लागत किसी सम्पत्ति के अधिग्रहण में लगी (व्यय लागत) से सम्बन्धित है।

प्रति स्थापनीय लागते उन व्ययों से सम्बन्धित है, जो पुरानी सम्पत्ति को प्रतिस्थापित करने में होती हैं।

5. निजी (व्यक्तिगत) एवँ सामाजिक लागतें

निजी लागते उन मूल्यों को कहते है, जो उद्यमी को किसी उत्पाद की उत्पादन में प्रयुक्त सामग्री को प्राप्त करने हेतु अवश्य चुकानी पड़ती है। उदाहरणार्थ 'X' वस्तु (उत्पाद) को उत्पादित करने के क्रम में (करने हेतु) उ़द्यमी को संसाधनों को क्रय करने, उद्योग करने तथा वस्तु को बेचने में खर्च (व्यय) होती है।

उद्यमी विक्रय से प्राप्त आगम तथा संसाधनों की लागत की तुलना कर सकता है तथा यह निर्धारित कर सकता है, कि लेखॉकन लाभ हुआ है, कि नहीं। सामाजिक लागत वह लागत होती है जो किसी निर्दिष्ट उत्पाद के उत्पादन में प्रयुक्त्त संसाधनों के उपयोग के कारण समाज को अपने ऊपर लेनी पड़ती (उठानी पड़ती है) है।

8.3 लागत सिद्धाँत : लागत – उत्पादन (निर्गत) सम्बन्ध

लागत सिद्धाँत, उत्पादन में परिवर्तन के सम्बन्ध मे लागत व्यवहार से सम्बन्ध रखता है। लागत – सिद्धाँत यह विचार करता (मानता है) है, कि कुल लागत उत्पादन में परिवर्तन के साथ परिर्वतित होता है व्यासायिक निर्णयकारों के दृष्टिकोण से कुल लागत में पूर्ण परिर्वतन महत्वपूर्ण नही है किन्तु औसत एवँ सीमांत लागत के परिवर्तन की दिशा लागत –फलन, लागत एवँ उत्पादन के मध्य के तकनीकी सम्बन्ध का प्रतीकात्मक कथन है।

लागत–फलन का विशिष्ट रूप प्रकार) लागत – विश्लेषण हेतु चयनित समय– अल्पकाल अथवा दीर्घ काल, के लिये व्यवहारिक (उपयोगी) है।

अल्प काल में कुछ (कतिपय) लागत स्थिर (निश्चित) रहती है, जब कि दीर्घकाल में समस्त लागतें परिवर्तनशील होती है। इस प्रकार समय के आधार पर दो प्रकार के लागत – फलन, (a) अल्पकालीन लागत – फलन तथा (b) दीर्घकालीन लागत – फलन , होते हैं।

8.3.1 अल्पकाल में लागतें, कुल – लागतें

फर्म के सिद्धाँत में, कुल लागतों को दो वर्गो, कुल स्थिर लागत तथा कुल परिवर्तनशील लागत, में विभाजित किया गया है।

कुल लागत = कुल स्थिर लागत + कुल परिवर्तन शील लागत

कुल स्थिर लागत

स्थिर लागतों में प्रशाशनिक स्टाफ का वेतन, ह्रास (टूट –फूट) मशीनरी पर, भवन हेतु व्यय, भूमि अनुरक्षण एवँ मरम्मत पर व्यय, सामान्य लाभ (जो कि एक मुस्त सम्मिलित रहता है।) तथा जोखिमो के लिये भत्ते सम्मिलित होते है।

कुल परिवर्तनशील लागतें

परिवर्तनशील लागतों में कच्चेमाल, प्रत्यक्ष श्रम की लागत, स्थिर (निश्चित) पूँजी के क्रियाशील व्यय – ईधन , सामान्य मरम्मत, एवँ नैत्यिक अनुरक्षण आदि सम्मिलित होते है। फर्म की कुल परिवर्तनशील लागत व्यापकता एक व्युत्क्रम 'S' की आकृति की होती है जो परिवर्तनशील लागतों के नियम को प्रदर्शित करती है। इस नियम के अनुसार एक निर्दिष्ट संयत्र में उत्पादन

के प्रारम्भिक चरण (अवस्था) में जैसे – जैसे हम परिवर्तनशील घटकों की मात्रा बढ़ाते है, (इनको और आर्थिक नियोजित करते है) संयत्र की उत्पादकता बढ़ती है, किंतु औसत परिवर्तनशील लागत गिरती है। यह अनवरत स्थिर एवँ परिवर्तनशील ऑगतो (घटको) के अनुकूलतम संयोजन के प्राप्त होने तक चलता रहता है। इस बिंदु के आगे (परे) जैसे ही परिवर्तनशील आगतों की बढ़ी हुई मात्रा स्थिर घटको के साथ संयोजित होती है, परिवर्तन घटकों की उत्पादकता घटती है तथा औसत परिवर्तनशील लागत बढ़ती है।

कुल स्थिर लागत तथा कुल परिवर्तनशील लागत को जोड़ने पर फर्म की कुल लागत प्राप्त होती है।



चित्र 8.1 – कुल लागत

<u>औसत लागत</u>

कुल लागत को उत्पादन के समतुल्य स्तर से विभाजित कर के औसत लागत प्राप्त की जाती है।

औसत लागत की आकृति औसत परिवर्तनशील लागत के समान ही (दोनों 'U' के होते हैं) होती है। आरम्भ में औसत लागत गिरती है, तथा यह न्यूनतम, संयत्र परिचालन के अनुकूलम स्तर पर, होती है, तथा पुनः बढ़ती है। औसत परिवर्तशील लागत तथा औसत लागत की 'U' आकृति परिवर्तनशील अनुपातों के नियम अथवा अंततोगत्वा (अंततः) ह्यसमान परिवर्तन घटकों के नियम को दर्शाता है। फर्म की औसत लागत अल्पकाल में सदैव न्यूनतम स्तर तक गिरती है (न्यूनतम होती है) तत्पश्चात यह बढती हैं यह कितना गिरेगी यह कुल लागत में स्थिर लागत के अनुपात पर निर्भर करती है। यदि स्थिर लागत का अनुपात कुललागत में उच्च (अधिक) है, तो औसत लागत में पतन (गिरावट) त्वरित होगी ।

<u>औसत स्थिर लागत</u>

औसत स्थिर लागत कुल स्थिर लागत को उत्पादित इकाइयों की संख्या से विभाजित करने पर प्राप्त होती है।

औसत स्थिर लागत =कुल स्थिर लागत/कुल उत्पादित इकाईयो की संख्या (मात्रा)

जैसे – जैसे उत्पादन बढ़ता है, औसत स्थिर लागत गिरती है क्योकि कुल योग को (स्थिर व्ययों/लागतो) अधिक मात्रा से विभाजित करते है, अथवा

अधिक संख्या पर फैलाते (विस्तरित) है। कभी – कभी इस सिद्धांत को उपरिव्यय प्रसार सिद्धाँत भी कहा जाता है।

औसत स्थिर लागत वक्र अक्षों पर समकोणीय (आयताकर) अतिपरवलय अनन्त स्पर्शी होते है। जिस के अनुसार वक्र प्रत्येक ओर से उर्ध्व एवँ क्षैतिज छोर तक पहुँचते है। प्रत्येक लघु उत्पादन के लिये औसत स्थिर लागत (प्रतिइकाई) अधिक होती है, तथा दीर्घ उत्पादन के लिये यह अल्प (कम) होती है औसत स्थिर लागत वक्र समकोणीय (आयताकार) अतिपर वलायकार होता है, क्योंकि उत्पादन से गुणित औसत स्थिर लागत सदैव समान राशि की ही रहती है है। इस प्रकार औसत स्थिर लागत निरंतर (स्थिरतापूर्वक) गिरती है जैसे – जैसे उत्पादन बढ़ता जाता है।

<u>औसत परिवर्तनशील</u>

औसत परिवर्तनशील लागत को कुल परिवर्तनशील लागत को समतुल्य उतपादन स्तर से विभाजित कर के प्राप्त की जाती है ।

औसत परिवर्तनशील लागत = कुल परिवर्तनशील लागत / उत्पादन की इकाइयाँ (निर्गत)



चित्रः 8.2 (अल्पकालीन औसत परिवर्तनशील लागत)

चित्र 8.2 दर्शाता है कि औसत परिवर्तनशील लागत उत्पादन के प्रत्येक स्तर पर उत्पादन के विशेष स्तर के सुसंगत औसत परिवर्तनशील लागत के उत्पत्ति बिंदु (उद्‌भव/प्रांरम्भ) से क्लाँत ढलाव से व्युत्पत्तित होता है। औसत परिवर्तनशील लागत वक्र पहले जैसे – जैसे उत्पादन के परिवर्तनशील साधनों की उत्पादकता बढ़ती है, न्यूनर्टम स्तर पर पहुँचती है (जब कि) संयत्र अनुकूलतम स्थिति से परिचालित हो रहा हो तब तथा इस बिंदु के परे (बाद) बढ़ता है।

<u>सीमाँत लागत</u>

समस्त लागत सिद्धाँतों में सीमाँत लागत सर्वाधिक महात्वपूर्ण सिद्धाँत है। सीमाँत लागत को उत्पादन में इकाई परिवर्तन के फलस्वरूप कुल लागत में परिवर्तन के रूप में परिभाषित किया जा सकता है। यह कुल लागत में अतिरिक्त वृद्धि है जब कि एक अतिरिक्त इकाई का उत्पादन किया जाता है। सीमाँत लागत, स्थिर लागत से स्वतंत्र होती है क्योंकि एक अतिरिक्त इकाई का उत्पादन स्थिर लागत में कुछ जोड़ता नही है। सीमाँत लागत केवल परिवर्तनशील लागतों से सम्वन्धित होती है। सीमाँत लागत वक्र के अंतर्गत के क्षेत्र कुल परिवर्तनशील लागत के बराबर होते है।

सीमाँत लागत = ∂ कुल लागत / ∂ उत्पादित इकाई



(चित्रः 8.3 अल्पकालीन सीमांत लागत)

अल्पकाल में सभी फर्म कुछ स्थिर आंगतों से विवश (व्यवरोधित) होती है, जो (a) परिवर्तनशील आंगतों के ह्यसमान प्रतिफल की ओर अग्रसर करती है, तथा (b) इसके उत्पादन की क्षमता को सीमित करती है। जैसे ही फर्म उस सीमितता को प्राप्त करती है (उस सीमितता तक पहुँचती है) उत्तरोत्तर उच्च उत्पादन को उत्पादित करना कठिन होता जाता है। अल्पकाल में सीमांत लागत अंततः बढ़ते उत्पादन के साथ बढ़ती है।

साराँशतः अल्पकाल में लागत वक्र (औसत परिवर्तशीत लागत औसत लागत तथा सीमाँत लागत) U आकृति के होते हैं, जो परिवर्तनशील अनुपातों के नियम को परवर्तित करते हैं। अल्पकाल में स्थिर (निश्चित) संयत्र के साथ बढ़ती हुई उत्पादकता का चरण (की अवस्था) तथा घटती हुई उत्पादकता का चरण (की अवस्था) परिवर्तनशील अनुपातों के लिये प्राप्त होता है। इन दो अवस्थाओं (चरणों) के मध्य (समंत्र परिचालन की अवस्था के मध्य) एक मात्र (अकेला) बिंदु होता है जहाँ इकाई लागतें न्यूनतम होती है। जब यह बिंदु AC (औसतलागत) पर पहुँचता है संयत्र अनुकूलतम रीति से परिचालित होता है।

औसल लागत एवँ औसत परिवर्तनशील लागत के मध्य सम्बन्ध,

चुँकि औसत लागत = औसत स्थिर लागत + औसत स्थिर लागत, अतः औसत परिवर्तनशील लागत औसत लागत का भाग होता है। औसत परिवर्तनशील लागत एवँ औसत लागत, दोनों, की U आकृति परिवर्तनशील अनुपातों के नियम को परावर्तित करती है। यह प्रमुख रूप से ध्यान देने योग्य है कि औसत आगत का निम्नतम बिंदु औसत परिवर्तन शील लागत के निम्न बिंदु के दायें होता (पड़ता है) है, क्योंकि औसत लागत औसत स्थिर लागत को समाहित करती है तथा औसत स्थिर लागत उत्पादन में प्रसार के साथ निरंतर गिरती जाती है। अपने निम्नतम बिंदु पर पहुँचने के बाद औसत परिवर्तनशील लागत बढ़ना प्रारम्भ करता है, यह औसत स्थिर लागत के गिरावट के समायोजन द्वारा एक निश्चित क्षेत्र के ऊपर बढ़ता है। इस प्रकार औसत परिवर्तनशील लागत में वृद्धि (बढ़ोतरी) के बावजुद औसत लागत परिवर्तनशील लागत में वृद्धि अंत्तोगत्वा (अंततः) औसत स्थिर लागत में गिरावट (कमी) से अधिक होती है इस प्रकार औसत लागत बढ़ना प्ररम्भ हो जाती है। औसत

परिवर्तनशील लागत औसत तक , जैसे – जैसे उत्पादन बढ़ता है अनन्तस्पर्शी रूप में पहुँचती है।



चित्र 8.4– अल्पकालीन लागत वक्र – सम्बन्ध

चित्रः 8.4 दर्शाता है कि औसत परिवर्तनशील लागत X बिंदु पर अपने निम्नतम बिंदु पर पहुँचती है जब कि औसत लागत X' पर न्यूनतम (निम्नतम) होता है। X एवँ X' के मध्य औसत स्थिर लागत में गिरावट औसत परिवर्तनशील लागत में वृद्धि के समायोजन से अधिक होती है, इसलिये (इस प्रकार) औसत लागत निरंतर रूप से गिरती रहती है। X' के पार (परे) औसत परिवर्तनशील लागत में वृद्धि औसत स्थिर लागता में गिरावट से समायोजित नही होती है अतः औसत लागत बढ़ना प्रारम्भ हो जाती है।

<u>सीमांत लागत एवं औसत लागता में सम्बन्ध</u>

औसत परिवर्तनशील लागत निरंतर तब तक गिरती रहती है जब तक सीमांत लागत इससे नीचे रहती है, किन्तु जैसे ही सीमांत लागत, औसत परिवर्तनशील लागत को जिस बिन्दु पर पार करती है यह बढ़ना आरम्भ हो जाता है। सीमांत लागत सदैव , औसत परिवर्तनशील लागत की अपेक्षा अधिक तीव्रता (तेज) से बढ़ती है। इसी प्रकार का सम्बन्ध सीमांत लागत एवं औसत लागत के मध्य भी होता है। चित्र संख्या 8.4 सीमांत लागत एवं औसत लागत के सम्बन्ध को रेखाचित्र द्वारा स्पस्ट करता है।

8.3.2 <u>दीर्घकालीन लागते –</u>

फर्म के उत्पादन फलन का कोई निश्चित आंगत नहीं होता, फर्म की कोई स्थिर (निश्चित) लागत नहीं होती यह अपने उत्पादन को पूर्णतः नवीन एवं विशाल संयत्र की स्थापना एवं परिचालन द्वारा विस्तरित करती है। उत्पादन फलन मे आंगत – निर्गत सम्बन्धनो जो होता है वह पैमाने के प्रतिफल होते है। दीर्घकालिक

का एक अन्य महत्वपूर्ण पहलू (पक्ष) यह है, कि दीर्घकाल एक, नियोजन क्षितिज (नियोजन आकाशवृत) होता है। इस प्रकार , दीर्घकालिक लागत वक्र उद्यमी को अपने उत्पादन के भावी विस्तार के नियोजन के उसके निर्णय हेतु मार्गदर्शक होता है।

<u>दीर्घकालिक औसत लागत वक्र</u>

दीर्घकालिक औसत लागत वक्र, अल्पकालीन लागत वक्र से व्युत्पत्ति होता है। दीर्घकालीन औसत लागत वक्र का प्रत्येक बिंदु अल्पकालीन लागत वक्र के उस बिदु के सुसंगत होता है जो उसकी र्स्पशी होती है। अर्थात अल्पावधि वक्र दीर्घवधि वक्र को छूकर जाता है।

कल्पना करिये (मान लेते है, कि) कि तीन संयत्र जो क्रमशः औसत लागत SAC , SAC2 एवं SAC3 के साथ परिचालित हो रहे है।



चित्र संख्या – 8.5 दीर्घकालिक औसत लागत वक्र की व्युत्पत्ति

यदि फर्म X_1 उत्पादन करना चाहती है तो वह लघु संयत्र का चुनाव करेगी। यदि फर्म X_2 उत्पादन करना चाहती है तो वह मध्यम आकार के संयत्र का तथा यदि वह X_3 उत्पादन करना चहती है, तो वह विशाल (दीर्घकार) संयत्र का चुनाव (चयन) करेगी। अब यदि फर्म लघु संयत्र के साथ उत्पादन प्रारम्भ करती है, तथा उत्रोतर बढ़ती मांग का सामना करती है, यह X_1, स्तर तक लघु संयत्र के साथ निम्न लागत पर उत्पादन करती रहेगी। X_1, फर्म का निम्नतम लागत उत्पादन स्तर है, जिसके पार (परे /पश्चात/आगे) औसत लागत बढ़ना प्रारम्भ हो जाती है। किंतु फर्म X_1 के पार (परे) भी लघु संयत्र से उत्पादन करना जारी रखेगी (चालू रखेगी), लघु संयत्रों पर उत्पादन के इन स्तरों के लिये (की) औसत लागत, मध्यम संयत्रों की लागत की अपेक्षा कम (निम्न /अल्प) ही रहती है। उस दशा में जब फर्म के उत्पाद की मॉग X_1 स्तर पर पहुँचती है तब फर्म यह चुनाव करती है, कि वह लघु संयत्रों के साथ उत्पादन जारी रखे अथवा मध्यम आकार के सयंत्र स्थापित करें। यदि फर्म यह पूर्वापेक्षा (पूर्वानुमान/पूर्वआकलन) करती है, कि उसकी मांग X_1 से अधिक उत्पादन जो कि लघु संयत्र की औसत से नीची (कम) औसत लागत पर होगा, करेगा।

फर्म समान निर्णय (प्रश्न) का सामाना करती है, जब वह X_2 पर पहुँचती है। यदि फर्म यह पूर्वापेक्षा करती है कि उसके उत्पाद की माँग X_2 से आगे नही जायेगी आर्थात X_2 पर स्थिर रहेगी तब वह नवीन (बड़े आकार) दीर्घ

संयत्र की स्थापना नहीं करेगी क्योंकि यह एक व्ययसाध्य (खर्चीला) कार्य है जिसमें बड़े निवेश की आवश्यकता होगी तथा यह उसी दशा में लाभदायक होगा जब उत्पाद की माँग X_2 से आगे विस्तरित होती है।



चित्र सं. – 8.6 दीर्घकालीन औसत लागत वक्र

आइये अब कल्पना करते है (मान लेते हैं) कि कई आकार के संयंत्र है, जिनमें से प्रत्येक एक निश्चित स्तर के उत्पादन हेतु उपयुक्त है, जैसा कि चित्र सं. 8.6 में दिखाया गया हमें कई प्रतिच्छेदन बिंदु प्राप्त होगें जो इस निर्णय के चुनाव हेतु कि, वर्तमान संयत्र के साथ ही उत्पादन अनवरत चालू रखा जाय अत्यंत निर्णायक (महत्वपूर्ण) है। अतः हम प्रायः सत्त वक्र (लगातार वक्र) प्राप्त करते है। इसे दीर्घकालीन औसत – लागता वक्र अथवा आवरण – वक्र' के नाम से जाना जाता है।

वक्र का प्रत्येक बिदु समतुल्य स्तर उत्पादन (उत्पादन के समतुल्य स्तर) के उत्पादन की निम्नतम (न्यूनतम) लागत को दर्शाता है। यह फर्म का नियोजन वक्र भी होता है, जिसके आधार पर फर्म यह निर्णय करती है, कि अनुकूलन या अपेक्षित उत्पादन प्राप्त करने हेतु किस प्रकार (क्या) का संयत्र स्थापित किया जाये। फर्म अल्पकालीन (लघु संयत्र) संयत्र का चुनाव करती है, जो इसे अपेक्षित उत्पाद की मात्रा को न्युनतम संभावित लागत पर उत्पादन करने का मार्ग दिखाती (अनुमति प्रदान) करती है। दीर्घकालिक (दीर्घकालिन) औसत लागत वक्र की U आकृति पैमाने की अभितव्यिता उसी दशा में दृष्य संयत्र का एक निश्चित आकार, जिसे अनुकूलतम संयत्र आकार कहा जाता है, हो जिसके साथ समस्त संभावित पैमाने की मितव्यधितायें पूर्ण रूप से संदोहित होती है। अनुकूलतम संयत्र के आकार के पश्चात (परे) प्रबांधकीय अकुशलता (अन्दक्षता) के फल स्वरूप पैमाने की अभितव्यिता बढ़ती है। इसके कारण दीर्घकालीन औसत लागत ऊपर की ओर बढ़ती है।

चित्र 8.6 में X_m बिंदु अनुकूलतम उत्पादन बिदु है तथा समतुल्य (सदृश, तदनरूप) संयत्र अनुकूलतम संयत्र आकार है।

दीर्घकालिक सीमांत लागत वक्र

दीर्घकालिक सीमांत लागत अल्पकालीन सीमांत वक्र से व्युत्पत्ति होती है, कितु उन्हें आवरण नही प्रदान करती अर्थात ढकती नहीं । दीर्घकालिक सीमांत वक्र दीर्घकालीन एवं अल्पकालीन सीमांत लागत वक्र के र्स्पशी बिंदु के

समतुल्य से बिंदु लिये गये उतपादन अक्ष के लम्बवत रेखाओ के साथ अल्पकालीन सीमांत लागत के प्रतिच्द्देदन बिंदु से निर्मित होता है।

चित्र संख्या 8.7 इस व्युत्पत्ति को दर्शाता है,



चित्र सं. – 8.7 दीर्घकालिक सीमांत लागत वक्र की व्युत्पत्ति

दीर्घकालीन सीमाँत लागत, उस उत्पादन के लिये जहाँ पर समतुल्य अल्पकालीन औसत लागत दीर्घकालीन औसत आगत की स्पर्शज्या (स्र्पशी) होनी चाहिऐ। स्र्पश बिंदु के बायें उत्पादन के स्त्रों के लिये अल्पकालीन औसत दीर्घकालीन औसत लागत से बड़ी (अधिक) होती है। स्र्पश बिंदु पर अल्पकालीन औसत लागत = दीर्घकालिक (दीर्घकालीन) औसत बिदु a से बिंदु b तक की गति (चलना/संचार) अल्प सीमा औसत लागत एवं दीर्घसीमा औसत लागत का असमानत से समानता की स्थिति तक का संचार (चलना) है। इसलिये (अतः) कुल लागत में परिवर्तन अल्पकालीन वक्र की सीमाँत लागत, दीर्घकालीन सीमाँत लागत से कम (छोटी) होनी चाहिये। a बिंदु के बायें को दीर्घकालीन सीमांत लागत अल्पकालीन सीमात लागत से अधिक (बड़ी) होती है। x' से x'' के पार (परे) उत्पादन में वृद्धि हेतु अल्पकालीन औसत लागत दीर्घकालीन औसत लागत से अधिक होती है। यह दो लागतों के समानता के स्थिति से c स्थिति की ओर संचरण है, जहाँ (जिस पर) अल्पकालीन औसत लागत दीर्घकालीन औसत लागत से अधिक (बड़ी) होती है। इसलिये कुल लागत में जुड़ाव (अधिक्य /जोड़) दीर्घकालीन वक्र के लिये बड़ा (विशाल) होना चाहिये। इस प्रकार दीर्घकालिक सीमाँत लागत < अल्पकालीन सीमाँत अर्थात बिंदु a के दायें को LMC < SMC लागत चूकिं a के स्र्पशी बिंदु के बाये LMC>SMC (दीर्घकालीन सीमाँत लागत > अल्पकालीन) तथा a बिंदु के दाये LMC < SMC (दीर्घकालीन सीमांत लागत < अल्पकालीन सीमांत लागत) अतः a बिंदु पर LMC = SMC (दीर्घकालीन सीमांत लागत = अल्पकालीन सीमांत लागत)

यदि हम a से x अक्ष तक रूक उर्ध्वरेखा खीचते है, तो जहाँ पर ये प्रतिच्द्देदित होते है (smt) वह दीर्घकालन सीमांत लागत का बिंदु होता है अल्प क्षेत्र (सीमा) औसत लागत एवं दीर्घकालिक औसत लागत वक्र के समस्त स्र्पशी बिदु दीर्घकालीन औसत लागत के न्यूनतम बिंदु के बायें हमें दीर्घकालीन सीमांत लागत के बिंदु प्रदान करते है, जो औसत लागत के नीचे स्थित रहता है।

न्यूनतम बिंदु m के दायें दीर्घकालीन सीमांत लागत दीर्घकालीन औसत लागत वक्र के ऊपर रहती है। m बिंदु पर

$$SAC = SMC = LAC = LMC$$

अर्थात m बिंदु वह स्थान है, जिस पर अल्पकालीन औसत लागत = अल्पकालीन सीमांत लागत = दीर्घकालिक औसत लागत = दीर्घकालिक सीमांत लागत।

वह दीर्घकाल में अनुकूलतम उत्पादन होता है।

8.4 दो संयत्रों के मध्य उत्पादन का वितरण (आवंटन)

मान लेते है, कि एक फर्म को पास दो संयत्र है, तो फर्म कोइ न दोनों संयत्रों के मध्य उत्पादन का बंटवारा (आवंटन) किस प्रकार करना चाहिये कि लागत न्युनतम हो परिवर्तन शील लागतों को ही कम किया जा सकता है। स्थिर लागतों को न्यून (कम) नहीं किया जा सकता क्योंकि यह अल्पकाल में स्थिर (अपरिवर्तित) रहती है। परिवर्तन शील लागतों को न्यून (कम) करने हेतु फर्म उत्पादन को दो संयत्रों के मध्य इस प्रकार आवंटित करती है, कि दो सीमाँत लागते समान हो।



चिंत्र. 8.8 उत्पादन का दों संयत्रों में आवंटन

चित्र 8.8 दर्शाता है, कि OD वह कुल उत्पादन है जो आवंटित किया जाना है यह उत्पादन या तो फर्म के एक संयत्र अथवा दोनों संयत्रों द्वारा उत्पादित किया जा सकता है। संयत्र A की सीमाँत लागत MC_a वक्र द्वारा दी गयी है, जो बायें से दायें जाती है। संयत्र B की सीमाँत लागत MC_b दायें से बायें जाती है। दो वक्र बिंदु c पर प्रतिच्छेदित करते है। जब सयंत्र A OQ मात्रा उत्पदित करता हे तथा संयत्र B DQ मात्रा उत्पादित करता है तथा कुल परिवर्तनशील लागत न्यून (कम/अल्प /छोटी) है। यदि संयत्र A अधिक उत्पादन करता है, तथा संचत्र B अल्प उत्पादन, लागत अधिक होगी क्योकि MC_a वक्र बिंदु c के दायें MC_b वक्र से ऊपर रहता है। इसी प्रकार उस दशा में भी लागत अधिक होगी जब संयत्र B अधिक उत्पादन करेगा और संयत्र A अल्प उत्पादन करेगा। संयोजित उत्पादन का क्षेत्र न्युनतम (अल्प) होगा जब बिंदु C उत्पादन के आवंटन को परिभाषित करता है। वक्र इस प्रकार निर्मित (बनाये) किये गये है, कि संयत्र B किसी भी निर्दिष्ट उत्पादन हेतु निम्न सीमाँत लागत रखता हैं । तथापि कुछ उत्पादन संयत्र A से करना विवेकपूर्ण होगा ।

ध्यान देने की बात है, कि दोनों वक्र बिदु C पर बढ़ रहे है। यह दशा समाधान हेतु (हल) आवध्यक है।

8.5 पैमाने की मितव्ययितायें एवं अमितव्ययितायें

8.5.1 पैमाने की मितव्ययितायें

मितव्ययिताओं के फलस्वरूप लागत में बचत होती (कमी) है, तथा पैमाने की अमितव्ययिता से लागत में वृद्धि होती है। पैमाने की मित्व्ययितायें एवं पैमाने की अमितव्ययितायें पैमाने के प्रतिफल को निर्धारित करती है। वर्द्धमान (बढ़ते हुये) पैमाने के प्रतिफल तब तक परिचालित होते है जब तक कि पैमाने की मितव्ययिता, पैमाने की अमितव्ययिता से अधिक प्रतिफल होती (रहती) है, तथा समान पैमाने के प्रतिफल तल प्राप्त होते है, जब पैमाने की अमितव्ययितायें पैमाने की मितव्यतियताओं से अधिक होती है। जब पैमाने की मितव्ययिताओ एवं अमित्व्ययीताओं में संतुलन (दोनो समान) होता है तो पैमाने के प्रति फल स्थिर होते है। पैमाने की मित्वययितओं को दो भागों

a . आँतरिक अथवा वास्तविक मितव्ययिता तथा

b बाह्य अथवा आर्थिक (वित्तीय/धन संबध) में वर्गीकृत किया जा सकता है।

(a) आँतरिक मितव्ययितायें

मितव्ययिता, जिसे वास्तविक मित्वययिता भी कहा जाता है, फर्म के संयत्र के आकार के प्रसार के कारण उतपत्र होती है, तथा फर्म की आँतरिक होती है। आँतरिक मितव्ययिताओं को निम्नलिखित वर्गो में विभक्त किया जा सकता है,

(1) उत्पादन में मितव्ययितायें

श्रम घटक (श्रम – मिव्ययिता), स्थिर पूँजी घटक (साधन) अथवा फर्म की सामान (स्कंध, स्टाक) आवश्यकता के कारण उत्पत्र होती है।

श्रम – मितव्ययितायें

श्रम – मितव्ययिता उत्पादन के बढ़ते पैमाने के साथ प्राप्त होती है जिसका कारण विशेषीकरण (विशेषज्ञता), समय की बचत, उत्पादन प्रक्रिया का स्वचालितीकरण, तथा संचयी मात्रा होती है। बड़े पैमाने का उत्पादन कार्य – विभाजन की अनुमति प्रदान करता है (स्वीकारता) तथा श्रम का विशेषीकरण (विशषज्ञता) कौशल में उन्नति होती है। श्रम – विभाजन केवल श्रम – बल शक्ति की कुशलता ही नही बढ़ाता वरन समय की बचत भी करता है।

तकनीकी मितव्ययिताये

तकनीकी मितव्ययितायें स्थिर पूँजी से सम्बन्धित होती है, जो सभी प्रकार की मशीनरी में तथा अन्य उपकरण को समाहित करती है। मुख्य तकनीकी मितव्ययिता निम्नलिखित से (कारणों से) उत्पत्र होती है,

(1) विशेषज्ञता (विशेषीकरण) एवं पूंजी की (2) स्थापना लागत, आरंभिक स्थिर लागतें (3) तकनीकी – उत्पादन मात्रा सम्बन्ध तथा (4) संचय क्षमता की आवश्यकता।

स्कंध (इन्वेंटरी) /सामान मितव्ययिता

इन्हे अनेक संभावनाओं चयनित मितव्ययिता (स्टाक सम्बन्ध मितव्ययिता) भी कहते है, क्योकि सामन (इन्वेंटरी) की भूमिका फर्म के परिचालन के आगंत एवं निर्गत (उतपादन) पक्षों में होने वाले त्वरित परिवर्तनों का सामाना करना है। कच्चे माल का स्कंध पैमाने के साथ बढ़ता है किन्तु अनुपालिक रूप में नहीं । इन आंगतों की आभर्ति में यदृच्छया (क्रम रहित, अनियमित/आकस्मिक) उच्चावचन को स्कंध से सुगम (सुचारू) बनाया जा सकता है जिसके आकार में फर्म के आकार की तुलना में अल्प (कम) परिवर्तन आवश्यक होता है।

(2) <u>विक्रय अथवा विपणन मितव्ययितायें</u>

विक्रय मितव्ययिताये फर्म के उत्पाद के वितरण से सम्बन्धित होती है। इस मितव्ययिता प्रमुख प्रकार निम्नलिखित है,

(1) विज्ञापन मितव्ययितायें, (2) अन्य बड़े –पैमाने की मितव्ययितायें (3) विशिष्ट वितरखों के साथ विशेष संयोजन (व्यवस्था) से प्राप्त मितव्ययिता (4) प्रतिमान (प्रतिदर्श) – परिवर्तन मितव्ययिता।

विज्ञापन मितव्ययिता उत्पादन के एक निश्चित स्तर वक रहती है। विज्ञापन स्थान (समाचारो पत्रों एवँ पत्रिकाओं में) एवं समय (रेडियो एवं दूरदर्शन पर पैमाने के अनुपात से न्यून (कम) बढ़ता है, अतः विज्ञापन लागत पैमाने के साथ प्रति उत्पादन इकाई गिरती है। इस प्रकार विशाल (बड़ा/दीर्घ) उत्मादन की दशा में प्रति इकाई विज्ञापन लागत कम होगी अन्य प्रकार की विक्रय गतिविधियों के लिये भी समान प्रतिफल प्राप्त होते है जैसे विक्रय, बल, नमूनो का वितरण इत्यादि ।

इस प्रकार दीर्घ पैमाने के सवंद्धिक व्यय एक निश्चित उत्पादक स्तर तक उत्पादन के साथ अपुपात से कम बढ़ते है।

(3) <u>प्रबंधकीय अर्थशास्त्र</u>

प्रबंधकीय लागत अंशत उत्पादन लागत वं अंशत विक्रय लागते होती है, चूकि फर्म में प्रबंधकीय दल फर्म की उत्पादन एवं वितरण दोनों कार्यो से सम्बन्धित होते है। प्रबंधकीय मितव्ययितायें विभित्र कारणों से उत्पत्र होती है की गिनमें से निम्नलिखित प्रमुख है,

(1) प्रबंधक विशेषीकरण (विशेषज्ञता) तथा (2) प्रबंधकीय कार्यो (गतिविधियों) का मशीनीकरण।

<u>प्रबंध का विशेषीकरण (विशेषज्ञता)</u>

विशाल फर्मे प्रबंधकीय कार्यो के विभाजन को संभव बनाती है, जैसे –उत्पादन प्रबंधक विक्रय प्रबंधक, वित – प्रबंधक तथा कार्मिक प्रबंधक इत्यादि, जबकि एक लघु फर्म में समस्त निर्णय एक प्रबंधक (यथासंभव स्वामी) द्वारा लिये जाते है। प्रबंघ का यह विशेषीकरण अपने उत्तर दायित्वो के क्षेत्र में प्रबधको के अनुभव को बढ़ाती है तथा फर्म को और आधिक उन्नत कार्य करने की ओर अग्रसर करती है।

<u>प्रबंधकीय कार्यो (गतिविधियों का मशीनीकरण)</u>

बड़ी (दीर्घ) फर्में मशीनीकरण की उच्च मात्रा के साथ प्रबंध की तकनीकों को लागू करते है, तथा दूरभाष–यंत्र टेलेक्स मशीनें दूरदर्शन के पर्दे एवं संगणक (कम्प्यूटर) ये तकनीके निर्णयन में लगने वाले समय को बचाती है

तथा सूचना के पृसंस्करण को गतिवान (गति प्रदान) बनाती है तथा इसकी मात्रा एवं अचूकता (सटीकता) को भी बढ़ती है।

(4) परिवहन एवँ भँडारण में मितव्ययिता

यातायात (परिवहन) एवँ भडारण लागतों में मितव्ययिता परिवहन एवं भंडारण क्षमता के पूर्ण संदोहण से प्राप्त होती है। परिवहन लागतें उत्पादन एवं विक्रय पक्षों , दोनों, में आती हैं। इसी प्रकार भंडारण लागतें कच्चे माल एवं निर्मित उत्पाद दोनों पर आती है। बड़े आकार की फर्मे अपना स्वयं का यातायात साधन प्राप्त कर सकती है, एवं वे करती है, फलस्वरूप बाजार की दर की तुलना में प्रति इकाई उत्पादन लागत गिरती (कम होती है) है, (कम से कम परिवहन कम्पनियों के लाभ–सीमा की मात्रा के बराबर)इसके अतिरिक्त स्वयं की यातायात सुविधा वस्तुओं के परिवहन में होने वाले विलम्ब को रोकता है। कुछ बड़ी (दीर्घ) फर्मे अपने कारखाने से नजदीकी (समीपस्थ) रेल स्टेशन (रेलबिड) तक स्वयं का रेल–पथ रखती है, तथा इस प्रकार वे सामान (उत्पाद) को ले आने व ले जाने मे लगने वाली लागत को न्यून (कम) करती है। उदाहरणर्थ : मुंबई पत्तन न्यास अपना स्वयं का रेल पथ ।

रखता है, तेल कम्पनियाँ अपने टैंकरों के दस्ते (टंकी के दस्ते) रखती है। इसी प्रकार दीर्घकार फर्मे अपने स्वयं के गोदाम विभित्र उत्पाद वितरण केद्रो पर रख सकती है, तथा भंडारण लागत को कम कर सकती है।

(2) पैमाने की आर्थिक (अर्थ–सम्बन्धी) मितव्ययितायें अथवा वाह्रय मितव्ययितायें

ये मितव्ययितायें फर्म को बड़े पैमाने के उत्पादन के कारण प्राप्त होने वाली छूटों से प्राप्त होती है। दीर्घाकार फर्म प्राप्त कर सकती है।

(a) इसके कच्चे माल की निम्न दरें – जो इसे इनके आपूर्ति कर्ताओं से प्राप्त विशेष छूटों के कारण प्राप्त होती है,

(b) बाह्रय – वाह्रय वित की निम्न लागत बैंक प्रायः बड़े फर्मो को निम्न दरों एवं अन्य अनुकूल शर्तों पर तरण की सुविधा प्रदान करते है,

(c) निम्न विज्ञापन मुल्य – जो बड़ी फर्मो को प्राप्त हो सकती हैं, यदि वे बड़े पैमाने पर विज्ञापन करती है तब,

(d) यदि परिवहन किया जाने वाला उत्पाद अधिक (बड़ा) है, तो परिवहन लागतें प्रायः निम्न (कम) होती हैं

(e) अंततः बड़ी फर्मे अपने कर्मचारियों को निम्न आय देने में सक्षम हो सकती है, यदि वे एक आकार को प्राप्त करती है, जो उन्हें एकाधिकारात्मक शक्ति (उदाहरणतः उत्कषण उद्योग कुछ क्षेत्रों में) अथवा बड़ी सुविख्यात फर्म में कार्य करने के साथ जुड़ी प्रतिष्ठा के कारण।

8.5.2 पैमाने की अमितव्ययितायें

पैमाने की अमितव्ययितायें हानियाँ है, जो उत्पादन पैमाने के प्रसार से साथ उत्पत्र होती है, तथा उत्पादन लागत में वृद्धि को नीत करती है। मितव्ययिताओं की भाँति पैमाने की अभितव्ययितायें भी आँतरिक एवँ वाह्रय हो सकती हैं

(a) आँतरिक अभितव्ययितायें:

आँतरिक अमितव्ययितायें फर्म के भीतर तथा वाह्‍य अमितव्ययितायें फर्म के बाहर, प्रमुख समाने (मुख्यताः) ऑगत बाजार में, उत्पत्र होती है। पैमाने की भितव्ययिता की अपनी सीमा होती है। एक बिंदू ऐंसा होता है जहाँ पर श्रम का विशेषी करण (विशेषज्ञता) एवं प्रबंधकीय स्टाफ की विशेषज्ञता पूर्णतः संदोहित किये जा चुके होते है। एक सीमा आती हे जब संयत्र की अधिक्य क्षमता मालखाना , यातायात (परिवहन) एवं संचार प्रणली इत्यादि पूर्णतः उपयोग में लाये जा चुके होते है, तथा विज्ञापन लागत धीरे–धीरे कम हो जाती है। अमितव्ययिता मितव्ययिता को ढकती (अकयारगीत) है तथा लागत बढ़ना प्रारम्भ हो जाती है, पैमाने की आँतरिक अमितव्ययिता मुख्यतः प्रबंधकीय अकुशलता तथा श्रम – अकुशलता के कारण उत्पत्र होती है।

<u>प्रबंधकीय अकुशलताः</u>

उत्पादन के पैमाने के तीश प्रसार के कारण प्रबंधकीय अक्षमता उत्पन्न होती है। स्वामी एवं प्रबंधकों तथा प्रबंधको एवं श्रमिकों के मध्य व्यक्तिगत सम्पर्क तथा समप्रेषण तीव्रता से घटता है, दूर – नियत्रित प्रबंधन निकट नियँत्रण एवं पर्यवेक्षण का स्थान ले लेते है। प्रबंध स्तरों में वृद्धि निर्णय में जटिलता एवं विलम्ब को नीत (अग्रसर) करते हैं। समन्बदन की समस्याओं के कारण निर्णयों के क्रियान्वयन में विलम्ब होता है। स्वामी का उद्देश्य लाभ को अधिकतम करना धीरे – धीरे गिरता जाता है, तथा प्रबंधक के उपयोगिता कार्य यथाः उच्च वेतन, व्यवहारिक लाभ लक्ष्य संतूलिकारक कार्य, तथा कार्य – सुरक्षा से प्रतिस्थानित हो जाता है। ये सभी प्रबंध में ढ़िलाई को नीत (अग्रसर) करते हैं तथा इस प्रकार अमितव्ययिता में वृद्धि करते है।

<u>श्रम – अकुशलता</u>

श्रमिकों के नियोजन में वृद्धि श्रम – संघ की गतिविधियों को प्रोत्साहित करती है, प्रति इकाई उत्पादन प्रति समय इकाई को घटाती है तथा इस प्रकार श्रम उत्पादकता पर नियंत्रण खो देते है।

<u>(**b**) वाह्‍य अमितव्ययितायें</u>

फर्म के बाहर उत्पत्र होने नुकसानों (हानियों को) को वाह्‍य मितव्ययितायें कहा जाता है ये आंगत बाजार में प्राक्रतिक बाधाओं (सीमाओं) के कारण उत्पन्न मुख्यतः कृषि एवं उत्कर्षण उद्योगों में, होती है। फर्म के प्रसार के साथ, विशेषकर जब उद्योग की अधिकाँश फर्मो प्रसार कर रही हो, बड़े क्रय पर प्राप्त छूट एवं वित्तीय रियायते समाप्त हो जाती है। आंगतों की बढ़ती माँग आंगत बाजारों पर दवाब आरोसित करता है तथा आंगतो का मूल्य बढ़ना आरम्भ हो जाता है तथा उत्पादन लागत में वृद्धि को अग्रसर करता है। ये आर्थिक (वित्तीय) अमितव्ययितायें होती है।

8.6 सम–विच्छेद विश्लेषण

सम – विच्छेद विश्लेषण अल्प काल में मूल्य – उत्पादन निर्णयन से व्युत्पत्ति है। सम – विच्छेद विश्लेषण कतिपय मान्यतायें रखता है,

(a) स्थिर एवं परिवर्तनशील लागतो को विभेदित किया जा सकता है,

(b) विश्लेषण के द्वारा रेखिकता को मानती है,

(c) पूर्ण प्रतियोगिता की कलपना करती है अतः मूल्य उत्पादन की मात्रा के निरपेक्ष समान रहती है।

(d) सीधी रेखा (प्रत्यक्ष रेखा) लागत वक्र बताता है, कि सीमाँत उत्पाद न तो बढ़ रहा है, नही छूट रहा है, तथा रेखाचित्र का सम्पूर्ण क्षेत्र स्थिर पैमाने के प्रतिफल को दर्शाता है। सम–विच्छेद विश्लेषण, उत्पादन के विभिन्न स्थानों पर कुल आगम, कुल लागत एवं कुल लाभो के बीच सम्बन्धों का अध्ययन करता है। यह फर्म के सम–स्तरों पर कुल लाभ व हानियों का निर्धारण करने हेतु प्रयुक्त होती है। सम–विच्देद एक विधि है, जिसके द्वारा यह निर्धारित किया जाता है कि फर्म के कुल – लागत एवं कुल–आगम फलनों से फर्म के सम – विच्छेद अथवा लक्ष्यित लाभ (लक्षित लाभ) प्राप्त करने हेतु उत्पादन का स्तर क्या हो ? समविच्छेद बिंदु यह संकेत करता है, कि उत्पादन के किस स्तर पर लागत एवं आगम साम्य अवस्था (संतुलना) में होंगें सम–विच्छेद विश्लेषण में सम–विच्छेद बिंदु का विशेष व्यक्तिगत रूप से महत्व है। यह वह बिदु होता है जिस पर (जहाँ) हानि होना रूक
जती है तथा लाभ होना अभी तक प्रारम्भ नही हुआ होता है। यह शून्य लाभ का बिदू होता है।

सम–विच्छेद लेखाचित्र (चार्ट) विभित्र उत्पादन स्तरों पर फर्म की हानि व लाभ को दर्शाता है। एक समविच्छेद लेखाचित्र (चार्ट/मानचित्र) को लाभ हेतु उत्पादन एवं विक्रय के सम्बन्ध के रेखा – चित्रीय विश्लेषण के रूप में परिभाषित किया जा सकता है। सम–विच्छेद विश्लेषण में सम–विच्छेद लेखाचित्र (चार्ट/मानचित्र) का प्रयोग किया जाता है सिसमें कुल–आगम (TR) तथा कुल–लागत वक्रों को सीधी रेखाओं द्वारा निरूपित किया जाता है।



चित्र : 8.9 सम–विच्छेद चित्र

चित्र सं. 8.9 में कुल – आगम एवं कुल – लागत उध्र्वाधर अक्ष पर तथा उत्पादन को क्षैतिज अक्ष पर दिखाया गया है। TR वक्र का झुकाव (ढाल) स्थिर मूल्य कल्पना करता है, जिस पर फर्म अपना उत्पादन विक्रय कर सकती है।

कुल–लागत वक्र, कुल निश्चित (स्थिर लागतों) TFC तथा स्थिर औसत परिवर्तनशील लागत का संकेत करती है। यह प्रायः कई फर्मो के लिये उत्पादन अथवा विक्रय में फर्म **B** बिंदु पर सम – विच्छेद को प्राप्त करती है जहाँ कुल

– आगम तथा कुल – लागत बराबर होते है तथा Q_1, सम – विच्छेद उत्पादन है।

सम–विच्छेद लेखचित्र प्रायः (समान्यताः) सीधी रेखाओं से निरूपित किये जाते है, हालाँकि (तथामि) इसकी आवश्यकता नहीं होती है। सीधी रेखाओं से ऑशय यह है, कि कुल – लागत में परिवर्तन उत्पादन के परिवर्तन के आनुपतिक होता (रेखीय मान्यता के अनुसार) है। यह मान्यता प्रायः सत्य होती है अथवा वास्तविक (सत्य) सम्बन्ध की सत्यता के अति – निकट होती है जिसे न्यायोजित ठहराया जा सकता है। एक फर्म ऐसे लागत – उत्पादन सम्बन्ध के लिये रूचि नहीं रखती जो बहुत लघु (अति लघु) अथवा अति – दीर्घ हो, तथा अनुभव एव अपेक्षा के क्षेत्र के बाहर स्थित हों। जब नहीं है, तब सर्म्पूण क्षेत्र पर सीधी रेखाये खीची जानी चाहिये? जैसे – जैसे उत्पादन सम – विच्छेद स्तर के ऊपर बढ़ता है वैसे – वैसे लाभ – क्षेत्र बिना किसी सीमा के बढ़ता है, और बढ़ता ही जाता है,



चित्र. 8.10 अन्रेखीय सम–विच्छेद विश्लेषण

चित्र 8.10 अन्रेखीय लागत एवं आगम – फलन के अंतर्गत सम–विच्छेद विश्लेषण को निरूपित करता हैं। TFC रेखा स्थिर लागत को प्रदर्शित करती है TC व TFC के मध्य की उर्ध्व दूरी (लखत) कुल परिवर्तनशील लागत का मापन करती है। TR वक्र, उत्पादन एवं मूल्य के विभिन्न स्तरों पर TR तथा TC उत्पादन के विभिन्न स्तरों पर लाभ व हानि का मापन करता हैं।

TR व TC वक्र दो बिंदुओं पर दूसरे को प्रतिच्छेदित करती है वे बिंदु L एवं N है जहाँ TR = TC

(कुल आगम = कुल लागत) ये उच्च व निम्न सम–विच्छेद बिंदु है। Q_1 व Q_2 के सम्पूर्ण क्षेत्र के लिये TR > TC निहितार्थ ये है, कि OQ_1 से अधिक एवं OQ_2 से अल्प (कम) उत्पादन कर रत्ती फर्म लाभकर्त करेगी, उत्पादन का लाभदयक सीमा क्षेत्र OQ_1 एवं OQ_2 उत्पादन इकाई के मध्य स्थित रहता है। इस सीमा से अल्प (न्यून) अथवा अधिक उत्पादन करना हानि प्रदान करेगा।

8.7 साराँश

फर्म अपने कार्यो/व्यवहारों हेतु निर्णय लेती हैं, जो लाभ तथा अन्य कई निर्णय लेती हैं, जो लाभ तथा अन्य कई निर्णयों को समाहित करता है तथा, जिनके ऊपर फर्म का कोई नियंत्रण नहीं होता है। लागत की गणना करने हेतु फर्म के लिये यह जानना आवश्यक है, कि उत्पाद के उत्पादन हेतु

आंगतो की मात्रा एवं संयोजन क्या होगा, तथा इनकी लागत क्या होगी? व्यावसायिक परिचालको एवं निर्णयों के लिये व्यवहारिक (उपयोगी) लागत–संकल्पनाओं को दो वर्गो में, लेखांकन उद्देश्यों के लिये उपयोगी लागत सिद्धाँत तथा मानवीय गतिविधियों के आर्थिक विश्लेषण में प्रयुक्त लागत सिद्धाँत उत्पादन में परिवर्तन के सम्बन्ध में लागत व्यवहारों से सम्बन्धित है। लागत फलन का अतिविशिष्ट प्रकार (रूप) लागत विश्लेषण हेतु उपयोगी (व्यवहाररिक) लागत विश्लेषण हेतु चयनित समय अल्प –काल एवं दीर्घकाल, हेतु उपयोगी (व्यवहारिक) हैं। अल्पकाल में AVC, AC तथा MC (औसत परिवर्तनशील लागत, औसत लागत तथा सीमाँत लागत), U आकृति के होते है, जो परिवर्तनशील अनुपातों के नियम को परावर्तिनशील लागत की तुलना में तीव्रता (तेजी) के साथ बढ़ती है। सीमाँत लागत एवं औसत लागत के मध्य भी इसी प्रकार का सम्बन्ध होता है। दीर्घकाल में उत्पादन के समस्त साधन परिवर्तनशील होते है अंतः उस स्थिति में स्थिर एवं परिवर्तनशील लागतों के मध्य कोई विभेद नहीं है। दीर्घकाल औसत लागत वक्र, अल्प काल लागत वक्र से तथा दीर्घकाल सीमाँत लागत वक्र, अल्पकाल सीमाँत लागत वक्र से व्युतपत्ति होता है। पैमाने की मितव्ययिता के फल स्वरूप लागत में बचत होती है, पैमाने की अमितव्ययिता लागत में वृद्धि को प्रोत्साहित (लागत में वृद्धि / नीत) करती है। सम–विच्छेद विश्लेषण उत्पादन के विभिन्न स्तरों पर फर्म के कुल आंगत कुल लागत एवं कुल लाभों के मध्य सम्बन्ध का अध्ययन करता है।

8.8 शब्दावली

स्पष्ट लागतें – फर्म द्वारा वास्तविक रूप से भुगतान किये गयें व्यय ।

अस्पष्ट (अप्रत्यक्ष) लागते – सैद्धाँतिक लागते जो लेखाँकत प्रणाली द्वारा नही पहचानी (मानी) जाती, ।

समाजिक लागत – किसी वस्तु (उत्पाद) के उत्पादन में समाज की कुल लागत ।

स्थिर लागतें – वे लागते उत्पादन से स्वतंत्र होती है, जो उत्पादन में परिवर्तन के साथ परिवर्तित नही होती है, ।

परिवर्तनशील लागते – वे लागते जो उत्पादन के परिवर्तनशील साधनों के नियोजन के , जिनकी मात्रा अल्पकाल में परिवर्तित की जा सकती है, फलस्वरूप व्यय होती है।

दीर्घ–काल – वह समयावधि जिसमें समस्त साधनों की मात्रा परिवर्तित हो सकती है।

उतपादन – फलन – वह फलन जो एक समय पर उपलब्ध उत्पादन के कुशल विधियों (पद्धतियों) का वर्णन करता हैं,

वर्द्धमान पैमाने के प्रतिफल – जब उत्पादन साघनों (आंगतों) में परिवर्तन में बढ़ता (अधिक) आनुमातिक परिवर्तन हो रहा हो।

पैमाने की मितव्ययितायें: – उत्पादन की मात्रा (आकार) में वृद्धि के अनुगमन (के अनुसरण क्रम में) प्राप्त लागत लाभ ।

8.9 बोध प्रश्न

(ए) रिक्त स्थान भरें

(ए) .... लागतें जो फर्म के बाहर से किराए पर लिए गए साधनों के लिए किए गए भुगतान को दर्शाती हैं।

(बी) लागत सिद्धांत .... में परिवर्तन के सन्दर्भ में लागत के व्यवहार से संबंधित है ।

(सी) लागत वक्र (ए वी सी, ए सी और एम सी) अल्पकाल में यू–आकार का होता है यह .... नियम को दर्शाता है।

(डी) सीमान्त लागत में सदैव औसत परिवर्तनीय लागत की तुलना में .... तेजी से वृद्धि होती है।

(ई) स्थायी लागत .... नहीं हो सकती है, क्योंकि यह अल्पकाल में स्थिर रहती हैं।

(च) तकनीकी मितव्ययताएँ .... के साथ जुड़ी होती हैं।

(छ) परिवहन लागत दोनों पक्षों उत्पादन और .... पर खर्च होती हैं।

(एच) उत्पादन के पैमाने के तेजी से विस्तार के साथ, प्रबंधकीय अक्षमताएं .... होती हैं।

(बी) सही या गलत

(ए) तुरंत देय लागत को अन्तर्निहित लागत भी कहा जाता है

(बी) ए सी का आकार ए वी सी से विपरीत होता है।

(सी) औसत परिवर्तनीय लागत में तब तक गिरावट जारी रहती है जब तक सीमांत लागत इससे कम नहीं हो जाती है।

(डी) लंबी अवधि वाली औसत लागत वक्र की यू–आकृति पैमाने के प्रतिफल का नियम को दर्शाती है।

(ई) पैमाने का बढ़ता प्रतिफल तब तक कार्य करता है जब तक पैमाने की मितव्ययताएँ पैमाने की अपमितव्ययताओं की तुलना में अधिक होती है।

(च) पैमाने की अपमितव्ययिताएँ वह हैं जो उत्पादन के पैमाने का विस्तार होने के कारण उत्पन्न होती हैं।

(जी) पैमाने की मितव्ययताओं की अपनी कोई सीमा नहीं होती है।

(एच) सम–विच्छेद बिन्दु वह बिंदु है जहां घाटे को होने से रोक दिया जाता है जबकि लाभ अभी तक शुरू नहीं हुआ होता है।

8.10 बोध प्रश्नों के उत्तर

(ए)

(ए) स्पष्ट, (बी) उत्पादन, (सी) परिवर्तनशील अनुपात,
(डी) अधिक, (ई) न्यूनतम, (च) निश्चित पूंजी,
(जी) बिक्री, (एच) उठना।

(बी)

(ए) असत्य, (बी) असत्य, (सी) सत्य, (डी) सत्य,
(ई) असत्य, (च) सत्य, (जी) असत्य, (एच) सत्य

8.11 स्वपरख प्रश्न

1. अन्तर स्पष्ट कीजिए (ए) स्थायी लागत और परिवर्तनीय लागत, (बी) अवसर लागत और वास्तविक लागत

2. अल्पकालिक गैर–रेखीय लागत कार्यों की कल्पना करते हुए सीमांत लागत, औसत लागत, और कुल लागत के मध्य पाए जाने वाले संबंधों की व्याख्या कीजिए ।
3. अवसर लागत क्या है? अवसर लागत के कुछ उदाहरणों की व्याख्या कीजिए । प्रबंधकीय निर्णयों में यह लागतें किस तरह से प्रासंगिक है?
4. व्याख्या कीजिए कि क्यों दीर्घकालिक औसत लागत पहले गिरती है और फिर बढ़ जाती है। क्यों अल्पकालिक औसत परिवर्तनशील लागत पहले गिरती है और फिर बढ़ जाती है?
5. सम–विच्छेद क्या है? इसकी मान्यताएँ कौन–कौन सी हैं?

8.12 संदर्भ पुस्तकें

1. Yogesh Maheshwari, Managerial Economics, Prentice Hall of India, New Delhi.
2. D.N. Dwivedi, Managerial Economics, Vikas Publishing House Pvt. Ltd., New Delhi.
3. T.R. Jain, O.P. Khanna and Virsen, Micro Economics and Indian Economy, V.K. Publishers, New Delhi.
4. H.L. Ahuja, Advanced Economic Theory, S. Chand & Co. Ltd., New Delhi.
5. Atmanand, Managerial Economics, Excel Books, Delhi.
6. R.L. Varshney and K.L. Maheshwari, Managerial Economics, Sultan Chand & Sons, New Delhi.

इकाई 9 पूर्ति एवं पूर्ति की लोच

इकाई की रूपरेखा

9.1 प्रस्तावना
9.2 पूर्ति का अर्थ
9.3 पूर्ति का नियम
9.4 पूर्ति की लोच
9.5 पूर्ति की लोच का मापन
9.6 पूर्ति की लोच को प्रभावित करने वाले कारक
9.7 पूर्ति की लोच का महत्व
9.8 सारांश
9.9 शब्दावली
9.10. बोध प्रश्न
9.11 बोध प्रश्नों के उत्तर
9.12 स्वपरख प्रश्न
9.13 संदर्भ पुस्तकें

उद्देश्य

इस इकाई पढ़ने के बाद, आप इस योग्य हो सकेंगे कि :

- पूर्ति और पूर्ति प्रभावित करने वाले कारकों की व्याख्या कर सके।
- पूर्ति की लोच के विभिन्न अंशो की चर्चा कर सके।
- पूर्ति की लोच की माप के तरीकों की व्याख्या कर सके।
- पूर्ति की लोच को प्रभावित करने वाले कारकों और पूर्ति की लोच के महत्व की व्याख्या कर सके।

9.1 प्रस्तावना

कीमतों के विश्लेषण के लिए पूर्ति का सिद्धांत उतना जरूरी जितना की मांग का सिद्धांत । निश्चित अवधि के दौरान दिए गए मूल्य पर बिक्री के लिए दी गई राशि को पूर्ति कहा जाता है। पूर्ति वक्र कीमतों के निर्धारण और माल और सेवाओं के उत्पादन का अध्ययन करने के लिए विश्लेषणात्मक उपकरण है। इस इकाई में आप पूर्ति नियम और पूर्ति की लोच, पूर्ति पर निर्भर कारकों और पूर्ति के लोच के महत्व का अध्ययन करेंगे।

9.2 पूर्ति का अर्थ

पूर्ति से आशय एक वस्तु या सेवा की उस मात्रा से होता है, जो एक विक्रेता किसी निश्चित अवधि के दौरान विभिन्न मूल्यों पर बिक्री के लिए पेशकश करने में सक्षम होता है। इस प्रकार पूर्ति हमेशा कीमत पर होती है और समय की अवधि के संबंध में होती है। कीमत जितनी अधिक होगी, उतना ही एक वस्तु की मात्रा होगी जो एक निर्माता द्वारा पूर्ति की जाएगी, और ठीक इसके विपरीत। इसलिए, पूर्ति की गई मात्रा और कीमत के बीच का संबंध प्रत्यक्ष और सकारात्मक है।

पूर्ति को प्रभावित करने वाले कारक

किसी वस्तु की पूर्ति की मात्रा केवल उसकी कीमत पर निर्भर नहीं है बल्कि कई वस्तुओं जैसे अन्य वस्तुओं की कीमतों पर, इसके उत्पादन में उपयोग किए जाने वाले तत्वो की कीमत, उत्पादकों को लक्ष्य प्रौद्योकगिकी की स्थिती, आदि पर भी निर्भर करती है।

महत्वपूर्ण कारक जो एक वस्तु की पूर्ति का निर्धारण करते है, इस प्रकार हैं :

1. **वस्तु की कीमत** : किसी वस्तु की पूर्ति उस वस्तु की कीमत पर निर्भर करता है। अन्य बातो के सामान रहने पर, यदि वस्तुओ की कीमत ज्यादा होती है तो विक्रेता वस्तुओं को बेचने के लिये ज्यादा इच्छुक होते है, कीमतों के कम होने पर नहीं।
2. **संबंधित माल की कीमते** : एक वस्तु की पूर्ति भी संबंधित वस्तुओं की कीमतों पर निर्भर करता है। अगर एक विकल्प की कीमत बढ़ जाती है तो उत्पादक अपने संसाधनों को उस स्थान के उत्पादन के लिए हटाने का प्रयास करेंगे। उदाहरण के लिए, यदि चाय की कीमत के अपेक्षाकृत कॉफी की कीमत में बढ़ जाती है, तो कॉफी की जगह चाय की खेती में जमीन का उपयोग किया जाएगा। कॉफी की पूर्ति गिर जाएगी हम इस तरह से उम्मीद करते है कि अन्य चीजें एक समान रहने पर वस्तु की पूर्ति अन्य वस्तुओं की कीमत में वृद्धि होने पर गिरती है।
3. **उत्पादन की लागत या फैक्टर इनपुट की कीमत** : यदि उत्पादन के विभिन्न कारको जैसे कच्चा माल, श्रम आदि के कारण उत्पादन लागत में वृद्धि होती है तो इससे पूर्ति की मात्रा घट जायेगी। ठीक इसी प्रकार यदि उत्पादन लागत घटती है तो इससे उत्पादन अधिक मात्रा में होगा जिसका नतीजा यह होगा कि पूर्ति बढ़ जोयेगी।
4. **बेहतर प्रौद्योगिकी** : उत्पादन की तकनीक में सुधार, उत्पादन की लागत को कम करती है और बदले में पूर्ति अतिरिक्त समय तकनीकी जानकारी, खोजों और नवाचारों आदि कारकों की मदद से उत्पादकता बढ़ाने और इस प्रकार पूर्ति को उपर की ओर बढ़ाने में योगदान करती है।
5. **परिवहन एवं संचार के साधन** : परिवहन और संचार के माध्यमों में सुधार कर के किसी वस्तु विशेष की पूर्ति को बढ़ाया जा सकता है। इसके माध्यम से विदेशी आयात को भी प्रोत्साहन किया जा सकता है या कम पूर्ति वाले सामानो के मामले में अधिशेष क्षेत्रों से कम क्षेत्रों तक पहुंचाया जा सकता है। लेकिन अगर परिवहन के विकसित साधनों का इस्तेंमाल माल निर्यात करने लिए किया जाता है, तो यह घरेलू बाजार में माल की कमी पैदा करेगा।
6. **लक्ष्य या फर्मो के उद्देश्य** : एक वस्तु की पूर्ति लक्ष्य या उस वस्तु के उत्पादन कंपनियों के उद्देश्यों पर निर्भर करता हैं आमतौर पर, हर फर्म अधिकतम मुनाफा प्राप्त करने की कोशिश करता है लेकिन, कभी–कभी व्यक्तिगत उत्पादकों को एक वस्तु की पूर्ति में वृद्धि करने के लिए प्रेरित किया जा सकता है, इसलिए नहीं कि यह उनके लिए अधिक लाभ लाती है, लेकिन क्योंकि बाजार में इसकी पूर्ति समाज में उनके लिए सद्भावना का एक स्त्रोत है। यदि फर्म का उद्देश्य लाभ या बिक्री के बजाय राजस्व को अधिकतम करना है, तो बाजार में पूर्ति बड़ानी होगी।
7. **विक्रेताओं की संख्या** : पूर्ति भी विक्रेताओं की संख्या पर निर्भर करता है। अधिक विक्रताओं की प्रविष्टि से वृद्धि होगी और निकासी से पूर्ति में कमी आएगी।
8. **मूल्य उम्मीदें** : यदि विक्रेताओ मे यह भय होगा की भविष्य में भी वस्तु की कीमतों में गिरावट जारी रहेगा तो वह वस्तु की तुरंत बिक्री करना चाहेगें और इस प्रकार पूर्ति बढेगी। इसके विपरीत यदि भविष्य में दाम बढ़ने के आसार हो तो विक्रेता माल को रोककर रखेगा जिससे की पूर्ति में कमी आयेगी।
9. **कृषि उपज की पूर्ति** : कृषि वस्तुओं बेहतर वर्षा, बेहतर सिंचाई साधन, रासायनिक उर्वरक, उन्नत बीज और खेती के बेहतर तरीकों का आपसी संबंध है, इनके होने से

स्वाभाविक रूप से पूर्ति में वृद्धि होगी। इसके विपरीत, मानसून, बाढ़, सूखा, आग, धूल की आंधी, कीट की विफलता पर, भूकंप आदि की पूर्ति कम हो जाएगी।

बाजार के विभिन्न रूपों में अन्तर बाजार की स्थितियों के बारे में ज्ञान (अज्ञान) से ज्ञात कर सकते हे।

यदि क्रेता और विक्रेता को बाजार की परिस्थिति की पूर्ण जानकारी होगी, अन्य विक्रेताओं द्वारा बेचे जा रहे उत्पाद की प्रकृति व गुणवत्ता का ज्ञान, जो उत्पाद बेचा जा रहा है उसके मूल्य की पूरी जानकारी, तो उसके पश्चात् एकल मूल्य बाजार होने की प्रबलता होगी। बाजार की स्थितियों के बारे में सही ज्ञान एक समान कीमत बाजार को सुनिश्चित करता है। यह पूर्ण प्रतियोगिता बाजार की विशेषता है। परन्तु एकाधिकार प्रतियोगी बाजार के तहत उपभोक्ता विभिन्न ब्रांडो की गुणवत्ता के बारे में अनभिज्ञ हो सकते है। इससे

यह परिणाम हो सकता हे कि एक ही उत्पाद के लिए विभिन्न मूल्य या कीमतें ली जा सकती है।

फर्मों के प्रवेश व वहिर्गमन की स्वतंत्रता

बाजार के विभिन्न रूपों में एक—दूसरे से भिन्नता उनके बाजार में प्रवेश (या बहिर्गमन) से किया जा सकता है। अर्थात् फर्मो/कम्पनियों का बाजार में प्रवेश करना प्रतिस्पर्धा में शामिल होना या बाजार से प्रतियोगिता से बाहर होना। फर्मो का प्रवेश या बहिर्गमन का तात्पर्य यह भी है कि यह मानवरचित है, या इसपर कोई बाधा या प्रतिबन्ध व्याप्त नहीं है। संभावित फर्मो के प्रवेश पर स्वतंत्रता है, और मौजूदा कंपनियों के बहिर्गमन पर भी पूर्ण स्वतंत्रता है। प्रवेश (या बहिगर्मन) की स्वतंत्रता यह सुनिश्चित करती है कि निर्माताओं को अंत में कम से कम लाभ या साामान्य लाभ प्राप्त है। यदि मौजूदा उत्पादक असमान्य लाभ अर्जित कर रहे है तो नई फर्मो का उद्योग में प्रवेश होगा। यह उद्योग उत्पादन में वृद्धि कर बाजार को गिरावट से बचाएगा व मूल्य व असामन्य लाभ को मिटाने में मदद करते है। फर्मो का स्वतंत्र प्रवेश एवं बहिर्गमन पूर्ण प्रतियोगिता बाजार एवं एकाधिकार बाजार की विशेषता है। यदि नए उत्पादकों या फर्मों का बाजार प्रवेश पर प्रतिबन्ध है तो मौजूदा कंपनियाँ बिना किसी प्रतिद्वन्द्वी उत्पादकों के बिना भय के असामान्य मुनाफा कमाती रहेगी। और इसके परिणामस्वरूप मौजूदा कंपनियाँ एकाधिकार शक्ति का आनन्द लेना शुरू कर सकती है। एकाधिकार बाजार का स्वरूप है जहाँ बन्द प्रवेश या बहिर्गमन होता है।

मूल्य प्रभाव की मात्रा

बाजार के विभिन्न रूपों को 'मूल्य निर्धारण प्रभाव' एक दूसरे से भिन्नता प्रदान करता है। एक पूर्ण प्रतियोगी फर्म को बाजार मूल्य पर कोई प्रभाव नहीं हो सकता है वह मूल्य—ग्रहिता माना जाता है। वहीं दूसरी ओर एक एकाधिकारी के पास वस्तु की कीमत को प्रभावित करने की महान शक्ति है, एकाधिकारी फर्मे "मूल्य निर्माता" कहलाती है।

एकाधिकार प्रतियोगिता में किसी फर्म की दशा इन दोनों चरम सीमाओं के मध्य की होती है। एकाधिकर प्रतियोगिता के तहत एक फर्म अपने उत्पाद की कीमत को प्रभावित करने की शक्ति रखती है, लेकिन वह अपने उत्पाद के मूल्य निर्धारण नीति तय करते समय प्रतिद्वन्द्वी कंपनियों की मूल्य निर्धारतण नीति का भी ध्यान रखती है। यह मूल्य निर्माता होते है, परन्तु कुछ सीमाओं के अन्दर रहकर इसका निर्धारण करते है।

12.3 बाजार का वर्गीकरण

बाजार का वर्गीकरण मुख्यतः चार प्रकार से किया गया है।

1. पूर्ण प्रतियोगिता
2. एकाधिकार
3. एकाधिकार प्रतियोगिता
4. अल्पाधिकार

पूर्ण प्रतियोगिता

पूर्ण प्रतियोगिता का बाजार वह बाजार है जिसमें क्रेताओं और विक्रेताओं के मध्य वस्तु का क्रय—विक्रय प्रतियोगिता के आधार पर होता है।

इसके अतिरिक्त, व्यक्तिगत रूप से कोई भी व्यक्ति वस्तु के मूल्य को प्रभावित नहीं कर सकता है। पूर्ण प्रतियोगिता बाजार की संरचना है जहाँ बड़ी संख्या में कंपनियाँ (फर्म) एक समान वस्तुओं का उत्पादन करती है, इससे वस्तु की कीमत पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।

इस प्रकार के बाजार में मूल्य निर्धारण उद्योगों द्वारा किया जाता है अर्थात् मूल्य माँग एवं आपूर्ति पर निर्भर रहता है जिसे उद्योग द्वारा पूर्ण किया जाता है।

एक पूर्ण प्रतिस्पर्धा फर्म, पूरे उद्योग का एक छोटा सा हिस्सा है, जो उत्पाद के मूल्य को प्रभावित नहीं कर सकते है। फर्म का उत्पाद की कीमत (मूल्य) पर कोई नियंत्रण नहीं रहता है।

इस प्रतियोगिता में फर्म द्वारा यह निर्णय लिया जाता है कि उत्पाद को किस कीमत (मूल्य) पर बेचा जाना है व उत्पाद की मात्रा क्या होगी जिस मूल्य पर इसे बेचा जाना है।

इसका अर्थ यह है कि पूर्ण प्रतियोगिता में फर्म को मूल्य निर्माता के बाजार मूल्य ग्रहिता (कीमत लेने वाला) माना जाता है। फर्म मूल्य ग्रहिता तब कही जाती है जब वह अपना उत्पाद बाजार मूल्य पर विक्रय करती है।

पूर्ण प्रतियोगिता की विशेषताएँ

एक पूर्ण प्रतियोगिता बाजार के लिए निम्न विशेषताएँ निम्नलिखित है–

असंख्य क्रेता एवं विक्रेता

पूर्ण प्रतियोगिता की प्रमुख विशेषता यह है कि इस बाजार में क्रेता तथा विक्रेता असंख्य होते है। प्रत्येक क्रेता इतना कम क्रय करता है तथा प्रत्येक विक्रेता इतना क्रय विक्रय करता है कि न तो कोई क्रेता और न ही कोई विक्रेता बाजार कीमत को प्रभावित करने में सक्षम होता है।

किसी भी क्रेता या विक्रेता का कोई भी कार्य बाजार–कीमत को प्रभावित करने की स्थिति में नहीं होता है। क्रेताओं एवं विक्रेताओं की असंख्य संख्या होने के परिणामस्वरूप बाजार कीमत उनके पक्ष में प्रभावित नहीं हो पाती है। इस बाजार के अन्तर्गत वस्तु की बाजार कीमत सभी क्रेता एवं विक्रेताओं की संयुक्त क्रियाओं का परिणाम होती है। एक बार बाजार कीमत निर्धारित होने के पश्चात् क्रेता एवं विक्रेता दोनों इसे स्वीकार कर लेते है। दोनों पक्ष ही इस कीमत पर क्रय–विक्रय सम्बन्धी मात्रा का समायोजन कर लेते है।

वस्तु का समरूप होना

पूर्ण प्रतियोगिता के लिए वस्तुओं का समरूप होना आवश्यक है। समरूप का अभिप्राय वस्तु के गुणों का समान होने से भी है। ऐसी दशा में वस्तु का मूल्य समान रहता है। कोई भी क्रेता अथवा विक्रेता वस्तु के मूल्य को प्रभावित नहीं कर सकता है।

प्रवेश एवं बहिर्गमन की स्वतंत्रता

पूर्ण प्रतियोगिता की तीसरी विशेषता यह है कि प्रत्येक फर्म उद्योग में प्रवेश करने तथा इसका बहिर्गमन करने में पूर्णतया स्वतंत्र होती है। कोई भी फर्म जब चाहे उद्योग में आ सकती है तथा जब चाहे उद्योग को छोड़ कर जा सकती है।

प्रत्येक उद्योगपति अपने प्रारम्भिक उद्योग को छोड़ सकता है या वह किसी दूसरे उद्योग की स्थापना कर सकता है।

उत्पत्ति के साधनों में पूर्ण गतिशीलता

पूर्ण प्रतियोगिता के अन्तर्गत उत्पत्ति के किसी साधन को बेरोक टोक एक उद्योग से दूसरे उद्योग में लाया और ले जाया जा सकता है। यदि किसी उद्योग में उत्पत्ति के अकुशल साधन कार्य कर रहे हो, तो उनके स्थान पर उत्पत्ति के कुशल साधनों को लगाया जा सकता है।

बाजार दशाओं का पूर्ण ज्ञान

पूर्ण प्रतियोगिता के अन्तर्गत क्रेता तथा विक्रेताओं को बाजार दशाओं की पूर्ण जानकारी होती है। चूंकि वस्तु के बारे में क्रेतागण पूर्ण जानकारी रखते है, अतः विक्रेताओं अथवा फर्मो को वस्तु की बिक्री के लिए विभिन्न विक्रय उपायों का सहारा नहीं लेना पड़ता है अर्थात् प्रचार एवं विज्ञापन व्यय नहीं करना पड़ता है। इसी प्रकार विक्रेताओं को भी बाजार दशाओं की पूर्ण जानकारी होती है। विभिन्न कीमतों पर होने वाली बिक्री का पूर्ण ज्ञान उन्हें होता है।

परिवहन लागतों का न होना

पूर्ण प्रतियोगिता बाजार का विश्लेषण इस मान्यता पर आधारित है कि इसके अन्तर्गत परिवहन लागतें नहीं होती है, क्योंकि विभिन्न फर्मे एक दूसरे के बहुत समीप स्थित होती है। व्यवहार में दो वस्तुओं को तभी समरूप माना जाता है जब उनका उत्पादन एक ही स्थान पर किया जाता है। यदि उनका उत्पादन अलग–अलग स्थानों पर किया जाता तो कीमतें भी भिन्न–भिन्न होती। कीमत की एकरूपता की शर्त पूर्ण प्रतियोगिता के अन्तर्गत तभी पूरी हो सकती है जबकि हम यह भी मानते है कि उत्पादन एक ही स्थान पर होता है तथा परिवहन लागते उत्पन्न नहीं होती है।

विशुद्ध बनाम पूर्ण प्रतियोगिता

कई बार पूर्ण प्रतियोगिता और विशुद्ध प्रतियोगिता में अन्तर स्पष्ट किया जाता है। विशुद्ध प्रतियोगिता के लिए केवल तीन बातों का होना आवश्यक है।

1. असंख्य क्रेता एवं विक्रेता होना, समरूप वस्तु का उत्पादन, उद्योग में फर्म के प्रवेश एवं बहिर्गमन की छूट – जिस बाजार में पायी जाती है वह बाजार विशुद्ध प्रतियोगी होता है। इस प्रकार के बाजार में एकाधिकारात्मक तत्व विद्यमान नहीं होता है।

   असंख्य क्रेता एवं विक्रेता अर्थात् पर्याप्त संख्या का होना जिससे स्वतन्त्रतापूर्वक वस्तुओं का क्रय–विक्रय कर सके, दोनों पक्षों (क्रेता एवं विक्रेता) के ऊपर किसी का हस्तक्षेप न हो।
2. समरूप वस्तु का उत्पादन होना, अर्थात् जिस वस्तु का क्रय–विक्रय किया जा रहा है वह वस्तु गुण व आकार–प्रकार में एक समान होनी चाहिए।
3. उद्योग में फर्म के प्रवेश एवं बहिर्गमन की पूर्ण स्वतन्त्रता होना आवश्यक है।

पूर्ण प्रतियोगी बाजार के लिए दशाओं का परिपूर्ण होना अनिवार्य है जो कि निम्नलिखित है। पूर्ण प्रतियोगी बाजार संरचना में क्रेताओं तथा विक्रेताओं

की बाजार में अधिक संख्या होना, समरूप वस्तु का उत्पादन होना, फर्मो का स्वतंत्र प्रवेश तथा बहिर्गमन, क्रेताओं एवं विक्रेताओं को बाजार की दशाओं का पूर्ण ज्ञान होना, उत्पादन के साधनों में पूर्ण गतिशीलता का होना तथा यातायात व्यय का न होना। इससे यह आशय प्रतीत होता है कि पूर्ण प्रतियोगिता बाजार, विशुद्ध प्रतियोगिता की तुलना में व्यापक है।

हम कीमत विश्लेषण में पूर्ण प्रतियोगिता को प्राथमिकता देते है क्योंकि यह विशुद्ध प्रतियोगिता से व्यापक अर्थ में प्रयोग किया जाता है।

उपर्युक्त विशेषताओं से यह स्पष्ट होता है कि पूर्ण प्रतियोगिता में बाजार में एक ही कीमत का प्रचलन होता है। इसके अन्तर्गत कीमत का निर्धारण कुल मांग और कुल पूर्ति की आवश्यकता के माध्यम से किया जाता है। कोई भी क्रेता अथवा विक्रेता कीमत को प्रभावित करने में सक्षम नहीं होता है। व्यक्तिगत फर्म कीमत निर्धारक नहीं रहती अपितु कीमत स्वीकर्ता होती है।

पूर्ण प्रतियोगिता की विशेषताएँ

1. क्रेता तथा विक्रेताओं का बड़ी संख्या में होना।
2. वस्तु का समरूप होना/एक समान वस्तु का उत्पादन होना।
3. फर्मो का उद्योग में स्वतंत्र प्रवेश तथा बहिर्गमन (बाहर जाना)
4. उत्पत्ति/उत्पादन के साधनों में पूर्ण गतिशीलता का होना।
5. बाजार का पूर्ण ज्ञान होना (क्रेता व विक्रेता के सन्दर्भ में)
6. परिवहन लागत/यातायात का व्यय न होना।

एकाधिकार

परिभाषा

एकाधिकार शब्द ग्रीक भाषा के अक्षरों से बना है– Mono और Poly यहाँ Mono से आशय एक से है, व poly का आशय बेचना है। अतः एकाधिकार वह बाजार संरचना है, जहाँ किसी वस्तु/उत्पाद का केवल एक ही विक्रेता होता है, अथवा कोई वस्तु/उत्पाद एक ही फर्म या उद्योग द्वारा निर्मित की जाती है। उदाहरण के तोर पर हमें विद्युत आपूर्ति एक संस्था द्वारा ही प्राप्त होती है वह है प्रदेश विद्युत मण्डल जैसे पंजाब विद्युत मण्डल जो कि पंजाब में विद्युत आपूर्ति प्रदान करता है। इसी प्रकार हम जिस रेल द्वारा यात्रा करते है उस परिवहन के साधन का परिचालन भारत सरकार की संस्था "भारतीय रेल" द्वारा ही किया जाता है। उपरोक्त दोनों एकाधिकार के उदाहरण है।

अन्य परिभाषा

"एकाधिकार वह उत्पादक होता है जो किसी एक वस्तु की पूर्ति पर पूर्ण अधिकर रखता है तथा उस वस्तु का कोई स्थानापन्न नहीं होता है।"

वैधानिक भाषा में एकाधिकार वह संस्था है जिसका वस्तु की पूर्ति पर पर्याप्त नियंत्रण होता हे और वह कीमत को प्रभावित करने की स्थिति में होता है।

प्रो. मार्शल के अनुसार–

"प्रथम दृष्टया एकाधिकारी का स्वार्थ उसे यह अधिप्रेरित करता हे कि वह पूर्ति की मांग के प्रति इस ढंग से समायोजित न करे कि जिस कीमत पर वह अपनी वस्तु को बेच सकता है वह केवल उसकी उत्पादन लागत को ही पूरा करती है। उसे तो पूर्ति को मांग के साथ इस प्रकार समायोजित करना चाहिए कि उसको अधिकतम कुल विशुद्ध आगम प्राप्त हो सके।"

एकाधिकार की विशेषताएँ

एकाधिकार की मुख्य विशेषताएँ निम्नानुसार है—

एकाकी विक्रेता

एकाधिकार बाजार की वह परिस्थिति जहाँ पर केवल एक ही विक्रेता या उत्पादक होता है जो वस्तु का निर्माण करता है। ऐसे मामलों में फर्म या उत्पादक वस्तु की आपूर्ति को नियंत्रित करते है। किसी भी एकाधिकार फर्म या उत्पादक द्वारा उत्पादित उत्पादन की मात्रा में परिवर्तन, वस्तु के बाजार मूल्य को प्रभावित करता है। जहाँ एक ही फर्म में एकाधिकार होता है, वहाँ पर फर्म और उद्योग के मध्य अन्तर विलोपित हो जाता है। हालांकि, उत्पाद के खरीदारों की संख्या जहाँ अत्यधिक होती है, फलस्वरूप कोई खरीदार एकाधिकार के तहत उत्पाद की कीमत को प्रभावित नहीं कर सकते है।

निकट के स्थापनापन्न (विकल्प) न होना

एकाधिकार की दूसरी मुख्य विशेषता यह है कि एकाधिकार फर्म या उद्योग द्वारा ऐसी वस्तु का उत्पादन किया जाता है जिसका कोई दूसरा निकटतम विकल्प बाजार में नहीं होता है। निकटतम विकल्प से आशय यह है कि जो वस्तु आसानी से एक—दूसरे विकल्प के तौर पर इस्तेमाल या उपयोग की जा सके और लगभग उसी मूल्य (कीमत) पर बाजार में उपलब्ध हो। एकाधिकार के अस्तित्व के लिए एक आवश्यक शर्त यह है, जो भी उत्पाद या सेवा जो कि एकाधिकारी फर्म या उद्योग द्वारा दी जाती है उसका बाजार में निकटतम स्थानापन्न (विकल्प) का उपलब्ध न होना।

एकाधिकार प्रतियोगिता रहित एक बाजार है, यदि वहाँ पर कुछ और उत्पादक है जो, एकाधिकार फर्म या उद्योग द्वारा उत्पादित उत्पाद के लिए निकटतम विकल्प का उत्पादन कर रहे है, तो उनके बीच प्रतिस्पर्धा हो जाएगी और ऐसे मामलों में उत्पादकों के मध्य प्रतियोगिता होगी एकाधिकार मौजूद नहीं रहेगा। याद रहे जहाँ निकटतम विकल्प का अभाव होगा वहाँ पर किसी भी प्रकार की प्रतिस्पर्धा का माहौल नहीं होगा, अतः फर्मो के बीच प्रतिस्पर्धा निकटतम विकल्प के माध्यम से उत्पन्न होती है। हालांकि उत्पाद का एक "दूर विकल्प" भी होता है जो कि मंहगा, असुविधाजनक और जिसकी कार्यक्षमता कमजोर होती है। उदाहरण के तौर किसी भी जगह पर विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था विद्युत मंडल द्वारा ही की जाती है यह एकाधिकार के तहत होता है क्योंकि वहाँ पर उसका कोई निकटतम विकल्प मौजूद नहीं है। किन्तु "दूर विकल्प" उपलब्ध है जनरेटर सेट के रूप में।

बन्द प्रविष्टि

एकाधिकार बाजार को भावी उत्पादकों के लिए बन्द प्रविष्टि द्वारा वर्गीकृत किया जाता है। एकाधिकार बाजार में प्रवेश करना उच्च बाधाओं का कारण निर्मित होना है। एक नए उद्यमी को यदि एकाधिकार बाजार में प्रवेश

करना है, तो उसे बाधाओं को शामिल करते हुए लाभ की प्राप्ति का लक्ष्य निर्धारित करना होगां एकाधिकार उद्योग में नई फर्मो के प्रवेश पर कुछ बाधाएँ/प्रतिबंध मौजूद रहता है। बन्द प्रविष्टि/प्रवेश प्राकृतिक, कानूनी या मानव निर्मित प्रतिबंध को परिणाम हो सकता है। यह प्रतिबन्ध अनेकों प्रकार के होते है। उदाहरण पेटेन्ट राईट, कापी राइट, सरकारी कानून से संबंधित, अर्थव्यवस्था के पैमाने। अर्थात् एकाधिकार बाजार में किसी दूसरी फर्म अथवा उद्योग को प्रवेश करना है, तो उसे निम्न प्रतिबन्ध का सामना करना होगा जो कि बन्द प्रविष्टि कहलाता है। इन बातों को ध्यान रखते हुए, एकाधिकार बाजार में कोई प्रतियोगी नहीं रह पाता है। बाजार प्रवेश की बाधाएँ बाजार की शक्तियों को दर्शाती है।

मूल्य निर्माता

एकाधिकार फर्म "मूल्य निर्माता" या "मूल्य निर्धारण" का कार्य करती है। यह किसी उत्पाद की एकमात्र उत्पादक होती हे। इससे वस्तु का बाजार में आपूर्ति पर अत्यधिक प्रभाव उत्पन्न होता है। इस कारण वस्तु की कीमत पूरी तरह एकाधिकार फर्म द्वारा नियन्त्रित रहती है। अतएव एकाधिकार वस्तु बाजार में शक्ति का प्रतिनिधित्व करता है। व इसी शक्ति के कारण फर्म को "मूल्य निर्माता" कहा जाता है। यह एक प्रतिस्पर्धी फर्म है, जो "मूल्य लेने वाला है के विपरीत है।"

मूल्य–निर्धारण में भेदभाव की संभावना

एक एकाधिकार फर्म अपने उत्पाद को एकल मूल्य शुल्क के हिसाब से विक्रय करते है, परन्तु कुछ मामलों में वह उपभोक्ताओं के विभिन्न समूह से अपने उत्पाद के लिए पृथक मूल्य भी ले सकते है। इसे कीमत या मूल्य भेदभाव कहते है।

कीमत भेदभाव एकाधिकार बाजार की वह स्थिति है जब एक निर्माता या उत्पादक अपने उत्पाद को विभिन्न उपभोक्ताओं को दो या अधिक विभिन्न कीमतों पर बेचता है, यहाँ पर कारण भिन्न है जो कि मूल्य व उत्पाद को विभिन्न करता है।

उदाहरण के लिए कई अस्पताल गरीब मरीजों के लिए आपरेशन शुल्क कम लेते है व अमीर मरीजों से ज्यादा शुल्क लेते है। इसी प्रकार भारतीय रेल अनिवार्य उत्पादों जैसे खाद्य उत्पाद, कोयला आदि के लिए कम माल भाड़ा दर लेते है। अन्य परिवहन उत्पादों की तुलना में।

इसी प्रकार विद्युत मण्डल कृषि उपभोक्ताओं को अन्य उपभोक्ताओं की अपेक्षा कम दर पर विद्युत आपूर्ति प्रदान करती है।

यह सभी कीमत भेदभाव के उदाहरण है।

वास्तविक जगत में शुद्ध एकाधिकार दुर्लभ होता है। वास्तव में एकाधिकर, पूर्ण प्रतियोगिता का विपरीत किनारा है।

एकाधिकार की विशेषताएँ

1. एकाकी विक्रेता
2. निकट के स्थानापन्न (विकल्प) न होना
3. नये फर्मों के लिए बन्द प्रविष्टि
4. मूल्य निर्माता

5. मूल्य निर्धारण में भेदभाव

एकाधिकार प्रतियोगिता

अब तक हमने बाजार संरचना के दो संरचनों के बारे में चर्चा की पूर्ण प्रतियोगिता बाजार व एकाधिकार बाजार। बाजार संरचना के इन दोनों रूपों को शायद ही वास्तविक व्यवहार में उपयोग किया जाता है। वास्तविक दुनिया में अपूर्ण प्रतियोगिता बाजार संरचना को विभक्त करती है। अपूर्ण प्रतियोगिता का मुख्य एकाधिकार प्रतियोगिता है। अपूर्ण प्रतियोगिता पूर्ण प्रतियोगिता तथा विशुद्व एकाधिकार दोनों की चरम स्थितियों के मध्य की स्थिति है।

परिभाषा

"एकाधिकार प्रतियोगिता बाजार का वह रूप है, जिसमें बहुत सी फर्मे कार्य करती है और प्रत्येक फर्म मिली–जुली वस्तुएँ बेचा भी करती है, परन्तु उनके द्वारा बेची जाने वाली वस्तुएँ समरूप नहीं होती है। उनमें थोड़ा बहुत भेद (अन्तर) पाया जाता है।"

एकाधिकार प्रतियोगिता में कुछ तत्व एकाधिकार के एवं कुछ तत्व प्रतियोगिता के पाये जाते है। अतः एकाधिकार और प्रतियोगिता तत्वों का सम्मिश्रण बाजार को एकाधिकार प्रतियोगी के रूप में दर्शाता है। एकाधिकार प्रतियोगिता को पूरी तरह समझने के लिए निम्न विशेषताओं को समझना जरूरी है, जो कि निम्नलिखित है।

एकाधिकार प्रतियोगिता की विशेषताएँ

एकाधिकार प्रतियोगिता की प्रमुख विशेषताएँ निम्नलिखित हैं।

क्रेता एवं विक्रेता का अधिक संख्या में होना

एकाधिकार प्रतियोगिता की प्रथम मुख्य विशेषता यह है कि इसमें, विक्रेता की संख्या अधिक रहती है, परन्तु यह संख्या असमान्य रूप से बड़ी भी नहीं रहती है। कंपनियों में बड़ी संख्या से आशय यह है कि प्रत्येक फर्म द्वारा बाजार का एक छोटा सा हिस्सा उत्पादन होता है। इसलिए, एकाधिकार प्रतियोगिता के अंतर्गत फर्म यथोचित ये मान सकते है, कि उन्हें द्वारा की गई कोई कार्यवाही प्रतिद्वन्दी फर्म को भी प्रभावित करेगी। अतः उन्हें प्रतिद्वन्दी फर्म की प्रतिक्रिया पर परेशान नहीं होना चाहिए, वह बाजार से प्रभाव जरूर उत्पन्न करेगा, प्रतिद्विन्दता को लेकर। इसका आशय यह है कि फर्मे स्वतंत्र–मूल्य नीति का पालन कर सकते हैं उदाहरण के लिए, कोई भी फर्मे बिना प्रतिद्वन्दी फर्मे की प्रतिक्रिया लिए बिना अपने उत्पाद का मूल्य कम कर सकते है। इस कारणवश आंशिक रूप से एकाधिकार प्रतियोगिता के अंतर्गत फर्मे मूल्य–ग्रहिता नही होते है। वे अपनी कीमत (मूल्य) निर्धारित करते है।

यह प्रशासित मूल्यों की स्थिति होती है अर्थात् एक स्थिति जहाँ कीमतें को व्यक्तिगत फर्मो के निर्णय के बजाए अवैयक्तिक बाजार की शक्तियों द्वारा निर्धारत किया जाता है। इसलिए एक एकाधिकात्मक प्रतिस्पर्धा फर्म की शक्ति कीमत (मूल्य) को मामूली तौर पर प्रभावित करने की होती है। एकाधिकार प्रतिस्पर्धा में, क्रेताओं (खरीदारों) की संख्या अधिक रहती है, बहुत बड़ी संख्या क्रेताओं की होने से, अलग–अलग खरीदार अपनी मांग को बदलने के द्वारा उत्पाद की कीमत (मूल्य) को प्रभावित कर सकते है।

वस्तु का विभेदीकरण

वस्तु का विभेदीकरण एकाधिकार प्रतियोगिता का मूल तत्व है। एकाधिकार प्रतियोगिता सभी फर्मे विभेद वस्तुओं का उत्पादन करते है। सभी वस्तुएँ एकाधिकारात्मक प्रतिस्पर्धा में एक सी नहीं होती, अपितु उनमें कुछ अन्तर पाया जाता है। ये वस्तुएँ एक–दूसरे की निकट–स्थानापन्न (Close substitute) होती है, लेकिन पूर्ण–स्थानापन्न कदापि नही होती है। वस्तु–विभेद की विशेषता ही इस प्रतियोगिता को पूर्ण प्रतियोगिता में अलग करती है। वस्तु–विभेद जितना अधिक होगा फर्मो में एकाधिकार का अंश उतना ही अधिक होगा।

एकाधिकार प्रतियोगिता में कोई भी उत्पाद दो मायनों में एक–दूसरे से अलग हो सकते हे। प्रथमतः कोई भी उत्पाद स्वयं भौतिक विशेषताओं से भिन्न हो सकता है। जैसे भौतिक और रासायनिक घटक जिसे उत्पाद का निर्माण हुआ है, उत्पाद की गुणवत्ता, आकार, डिजाइन, रंग, पैकिंग में भिन्नता आदि। उदाहरण के तौर पर किसी पेय पदार्थ की कैलोरी सामग्री भिन्न हो सकती है। विभिन्न ब्राँड के मुताबिक जो उसका निर्माण करते है एवं शर्ट के विभिन्न ब्राँड भी एक दूसरे से भिन्न होते है, कपास और पोलिएस्टर का मिश्रण उन्हें एक दूसरे से भिन्न दिखाता है जिससे मिलकर शर्ट का उत्पादन होता है। कभी–कभी ये भिन्नता केवल काल्पनिक या अनुमानित हो सकती है। उदाहरण के तौर पर विभिन्न तरह की पैकेजिंग, विभिन्न व्यापार चिन्ह (ट्रेडमार्क) विभिन्न ब्राँड।

दूसरे प्रकार से किसी उत्पाद को बिक्री के आसपास की स्थिति के आधार पर भिन्न किया जाता है। अर्थात् वह स्थान जहाँ उत्पाद की बिक्री की जा रही है, विक्रेता का स्थान जहाँ वस्तु बेची जाती है, विक्रेता की साख, शिष्ट व्यवहार क्षमता, विक्रेता की विश्वसनीयता, विक्रेता द्वारा प्रदान ऋण सुविधा आदि।

उदाहरण के लिए आपको यदि शर्ट खरीदना है तो आप पास की दूकान पर अधिक भुगतान को प्राथमिकता देंगे न कि दस किलोमीटर दूर स्थित दूकान पर जाना पसन्द करेंगे उसी उत्पाद (शर्ट) को खरीदने। जब इन शर्तों के संबंध में अन्त है, विभिन्न विक्रेताओं के उत्पादों में फर्क हो सकता हैं

इस भिन्नता को देखते हुए अलग–अलग फर्म अपने विभेदित उत्पाद का एकाधिकार रखते है। उत्पादों को विभेदित करने के लिए, विक्रेता अलग–अलग ब्रांड नाम से अपने उत्पादों के विक्रित करते है। यह अलग–अलग फर्म का एकाधिकार उन्हें अपना ब्रांड बताकर अपने विभेदित उत्पाद के जरिए किया जाता है। यह एकाधिकार प्रतियोगिता का एकाधिकार घटक है। लेकिन प्रत्येक फर्म भी अलग–अलग ब्रांड नाम के साथ समान उत्पाद का उत्पादन अन्य कंपनियों के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए करती है। इस प्रकार कि कोलगेट टूथपेस्ट उत्पादन करती है इस विशेष ब्रांड नामों के तहत टूथपेस्ट का उत्पादन होता है जो कि बाजार प्रतिस्पर्धा के लिए होता है। यह प्रतियोगिता, एकाधिकारात्मक प्रतियोगिता का हिस्सा कहलाता है।

इस प्रकार एकाधिकार प्रतियोगिता, के तहत ब्रांड का एकाधिकार है, परन्तु प्रतिद्वन्दी विक्रेताओं द्वारा उसे प्रतियोगिता दी जाती हे उसी ब्रांड का

निकटतम उत्पाद विक्रय के द्वारा, जिसे वह ब्रांड के नाम से बाजार में विक्रित करता है।

उद्योगों में फर्मो के प्रवेश एवं बहिर्गमन की स्वतन्त्रता

एकाधिकारात्मक प्रतिस्पर्धा के अन्तर्गत प्रत्येक फर्म का आकार छोटा होता है तथा निकट के स्थानापन्न की वस्तु का उत्पादन करती है। वे उत्पादन सम्बन्धी निर्णय स्वतन्त्र रूप से लेती है। ऐसी स्थिति में लाभ होने पर दीर्धकाल में नई फर्मे उद्योग में प्रवेश करने तथा हानि होने पर उद्योग का बहिर्गमन करने की पुरानी फर्मो को छूट होती है। जिसके परिणामस्वरूप अल्पकाल में चाहे फर्म लाभ, हानि एवं सामान्य लाभ में से किसी भी स्थिती हो सकती है लेकिन दीर्धकाल में इस विशेषता के कारण प्रत्येक फर्म को सामान्य लाभ ही प्राप्त होता है।

एकाधिकार प्रतियोगिता, पूर्ण प्रतियोगिता की तरह है। जहाँ स्वतंत्र प्रवेश व स्वतन्त्र निकास की स्वतंत्रता फर्मे या कम्पनी को दी जाती है। नई फर्मो के प्रवेश पर किसी प्रकार का प्रतिबंध नही है। यहाँ स्वतंत्र प्रवेश से यह आशय है, कि नई फर्म/कम्पनी किसी भी एकाधिकार प्रतियोगी फर्म का निकटतम उत्पाद विकल्प बना सकती है। जिसे close subsititue या निकट स्थानापन्न कहते है। वह निकट–स्थानापन्न का उत्पादन करने के लिए प्रतियोगी बाजार में स्वतंत्र है। इसी प्रकार किसी फर्म पर उद्योग को छोड़कर जाने का किसी भी प्रकार का प्रतिबन्ध नहीं है।

विक्रय लागत

विक्रय लागत, एकाधिकार प्रतियोगिता की एक महत्वपूर्ण विशेषता है, जो फर्मे एकाधिकार प्रतियोगिता के अन्तर्गत एक दूसरे से प्रतियोगिता करती है वह विक्रय लागत व उत्पाद बिक्री विज्ञापन पर भी प्रतियोगी रहती है। अर्थात् उनमें विक्रय लागत व उत्पाद बिक्री संवर्धन व्यय में भी प्रतियोगिता का माहौल उत्पन्न होता है।

विक्रय लागत विभिन्न विक्रय संवर्धन उपायों के माध्यम से अपने उत्पाद की बिक्री को बढ़ावा देने के लिए कंपनी द्वारा किए गए व्यय है।"

बिक्री संवर्धन के उपायों में प्रतियोगी विज्ञापन, जैसे की समाचार पत्रों में प्रकाशित करवाना, टीवी में विज्ञापन प्रसारित करना आदि। वह घर–घर जाकर अभियान चलाना जो कि उत्पाद से सम्बन्धित हो उत्पाद पर छूट प्रदान करना आदि।

इन बिक्री संवर्धन उपायों के मूल उद्देश्य यह है कि उपभोक्ता को अन्य ब्रांड के बजाए अपने ब्रांड खरीदने के लिए उन्हें राजी करना, उपभोक्ताओं को लुभाने के लिए एक विशेष ब्रांड के निर्माता द्वारा इन उपायों का उपयोग किया जाता है।

पूर्ण प्रतियोगिता और एकाधिकार बाजार में बिक्री संवर्धन उपायों के लिए कोई स्थान नहीं है। पूर्ण प्रतियोगिता में उत्पाद पूरी तरह से सजातीय होते है अतः उन्हें विज्ञापित करने की कोई गुंजाईश नहीं रहती है। एकाधिकार में भी कोई विज्ञापन या बिक्री या बिक्री संवर्धन उपायों की आवश्यकता नहीं होती, इससे वहाँ कोई प्रतिस्पर्धा नहीं होती है।

गैर–मूल्य प्रतियोगिता

गैर–मूल्य प्रतियागिता भी एकाधिकारी प्रतियोगिता का मुख्य घटक है। एकाधिकारी प्रतियोगिता के अन्तर्गत उत्पादकों के बीच मूल्य सम्बन्धी प्रतियोगिता का उतना महत्व नहीं जितना कि वस्तु–विभेद में, कम्पनियों के एकाधिकार प्रतियोगिता तहत प्रतिस्पर्धा होती है, कीमतों में कमी लाकर नहीं। अर्थात् एकाधिकारात्मक प्रतिस्पर्धा के अन्तर्गत विक्रेताओं के मध्य मूल्य–स्पर्धा न होकर गैर–मूल्य प्रतिस्पर्धा रहती है। प्रत्येक प्रतिस्पर्धी फर्म द्वारा निकट की स्थानापन्न वस्तु का उत्पादन करने के कारण अपने ब्राड एवं ट्रेडमार्क की सहायता से वस्तु का प्रचार एवं विज्ञापन करके यह सिद्ध करने का प्रयास किया जाता है कि अन्य वस्तुओं की तुलना में हमारी वस्तु उत्तम, टिकाऊ, सस्ती है। इसके लिए प्रत्येक फर्म द्वारा विज्ञापन एवं विक्रय–कर्ताओं का सहारा लिया जाता है। जिसका बिक्री पर बहुत प्रभाव पड़ता है। और ग्राहक उस ओर आकर्षित होकर किसी वस्तु के विशिष्ट ब्राण्ड एवं ट्रेडमार्क वाली वस्तु का ही उपयोग करना शुरू कर देते है। इसका प्रभाव सीधे प्रतिस्पर्धा पर पड़ता है व भविष्य में इस विशिष्ट वस्तु के ग्राहक दूसरे ब्राण्ड एवं ट्रेडमार्क वाली वस्तु से भिन्न होते है।

स्वतंत्र मूल्य नीति

एकाधिकार प्रतियागिता के अंतर्गत कोई भी फर्म स्वतंत्र मूल्य नीति का पालन कर सकते है। यह कुछ हद तक वस्तु की कीमत (मूल्य) को प्रभावित कर सकते है। इसका आशय है, कि एकाधिकार प्रतियोगिता में एक फर्म या कंपनी अपने उत्पाद की "मूल्य निर्माता" होती है। अर्थात् अपने उत्पाद का मूल्य स्वनिर्धारण कर सकती है।

एकाधिकार प्रतियोगिता की विशेषताओं के विश्लेषण से, यह स्पष्ट प्रतीत होता है कि एकाधिकार बाजार संरचना का एक यथार्थवादी मॉडल होना चाहिए।

अधिकांश उपभोक्ता वस्तुओं, वस्त्र, कपड़े, खाद्य उत्पादों, आम उपयोग के समान (जैसे टूथपेस्ट, साबुन, ब्लेड, पेन) इलेक्ट्रॉनिक्स आदि को अलग–अलग ब्राण्ड नाम के साथ उत्पादित किया जाता है। उदाहरण के लिए विभिन्न ब्राण्डों के साबुन जैसे पियर्स, लक्स, टूथपेस्ट जैसे कोलगेट, फोरहेन्स आदि, जूते जैसे बाटा, वूडलेण्ड, मेसकॉस आदि की तरह टेलीविजन जैसे सोनी, फिलिप्स। आप जिस उत्पाद का उपयोग करते है इसका नाम भी जानते है, व यह विभिन्न ब्राण्ड नामों के तहत उत्पादित किया जाता है।

इससे यह पता चलता है कि एकाधिकार प्रतियोगिता के लिए वास्तविक बाजार परिस्थितियाँ मेल खाती है।

एकाधिकार प्रतियोगिता की विशेषताएँ

1. क्रेता एवं विक्रेता का अधिक संख्या
2. वस्तुओं का विभेदीकरण
3. फर्म का स्वतन्त्र प्रवेश एवं निर्गमन/बहिर्गमन
4. विक्रय लागत
5. गैर–मूल्य प्रतिस्पर्धा
6. स्वतंत्र मूल्य नीति

अल्पाधिकार

अल्पाधिकार अपूर्ण प्रतियोगिता का महत्वपूर्ण अंग है। यह उस प्रकार की बाजार संरचना है, जहाँ बाजार में थोड़े से विक्रेता हो और उनमें आपसी प्रतियोगिता भी कम हो।

'Oligopoly' शब्द की उत्पत्ति यूनानी भाषा के 'Oligoi' तथा 'Pollein' शब्दों से हुई है। इसमें Oligo से आशय थोड़ा–सा या कुछ (A few) तथा 'Pollein' शब्द से आशय बेचना (to sell) है अर्थात् oligoply शब्द से आशय थोड़े से विक्रेताओं से है जिनके द्वारा समरूप वस्तु अथवा भिन्न वस्तु का उत्पादन करते है। लेकिन भिन्न वस्तुएँ निकट की स्थानापन्न होती है। कम विक्रेताओं की संख्या अल्पाधिकार की स्थिति को थोड़ा मुश्किल बनाती है। अर्थात् अल्पाधिकार बाजार की एक ऐसी स्थिति होती है जिसमें वस्तु अथवा सेवा के बहुत थोड़े अर्थात् अल्प उत्पादक सेवा प्रदाता होते है। पर समान्यतः हम कह सकते है जहाँ एक उत्पाद के विक्रेताओं की संख्या दो से दस है वह अल्पाधिकार बाजार स्थिति कहलाती है।

अल्पाधिकार ऐसी बाजार संरचना है जहाँ किसी उत्पाद का उत्पादन बड़ी संख्या में किया जाता है। जैसे ओटोमोबाइल, इलेक्ट्रानिक उत्पाद और उपभोक्ता उत्पादों जैसे बेबी खाद्य पदार्थ, वनस्पति तेल, शीतल पेय पदार्थ आदि।

अल्पाधिकार बाजार संरचना का वह रूप भी है जिसमें किसी वस्तु के कुछ ही विक्रेता होते है। ये विक्रेता समरूप वस्तु के उत्पादक भी हो सकते है जैसे सीमेन्ट, सोना, चाँदी एवं इस्पात आदि। इसके विपरीत ये विक्रेता भिन्न वस्तु जिसके निकट के स्थानापन्न होते है, के उत्पादक भी हो सकते है जैसे कार, मोटर, बाईक, ट्रेक्टर आदि।

अल्पाधिकार की विशेषताएँ

अल्पाधिकार बाजार संरचना की मूलभूत विशेषताएँ निम्नलिखित है।

तीव्र प्रतिस्पर्धा

जब किसी उद्योग में बहुत ही कम उत्पादक होते है, तो उनके बीच गहन प्रतिस्पर्धा मौजूद रहती है। इसके बाद जब केवल कुछ फर्म है, प्रत्येक फर्म बाजार का एक बड़ा हिस्सा उत्पादित करती है। केवल कुछ प्रतिद्वन्दी कंपनियाँ होने के कारण प्रत्येक फर्म जानती है कि बाजार मूल्य को प्रभावित करने के लिए उसके पास बाजार की महत्वपूर्ण शक्ति है। लेकिन वह यह भी जानते है कि उद्योग में अन्य कंपनियों को भी ऐसी शक्ति है।

फर्मो की संख्या कम या छोटी होने के कारण एक फर्म की किसी भी कार्यवाही से प्रतिद्वन्दी कंपनियों पर असर पड़ सकता है। इसलिए हर फर्म प्रतिद्वन्दी कंपनियों की गतिविधियों पर करीब नजर बनाए रखता है। व अपनी प्रतिद्वंदी कंपनियों से प्रतिस्पर्धा से निपटने के लिए एक उपयुक्त रणनीति तैयार करने में हमेशा व्यस्त रहते है। इस प्रकार से अपनी प्रतिद्वंदी कंपनियो से प्रतिस्पर्धा का सामान करने के लिए रक्षात्मक और आक्रामक रणनीति विकसित की जाती है यह फर्म द्वारा अपने को बाजार में समृद्ध व बाजार में अपना अस्तित्व बनाए रखने के लिए किया जाता है। अल्पाधिक अंतर–फर्म (फर्मो के बीच) प्रतियोगिता का उच्चतम रूप है।

परस्पर निर्भरता

परस्पर निर्भरता अल्पाधिकार की एक महत्वपूर्ण विशेषता है, जो फर्मो के निर्णय लेने में सहायक है। अल्पाधिकार प्रतियोगिता में फर्मों की संख्या इतनी कम होती है कि प्रत्येक फर्मे को अपनी प्रतिद्वन्दियों के बारे कुछ भी प्रतिक्रया की चिंता रहती है। इसका कारण यह है कि जब प्रतियोगियों की संख्या कम है, तो एक फर्म द्वारा मूल्य, उत्पादन व उत्पाद आदि में कोई बदलाव प्रतिद्वंदी फर्मो को भी प्रभावित करेगा। और उन्हें अपने उत्पाद, उत्पादन व उसके मूल्य को लेकर जवाबी कार्यवाही के लिए मजबूर होना पड़ेगा। अर्थात् फर्म द्वारा की गई कार्यवाही या परिवर्तन दूसरी प्रतिद्वंदी फर्मो के लिए महत्वपूर्ण होगी व उन्हें उसके प्रति सचेत रहना होगा अगले प्रतियोगी–दिशा–निर्देश निर्धारित करने के लिए।

उदाहरण के लिए, यदि मारूती उद्योग, मारूती कारों के खरीदारों को कार का मुफ्त बीमा प्रदान करने का प्रस्ताव करता है, तो बाजार में उपस्थित दूसरे प्रतियोगी वाहन निर्माता जैसे सेन्ट्रो कार कंपनी भी अपनी कारों पर यही प्रस्ताव दे सकते है। इसलिए मारूती उद्योग के ऐसे किसी भी प्रस्ताव (offer) करने से पहले, अन्य कारों के विक्रेताओं का इस की प्रतिक्रिया करना होगी। यह परस्पर निर्भरता, क्रिया व प्रतिक्रिया जो कि प्रतिद्वंदी कंपनियों के बीच होती है वह मूल्य निर्धारण व मूल्य काटने से सम्बन्धित रहता है। यह हर दो फर्मो के बीच इन्ही दोनों को लेकर क्रिया व प्रतिक्रिया बनी रहती है। यही भारतीय बाजार में 'कोक' व 'पेप्सी' के मामले में हो रहा है।

उत्पाद की प्रकृति

अल्पाधिकार के तहत फर्मे सजातीय उत्पाद (एक समान) या विभेदित उत्पाद (अलग–अलग) का उत्पादन कर सकती है। तद्नुसार यह हो सकता है, "अल्पाधिकार बिना विभेदित उत्पाद के साथ" (विशुद्ध अल्पाधिकार) और "अल्पाधिकर विभेदित उत्पाद के साथ" अर्थात् विशुद्ध अल्पाधिकार–जब सभी फर्मे आपस में मिलकर समान वस्तु का उत्पादन तथा विक्रय करती हे। विभेद अल्पाधिकार–जब अलग–अलग फर्मे अलग–अलग वस्तुओं का उत्पादन करती है।

ऑटोमोबाइल उद्योग में "मारूती", "सेन्ट्रो", इण्डिका और प्रशीतन उद्योग में "एलजी", "नेशनल" और गोदरेज विभेदित अल्पाधिकार के उदाहरण है। दूसरी ओर "इण्डेन" और "भारत" रसाई गैस शुद्ध एकाधिकार के उदाहरण है।

विक्रय लागत का महत्व

अल्पाधिकार के तहत तीव्र प्रतिस्पर्धा और फर्मों में परस्पर निर्भरता को देखते हुए फर्मे मूल्य में कटौती, छूट, घर–पहुँच अभियान, विज्ञापन जैसे विभिन्न बिक्री को बढ़ावा देने वाले उपायों के माध्यम से एक–दूसरे को प्रतिस्पर्धा देते है। इसलिए अल्पाधिक बाजार संरचना में बिक्री लागत व विज्ञापन का बहुत महत्व है। विज्ञापन की महत्ता अल्पाधिकार प्रतियोगिता में पूरे जोरो पर रहती हे और कई बार विज्ञापन जीवन और मृत्यु का मामला बन सकता है (उत्पाद बिक्री के सन्दर्भ में)/कोक और पेप्सी के बीच टीवी विज्ञापनों में युद्ध इस तथ्य की गवाही है।

प्रवेश में बाधा

अल्पाधिकार के लम्बे समय तक के अस्तित्व में नए फर्मो के प्रवेश में बाधा उत्पन्न होती है। नई फर्मो के प्रवेश करने के लिए इन बाधाओं के अभाव में, अल्पाधिकार लम्बे समय में कुछ विक्रेताओं की अपनी विशेषता को बनाए रखने की दशा में नहीं रहता है। आधुनिक अर्थव्यवस्थाओं में कुछ बड़ी कम्पनियों का प्रभुत्व रहता है, इसकी वजह है, बड़े पैमाने पर उत्पादन, पुराने फर्मो की लागत लाभ, कीमत में कटौती, महत्वपूर्ण निवेशों पर नियंत्रण, पेटेंट अधिकार आदि। ये सभी कारक उद्योग में नई फर्मो/कंपनियों के प्रवेश को रोकते है और अल्पाधिकारी की रक्षा करते है।

अल्पाधिकारी फर्म का मांग वक्र अनिश्चित होता है

अल्पाधिकार की एक महत्वपूर्ण विशेषता यह है, अल्पाधिकारी का मांग वक्र अनिश्चित रहता है। एक मांग वक्र यह दर्शाता है कि फर्म के उत्पाद की मात्रा को विभिन्न कीमतों पर बेच सकते है। एक फर्म जो कि पूर्ण प्रतियोगिता या अल्पाधिकार या अल्पाधिकार प्रतियोगिता के तहत कार्य करते है, तो वहाँ निश्चित माँग वक्र होगा, क्योंकि वहाँ पर प्रतिद्वंद्वी कंपनियों की प्रतिक्रिया पर ध्यान नहीं दिया जाता है। लेकिन अल्पाधिकार के तहत ऐसा नहीं होता है, एक अल्पाधिकारी अपने प्रतिद्वंदी फर्म की प्रतिक्रिया को नजरअंदाज नहीं करता है । यह कंपनियों की परस्पर निर्भरता को देखते हुए होता है। एक फर्म द्वारा कीमत में किसी भी प्रकार का परिवर्तन प्रतिद्वंद्वी कंपनियों के कीमतों में परिवर्तन का परिणाम हो सकता हे। इसके परिणामस्वरूप एक अल्पाधिकारी का मांग वक्र बदलता रहता है। इसलिए एक अल्पाधिकारी का मांग वक्र निश्चित न होकर अनिश्चित रहता है।

अल्पाधिकार की विशेषताएँ

1. तीव्र प्रतिस्पर्धा
2. परस्पर निर्भरता
3. उत्पाद की प्रकृति
4. विक्रय लागत का महत्व
5. फर्मो के प्रवेश में बाधा
6. अल्पाधिकारी फर्म का माँग वक्र अनिश्चित होता है।

12.4 बाजार के विभिन्न रूपों के मध्य तुलना : संक्षिप्त अवलोकन

क्र.		बाजार के प्रकार			
		पूर्ण प्रतियोगिता	एकाधिकार प्रतियोगिता	अल्पाधिकार	एकाधिकार
1.	विक्रेताओं की संख्या	विक्रेताओं की बड़ी संख्या	विक्रेताओं की पर्याप्त संख्या	कुछ विक्रेता	एकल विक्रेता
2.	क्रेताओं की	क्रेताओं की	क्रेताओं की	क्रेताओं की	क्रेताओं की

	संख्या	बड़ी संख्या	बड़ी संख्या	बड़ी संख्या	बड़ी संख्या
3.	उत्पाद की प्रकृति	सजातीय उत्पाद	विभेद उत्पाद	सजातिया या विभेद उत्पाद	सजातीय उत्पाद
4.	जानकारी की प्रकृति	पूर्ण ज्ञान	अल्प ज्ञान	अल्प ज्ञान	अल्प ज्ञान
5.	प्रवेश या निकास का स्वरूप	स्वतंत्र प्रवेश व निर्गम	स्वतंत्र प्रवेश व निर्गम	विकसित मांगचक्र	बन्द प्रवेश
6.	बाजार की ताकत/शक्ति	कोई शक्ति नहीं	मामूली अधिकार	महत्वपूर्ण शक्तियाँ	अधिक शक्तियाँ
7.	मूल्य पर प्रभाव का स्वरूप	मूल्य ग्रहिता	मूल्य निर्माता	मूल्य निर्माता	मूल्य निर्माता
8.	विक्रय लागत	अस्तित्व नहीं	मौजूद	मौजूद	अस्तित्व नहीं
9.	माँग वक्र का झुकाव	पूरी तरह से लोचदार	ऋणात्मक झुकाव लेकिन कम लोचदार	माँग वक्र	ऋणात्मक झुकाव लेकिन कम लोचदार
10.	AR एवं MR के साथ संबंध	AR = MR	AR > MR	AR > MR	AR > MR
11.	लाभ की प्रकृति (अंततोगत्वा/ लम्बे समय तक)	सामान्य	अधिक सामान्य	अधिक सामान्य	अधिक सामान्य

12.5 सारांश

बाजार की अवधारणा इस प्रकार है, एक स्थान जहाँ आम (दैनिक) उपयोग की वस्तु मिलती है, जिसे कुछ लोगों द्वारा खरीदा जाता है। उस स्थान को बाजार कहा जाता है।

हालांकि अर्थशास्त्र में बाजार शब्द का उल्लेख किसी विशेष स्थान से नहीं है, लेकिन यह ऐसा तंत्र या व्यवस्था है जहाँ किसी वस्तु के क्रेता एवं विक्रेता, एक–दूसरे से जूड़ते है व आर्थिक आदान–प्रदान करने के लिए सक्षम होते है, यहाँ पर किसी वस्तु को लेकर उसके मूल्य व मात्रा को ध्यान रखकर खरीदा व बेचा जाता है, जिसे 'सौदा' भी कहते है।

बाजार के विभिन्न प्रकार को बाजार की संरचना, प्रतिस्पर्धा के आधार पर वर्गीकृत किया जाता है। जैसे एक वस्तु (उत्पाद) के विक्रेताओं की संख्या, उत्पाद की प्रकृति, उत्पाद के खरीददारों की संख्या, उद्योग में प्रवेश पर प्रतिबंध का अंश, बाजार के बारे में ज्ञान और विज्ञापन की सीमा ऐसी कुछ

महत्वपूर्ण विशेषताएँ है जिनके आधार पर हम बाजार के विभिन्न रूपों के बीच अन्तर कर सकते है।

पूर्ण प्रतियोगिता एक बाजार संरचना है, जहाँ उत्पादकों (कंपनियों) द्वारा एक बड़ी संख्या में सजातीय उत्पाद के उत्पादन होता है, इससे किसी व्यक्तिगत फर्म, वस्तु की कीमत (मूल्य) को प्रभावित नहीं कर सकती है।

एकाधिकार एक बाजार संरचना है, जिसमें केवल एक विक्रेता होता है। किसी उत्पाद का, वह ही उसका उत्पादन करता है, जिसे 'एकल उत्पाद' भी कहा जाता है। यहाँ उत्पाद का कोई निकट स्थानापन्न नहीं होता है। एकाधिकार प्रतियोगिता में कुछ तत्व एकाधिकार के होते है व कुछ तत्व प्रतियोगिता के पाये जाते है। एकाधिकार और प्रतिस्पर्धा तत्वों का सम्मिश्रण, एक एकाधिकार प्रतियोगिता बाजार की संरचना को दर्शाता है। दूसरी ओर अल्पाधिकार, अपूर्ण प्रतियोगिता का एक महत्वपूर्ण रूप है। इस बाजार संरचना क्षेत्र में कुछ फर्में ही किसी उत्पाद को विक्रय करती है। अतः उनके बीच तीव्र प्रतिस्पर्धा विकसित होती है।

12.6 शब्दावली

बाजार : बाजार एक ऐसा स्थान है जहाँ क्रेता और विक्रेता इकट्ठा होते है, किसी वस्तु या उत्पाद को क्रय और विक्रय करने हेतु।

पूर्ण प्रतियोगिता : पूर्ण प्रतियोगिता कई फर्मों/कंपनियों की उपस्थिति को बाजार में दर्शाता है। वे सभी समान उत्पादों का विक्रय करती है। यहाँ विक्रेताओं 'मूल्य ग्रहिता' कहा जाता है।

एकाधिकार : एकाधिकार बाजार की वह स्थिति है जहाँ एकल विक्रेता मौजूद रहता है, उसका उत्पाद पर व पूरे बाजार पर उसका नियंत्रण रहता है।

अपूर्ण या एकाधिकार प्रतियोगिता : अपूर्ण प्रतियोगिता के तहत यहाँ पर क्रेताओं और विक्रेताओं की बड़ी संख्या बाजार में मौजूद रहती है। प्रत्येक विक्रेता अपनी स्वयं की मूल्य उत्पाद नीति का पालन कर सकते है।

12.7 बोध प्रश्न

रिक्त स्थानों की पूर्ति

1. .... एक भौतिक स्थान है, जहाँ पर वस्तुओं को खरीदा और बेचा जाता है।
2. एक .... बाजार संरचना में व्यक्तिगत फर्म, बाजार में वस्तु के मूल्य को प्रभावित करने की शक्ति को दर्शाता है।
3. .... बाजार में फर्म मूल्य–निर्माता के बाजार मूल्य–ग्रहिता होती है।
4. .... उस वस्तु का उत्पादन करते है जिनके निकट स्थानापन्न नहीं होते है।

12.8 बोध प्रश्नों के उत्तर

(अ) बाजार (ब) प्रतियोगितात्मकता (स) पूर्ण प्रतियोगिता (द) एकाधिकारी

12.9 स्वपरख प्रश्न

1. बाजार से क्या आशय है ?

2. बाजार की विशेषताओं का वर्णन कीजिए ?
3. एकाधिकार किसे कहते है ?
4. एकाधिकार प्रतियोगिता किसे कहते है ?
5. अल्पाधिकार किसे कहते है ?
6. अपूर्ण प्रतियोगिता क्या होती है ?
7. विशुद्ध प्रतियोगिता से क्या आशय है ?
8. बाजार के विभिन्न प्रकारों की विशेषताओं की तुलना कीजिए ?
9. एकाधिकार और एकाधिकार प्रतियोगिता के मध्य अन्तर को स्पष्ट कीजिए ?

12.10 संदर्भ पुस्तकें

1. योगेश माहेश्वरी, प्रबंधकीय अर्थशास्त्र, प्रिन्टेक हॉल ऑफ इण्डिया, नई दिल्ली.
2. डी. एन. द्विवेदी, प्रबंधकीय अर्थशास्त्र, विकास पब्लिशिंग हाउस प्रा. लि., नई दिल्ली.
3. टी. आर. जैन, ओ. पी. खन्ना एवं वीरसेन, सूक्ष्म अर्थशास्त्र एवं भारतीय अर्थव्यवस्था, बी. के. पब्लिशर्स, नई दिल्ली.
4. एच. एल. आहुजा, आधुनिक प्रबंधकीय सिद्धान्त, एस चन्द एवं सन्स क. लि., नई दिल्ली.
5. आत्मानन्द, प्रबंधकीय अर्थशास्त्र, एक्सैल बुक, दिल्ली.
6. आर. एल. वार्ष्णेय एवं के. एल. माहेश्वरी, प्रबन्धकीय अर्थशास्त्र, सुल्तान चन्द एवं सन्स, नई दिल्ली.

इकाई 13 पूर्ण प्रतियोगिता एवं एकाधिकार

इकाई की रूपरेखा

13.1 प्रस्तावना
13.2 पूर्ण प्रतियोगिता से आशय
13.3 पूर्ण प्रतियोगिता की विशेषताएँ
13.4 पूर्ण प्रतियोगिता फर्म का अल्पावधि विश्लेषण
13.5 पूर्ण प्रतियोगिता फर्म का दीर्घावधि विश्लेषण
13.6 एकाधिकार
13.7 एकाधिकार और पूर्ण प्रतियोगिता के मध्य तुलना
13.8 मूल्य निर्धारण/मूल्य विभेद
13.9 सारांश
13.10 शब्दावली
13.11 बोध प्रश्न
13.12 बोध प्रश्नों के उत्तर
13.13 स्वपरख प्रश्न
13.14 सन्दर्भ पुस्तकें

उद्देश्य

इस इकाई के अध्ययन के पश्चात आप इस योग्य हो सकेंगे कि :

- पूर्ण प्रतियोगिता की परिभाषा की व्याख्या कर सकें।
- पूर्ण प्रतियोगिता की विशेषताओं का वर्णन कर सकें।
- एकाधिकार की परिभाषा की व्याख्या कर सकें।
- मूल्य निर्धारण का वर्णन कर सकें।

13.1 प्रस्तावना

बाजार की संरचना अर्थव्यवस्था के परिपेक्ष में फर्मों के व्यवहार का अध्ययन करने के लिए सबसे अधिक इस्तेमाल किया जाने वाला दृष्टिकोण है। इस प्रकार, बाजार संरचना जिसके अन्तर्गत एक फर्म संचालित करने के लिए है, फर्म के लक्षण और गतिशीलता, किसी उत्पाद के मूल्य व मात्रा को तय करने में बहुत उपयोगी है।

13.2 पूर्ण प्रतियोगिता का अभिप्राय/आशय

बाजार संरचना को मुख्यतः दो श्रेणियों में वर्गीकृत किया जा सकता है – पूर्ण प्रतियोगिता एवं अपूर्ण प्रतियोगिता। अपूर्ण प्रतियोगिता को एकाधिकार, एकाधिकार प्रतियोगिता और अल्पाधिकार के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है। प्रतियोगिता बाजार में क्रेताओं और विक्रेताओं की संख्या अधिक होती है, व सजातीय उत्पादों की बिक्री बाजार में होती है, यहाँ पर एकल क्रेता या विक्रेता उत्पाद की कीमत को प्रभावित नहीं कर सकता है। एकाधिकार प्रतियोगिता बाजार में केवल एक ही विक्रेता समस्त बाजार को नियंत्रित करता है। अल्पाधिकार बाजार संरचना का वह रूप है, जहाँ बाजार में कुछ ही विक्रेता मौजूद रहते है। एकाधिकार प्रतिस्पर्धा बाजार में, क्रेता एवं विक्रेता की संख्या

यह सुनिश्चित करती है कि जो उत्पाद है वह भिन्न है व उसका मूल्य भी भिन्न है। इस इकाई में, हम पूर्ण प्रतिस्पर्धा एवं एकाधिकार पर चर्चा करेंगे।

पूर्ण प्रतियोगिता साधारणतः वहाँ होती है जहाँ बड़ी संख्या में फर्मे/कंपनिया एक सजातीय उत्पाद का उत्पादन करती है। प्रतियोगिता पूर्ण तभी कहलाएगी, जब हर कम्पनी समझती है कि यह उत्पादन में यह प्रचलित बाजार मूल्य है, जो अलग–अलग निर्माता बाजार में है द्वारा प्रभावित नहीं किया जा सकता है जिनका बाजार में हिस्सा भी बहुत कम रहता है। कई फर्मे और सजातीय उत्पाद के साथ पूर्ण प्रतियोगिता में, कोई एक फर्म इस स्थिति में उत्पाद की कीमत को प्रभावित नहीं कर सकती है, इसलिए मांग वस्तु, प्रचलित मूल्य के इस स्तर पर एक क्षैतिज सीधी रेखा हो जाएगा। हालांकि पूर्ण प्रतियोगिता वास्तविक अर्थव्यवस्था में मौजूद नहीं है, यह प्रबन्धकों और व्यापारियों को उत्पादन के बारे में निर्णय लेने के लिए उपयोगी है– एक उद्योग या एक फर्म के लिए मूल्य निर्धारण में भी उपयोगिता दर्शाता है। यह मांग और मूल्य निर्धारण में आपूर्ति की भूमिका का विश्लेषण करने में मदद करता है।

13.3 पूर्ण प्रतियोगिता की विशेषताएँ

पूर्ण प्रतिस्पर्धी बाजार की विशेषताएँ निम्नलिखित हैं–

क्रेताओं और विक्रेताओं की अधिक संख्या होना

यहाँ क्रेताओं और विक्रेताओं की संख्या अधिक होती है, इसलिए एक व्यक्ति क्रेता या विक्रेता नहीं होता है। हालांकि बड़ी संख्या, मूल्य को प्रभावित कर सकती है, उत्पादन या खरीद को लेकर। इस तात्पर्य यह है कि व्यक्तिगत खरीदार या विक्रेता बाजार में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करता है।

सजातीय/समरूप उत्पाद (वस्तुएँ)

उद्योग में सभी कंपनियाँ एक समान उत्पादों का उत्पादन करती है। यह उत्पाद गुणवत्ता, विविधता, रंग, डिजाइन, पैकिंग और विक्रय की स्थिति के सन्दर्भ में एक समान होते हैं।

फर्म का स्वतंत्र प्रवेश एवं बहिर्गमन

यहाँ फर्मों के बाजार प्रवेश व बाजार से बाहर जाने (बहिगर्मन) की पूर्ण स्वतंत्रता रहती है, किसी प्रकार की बाधा या अवरोध, पूर्ण प्रतियोगिता बाजार में नहीं रहता है। प्रवेश या निकास में समय लग सकता है, लेकिन फर्मो को बाहर जाने की स्वतंत्रता रहती है या उद्योग को बाहर स्थनांतरित करने की भी स्वतंत्रता रहती है।

बाजार का पूर्ण ज्ञान

बाजार की स्थितियों के बारे में क्रेताओं ओर विक्रेताओं को पूर्ण ज्ञान होना चाहिए क्रेताओं और विक्रेताओं को परिस्थितियों का पूर्ण ज्ञान होना चाहिए, जिसमें फर्म काम कर रही है। उन्हें बाजार में वस्तुओं के लिए उद्घृत कीमत के बारे में भी जानकारी होना चाहिए।

पूर्ण गतिशीलता

चूंकि संसाधनों को चलित (गतिशल) माना जाता है, उन्हें आसानी से बाजार में और बाहर स्थानांतरित किया जा सकता है। सामान (वस्तुएँ) एवं सेवाएँ तथा अन्य संसाधन पूरी तरह से फर्मो के मध्य गतिशील रहते हैं।

परिवहन लागत का अभाव

पूर्ण प्रतिस्पर्धा में, उत्पाद को बाजार के एक हिस्से से दूसरे में ले जाने के लिए परिवहन लागत शून्य रहती है। अर्थात् परिवहन लागतें नहीं होती हे, क्योंकि विभिन्न फर्मे एक दूसरे के बहुत समीप स्थित होती है। विक्रेताओं की बड़ी संख्या और उत्पाद एकरूपता की यह मान्यता है कि पूर्ण प्रतियोगिता बाजार में सभी व्यक्तिगत (एकल) फर्मे मूल्य लेने का काम करते हैं तथा उन्हें मूल्य ग्रहिता भी कहा जाता है। (फर्म दिए जाने वाले उत्पाद (विक्रेता उत्पाद) पर बाजार मूल्य लेता है, और अपने स्वयं के व्यवहार के माध्यम से मूल्य को प्रभावित करने में सक्षम नहीं है।)

पूर्ण प्रतियोगिता में मांग वक्र बहुत ज्यादा लोचदार रहता है जिसका अर्थ यह है कि फर्म किसी भी वस्तु को प्रचलित बाजार मूल्य पर बेच सकती है। पूर्ण प्रतिस्पर्धी बाजार में फर्म का मांग वक्र बाजार मूल्य P पर क्षैतिज है। (आकृति 13.1) बाजार मूल्य को आपूर्ति एवं मांग बलो द्वारा निर्धारित किया जाता है। एक फर्म के लिए P = AR = ,R जहाँ AR औसत आय होती है और AR सीमान्त आय होती है।



13.4 पूर्ण प्रतियोगिता फर्म का अल्पावधि विश्लेषण

पूर्ण प्रतियोगिता में एक फर्म की अल्पावधि सन्तुलन को कुल आय, कुल लागत, सीमान्त आय और सीमान्त लागत के आधार पर प्राप्त किया जा सकता है। जैसा की फर्मे यहाँ मूल्य–ग्रहिता है, एक उद्योग में एक फर्म एक स्तर पर जहाँ MC = MR के लिए उत्पादन का समायोजन करके अपने लाभ को अधिकतम करने की कोशिश करती है। यहाँ लाभ से आशय है है कि बिक्री द्वारा प्राप्त कुल आय और फर्मे द्वारा की गई कुल लागत के बीच का अन्तर है। एक फर्म का लाभ अधिकतम दो तरीकों से मापा जा सकता हे कुल आय और कुल लागत पद्धति और सीमान्त लागत एवं सीमान्त आय पद्धति के द्वारा। तालिका 13.1 यह दर्शाती है कि कैसे कुल आय और कुल लागत पद्धति के साथ लाभ को अधिकतम किया जा सकता है। लाभ उत्पादन की 5वीं इकाई से सकारात्मक हो जाता है। लाभ में यह सकारात्मक बदलाव जारी है और 8वीं इकाई द्वारा अधिकतम तक पहुंच जाता है, और धीरे–धीरे 9वीं इकाई द्वारा

गिरावट शुरू होती है। और अंत में फर्म का लाभ उत्पाद की 10वीं इकाई के द्वारा नकारात्मक हो जाता है।

जब हम पूर्ण प्रतियोगिता में अधिकतम लाभ को विश्लेषित करते हैं, कुल आय एवं कुल लागत पद्धति की मदद से जैसा की तालिका 13.1 में दर्शाया गया है। फर्म का लाभ एक विशेष अवधि के लिए नकारात्मक होगा जैसा की 4वीं इकाई में होता है उत्पादन के सन्दर्भ में, और 5वीं इकाई में यह सकारात्मक हो जाता है।

तालिका क्रमांक 13.1
कुल लागत कुल आय

बाजार मूल्य	उत्पादन व बिक्री की दर	कुल आय	कुल तय लागत	कुल चर लागत	कुल लागत	लाभ
100	1	100	300	40	340	-240
100	2	200	300	70	370	-170
100	3	300	300	90	390	-90
100	4	400	300	115	415	-15
100	5	500	300	145	445	55
100	6	600	300	185	485	115
100	7	700	300	250	550	150
100	8	800	300	350	650	150
100	9	900	300	510	810	90
100	10	1000	300	750	1050	-50

पूर्ण प्रतियोगिता में, चुंकि फर्म एकल मूल्य लेने वाला होता है, अतः कुल आय वक्र एक सीधी रेखा होती है। तय लागत स्थिर रहती है और इसे बदला नहीं जा सकता। फर्म एक निर्धारित मूल्य स्वीकार करते है, और इसे संतुलित बनाने के लिए उत्पादन में समायोजन किया जाता है। और फर्म एक अधिकतम लाभदायक बिन्दु तक पहुँचने की कोशिश करते है जहाँ कुल आय, कुल कीमत (मूल्य) के बराबर होती है। (आकृति 13.2)



(आकृति 13.2)

तालिका क्रमांक 13.2
सीमांत लागत, सीमांत आय पद्धति (दृष्टिकोण)

उत्पादन एवं बिक्री	सीमांत आय/मूल्य	सीमांत लागत	औसत कुल	इकाई लाभ	कुल लाभ

			लागत		
1	100	40	340	-240	-240
2	100	30	185	-85	-170
3	100	20	130	-30	-90
4	100	25	1038	-38	-15
5	100	30	89	11	55
6	100	40	88	192	115
7	100	65	786	214	150
8	100	100	812	188	150
9	100	160	90	10	90
10	100	245	105	-5	-50

सीमान्त दृष्टिकोण (पद्धति) को तालिका 13.2 की मदद से समझाया गया है।

उपरोक्त तालिका से यह स्पष्ट होता है कि फर्म अपना अधिकतम लाभ अर्जित करता है जब सीमांत लागत मूल्य और सीमांत आय बराबर होती है।

फर्म अपने लाभ को अधिकतम 8वीं उत्पादन के साथ करता है जब सीमान्त लागत और सीमान्त आय बराबर होते है या मूल्य 100 होता है। जबकि सीमांत आय को परिभाषित किया जा सकता है, कुल आय को जोड़, उसमें एक और इकाई की बिक्री, जबकि सीमान्त लागत उत्पादन की एक और इकाई की वजह से कुल लागत का परिणाम, इस प्रकार, एक फर्म का लाभ बढ़ जाता है जब सीमान्त आय, सीमांत लागत से अधिक है और लाभ घटने लगता, तब सीमांत लागत, सीमांत आय से अधिक हो जाती है। इस प्रकार जब सीमांत आय और सीमांत लागत बराबर होती है, लाभ अधिकतम होता है। (आकृति 13.3)

आकृति 13.3 में, फर्म अपने अधिकतम उत्पादन स्तर पर बिन्दु E पर पहुंचता है जहाँ MC = MR और इसके लाभ अधिकतम है। लाभ का अधिकतम विश्लेषण फर्म की सम विच्छेद बिन्दु और कामबन्दी (शट डाउन प्वाइंट) का विश्लेषण करने में मदद करता है।

यदि फर्म अपने औसत परिवर्तनीय लागत मूल्य के नीचे काम कर रहा है, तो यह फर्म अपने परिचालन को बंद करने के लिए बेहतर है। अर्थात् वह फर्म को बन्द कर सकते है।



(आकृति 13.3)

13.5 पूर्ण प्रतियोगिता फर्म का दीर्घावधि विश्लेषण

पूर्ण प्रतिस्पर्धा में, लम्बे समय तक चलने वाले संतुलन किसी फर्म के अस्तित्व को लेकर निर्णायक भूमिका निभाता है। इस लम्बी अवधि में, पर्याप्त समय अवधि के कारण, फर्म अपने नुकसान (हानि) की भारपाई कर सकता है और सामान्य लाभ कमा सकता है। हम जानते है, लंबी अवधि में, सभी निवेश परिवर्तनशील रहते है और अपने उत्पादन को लेकर लाभदायक स्थिति में रहते है, यानी यह उत्पादन का सबसे अधिक लाभदायक स्तर हो सकता है।

फर्म मुनाफा (लाभ) कमाते हुए दूसरों को उद्योग में प्रवेश करने के लिए आकर्षित करती है। नई फर्मो के प्रवेश के साथ कुल उत्पादन का विस्तार होता है। इससे अल्पकालीन उद्योग की आपूर्ति वक्र में बदलाव आएगा और कीमत पर जिस पर सभी कंपनियाँ लम्बे समय से शून्य लाभ कमाती है। इससे उद्योग में संतुलन होगा। आकृति 13.4 में, जहाँ उद्योग और फर्म दीर्घकालीन सन्तुलन में रहते है बिन्दु E जहाँ अल्पावधि सीमांत लागत (SMC) = लम्बी अवधि सीमांत लागत (LMC) = लम्बे समय औसत लागत (LAC) = अल्पावधि औसत लागत (SAC) = मूल्य (P) = सीमांत आय (MR) फर्म अपने LAC वक्र पर सबसे कम बिन्दु दर्शाता है और शून्य लाभ कमाता है। इस प्रकार न्यूनतम लागत पर, संसाधनो का सबसे अधिक कुशलता से उपयोग, सामान और सेवाओं का उत्पादन करने के लिए किया जाता है।



आकृति 13.4 **(a) & (b): Long run Equilibrium Point of a Firm, Long run Equilibrium Point of an Industry**

13.6 एकाधिकार

एकाधिकार बाजार संरचना का एक प्रकार है, जिसमें बाजार में किसी उत्पाद का केवल एक विक्रेता होता है, वहाँ उत्पाद का कोई निकट स्थानापन्न (Closed substitute) उपलब्ध नहीं होता है, यहाँ नई फर्मों के प्रवेश पर अवरोध उत्पन्न होता है। इस प्रकार एकाधिकार बाजार, प्रचलित पूर्ण प्रतियोगिता बाजार स्थिति के बिल्कुल विपरित स्थिति है।

एकाधिकार के अस्तित्व के लिए एक फर्म को एकमात्र निर्माता या एक उत्पाद का एक मात्र विक्रेता होना आवश्यक है एवं उस वस्तु (उत्पाद) जिसका वह उत्पादक है कोई करीबी विकल्प नहीं होना चाहिए। जब बहुत से उत्पादक विभिन्न उत्पाद का उत्पादन करते है, या तो पूर्ण प्रतियोगिता या एकाधिकार प्रतियोगिता में निर्भर करता है कि प्रचलित उत्पाद सजातीय है या विभेदित है। दूसरी ओर जहाँ सिर्फ कुछ उत्पादक है वहाँ अल्पाधिकार का अस्तित्व उत्पन्न होता है एक फर्म के एकाधिकारवादी होने के लिए आवश्यक दूसरी शर्त यह है

कि उस फर्म के द्वारा उत्पादित उत्पाद का बाजार में कोई निकट स्थानापन्न (निकट विकल्प) नहीं होना चाहिए।

एकाधिकार की विशेषताएँ

इसके पश्चात् एकाधिकार के अस्तित्व के लिए, निम्नलिखित बातें आवश्यक है।

1. एक और केवल एक फर्म एक विशेष वस्तु को बेचता है या सेवा प्रदान करता है।
2. फर्म का कोई सीधा प्रतिस्पर्धी बाजार में मौजूद न हो।
3. कोई अन्य विक्रेता जो भी कानूनी, तकनीकी या आर्थिक कारणो के लिए बाजार में प्रवेश नहीं कर सकता है।
4. एकाधिकारवादी मूल्य–निर्माता रहता है, ना कि मूल्य ग्रहीता। वह मांग और लागत की दशाओं की उपस्थिति में जो भी सबसे अच्छा हो उस प्राप्त करने की कोशिश करता है, नई फर्मो के प्रवेश के बिना डर के लाभ की प्रतिस्पर्धा को बनाए रखता है।



आकृति 13.5

एकाधिकार के मामले में एक फर्म पूरे उद्योग का गठन करता है। इसलिए एकाधिकारवादी फर्म एक उत्पाद के लिए उपभोक्ताओं की पूरी मांग का समाना करता है, एवं झुकाव नीचे की ओर रहता है।

एकाधिकारवादी अपने उत्पाद का मूल्य कम कर सकता है, चुंकि वह अपनी बिक्री व उत्पादन को बढ़ाकर ऐसा कर सकता है। और वह बिक्री के बारे में उनके स्तर को कम करके कीमत बढ़ा सकता है। एक एकाधिकारवादी का मांग वक्र उसका औसत आय वक्र होता है, जिसका झुकाव नीचे की ओर होता है। चूंकि औसत आय वक्र नीचे झुकाव पर होगा, अतः उसके नीचे सीमांत आय वक्र होगा।

अल्पावधि संतुलन

अल्पावधि में, एक एकाधिकारवादी फर्म अपने अल्प अवधि लाभ को अधिकतम व अल्प अवधि हानि को न्यूनतम करने की कोशिश करते है, अगर वह दो निम्नलिखित शर्तों को पूरा कर रहे हैं।

MC = MR एवं

MC का ढलान, MR के ढलान से अधिक होगा उनके प्रतिच्छेदन बिन्दु पर (अर्थात् MC काटेगा, MR वक्र को नीचे की ओर से)

अल्पावधि मांग में मुनाफे के अधिकतमकरण एक स्तर पर जो सीमांत लागत के साथ एक दिए गए मौजूदा संयंत्र में उत्पादन के निर्धारण के लिए सीमांत आय के बराबर है। आकृति 13.6 में SAC और SMC दोनों औसत

अल्पावधि एवं सीमान्त लागत वक्र है। एकाधिकार संतुलन में E जहाँ सीमांत आय बराबर है सीमांत लागत के। जहाँ निर्धारित मूल्य SQ या P है, मुनाफा कमाने के लिए TRQP बराबर है।



आकृति 13.6

अल्पावधि यह निरन्तर चलता रहेगा जब तक कि मूल्य (कीमत) औसत पर (परिवर्ती राशि) लागत से ऊपर है। यदि कीमत (मूल्य) औसत चर लागत से कम आती है तो एकाधिकार फर्म भी अल्पावधि में बन्द होगा। हानि के मामले में, एकाधिकार सन्तुलन आंकड़ा 13.7 में दिखाया गया है, एकाधिकार फर्म मूल्य OP के साथ उत्पादन (आउटपुट) के OS के स्तर पर संतुलन में है। चूंकि मूल्य (या AR) औसत लागत से छोटी है, यह जो आयत PQGH के क्षेत्र के लिए बराबर है, हानि वसूल करते है।



आकृति 13.7

दीर्घ अवधि संतुलन

दीर्घ अवधि में, एक एकाधिकारी फर्म के पास पर्याप्त समय रहता है अपने संयंत्र विस्तार करने के लिये या अपने मौजूदा संयंत्र का पूरी तरह से उपयोग करने के लिये, जो कि लाभ (मुनाफे) को अपने अधिकतम स्तर पर ले जा सकता है। परन्तु यहाँ एकाधिकार के लिए यह आवश्यक नहीं है प्रविष्टि रूप में एक ईष्टतम स्तर तक पहुंचे। इसका आशय है कि एकाधिकार व्यापार में नही रह जाएगा यदि वह दीर्घ अवधि में हानि उठा रहा है। उसके संयंत्र का आकार और किसी भी दिए गए संयंत्र का आकार का उपयोग पूरी तरह से

बाजार की मांग पर निर्भर करते हैं यह LAC के न्यूनतम बिन्दु तक पहुंच सकते है या गिरने पर अपने LAC का हिस्सा रहते है, और कम से कम LAC से परे का विस्तार है, बाजार के परिस्थितियों के आधार पर, एकाधिकार बाजार का आकार की अनुमति नहीं देता कि LAC न्यूनतम बिन्दु करने के लिए विस्तार करे।



(आकृति 13.8)

ऐसा इसलिए क्योंकि LAC के न्यूनतम बिन्दु के बाई और स्पर्शतया LAC करने क लिए SRAC है। क्योंकि गिरने पर अल्पावधि MC बराबर होना चाहिए। (RMC के भाग के लिए/यह स्तर E पर होगा जब न्यूनतम LAC) b और मौजूदा संयंत्र का दृष्टतम उपयोग a पर होगा, E स्तर पर उपयोग होगा। वहाँ अतिरिक्त क्षमता होगी।



(आकृति 13.9)

जब बाजार का आकार बड़ा होता है तब एक एकाधिकारवादी अपने उत्पाद को अधिकतम करने के लिए अपने संयंत्र का विस्तार करता है और उसका ईष्टतम उपयोग करके उत्पादन को विस्तारित करता है। (आकृति 13.9 में दर्शाया गया है।)

इसका कारण यह है LAC की न्यूनतम बिन्दू के दाई और SRAC और LAC उनके सकारात्मक ढलान के एक बिन्दु पर स्पर्श कर रहे है और

इसलिए भी क्योंकि SRMC व LAC को बराबर होना चाहिए। इस प्रकार एकाधिकारी वो कारणों से मुनाफे को देखते हुए और उच्च लागत की ओर जाता है। क्योंकि वह ईष्टतम आकार से बढ़ा है (संयंत्र) व उसका उपयोग भी किया गया है।

इस प्रकार बड़ा बाजार आकार एक एकाधिकारवादी को ईष्टतम संयंत्र निर्माण और उसे पूर्ण क्षमता के साथ उपयोग करने की क्षमता को दिखाता है।

उपरोक्त स्थितियों को ध्यान में रखते हुए बाजार के आकार (एकाधिकारवादी की तकनीक को देखते हुए) स्पष्ट प्रतीत होता है कि किसी विशेष मामले में उभरने पर बाजार का आकार निर्भर करता है।



(आकृति 13.10)

